वॉयस ऑफ लखनऊ

सच, सिर्फ सच **

सोमवार, 02 फरवरी, 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 21, अंक 32, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

सेंसेक्स में 1547 अंकों की गिरावट

बजट पेश होने के बाद शेयर बाजार में भारी गिरावट दर्ज की गई। सेंसेक्स 1,547 अंक लुढ़क गया जबकि निफ्टी 495 अंक टूटकर बंद हुआ। } 14

भविष्य के लिए तैयार भारत का बजट : गोयल

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि 2026-27 का बजट भविष्य के लिए तैयार भारत के निर्माण के उद्देश्य से बनाया गया है और इससे निर्यात एवं घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा मिलेगा। } 16

सीतारमण ने पेश किया 53.47 लाख करोड़ का बजट

○ लोकलुभावन घोषणाओं से परहेज ○ वैश्विक डेटा केंद्रों के लिए कर छूट ○ छोटे उद्योगों के साथ कृषि और पर्यटन क्षेत्रों पर जोर

एजेंसी

नयी दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने रविवार को 2026-27 के लिए 53.47 लाख करोड़ रुपये का बजट पेश किया। यह 31 मार्च को समाप्त हुए चालू वित्त वर्ष 2025-26 की तुलना में 7.7 प्रतिशत अधिक है। संशोधित अनुमान के अनुसार, चालू वित्त वर्ष का बजट 49.64 लाख करोड़ रुपये है जो फरवरी, 2025 में अनुमानित 50.65 लाख करोड़ रुपये से कम है।

वित्त वर्ष 2024-25 का बजट 46.52 लाख करोड़ रुपये का था। सरकार ने आगामी वित्त वर्ष में कुल व्यय 53.47 लाख करोड़ रुपये रहने का अनुमान लगाया है। वित्त वर्ष 2026-27 में, गैर-ज ण प्राप्तियां और कुल व्यय क्रमशः 36.5 लाख करोड़ रुपये और 53.5 लाख करोड़ रुपये रहने का अनुमान है। केंद्र सरकार की शुद्ध कर प्राप्तियां 28.7 लाख करोड़ रुपये रहने का अनुमान है। सीतारमण ने कहा राजकोषीय घाटे के वित्तपोषण के लिए, दिनांकित प्रतिभूतियों से शुद्ध बाजार कर्ज 11.7 लाख करोड़ रुपये होने का अनुमान है। शेष वित्तपोषण लघु बचत एवं अन्य स्रोतों से आने की उम्मीद है। सकल बाजार उधार 17.2 लाख करोड़ रुपये होने का अनुमान है। उन्होंने बताया कि सरकार चालू वित्त वर्ष के लिए सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 4.4 प्रतिशत के राजकोषीय घाटे के लक्ष्य को पूरा करेगी जैसा कि 2025-26 के बजट में अनुमान लगाया गया था। वित्त वर्ष 2026-27 ...शेष पृष्ठ 14 पर

रेलवे को पूंजी व्यय के लिए 2.77 लाख करोड़

नयी दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने रविवार को वित्त वर्ष 2026-27 में पूंजी व्यय के लिए रेल मंत्रालय को 2,77,830 करोड़ रुपये आवंटित करने की घोषणा की। बजट आवंटन में नई रेल लाइन का निर्माण और लोकोमोटिव, वैगन तथा कोच की खरीद के साथ-साथ अन्य कार्य शामिल हैं। मंत्रालय को वित्त वर्ष 2025-26 में 2,52,000 करोड़ रुपये का आवंटन किया गया था। आने वाले वित्त वर्ष के लिए यह आवंटन 10.25 प्रतिशत ज्यादा है, जो अब तक का सर्वाधिक है। इसके अलावा, मंत्रालय को अतिरिक्त बजटीय संसाधनों से 15,000 करोड़ रुपये मिलेंगे। बजट दस्तावेज के मुताबिक, रेलवे की कुल कमाई 3,85,733.33 करोड़ रुपये रहने का अनुमान है, जबकि खर्च 3,82,186.01 करोड़ ...शेष पृष्ठ 14 पर

रक्षा क्षेत्र को मजबूत करने के लिए 7.85 लाख करोड़

नयी दिल्ली। केंद्र सरकार ने रविवार को वित्त वर्ष 2026-27 के बजट में रक्षा क्षेत्र के लिए 7,84,678 करोड़ रुपये का प्रावधान किया, जो पिछले वर्ष के आवंटन 6.81 लाख करोड़ रुपये की तुलना में 15 प्रतिशत अधिक है। सरकार का ध्यान खासकर चीन और पाकिस्तान से बढ़ती सुरक्षा चुनौतियों के मद्देनजर सेना की लड़ाकू क्षमता को बढ़ाने पर है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर की ऐतिहासिक सफलतो के परिप्रेक्ष्य में पूंजीगत खरीद के बजट समेत रक्षा आवंटन में की गई यह वृद्धि हमारी सेना को और अधिक मजबूत बनाने के संकल्प को प्रबल बनाएगी। कुल आवंटन में से 2,19,306 करोड़ रुपये सशस्त्र बलों के पूंजीगत व्यय के लिए निर्धारित किए गए, जिसमें मुख्य रूप से नए हथियार, विमान, युद्धपोत और अन्य सैन्य उपकरण ...शेष पृष्ठ 14 पर

केन्द्रीय बजट में सस्ता-महंगा

■ **क्या हुआ सस्ता**

17 लाइफ़-सेविंग दवाएं, इलेक्ट्रिक व्हीकल, सोलर पैनल, लेदर, सिंथेटिक जूते, टेक्सटाइल, विदेश यात्रा के टूर पैकेज, निजी इस्तेमाल के लिए विदेश से मंगाया जाने वाला सामान, विदेश में पढ़ाई और इलाज के लिए भेजे जाने वाले पैसे पर लगने वाला कर

■ **क्या हुआ महंगा**

फ़्यूचर्स और ऑप्शंस सेगमेंट में ट्रेडिंग, पोटेशियम हाइड्रॉक्साइड समेत कई मिनरल्स, स्क्रैप, शराब, तेंदू पत्ता

स्वास्थ्य क्षेत्र को 10 प्रतिशत अधिक बजट

नयी दिल्ली। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय को 2026-27 के बजट में 1,06,530.42 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं, जो 2025-26 के बजट के मुकाबले 10 प्रतिशत अधिक है। सरकार ने भारत को एक प्रमुख चिकित्सा पर्यटन गंतव्य के तौर पर बढ़ावा देने के लिए निजी क्षेत्र के साथ साझेदारी में पांच क्षेत्रीय चिकित्सा हब बनाने में राज्यों की मदद के लिए एक योजना का प्रस्ताव रखा है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने रविवार को लोकसभा में 2026-27 का केंद्रीय बजट पेश करते हुए कहा कि ये हब एकीकृत स्वास्थ्य देखभाल परिसर के तौर पर काम करेंगे, जिनमें चिकित्सा, शिक्षा ...शेष पृष्ठ 14 पर

मछली पालन व पशुधन उपायों के साथ नये रोजगार पर जोर

नयी दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने ग्रामीण आय में विविधता लाने और पारंपरिक कृषि से बाहर रोजगार के अवसर पैदा करने के मकसद से रविवार को पशुपालन, मत्स्य पालन और उच्च मूल्य वाले कृषि क्षेत्रों के लिए कई पहल की बजट 2026-27 में घोषणा की। सरकार ने वित्त वर्ष 2026-27 में कृषि और उससे जुड़ी गतिविधियों के लिए 1,62,671 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं, जो वित्त वर्ष 2025-26 के संशोधित अनुमान ।,51,853 करोड़ रुपये से 7.12 प्रतिशत ज़्यादा है। अपना लगातार नौवां बजट पेश करते हुए, सीतारमण ने कहा कि सरकार सबका साथ, सबका विकास के अपने नजरिये को विकसित भारत की ओर ले जा रही है। उन्होंने कहा इसके लिए उत्पादकता बढ़ाने और उद्यमशीलता के ज़रिये किसानों की आय बढ़ाने को लक्षित प्रयासों की ज़रूरत है, जिसमें छोटे और सीमांत किसानों पर खास ध्यान दिया जाएगा। उन्होंने ग्रामीण आय में विविधता लाने और पारंपरिक खेती से हटकर रोज़गार के अवसर पैदा करने के लिए कई उपायों की घोषणा की। मछली पालन के लिए, भारतीय जहाज़ों द्वारा विशिष्ट आर्थिक क्षेत्र (ईईजेड) और गहरे समुद्र में पकड़ी गई मछलियों पर कोई शुल्क नहीं लगाया जाएगा। ऐसी मछलियों को विदेशी बंदरगाहों पर उतारने को सामान का निर्यात माना जाएगा। सीतारमण ने कहा मछली पकड़ने, पारगमन और ट्रांसशिपमेंट के दौरान दुरुपयोग को रोकने के लिए सुरक्षा उपाय किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि इन उपायों का मकसद भारतीय मछुआरों को देश के समुद्री क्षेत्र से बाहर समुद्री संसाधनों के आर्थिक मूल्य का पूरा फायदा उठाने में मदद करना है। सरकार ने पिछले वित्त वर्ष के दौरान निर्यात किए गए समुद्री खाद्य उत्पादों ...शेष पृष्ठ 14 पर

इलेक्ट्रॉनिक्स के लिए 40 हजार करोड़

नयी दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने वित्त वर्ष 2026-27 में इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण के लिए आवंटन बढ़ाकर 40,000 करोड़ रुपये करने का रविवार को प्रस्ताव रखा। केंद्रीय बजट 2026-27 पेश करते हुए उन्होंने ...शेष पृष्ठ 14 पर

महत्वाकांक्षी व भविष्योन्मुखी है बजट

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को आम बजट 2026-27 को महत्वाकांक्षी और भविष्योन्मुखी बताया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि यह भारत की वैश्विक भूमिका को और मजबूत करेगा, क्योंकि देश के 140 करोड़ नागरिक इसके सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था होने से संतुष्ट नहीं हैं और राष्ट्र जल्द ही दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के लिए दृढ़ संकल्पित है। लोकसभा में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की ओर से बजट पेश किए जाने के बाद टेलीविजन पर प्रसारित अपने संबोधन में मोदी ने कहा कि यह एक अनूठा बजट है, जिसमें राजकोषीय घाटे को कम करने और मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने पर ध्यान केंद्रित किया गया है और साथ ही साथ उच्च पूंजीगत व्यय एवं उच्च विकास सुनिश्चित किया गया है। उन्होंने कहा, यह बजट भारत की वैश्विक भूमिका को फिर से मजबूत करता है। भारत के 140 करोड़ नागरिक देश के सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था होने से संतुष्ट नहीं हैं, और राष्ट्र जल्द ही दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के लिए दृढ़ संकल्पित है। प्रधानमंत्री ने कहा कि एक भरोसेमंद लोकतांत्रिक साझेदार और विश्वसनीय गुणवत्तापूर्ण आपूर्तिकर्ता के रूप में भारत की भूमिका लगातार बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि भारत की ओर से हाल में किए गए प्रमुख व्यापार समझौतों का उद्देश्य देश के युवाओं और लघु एवं मध्यम उद्यमों को अधिकतम लाभ ...शेष पृष्ठ 14 पर

अंडर-19 वर्ल्ड कप : पाक को हराकर सेमीफाइनल में भारत

एजेंसी

बुलावायो। भारत ने अंडर-19 वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। टीम ने पाकिस्तान को 58 रन से हरा दिया। जिम्बाब्वे के बुलवायो में खेले गए मुकाबले में भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में 252 रन का स्कोर खड़ा किया। वेदांत त्रिवेदी ने 68 रन की पारी खेली। पाकिस्तान को सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए 253 रन का लक्ष्य 33.3 ओवर में हासिल करना था। टीम 46.2 ओवर में 194 रन ही बना सकी। पाकिस्तान की ओर से उस्मान खान ने 66 रन बनाए, जबकि भारत की तरफ से कप्तान आयुष म्हात्रे और खिलन पटेल ने 3-3 विकेट लिए।

टी-20 वर्ल्ड कप में भारत पाक के मैच पर संशय

लाहौर। पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ आईसीसी टी20 विश्व कप के अपने बहुप्रतीक्षित ग्रुप लीग मुकाबले के बहिष्कार के फैसले की रविवार को औपचारिक घोषणा कर दी लेकिन सरकार ने सात फरवरी से शुरू हो रहे टूर्नामेंट के बाकी मैचों में राष्ट्रीय टीम की भागीदारी को मंजूरी दे दी है। यह एक ऐसा कदम, जिसके दूरगामी असर पड़ने की संभावना है। पाकिस्तान सरकार के इस फैसले को इस विश्व कप में बांग्लादेश की जगह स्कॉटलैंड को शामिल किये जाने के विरोध के तौर पर देखा जा ...शेष पृष्ठ 14 पर

बजट में विकसित भारत की संकल्पना : योगी

आम नागरिकों के जीवन को सहज व सरल बनाने में करेगा मदद

विशेष संवाददता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आम बजट 2026-27 की सराहना करते हुए अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की। उन्होंने कहा कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में नए व विकसित भारत की संकल्पना का रोडमैप लेकर देशवासियों के सामने नया बजट प्रस्तुत किया गया है। सीएम योगी ने इस बजट के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन व निर्णायक नेतृत्व के प्रति आभार जताया। उन्होंने कर्तव्य भवन में बने पहले बजट के लिए केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का धन्यवाद ज्ञापित किया। सीएम ने कहा कि बजट में नए व विकसित भारत की संकल्पना की दृष्टि स्पष्ट दिखाई देती है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 145 करोड़ भारतवासियों की आशा व आकांक्षाओं के प्रतीक इस बजट में नए भारत व विकसित भारत की संकल्पना की दृष्टि स्पष्ट दिखाई देती है। 12 लाख करोड़ रुपये ...शेष पृष्ठ 14 पर

आज का मौसम

अधिकतम	:	21.00 डिसे.
न्यूनतम	:	9.00 डिसे.

भीतर पढ़ें

○ वित्तीय समावेशन में यूपी देश में नम्बर वन (पृष्ठ-02)
○ विभाजनकारी ताकतों को सिर नहीं उठाने देंगे : सीएम (पृष्ठ-02)
○ एफएंडओ खंड में एसटीटी वृद्धि से बाजार पर दबाव (पृष्ठ-14)
○ रियलएस्टेट बुनियादी ढांचा व्यय बढ़ाने को सराहा (पृष्ठ-14)
○ महत्वपूर्ण खनिजों के लिए सीमा शुल्क में छूट (पृष्ठ-14)

विशेष खबर उद्योग जगत ने किया बजट का स्वागत और कहा-बजट में भारत के आधुनिक विकास की मजबूत व्यूह रचना तैयार की गयी

2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में गति प्रदान करने वाला बजट

विकसित भारत की ओर मजबूत पहल : प्रो. एमके अग्रवाल

शैलेन्द्र श्रीवास्तव

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग के वरिष्ठ प्रोफेसर प्रो. एमके अग्रवाल ने बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि मोदी सरकार के इस तेखें बजट में भारत के आधुनिक विकास की एक मजबूत व्यूह रचना तैयार की गई है। 53.5 लाख करोड़ रुपये के इस बजट में वित्तीय सुधार लचीलापन तथा प्रगति के कई स्पष्ट संकेत देखने को मिलते हैं। बजट घाटा 4.3% होने की अनुमान है तो ऋणग्रस्तता घटकर 55.6% होने का अनुमान है। जी.एस.टी. तथा आयकर की दरों में व्यापक कमी के पश्चात भी 2026-27 में ...शेष पृष्ठ 14 पर

विकसित भारत की राह मजबूत करता बजट : प्रो. भारती पाण्डेय

लखनऊ। श्री जय नारायण मिश्रा पीजी कॉलेज, लखनऊ के अर्थशास्त्र विभाग की अध्यक्ष और बजट मामलों की विशेषज्ञ प्रो. भारती पाण्डेय ने बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि बजट 2026-27 दीर्घकालिक योजना पर आधारित है। इसमें विकसित भारत की राह को मजबूत करने के लिए अर्थव्यवस्था की वृद्धि सतत एवं टिकाऊ बनाये रखने पर जोर है। बजट में किये गए प्रावधानों से भविष्य में मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर के विकास से रोजगार बढ़ेंगे और यह मांग को बढ़ाकर अर्थव्यवस्था को गति देगा। भारत का विकास राज्यों के विकास के बिना संभव नहीं है। 16वें वित्त आयोग ...शेष पृष्ठ 14 पर

सुधारों के मार्ग पर दौड़ता विकास रथ : प्रो. एपी तिवारी

लखनऊ। आम बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए वरिष्ठ अर्थशास्त्री प्रो. एपी तिवारी ने कहा कि वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा वर्ष 2026-27 के लिए पेश बजट 'लोक लुभावन' नहीं बल्कि 'विकासगामी' ठोस बजट है। इसमें सुधारों के पथ पर विकास के रथ को तेजी से बढ़ाने की कोशिश की गई है। वित्तमंत्री ने राजकोषीय सुदृढ़ीकरण पर जोर दिया है। एक ओर राजकोषीय घाटा को जीडीपी के सापेक्ष घटाकर 4.3 प्रतिशत पर टांगा है। वहीं, केंद्र सरकार के कर्ज को जीडीपी के सापेक्ष कम करके 55.6 प्रतिशत रहा है। इससे ब्याज का खर्च घटेगा और विकास के लिए अधिक संसाधन उपलब्ध ...शेष पृष्ठ 14 पर

विकसित भारत बनाने की दिशा में सार्थक प्रयास : आचार्य मनीष

लखनऊ। इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (आईआईए) ने रविवार को केंद्रीय बजट को विकासोन्मुख बजट बताया और कहा कि यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत बनाने के दृष्टिकोण को साकार करने की दिशा में एक सार्थक प्रयास है। आईआईए के महासचिव दीपक बजाज ने कहा यह एक विकासोन्मुख बजट है। लखनऊ के एचआईआईएमएस हॉस्पिटल (निजी आयुर्वेद हॉस्पिटल) के संस्थापक आचार्य मनीष ने कहा कि आयुर्वेद पर नए सिरे से ध्यान दिया जाना एक निर्णायक कदम है। आचार्य मनीष ने कहा पारंपरिक चिकित्सा के लिए शोध, मानकीकरण और ...शेष पृष्ठ 14 पर

C M Y K

विभाजनकारी ताकतों को सिर नहीं उठाने देंगे

लोक कल्याण के प्रति आग्रही बनाती है संत रविदास की प्रेरणा

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। योगी आदित्यनाथ रविवार को संत शिरोमणि सद्गुरु रविदास की 649वीं जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने बाराबिरवा, कानपुर रोड स्थित संत रविदास मठ में संत रविदास जी की प्रतिमा व सभागार का लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि संत रविदास का प्रकटीकरण 649 वर्ष पहले काशी के सीर गोवर्धन में हुआ था। इतने वर्षों के बाद भी उनकी दिव्य आभा से आलोकित होकर यह समाज एक भारत-श्रेष्ठ भारत के निर्माण की दिशा में बढ़ रहा है।

संत रविदास का जब धराधाम पर प्रकटीकरण पर हुआ, तब देश विदेशी आक्रांताओं से त्रस्त था। उन्होंने उस समय भी साधना की पवित्रता और उसे कर्म की साधना के रूप में बदलने का कार्य किया था। उन्होंने प्रत्येक नागरिक को वैष्णव परंपरा के अनुरूप जिस उपासना के लिए प्रेरित किया, वह जीवन में कर्म की प्रधानता, मन की शुद्धता को महत्व देता है और लोककल्याण के प्रति आग्रही बनाता है।

सीएम योगी ने संत रविदास के वक्तव्य मन चंगा तो कठौती में गंगा का जिक्र किया और कहा कि सब कुछ कर्म पर निर्भर करता है। अच्छा कर्म करेंगे तो अच्छा और बुरा कर्म करेंगे तो बुरा फल पाएंगे। संत रामानंद से दीक्षा प्राप्त करने के बाद उन्होंने कर्म साधना के माध्यम से लोक कल्याण का मार्ग प्रशस्त किया। सीएम ने समाज में भेदभाव का आरोप लगाने वालों को भी आईना दिखाया। बोले-जगद्गुरु रामानंदाचार्य ने समाज को जोड़ने के लिए मध्य काल में अलग-अलग जातियों से 12 शिष्य बनाए। समाज को जोड़ने का जितना बड़ा कार्य उस कालखंड में संतों ने किया, वह अद्भुत था। वर्तमान भारत का निर्माण उसी नींव पर हुआ है। गुलामी के बंधन को तोड़ने में वही हमारी प्रेरणा रही है। सीएम योगी ने कहा कि संत रविदास ने प्रेरणा दी कि ऐसा राज होना चाहिए, जहां सभी को अन्न प्राप्त हो, कोई भूखा न सोए। हर व्यक्ति को सम्मानजनक जीवन जीने का अवसर मिले। संत की वाणी कभी व्यर्थ नहीं होती। मुगलों, अंग्रेजों व आजादी के बाद की विभिन्न सरकारों ने संत रविदास की प्रेरणा को भुला दिया, लेकिन 2014 में सरकार बनने के बाद पीएम मोदी ने गरीबों के बैंक खाते खुलवाए, जिससे शासन की योजनाओं का लाभ सीधे उनके खाते में मिले। गरीबों को शौचालय, पीएम आवास, रसोई गैस, फ्री बिजली कनेक्शन उपलब्ध कराए।

हर जरूरतमंद को राशन व स्वास्थ्य सुविधा का लाभ प्रदान किया गया। सबका साथ-सबका विकास के प्रेरणा की तह में सद्गुरु रविदास की ही प्रेरणा है। सभागार के लोकार्पण पर सीएम योगी ने कहा कि सरकार महापुरुषों के प्रति श्रद्धा रखती है। सभागार बनने से सर्दी-गर्मी, बरसात में भी कार्यक्रम करने के लिए समिति को कष्ट नहीं उठाना पड़ेगा। भजन मंडली, भक्त, वक्ता सभी बैठकर एक साथ कार्यक्रम कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि सीर गोवर्धन में आज देश भर से लगभग दो लाख श्रद्धालु आए हैं। 2017 के पहले वहां जाने का रास्ता और लंगर हॉल नहीं था। पीएम मोदी की प्रेरणा से डबल इंजन सरकार ने उनकी जन्मभूमि को फोरलेन सड़क से जोड़ दिया। काफी बड़ी जमीन को कोर्ट से जीता गया, उसका पैसा गरीबों को उपलब्ध कराया और उस जमीन को संत रविदास के नाम पर खरीद कर जमीन उपलब्ध कराई गई। लंगर हॉल बनवाया, जिससे 50 हजार लोग लंगर छक सकते हैं। पांच किमी. दूर से भी संत रविदास जी की मूर्ति दिखाई देती है। वहां धाम का भव्य स्वरूप है। यह हमारे लिए केवल नारा नहीं था, बल्कि संत रविदास जी प्रेरणा के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने का माध्यम था, जिसे भाजपा की डबल इंजन सरकार ने काशी में करके दिखाया। सीएम योगी ने कहा कि सभी के मन में महापुरुषों, संतों के प्रति मन में श्रद्धा व आदर का भाव होना चाहिए। विभाजनकारी ताकतें बांटेंगी, लेकिन गुलामी कालखंड का स्मरण करते हुए उन्हें सिर उठाने का अवसर नहीं देना है। उन्होंने कहा कि संतों की दिव्य साधना से प्राप्त सिद्धि का प्रतिफल देश को मिलेगा। हम सभी को देश की एकता व संप्रभुता के लिए एकजुट होकर कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी जी ने सबका प्रयास, सबका विकास को प्रेरणा दी। सबके प्रयास से सबका विश्वास अर्जित करते हुए आगे बढ़े। मुख्यमंत्री ने माघ पूर्णिमा की बधाई देते हुए कहा कि मां गंगा सभी की मनोकामना पूर्ण करें।

सीएम योगी ने संत रविदास की दिव्य वाणी-दिव्य सिद्धि का उदाहरण दिया। बोले कि संत रविदास के सहयोगियों ने उनसे कहा कि चलो, गंगा स्नान करते हैं। इस पर संत रविदास ने कहा कि मेरे पास आज अधिक काम आ गया है, मेरी ओर से मां गंगा को दमड़ी चढ़ा देना। अन्य संतों ने स्नान व पूजा-अर्चना की, लेकिन उन्होंने जैसे ही संत रविदास की दमड़ी चढ़ाई तो मां गंगा ने प्रकट होकर दक्षिणा स्वीकार की।

मां गंगा ने कहा कि जो मेरा सच्चा भक्त है। जैसी चाह, वैसी राह। जैसा मन में रखेंगे, वैसे ही परिणाम आएंगे। संत रविदास की प्रेरणा एक भारत-श्रेष्ठ भारत बनाने के लिए सदैव प्रेरणा प्रदान करती रहेगी।

सड़क निर्माण में नयी तकनीक का इस्तेमाल करें

ओवरलोड ट्रक और डंपरों के संचालन पर रोक लगायें

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में रविवार को उत्तर प्रदेश राज्य सड़क निधि प्रबन्धन समिति की बैठक सम्पन्न हुई। मुख्यमंत्री ने कहा कि सड़कें राज्य के आर्थिक विकास, निवेश आकर्षण, औद्योगिक विस्तार और जनसुविधाओं का आधार हैं। इसलिए सभी विभाग समयबद्धता, पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण निर्माण को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि पुराने कार्य लंबित न रहें।

बैठक में वर्ष 2025-26 के लिए प्रस्तावित कार्ययोजना और वित्तीय प्रावधानों की समीक्षा की गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रत्येक वर्ष अप्रैल अंत तक वार्षिक कार्ययोजना तैयार कर अप्रूव करा ली जाए। विभागों को स्पष्ट निर्देश दिए कि हेड-वाइज एलोकेशन शुरूआत से ही सुनिश्चित हो और जिन मदों में आंतरिक संशोधन की आवश्यकता हो, उसे समय पर अनुमोदित कराएं ताकि विकास कार्य बाधित न हों। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण में नई तकनीक को अपनाना चाहिए। कास्ट कम लेकिन लाइफ ज्यादा, ऐसे नवप्रयोगों को अपनाया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रत्येक परियोजना का परिणाम तय समयसीमा के भीतर जमीन पर दिखाई देना चाहिए। प्रदेश में सड़क सुरक्षा और यातायात की सुचारू व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए ओवरलोड ट्रक और डंपरों का संचालन पूरी तरह रोका जाए। साथ ही, भारी वाहनों के चालकों की स्वास्थ्य जांच नियमित अंतराल पर अनिवार्य रूप से कराई जाए, ताकि थकान या असावधानी से होने वाले हादसों को रोका जा सके। सड़क निर्माण और रखरखाव के दौरान सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन अनिवार्य होगा।

मुख्यमंत्री ने समिति को निर्देश दिया कि बैठकें प्रत्येक वित्तीय वर्ष में कम से कम दो बार आयोजित की जाएं, ताकि प्रगति की नियमित समीक्षा हो सके। साथ ही, सड़क निर्माण संबंधी प्रस्ताव केवल जनप्रतिनिधियों से प्राप्त किए जाएं, ताकि योजनाएं वास्तविक जरूरतों के अनुरूप तैयार हों। बैठक में मुख्यमंत्री ने ओवरलोड वाहनों की रोकथाम, सड़क सुरक्षा जागरूकता बढ़ाने और स्थानीय निकायों की व्यवस्था के अनुसार पार्किंग सुनिश्चित कराने पर भी जोर दिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सड़क मरम्मत और नए निर्माण कार्य पारदर्शी, उच्च गुणवत्ता वाले और जनता को वास्तविक राहत देने वाले हों।

मुख्यमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 की कार्ययोजना समयबद्ध रूप से पूरी कर उत्तर प्रदेश की सड़क इंफ्रास्ट्रक्चर में उल्लेखनीय प्रगति दर्ज करेगी।

वित्तीय समावेशन में यूपी देश में नंबर वन

जनधन, जीवन बीमा, दुर्घटना बीमा और अटल पेंशन योजना में शीर्ष प्रदर्शन

विशेष संवाददाता (vol)

- यूपी का कुल सीडी रेशियो 60.39% के पार, मार्च तक 62% का लक्ष्य
- सीएसआर के माध्यम से उत्तर प्रदेश के विकास में सहभागिता बढ़ाएं बैंक

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने चालू वित्तीय वर्ष की समाप्ति तक प्रदेश में कुल क्रेडिट डिपॉजिट (सीडी रेशियो) 62 प्रतिशत से अधिक करने का लक्ष्य रखा है। रविवार को राज्य स्तरीय बैंकर्स कमेटी (एसएलबीसी) की विशेष बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्यमंत्री ने सभी बैंक प्रतिनिधियों से उनके सीडी रेशियो के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए सीडी रेशियो बढ़ाने के लिए ठोस प्रयास करने पर बल दिया। बैठक में बताया गया कि दिसंबर 2025 तक उत्तर प्रदेश का कुल सीडी रेशियो 60.39 प्रतिशत हो गया है, जो पिछले लगभग दस वर्षों का सर्वाधिक स्तर है। जनपद-वार समीक्षा के अनुसार 40 प्रतिशत से कम सीडी रेशियो वाले जनपद घटकर केवल पाँच रह गए हैं, जबकि 40-50, 50-60 और 60-80 प्रतिशत की श्रेणी वाले जनपदों की संख्या में भी निरंतर सुधार हुआ है। मार्च 2018 में 40 प्रतिशत से कम सीडी रेशियो वाले 20 जनपद थे, जो अब घटकर 5 हो गए हैं। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि मार्च 2026 तक सभी जनपदों के सीडी रेशियो में लक्षित सुधार सुनिश्चित किया जाए।

बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि एक जिला-एक उत्पाद (ओडीओपी) की सफलता के बाद अब राज्य सरकार एक जिला-एक व्यंजन (ओडीओसी) के माध्यम से छोटे व्यापारियों, पारंपरिक पाक कला से जुड़े कारीगरों और गिग वर्कर्स को नई पहचान देने जा रही है। उन्होंने बैंकों से आह्वान किया कि जैसे ओडीओपी को वित्तीय सहयोग मिला, वैसे ही ओडीओसी को भी प्राथमिकता देते हुए अधिक से अधिक लोगों को ऋण उपलब्ध कराया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार प्रशिक्षण, पैकेजिंग, ब्रांडिंग और मार्केटिंग में पूरा सहयोग दे रही है, और इस मिशन को गति देने में बैंकों की भूमिका निर्णायक होगी। राज्य स्तरीय बैंकर्स कमेटी (एसएलबीसी) की विशेष बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना और मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान का उदाहरण दिया और कहा कि इन योजनाओं की सफलता के केंद्र में बैंकों की सहयोगी भावना है। निर्देश दिया कि बैंकिंग प्रक्रिया ऐसी होनी चाहिए जिससे आम नागरिक को वास्तविक सहूलियत मिले और पात्र लाभार्थी बिना किसी दिक्कत के योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकें। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश आज आर्थिक गतिविधियों, औद्योगिक निवेश, उद्यमिता, कृषि और महिला-युवा स्वावलंबन के क्षेत्रों में तेज गति से आगे बढ़ रहा है। इस प्रगति में बैंकिंग तंत्र की सक्रिय साझेदारी अनिवार्य है। मुख्यमंत्री ने उन जनपदों में विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए जहाँ सीडी रेशियो 40 प्रतिशत से कम है, और कहा कि बैंकों को गाँवों को लक्षित कर मेगा ऋण मेले आयोजित करने चाहिए। उन्होंने बैंकों से सीएसआर के माध्यम से उत्तर प्रदेश के विकास में सहभागी बनने का भी आह्वान किया। बैठक में बताया गया कि पिछले 08 वर्षों में प्रदेश का बैंकिंग तंत्र अत्यंत मजबूत हुआ है।

मार्च 2017 में प्रदेश की कुल जमा राशि 8.92 लाख करोड़ रुपये थी, जो दिसंबर 2025 में बढ़कर 20.44 लाख करोड़ रुपये हो गई है। इसी अवधि में कुल ऋण वितरण 4.05 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर 12.34 लाख करोड़ रुपये पर पहुँच गया। मार्च 2017 में प्रदेश का कुल बैंकिंग व्यवसाय 12.80 लाख करोड़ रुपये था, जो दिसंबर 2025 में बढ़कर 32.79 लाख करोड़ रुपये हो गया है।

उत्तर प्रदेश के विकास को गति देगा आम बजट

सारनाथ व हस्तिनापुर को प्रमुख पुरातात्विक पर्यटन स्थलों का दर्जा ‖ सिटी इकोनॉमिक रीजन (सीईआर) योजना से प्रदेश के टियर-2 व टियर-3 शहरों का होगा समग्र विकास

लखनऊ। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की ओर से प्रस्तुत केंद्रीय बजट उत्तर प्रदेश के विकास को नई गति देगा। इस बजट में राज्य के आर्थिक, औद्योगिक व सामाजिक परिदृश्य को सशक्त करने वाली कई दूरगामी घोषणाएं की गई हैं। आधुनिक कनेक्टिविटी, बड़े पैमाने पर इन्फ्रास्ट्रक्चर निवेश और रोजगारोन्मुखी योजनाओं के माध्यम से उत्तर प्रदेश राष्ट्रीय विकास में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका को और प्रभावी तरीके से निभा सकेगा।

बजट में किसान, महिला, युवा, कारीगर व छोटे उद्यमियों को केंद्र में रखते हुए समावेशी विकास का स्पष्ट रोडमैप प्रस्तुत किया गया है। विशेष रूप से पूर्वांचल, काशी क्षेत्र, बुंदेलखंड और टियर-2 व टियर-3 शहरों के लिए ये योजनाएं क्षेत्रीय असंतुलन को कम करने के साथ-साथ स्थानीय स्तर पर रोजगार, निवेश व आर्थिक गतिविधियों को गति देने में अहम भूमिका निभाएंगी। केंद्रीय बजट में घोषित 7 हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर में से 2 महत्वपूर्ण कॉरिडोर सीधे उत्तर प्रदेश से जुड़े हैं, जिनमें दिल्ली, वाराणसी और वाराणसी-सिलीगुड़ी हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर प्रमुख हैं। इन परियोजनाओं के पूरा होने से राजधानी दिल्ली से काशी, पूर्वांचल और आगे पूर्वी भारत तक की रेलयात्रा तेज, सुरक्षित, सुविधाजनक तरीके से संपन्न होगी।

इन्फ्रास्ट्रक्चर से लेकर किसानों-महिलाओं तक फोकस

आधुनिक तकनीक से लैस रेल नेटवर्क प्रदेश की कनेक्टिविटी को नई ऊंचाई देगा। हाई-स्पीड रेल से लंबी दूरी की यात्रा का समय काफी कम होगा, जिससे व्यापारिक गतिविधियों, औद्योगिक निवेश व पर्यटन को बड़ा प्रोत्साहन मिलेगा। काशी, पूर्वांचल व सीमावर्ती जिलों में उद्योगों के लिए नए अवसर पैदा होंगे और लॉजिस्टिक्स व्यवस्था अधिक मजबूत होगी। साथ ही, धार्मिक और सांस्कृतिक पर्यटन को गति मिलने से होटल, ट्रांसपोर्ट, टूरिस्ट गाइड जैसे स्थानीय व्यवसायों में रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। राष्ट्रीय जलमार्ग-1 (गंगा) के अंतर्गत केंद्र सरकार की ओर से जल परिवहन को सुदृढ़ करने की दिशा में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में केंद्रीय बजट में वाराणसी में इनलैंड वॉटरवेज शिप रिपेयर इकोसिस्टम स्थापित किए जाने की घोषणा की गई है। यह पहल गंगा नदी पर विकसित हो रहे जलमार्ग आधारित परिवहन तंत्र को तकनीकी व व्यावसायिक रूप से मजबूत बनाएगी। शिप रिपेयर इकोसिस्टम के स्थापित होने से मालवाहक जहाजों और जलपोतों के रखरखाव व मरम्मत की सुविधा स्थानीय स्तर पर उपलब्ध होगी, जिससे समय और लागत दोनों में कमी आएगी। इससे लॉजिस्टिक्स सेक्टर को बढ़ावा मिलने के साथ जल परिवहन, एक किफायती और पर्यावरण-अनुकूल विकल्प के रूप में प्रभावी होगा। साथ ही, तकनीकी विशेषज्ञों, इंजीनियरों और कुशल श्रमिकों के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। स्थानीय युवाओं को स्किल डेवलपमेंट और तकनीकी प्रशिक्षण से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाने में यह परियोजना अहम भूमिका निभाएगी।

केंद्रीय बजट में पर्यटन व सांस्कृतिक धरोहर के संरक्षण को विशेष महत्व दिया गया है। इसी क्रम में भगवान बुद्ध की प्रथम उपदेश स्थली सारनाथ तथा हस्तिनापुर को देश के 15 प्रमुख पुरातात्विक पर्यटन स्थलों के विकास कार्यक्रम में शामिल किया जाना उत्तर प्रदेश के लिए बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है। इससे न केवल यूपी की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक पहचान को वैश्विक मंच पर नई मजबूती मिलेगी, बल्कि अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों की संख्या में भी उल्लेखनीय वृद्धि की संभावना है।

विकसित भारत के संकल्प को साकार करने वाला जनोन्मुखी बजट: पंकज चौधरी

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन तथा केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के द्वारा प्रस्तुत केंद्रीय बजट 2026-27 को विकसित भारत के संकल्प को साकार करने वाला जनोन्मुखी बजट बताते हुए, इसके लिए अभिनंदन तथा आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सक्षम और दूरदर्शी नेतृत्व में आज संसद में प्रस्तुत किया गया। भारत का आम बजट 2026 देश की आर्थिक मजबूती, सामाजिक संतुलन और दीर्घकालिक विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय बजट निर्माण प्रक्रिया का हिस्सा होने के नाते पूरी जिम्मेदारी से कह सकता हूं कि केंद्रीय बजट 2026-27 भारत के आर्थिक विकास को नई गति देने, नागरिको की आकांक्षाए पूरा करने व उनकी क्षमता बढ़ाने, विकसित भारत के लिए दक्ष एवं पेशेवर युवाओं को तैयार करने तथा किसानों की आय बढ़ाने में निर्णायक सिद्ध होगा। उन्होंने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को लगातार 9वीं बार संसद में बजट प्रस्तुत करने की ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि न केवल नारी नेतृत्व की सशक्त मिसाल है, बल्कि भारत के संसदीय इतिहास का स्वर्णिम अध्याय भी है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष पंकज चौधरी ने आम बजट 2026 का स्वागत एवं अभिनंदन करते हुए कहा कि यह बजट जन-आकांक्षाओं और राष्ट्रीय प्राथमिकताओं के बीच संतुलन का उत्कृष्ट उदाहरण है। उन्होंने कहा कि पं. दीनदयाल उपाध्याय के अन्त्योदय दर्शन को साकार करता यह केन्द्रीय बजट गरीब, मध्यमवर्ग, महिला, युवा व वंचित वर्ग के आर्थिक और सामाजिक उत्थान की मजबूत कड़ी है। यह बजट जन-जन की आत्मनिर्भरता से आत्मनिर्भर विकसित भारत के संकल्प को सिद्धि प्रदान करेगा। केंद्रीय बजट में पूरे देश के सवार्गीण विकास के साथ उत्तर प्रदेश के विकास का स्पष्ट रोडमैप प्रमुखता प्रस्तुत किया गया है। आज के आम बजट 2026-27 में घोषित दिल्ली-वाराणसी हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर विकास की एक नई परिभाषा रचने जा रहा है। दिल्ली-वाराणसी समेत 7 हाईस्पीड रेल कॉरिडोर का निर्माण किया जाएगा। दिल्ली-वाराणसी, वाराणसी-सिलीगुड़ी में भी हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर बनेंगे।

केंद्रीय बजट निराशाजनक और गरीब के समझ से परे : अखिलेश यादव

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने रविवार को बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि केंद्रीय बजट निराशाजनक और गरीब के समझ से परे है। बजट ने किसानों, नौजवानों, व्यापारियों, महिलाओं को निराश किया है। आम जनता के लिए कुछ नहीं है। शिक्षा क्षेत्र की उपेक्षा हुई है। बिना शिक्षा के विकसित भारत कैसे बनेगा। यह बजट सिर्फ सपने दिखाने वाला है। उन्होंने कहा कि भाजपा से आम जनता को कोई उम्मीद नहीं है। इसलिए बजट से भी कोई उम्मीद नहीं है। भाजपा बजट के माध्यम से अपने लोगों को सेट करती है। केवल 5 फीसदी लोगों के लिए बजट लाती है। भाजपा देखती है उनके अपने लोगों का मुनाफा और तरक्की कैसे हो। उन्होंने कहा कि भाजपा ने जो वादे किये थे उन्हें पूरे नहीं किये। किसानों की आय दोगुनी नहीं हुई, मंहगाई बढ़ती जा रही है। नौजवानों के लिए रोजगार नहीं है। भाजपा सामाजिक न्याय के नाम पर गुमराह करती है। सरकार के पास जवाब नहीं है। सरकार को बताना चाहिए कि 95 फीसदी जनसंख्या की प्रति व्यक्ति आय क्या है। अखिलेश यादव ने कहा कि देश में पर्यावरण की स्थिति भयावह है। दुनिया के सबसे बड़े प्लेटफार्म पर यह सवाल खड़ा हो गया कि देश की हवा ही ठीक नहीं है, जिससे लोगों की जानें जा रही हैं और इन्वेस्टमेंट नहीं आ रहा है। उन्होंने कहा कि अच्छा बजट वो होता है, जिससे गरीब की तरक्की हो, खुशी हो, उनके चेहरे पर मुस्कान आए। लेकिन इस बजट में महंगाई को रोकने के लिए, शिक्षा को बेहतर करने के लिए कोई इंतजाम नहीं। अगर बुनियादी ढांचा नहीं है, तो एआई क्या करेगा? गंदे पानी से लोगों की जान चली गई है, क्या यही इस सरकार की स्मार्ट सिटी है? क्या यही विकसित भारत है? उन्होंने कहा कि जो बुलेट ट्रेन 1 लाख करोड़ की बननी थी वह बुलेट ट्रेन आज 2 लाख करोड़ की बन रही है। बजट बढ़ता जा रहा है। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सपने दिखाकर गरीब, किसान, मध्यम वर्ग का वोट ले लेती है लेकिन बजट सिर्फ 5 फीसदी लोगों के लिए बनाती है। भाजपा सरकार से गरीब, किसान, मध्यम वर्ग गांव में रहने वालों के लिए कोई उम्मीद नहीं है। भाजपा रिफार्म नहीं डिफार्म कर रही है। यही स्थिति रही तो महिलाओं को लोहे पर पीतल की लगाकर जेवर पहनने पड़ेंगे। आज गरीब असली जेवर नहीं खरीद सकता।

बजट सर्वसमावेशी दृष्टि, दूरदर्शी सोच और आत्मनिर्भर भारत का संकल्प : राज्यपाल

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने केंद्रीय बजट 2026-27 का स्वागत करते हुए कहा कि यह बजट सर्वसमावेशी दृष्टि, दूरदर्शी सोच और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प का सशक्त घोषणापत्र है। यह भारतीय आकांक्षाओं का प्रतिबिंब है, जिन्हें विकास की मुख्यधारा से जोड़ने का संकल्प इसमें स्पष्ट रूप से झलकता है। राज्यपाल ने कहा कि करीब 25 करोड़ लोगों का गरीबी से बाहर आना, राजकोषीय अनुशासन, नियंत्रित घाटा और संतुलित कर्ज-जीडीपी अनुपात इस बात का प्रमाण है कि भारत की विकास यात्रा सुदृढ़ नींव पर आगे बढ़ रही है। यह बजट किसान, युवा, महिला, श्रमिक, छात्र, उद्यमी और उद्योग—सभी के सपनों को समान संवेदनशीलता के साथ संबल प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि कृषि में भारत विस्तार जैसे एआई आधारित नवाचार, शिक्षा में छात्राओं के लिए हॉस्टल, खेलो इंडिया के माध्यम से कौशल और रोजगार, आयुष व एवीजीसी सेक्टर का विस्तार, टरटए और मैन्युफैक्चरिंग को नई ऊर्जा, हरित उद्योगों के लिए कार्बन कैप्चर तथा इको-फ्रेंडली ट्रेल्स जैसे प्रावधान विकसित भारत की संकल्पना को धरातल पर उतारने के ठोस कदम हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इंफ्रास्ट्रक्चर पर रिकॉर्ड निवेश, रेल और जलमार्गों का विस्तार, ग्रामीण स्वराज और स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने की पहल भारत को आर्थिक, सामाजिक और पर्यावरणीय दृष्टि से सशक्त बनाएगी। केंद्रीय बजट 2026-27 सुधारों की गति, आत्मनिर्भरता की शक्ति और समृद्ध भारत के उज्ज्वल भविष्य का पाथेय सिद्ध होगा।

केंद्रीय बजट विकसित भारत 2047 की दिशा में मजबूत कदम : रोहित अग्रवाल

रालोद के व्यापार के प्रदेश अध्यक्ष रोहित अग्रवाल ने केंद्रीय बजट की सराहना करते हुए कहा कि यह बजट विकसित भारत 2047 की परिकल्पना को साकार करने की दिशा में एक सशक्त और दूरदर्शी पहल है। यह बजट रोजगार सृजन, विनिर्माण, तकनीक, कौशल विकास और आत्मनिर्भर भारत को मजबूती प्रदान करता है। रोहित अग्रवाल ने कहा कि दुर्लभ बीमारियों की दवाओं पर आयात शुल्क में छूट, सेमीकंडक्टर मिशन को प्रोत्साहन, 40,000 करोड़ रुपये की इलेक्ट्रॉनिक कंपोनेंट मैन्युफैक्चरिंग योजना तथा ओडिशा, केरल, आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु में रेयर अर्थ कॉरिडोर की स्थापना से देश की विदेशी निर्भरता कम होगी और घरेलू उद्योग को बल मिलेगा। उन्होंने कहा कि बजट में टियर-2 और टियर-3 शहरों के विकास, युवाओं के पुनः कौशल विकास, खेलो इंडिया के माध्यम से खेल अवसंरचना के विस्तार तथा खेल सामग्री निर्माण को बढ़ावा देकर रोजगार के नए अवसर सृजित करने पर विशेष ध्यान दिया गया है, जिससे व्यापार और एमएसएमई सेक्टर को भी गति मिलेगी। रोहित अग्रवाल ने यह भी कहा कि यह बजट किसानों, महिलाओं, गरीबों और पशुपालकों के हितों को ध्यान में रखते हुए पशुपालन एवं पशु चिकित्सा सेवाओं की आधारभूत संरचना को सुदृढ़ करता है, जो ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करेगा। उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि हर बजट के बाद नकारात्मकता फैलाना उचित नहीं है। यह बजट स्पष्ट रूप से रोजगार, उद्योग, एमएसएमई और व्यापार के विकास को केंद्र में रखता है।

उच्च शिक्षा को रोजगार और उद्यम से जोड़ने की ठोस रूपरेखा प्रस्तुत करता बजट : योगेन्द्र उपाध्याय

उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने केंद्रीय बजट 2026-27 को ऐतिहासिक बताया। उनका कहना है कि यह बजट ज्ञान, नवाचार, कौशल और उद्यमिता को केंद्र में रखकर देश की युवा शक्ति को सशक्त बनाने का एक ठोस रोडमैप प्रस्तुत करता है। बजट में उच्च शिक्षा को रोजगार, उद्यम और वैश्विक प्रतिस्पर्धा से जोड़ने के लिए 'शिक्षा से रोजगार और उद्यम तक' एक उच्च-शक्ति वाली स्थायी समिति के गठन का प्रस्ताव दिया गया है। इससे भारत को सेवा क्षेत्र में वैश्विक नेतृत्व दिलाने की दिशा में ठोस रणनीति तैयार होगी। बजट में पेशेवर शिक्षा के विस्तार पर विशेष ध्यान दिया गया है, जिसमें संबद्ध स्वास्थ्य पेशेवर संस्थानों का उन्नयन, आयुष क्षेत्र में तीन नए अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थानों की स्थापना, और ऑरेंज इकोनॉमी के अंतर्गत स्कूलों और कॉलेजों में एवीजीसी (एनीमेशन, विजुअल इफेक्ट्स, गेमिंग और कॉमिक्स) कंटेंट क्रिएटर लैब की स्थापना शामिल है। एक नए राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान की स्थापना से डिजाइन और रचनात्मक उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही पांच विश्वविद्यालय टाउनशिप, प्रत्येक जिले में छात्राओं के लिए छात्रावासों की स्थापना और आधुनिक टेलीस्कोप इन्फ्रास्ट्रक्चर सुविधाओं का विकास उच्च शिक्षा के बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ करेगा। पर्यटन क्षेत्र में नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हॉस्पिटैलिटी, गाइड अपस्किलिंग की पायलट योजना, नेशनल डेस्टिनेशन डिजिटल नॉलेज ग्रिड और पारिस्थितिक ट्रेल्स का विकास शिक्षा के साथ रोजगार के नए अवसर सृजित करेगा। आईटी क्षेत्र के लिए सिंगल टैक्स श्रेणी, सुरक्षित बंदरगाह सीमा में वृद्धि और फास्ट-ट्रैक यूनिलैटरल एपीए प्रक्रिया से तकनीकी एवं नवाचार आधारित उद्योगों को गति मिलेगी, जिसका सीधा लाभ उच्च शिक्षा और शोध संस्थानों को प्राप्त होगा। उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी ने केंद्रीय बजट 2026-27 का स्वागत करते हुए कहा कि यह बजट शिक्षा को केवल डिग्री तक सीमित न रखकर उसे कौशल, स्टार्टअप, शोध और रोजगार से जोड़ता है।

नागरिकों की समस्याओं का शीघ्र समाधान करना शासन का दायित्व : सीएम धामी

प्रमुख संवाददाता

देहरादून। आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित समाधान को लेकर उत्तराखंड सरकार ने बड़ा फैसला लेते हुए जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार अभियान की अवधि 20 फरवरी तक बढ़ा दी है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि यह पहल केवल प्रशासनिक गतिविधि नहीं, बल्कि सरकार और जनता के बीच विश्वास को सुदृढ़ करने का माध्यम है। शासन की जिम्मेदारी है कि वह नागरिकों की समस्याओं को संवेदनशीलता के साथ समझे और उनका शीघ्र समाधान सुनिश्चित करे।

मुख्यमंत्री धामी ने स्पष्ट किया कि सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है कि प्रत्येक नागरिक की समस्या को गंभीरता से सुना जाए और उसका समाधान समयबद्ध ढंग से किया जाए। यह सुनिश्चित किया जाएगा कि राज्य का कोई भी क्षेत्र या नागरिक इस जनकल्याणकारी पहल से वंचित न रह जाए।

धामी के निर्देश पर प्रदेशभर में 20 फरवरी तक पुनः लगाए जाएंगे समाधान शिविर

उत्तराखंड सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार यह अभियान अब प्रदेश के सभी जिलों में विस्तारित अवधि के दौरान संचालित होगा। पहले यह कार्यक्रम 31 जनवरी तक प्रस्तावित था, किंतु जनसेवा शिविरों में उमड़ रही भारी भीड़, लोगों की सकारात्मक सहभागिता और बड़ी संख्या में मामलों के त्वरित निस्तारण को देखते हुए सरकार ने इसकी अवधि बढ़ाने का निर्णय लिया। 17 दिसंबर 2025 से आरंभ हुए इस अभियान के अंतर्गत आयोजित शिविरों में अब तक हजारों लोगों को सीधा लाभ प्राप्त हुआ है। राजस्व, समाज कल्याण, स्वास्थ्य, शिक्षा, पुलिस, नगर निकाय सहित विभिन्न विभागों से संबंधित शिकायतों का मौके पर समाधान कर आमजन को त्वरित राहत प्रदान की जा रही है।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए हैं कि जिन क्षेत्रों में अब तक समाधान शिविर आयोजित नहीं हो पाए हैं, उन्हें अनिवार्य रूप से विस्तारित कार्यक्रम में शामिल किया जाए। सरकार का लक्ष्य है कि हर गांव, कस्बा और शहरी क्षेत्र तक इस अभियान की पहुंच सुनिश्चित हो और नागरिकों को प्रशासनिक सेवाओं के लिए अनावश्यक भटकना न पड़े। मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार सभी जिलाधिकारियों को अभियान की विस्तृत कार्ययोजना शीघ्र सामान्य प्रशासन विभाग को उपलब्ध कराने तथा शिविरों के सुव्यवस्थित, पारदर्शी और परिणामकारी आयोजन को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

हेड लाइन वाला है आम बजट : लोकदल

लोकदल अध्यक्ष सुनील सिंह ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा बजट पेश किए जाने पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि रविवार को आया सरकार का बजट भी छुट्टी जैसा ही रहा, न जनता को राहत, न युवाओं, किसानों और गरीबों को कोई उम्मीद। उन्होंने कहा कि यह बजट जीवन को सरल बनाने के बजाय आम जनता के लिए और अधिक कठिन बना देने वाला बजट है। महिला, युवा, किसान और मिडिल क्लास—सभी वर्गों को इस बजट से निराशा ही हाथ लगी है। सरकार के आंकड़ों में भले ही महंगाई दिखाई न दे, लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि आम आदमी लगातार बढ़ती कीमतों से जूझ रहा है। लोकदल अध्यक्ष ने कहा कि बजट में किसान सम्मान निधि का उल्लेख तो किया गया है, लेकिन किसानों के लिए कोई ठोस और दीर्घकालिक नीति नजर नहीं आती। फसल की लागत, न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी, सिंचाई, खाद और बीज की कीमतों पर सरकार की स्पष्ट नीति का अभाव साफ दिखता है। उन्होंने आगे कहा कि सरकार ने बजट में यह तो बताया कि खर्च कहां होगा, लेकिन यह नहीं बताया कि गिरते रुपये को सहारा कैसे मिलेगा। रुपये की कमजोरी, बढ़ती बेरोजगारी और आय में ठहराव पर सरकार की चुप्पी उसकी आर्थिक विफलता को उजागर करती है। सुनील सिंह ने कहा कि देश को चीन से सीखने की जरूरत है, जहां छोटे-छोटे उद्योगों के जरिये कम कीमत पर जरूरी चीजें उपलब्ध करायी जाती हैं।

विकसित भारत का बजट : अनिल दुबे

रालोद के राष्ट्रीय महासचिव अनिल दुबे ने 2026-27 के बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि यह विकसित भारत का बजट है, जो भारत को आत्मनिर्भर बनाने के संकल्प को नई ऊर्जा प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि यह बजट किसान नारी शक्ति और नौजवानों को समर्पित बजट है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में यह बजट देश के प्रत्येक नागरिक को सशक्त बनाने तथा समाज के हर वर्ग के कल्याण को सुनिश्चित करने तथा देश की आर्थिक स्थिति की वृद्धि को नई गति प्रदान करेगा। उन्होंने यह भी कहा यह बजट समाज के हर वर्ग विशेष कर अन्नदाताओं, नौजवानों, महिलाओं और शोषित वंचित उत्थान के लिए समर्पित है और किसानों की आय बढ़ाने तथा ग्रामीण बुनियाद को मजबूत करने का काम करेगा।

संक्षेप

ग्रामीण बैंक ने शुरू किया अभियान

प्रतापगढ़। आपकी पूंजी आपका अधिकार अभियान के तहत उ0प्र0 ग्रामीण बैंक ने लम्बित एवं अदावी धनराशि नागरिकों को लौटाने हेतु सभी सरकारी कार्यालयों से समन्वय व सहयोग की अपील की है। बैंक प्रबंधन ने भारत सरकार के इस जनहित अभियान के अन्तर्गत उद्देश्य की पूर्ति के लिए जनपद के सभी संबंधित विभागों से सहयोग की अपेक्षा जतायी है। ग्रामीण बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक आशुतोष चैबे व उपक्षेत्रीय प्रबंधक रितुराज सिंह ने बताया कि अभियान जनहित से जुड़ा है। इसलिए विभाग आवश्यक अभिलेख, अधिकृत हस्ताक्षर तथा अन्य अपेक्षित सहयोग प्रदान करें। जिससे की पात्र लाभार्थियों को उनकी धनराशि बिना किसी विलम्ब के प्राप्त हो सके।

कृषकों से पंजीकरण कराने की अपील

श्रावस्ती। उद्यान विभाग द्वारा संचालित एकीकृत बागवानी विकास मिशन एवं मुख्यमंत्री राज्य औद्यानिक विकास योजना के अंतर्गत कृषकों एवं उद्यमियों को औद्यानिक फसलों से संबंधित विभिन्न योजनाओं का लाभ प्रदान किया जा रहा है। इस संबंध में जानकारी देते हुए जिला उद्यान अधिकारी श्रावस्ती श्री बी.एस. चौधरी ने बताया कि योजनाओं के तहत फल एवं सब्जी उत्पादन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पंजीकृत कृषकों को संकर बीजों सहित आवश्यक सामग्री का वितरण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि योजना के अंतर्गत केला, पपीता, बेर, मखाना, सिंघाड़ा, टमाटर, लतावर्गीय सब्जियां, जैविक खेती, सब्जियों हेतु मचान, मल्चिंग, फूट कवर, घेराबंदी सहित अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इसके साथ ही फूलों की खेती में रुचि रखने वाले किसान गेंदा के बीज प्राप्त कर गुणवत्तायुक्त उत्पादन कर सकते हैं। जिला उद्यान अधिकारी ने बताया कि जिन कृषकों ने अभी तक विभागीय वेबसाइट पर पंजीकरण नहीं कराया है, वे शीघ्र पंजीकरण कराएं। पंजीकरण के उपरांत एक सप्ताह के भीतर आधार कार्ड, खतौनी की प्रमाणित प्रति, बैंक पासबुक की छायाप्रति, पासपोर्ट साइज फोटो एवं मोबाइल नंबर सहित समस्त अभिलेख योजना प्रभारी श्री मंजीत सिंह (मोबाइल नंबरझ7388046768) से संपर्क कर जमा करना अनिवार्य होगा। योजना का लाभ प्रथम आवक, प्रथम पावक के आधार पर प्रदान किया जाएगा। अधिक जानकारी के लिए किसान भाई उद्यान विभाग की वेबसाइट पर जाकर पंजीकरण कर सकते हैं अथवा जिला उद्यान अधिकारी कार्यालय, श्रावस्ती से संपर्क कर सकते हैं।

कल्याणकारी बजट से सशक्त होगा देश का संकल्प

जिला संवाददाता

श्रावस्ती। यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी, निर्णायक और सशक्त नेतृत्व में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन द्वारा प्रस्तुत केंद्रीय बजट को लेकर पूरे देश में उत्साह, आशा और विश्वास का वातावरण बना हुआ है। इसी क्रम में जनपद श्रावस्ती के भिनगा नगर स्थित पूर्व सांसद एवं जिला पंचायत अध्यक्ष के आवास पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारियों ने सामूहिक रूप से केंद्रीय बजट का सीधा प्रसारण ध्यानपूर्वक सुना तथा बजट की घोषणा के उपरांत एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर एवं आतिशबाजी कर हर्षोल्लास के साथ उत्सव मनाया।

कार्यक्रम का वातावरण पूर्णतः उत्साहपूर्ण, प्रेरणादायी और आत्मविश्वास से परिपूर्ण दिखाई दिया। बजट सुनने के दौरान कार्यकताओं में गहन एकाग्रता देखने को मिली, वहीं बजट के प्रमुख बिंदुओं की घोषणा होते ही विकसित भारत के संकल्प को साकार करने की भावना और अधिक प्रबल होती नजर आई। पूर्व सांसद एवं पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष ने अपने संबोधन में कहा कि यह केंद्रीय बजट केवल आंकड़ों का दस्तावेज नहीं, बल्कि यह दूरदृष्टि, समावेशिता, संवेदनशीलता, संतुलन, आर्थिक सुदृढ़ता, राष्ट्रनिर्माण, सामाजिक न्याय, रोजगार सृजन, आत्मनिर्भरता और विकासशील सोच का उत्कृष्ट उदाहरण है। उन्होंने कहा कि यह बजट किसान, युवा, महिला, श्रमिक, मध्यम वर्ग, उद्यमी, व्यापारी एवं समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक को केंद्र में रखकर तैयार किया गया है। प्रधानमंत्री के ह्लसबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयासह्व के मूल मंत्र को यह बजट पूरी तरह प्रतिबिंबित करता है। इस बजट में किसानों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है। कृषि क्षेत्र को सशक्त बनाने हेतु आधुनिक तकनीक, सिंचाई व्यवस्था, भंडारण क्षमता, फसल बीमा, प्राकृतिक खेती एवं कृषि आधारित उद्योगों को बढ़ावा देने की ठोस व्यवस्था की गई है। इससे किसानों की आय में वृद्धि होगी और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई ऊर्जा मिलेगी। पूर्व सांसद ने कहा कि यह बजट किसानों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा और अन्नदाता को सम्मान, सुरक्षा तथा स्थायित्व प्रदान करेगा। युवाओं को रोजगार और अवसर केंद्रीय बजट में युवाओं के लिए शिक्षा, कौशल विकास, स्टार्टअप, स्वरोजगार एवं रोजगार सृजन पर विशेष ध्यान दिया गया है। तकनीकी शिक्षा, डिजिटल इंडिया, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, स्टार्टअप इकोसिस्टम एवं नवाचार को बढ़ावा देकर देश के युवाओं को वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार किया गया है। कार्यक्रम में उपस्थित पदाधिकारियों ने कहा कि यह बजट युवाओं को केवल नौकरी खोजने वाला नहीं, बल्कि नौकरी देने वाला बनने की प्रेरणा देता है।

महिला सशक्तिकरण को लेकर बजट में विशेष प्रावधान किए गए हैं। महिलाओं के लिए स्वयं सहायता समूह, उद्यमिता, स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा एवं सुरक्षा से जुड़े कार्यक्रमों को और अधिक मजबूत किया गया है। इससे महिलाएं आर्थिक रूप से सशक्त होकर राष्ट्र निर्माण में निर्णायक भूमिका निभा सकेंगी। बजट में मध्यम वर्ग को राहत देने के साथ-साथ श्रमिकों के कल्याण पर भी विशेष ध्यान दिया गया है। आवास, स्वास्थ्य, सामाजिक सुरक्षा एवं जीवन स्तर सुधारने की योजनाओं से समाज का यह वर्ग मजबूत होगा, जिससे देश की आंतरिक अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी। पूर्व सांसद ने कहा कि आधारभूत संरचना के विकास हेतु किए गए प्रावधान भारत को विश्व की अग्रणी अर्थव्यवस्थाओं में शामिल करने की दिशा में मजबूत कदम हैं। प्रमुख रूप से उपस्थित इस अवसर पर विनोद साहू (पूर्व मंडल अध्यक्ष), अश्वनी मौर्या (मंडल महामंत्री), किशन गुप्ता (मंडल उपाध्यक्ष), अहम मिश्रा (मंडल उपाध्यक्ष), प्रमोद गुप्ता (मंडल उपाध्यक्ष), राम कुमार (मंडल उपाध्यक्ष) सहित तमाम मंडल पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं सैकड़ों नगरवासी उपस्थित रहे।

आइंस्टीन पब्लिक स्कूल में आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाया दमखम

प्रतापगढ़। धधुवागाजन लालगंज स्थित आइंस्टीन पब्लिक स्कूल में आयोजित वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में बच्चों ने दमखम दिखाया। विद्यालय की निदेशिका श्रुति शुक्ला ने खेलकूद का शुभारम्भ किया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाएं आज हर क्षेत्र में लोहा मनवा रही है। संरक्ष विभव भूषण शुक्ल व डा. सौरभ मिश्र ने भी खेलकूद प्रतियोगिता पर अपने विचार रखे। वहीं छात्र छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से मंत्रमुग्ध किया। प्रतियोगिता में रेड हाउस, ग्रीन हाउस, ब्लू हाउस एवं एलो हाउस के बीच बालीवाल, कबड्डी, ऊँची कूंद, लम्बी कूंद आदि का आयोजन हुआ। जिसमें ब्लू हाउस की टीम चैम्पियन रही। प्रधानाचार्य सुभांशु सिंह ने बच्चों को पुरस्कृत किया। इस मौके पर योगेन्द्र शुक्ल, आन्द्रेडिसिल्वा, महेन्द्र पाठक आदि मौजूद रहे।

मिशन शक्ति 700 बहू-बेटियों तक पहुंचा सशक्तीकरण का संदेश

श्रावस्ती। महिला सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण को मजबूती प्रदान करने के उद्देश्य से मिशन शक्ति फेज- 5.0 अभियान के अंतर्गत जनपद श्रावस्ती में आज ह्लबहू-बेटी सम्मेलनह्व का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम अपर पुलिस महानिदेशक, महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन, उत्तर प्रदेश के आदेशानुसार तथा पुलिस अधीक्षक श्री राहुल भाटी के निर्देशन में संपन्न हुआ। सम्मेलन का आयोजन अपर पुलिस अधीक्षक/नोडल अधिकारी महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन, जनपद श्रावस्ती श्री मुकेश चंद्र उत्तम के पर्यवेक्षण में जनपद के 06 विभिन्न स्थानों पर किया गया, जहाँ लगभग 700 बहू-बेटियों ने सहभागिता की। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों, महिला सुरक्षा से संबंधित कानूनों, सरकारी जनकल्याणकारी योजनाओं, सहायता संसाधनों एवं आत्मनिर्भरता के विषय में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही आपात स्थिति में सहायता प्राप्त करने हेतु 1090, 181, 1930, 112, 108, 1098, 102 एवं मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 के प्रभावी उपयोग के संबंध में जागरूक किया गया। मिशन शक्ति टीमों एवं महिला बीट अधिकारियों द्वारा बहू-बेटियों को निर्भीक होकर अपनी समस्याएं साझा करने, पुलिस प्रशासन पर विश्वास बनाए रखने तथा सुरक्षित एवं सम्मानजनक जीवन जीने के लिए प्रेरित किया गया। जनपद श्रावस्ती पुलिस मिशन शक्ति अभियान के माध्यम से प्रत्येक बहू-बेटी तक सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण का संदेश पहुँचाने के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है।

पुरातन छात्र परिषद ने की बैठक

श्रावस्ती। महामाया राजकीय महाविद्यालय, श्रावस्ती में पुरातन छात्र परिषद् के तत्वावधान में एक महत्वपूर्ण एवं विचारोत्तेजक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. धर्मेन्द्र गुप्त ने की। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य महाविद्यालय के सर्वांगीण विकास, शैक्षणिक उन्नयन एवं संस्थागत सुदृढ़ीकरण हेतु दीर्घकालिक रणनीति पर गंभीर विमर्श करना रहा।

बैठक में प्राचार्य डॉ. धर्मेन्द्र गुप्त ने कहा कि पुरातन छात्रों का अनुभव, समर्पण और भावनात्मक जुड़ाव महाविद्यालय की प्रगति में एक प्रेरणास्रोत सिद्ध हो सकता है। उन्होंने महाविद्यालय को अकादमिक उत्कृष्टता, नैतिक मूल्यों और नवाचार का केंद्र बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। साथ ही उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, शोधपरक वातावरण और रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से संस्थान की प्रतिष्ठा को और अधिक ऊंचाइयों तक ले जाया जा सकता है। इस कार्यक्रम के संयोजक डॉ. उपेन्द्र कुमार सोनी ने बैठक की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए कहा कि पुरातन छात्र परिषद् भविष्य में मार्गदर्शक भूमिका निभा सकती है। उन्होंने सहयोग, समन्वय और सहभागिता को विकास का मूल मंत्र बताया। बैठक में डॉ. श्याम नारायण वर्मा, डॉ. आशुतोष मिश्र, डॉ. सत्य प्रकाश वर्मा सहित अनेक पुरातन छात्र उपस्थित रहे।

किसान, बेरोजगार, युवा व उद्योग विरोधी बजट

जिला संवाददाता



प्रतापगढ़। राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता सांसद प्रमोद तिवारी एवं क्षेत्रीय विधायक व नेता कांग्रेस विधानमण्डल दल आराधना मिश्रा मोना ने केन्द्र सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि यह ऐसा बजट है जो एक झुनझुने की तरह दिखता तो है परन्तु बजता नहीं है।

मोदी सरकार के कार्यकाल का यह सबसे निराशाजनक बजट है। यह बजट किसान विरोधी, बेरोजगार व नौजवान विरोधी, लघु एवं मध्यम वर्ग विरोधी बजट है। यह बजट देश को निराशा देने वाला है। इसीलिए सेंसेक्स में 2300 शेयर की गिरावट आयी है। सांसद प्रमोद तिवारी व विधायक मोना ने कहा कि पिछले एक साल से पूंजी निवेश रूका हुआ है। अब न तो विदेशी निवेश हो रहा है और न ही स्वदेशी निवेश हो रहा है। नेता द्वय ने कहा कि बजट के बाद इसमें और भी गिरावट आयेगी। मोदी सरकार द्वारा प्रस्तुत यह बजट भयंकर घाटे वाला बजट है। सांसद प्रमोद तिवारी व विधायक आराधना मिश्रा मोना ने कहा कि चालू वर्ष में राजस्व प्राप्तियां रू0 78086 करोड़ और नेट टैक्स संग्रह रू0 162748 करोड़ कम रहा, जो आर्थिक सुस्ती का साफ संकेत है। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और पिछड़े वर्ग सहित महत्वपूर्ण योजनाओं के बजट में बड़ी कटौती की गयी है। जैसे स्वास्थ्य में 3686 करोड़ की कटौती, शिक्षा में 6701 करोड़, समाजकल्याण में 9999 करोड़, कृषि में 6985 करोड़, ग्रामीण विकास में 53067 करोड़, नगर विकास में 39573 करोड़, प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना में 890 करोड़, जल जीवन मिशन में 50000 करोड़, प्रधानमंत्री आवास योजना में 3200 करोड़ की कटौती तथा अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग के स्कालर्शिप की धनराशि में कटौती, फसल बीमा योजना, यूरिया, एलपीजी कनेक्शन, अनार्मेंट, एयरफोर्स प्रोजेक्ट, नेवल डाकयार्ड प्रोजेक्ट और रक्षा आधुनिकीकरण आदि के बजट में कटौती करने का अक्षम्य अपराध किया गया है।

सांसद प्रमोद तिवारी व विधायक आराधना मिश्रा मोना ने साफ तौर पर कहा कि जब सब के बजट में कटौती ही की गयी है तो देश में विकसित कौन होगा? नेता द्वय ने कहा कि महिला सशक्तिकरण के लिए कोई ठोस नई योजना या अतिरिक्त बजट का प्राविधान नहीं है। उन्होंने कहा कि मात्र नारे ही नारे हैं, जमीन स्तर पर कुछ भी नहीं है।

अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम को पास कराने की मांग

प्रतापगढ़। अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम विधेयक की मुहिम को लेकर आल इण्डिया रूरल बार एसोसिएसन के बैनरतलेरविवार को यहां बार कौन्सिल चुनाव के गहमागहमी के बीच अधिवक्ताओ ने एकजुटता का प्रदर्शन किया। एसोसिएसन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल व महासचिव अनिल कुमार तिवारी के नेतृत्व में अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम विधेयक को लेकर वकीलों की आम सभा भी हुई। आम सभा को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने केंद्र सरकार के समक्ष यह मांग उठाई है कि सरकार का बजट पेश होने के बाद अब उसे अगला विधेयक संसद में अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम का लाना चाहिए। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार के बजट मे अधिवक्ताओ के लिए कल्याण कारी योजनाओं को लेकर अलग से बजट न रखना अत्यंत निराशा जनक है। महासचिव अनिल कुमार तिवारी ने कहा कि यदि सरकार इस सत्र में यह विधेयक पारित नही कराती तो एसोसिएसन प्रदेशव्यापी आंदोलन तेज करेगा।

आम सभा की अध्यक्षता हाईकोर्ट बार एसोसिएशन इलाहाबाद के पूर्व उपाध्यक्ष विष्णु पाण्डेय व संचालन प्रदेश प्रवक्ता विकास मिश्र ने किया। वकीलों ने अपनी मांग को लेकर नारे बाजी के साथ जागरूकता मार्च निकाला। बडी संख्या मे बार कौन्सिल के चुनाव को लेकर यहां जमा वकीलों ने भी अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम की मांग का समर्थन किया। जागरूकता मार्च का संयोजन प्रदेश महासचिव लवलेश शुक्ल ने किया। आम सभा को वरिष्ठ अधिवक्ता इमामुद्दीन, संजय ओझा, राघवेंद्र बहादुर सिंह, अनुग्रह प्रताप सिंह, सुभाष तिवारी, नवीउल्लाह, रणविजय सिंह, विपिन शुक्ल. राजेश तिवारी, संतोष पाण्डेय ने भी संबोधित किया। इस मौके पर अबरार अहमद, के.के.शुक्ला, मो.जैद, राकेश सेन, नफीस अली, हैदर अली, जितेन्द्र तिवारी, अरविन्द त्रिपाठीआदि अधिवक्ता रहे।

मिशन शक्ति केंद्र ने तीन परिवारों को मिलाया

सिद्धार्थनगर- मिशन शक्ति केंद्र ने 1 फरवरी को तीन परिवारों के बीच के मनमुटाव को सफलतापूर्वक सुलझाया। महिला थाना प्रभारी निरीक्षक भाग्यवती पाण्डेय और उनकी टीम के प्रयासों से इन जोड़ों को एक नई शुरूआत करने का अवसर मिला। इस प्रक्रिया में महिला थाना की काउंसलिंग टीम ने अहम भूमिका निभाई। टीम में रीना रावत, महिला आरक्षी प्रियंबदा सिंह और संगीता गौतम शामिल थीं, जिन्होंने परिवारों को आपसी सहयोग और संवाद के महत्व के बारे में मार्गदर्शन दिया। जिन परिवारों को एक साथ रहने के लिए राजी किया गया, उनमें सिसवा खुर्द, थाना जोगिया उदयपुर की पूजा पत्नी पांचू; बरखा, थाना रुधौली बस्ती की पुष्पा पत्नी सुबोध; और मुडार दिबिया, थाना बांसी की पूजा पत्नी धर्मराज शामिल हैं। महिला थाना प्रभारी निरीक्षक भाग्यवती पाण्डेय ने बताया कि मिशन शक्ति केंद्र का उद्देश्य केवल परिवारों को अलग होने से रोकना नहीं है, बल्कि उन्हें सही मार्गदर्शन देकर आपसी समझ और सहयोग की ओर ले जाना है। उन्होंने जोर दिया कि काउंसलिंग से परिवार और समाज दोनों मजबूत बनते हैं। इस पहल की उपस्थित अधिकारियों ने सराहना की। मिशन शक्ति केंद्र की यह कार्रवाई पारिवारिक मुद्दों को हल करने में एक सकारात्मक उदाहरण प्रस्तुत करती है, जिससे समाज में पारिवारिक एकता और आपसी सम्मान को बढ़ावा मिलेगा। तीनों परिवारों को भविष्य में किसी भी सहायता के लिए केंद्र से संपर्क करने की सलाह भी दी गई।

फरियादियों को त्वरित न्याय सुलभ करा रहे तहसीलदार रवि यादव

राम आशीष दूबे

सिद्धार्थनगर। जिलाधिकारी के दिए गए निर्देश के अक्षरसह अनुपालन में दायित्वों के प्रति क्रियाशील तह0दार/ मजिस्ट्रेट डुमरिगंज रवि यादव के अपनाएं गये कार्य शैली के चलते दर्जनों फरियादियों को त्वरित न्याय सुलभ कराया गया।,जिले के डुमरियागंज तहसील के तहसीलदार मजिस्ट्रेट रवि यादव ने दर्जनों फरियादियों के समस्याओ व शिकायती प्रार्थना पत्रों की जांच एवं सुनवाई करते हुए फरियादियों को त्वरित न्याय सुलभ कराया गया , जहां एक ओर अनुसुलझे व बहुचर्चित विवादित प्रकरणों को सुलझाने का भरसक प्रयासरत रह कर विवादित प्रकरणों को सुलझाने में कथक प्रयास विना रूके जारी रखते हुए, तहसीलदार डुमरियागंज रवि यादव ने प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों के निस्तारण हेतु अभिलेखिय / व स्थलीय निरीक्षण जांच करते हुए प्रार्थना पत्रों का निस्तारण कर फरियादियों को त्वरित न्याय सुलभ कराया गया, जो कि तहसीलदार डु0 गंज का उत्कृष्ट कार्य योगदान माना जा रहा है। करोड़ों के सरकारी जमीनों पर अनाधिकृत कब्जे की बात करें तो दर्जन भर से अधिक अतिक्रमणकारी भू-माफियाओं द्वारा वर्षों से करोड़ों रुपए के सरकारी जमीनों पर अनाधिकृत कब्जे को बुलडोजर चलवाकर बल पूर्वक ध्वस्त कराते हुए अनाधिकृत कब्जे को सरकारी जमीनों से अवमुक्त कराते हुए डुमरियागंज तहसीलदार रवि यादव ने तहसील प्रशासन के कड़े तेवर का यहशास कराया है, वहीं सरकारी जमीनों को भू-माफियाओं के चंगुल से अवमुक्त कराते हुए तहसीलदार मजिस्ट्रेट ने सरकार को करोड़ों रुपए के राजस्व का बड़ा लाभ भी पहुंचाया गया।

नेपाल से तस्करी कर लायी गयी चार लड़कियां बरामद, दो गिरफ्तार

श्रावस्ती। पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे सघन अभियान के तहत थाना सिरसिया पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। नेपाल राष्ट्र से अवैध रूप से लाई जा रही चार नेपाली लड़कियों का पुलिस ने सकुशल रेस्क्यू करते हुए दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। अपर पुलिस अधीक्षक मुकेश चन्द्र उत्तम एवं क्षेत्राधिकारी भिनगा सतीश कुमार शर्मा के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष सिरसिया शैलकांत उपाध्याय के नेतृत्व में उपनिरीक्षक दीपक गिरी मय पुलिस टीम द्वारा यह कार्यवाही की गई। दिनांक 31 जनवरी 2026 को नेपाल-भारत सीमा क्षेत्र में एसएसबी से समन्वय के दौरान मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि दो भारतीय युवक जंगल के रास्ते नेपाल से चार नेपाली लड़कियों को ला रहे हैं। सूचना पर तत्परता दिखाते हुए एनजीओ व एएचटी टीम को सूचित किया गया तथा गुज्जर गौरी सीमा क्षेत्र के भचकाही गांव के आगे जंगल मार्ग पर घेराबंदी की गई। मौके पर दो अभियुक्त मोटरसाइकिल से चार नेपाली लड़कियों को लाते हुए पकड़े गए। पुलिस ने सभी लड़कियों का सकुशल रेस्क्यू कर लिया।

गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध थाना सिरसिया पर मुकदमा अपराध संख्या 21/26 अंतर्गत धारा 141, 143(5) बीएनएस एवं 207 मोटर वाहन अधिनियम में अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय भेजा गया।

गिरफ्तार अभियुक्तः हरिराम यादव पुत्र रक्षाराम, निवासी बभनी कुकुरभुकवा, थाना सिरसिया, जनपद श्रावस्ती रामरूप पुत्र रामलोटन, निवासी बभनी कुकुरभुकवा, थाना सिरसिया, जनपद श्रावस्ती बरामदगी

अभियुक्तों के कब्जे से 02 मोटरसाइकिल, 01 आधार कार्ड एवं 02 मोबाइल फोन बरामद किए गए।

इस संयुक्त कार्रवाई में थाना सिरसिया पुलिस, एएचटी टीम, सशस्त्र सीमा बल एवं एनजीओ टीम की सराहनीय भूमिका रही। पुलिस की इस कार्रवाई से मानव तस्करी के विरुद्ध सख्त संदेश गया है।

गांवों के विकास की सबसे बड़ी जिम्मेदारी ग्राम प्रधानों की : जगदम्बिका पाल

सिद्धार्थनगर महोत्सव संपन्न, पंचायत-बाल विकास योजनाओं पर सम्मेलन

जिला संवाददाता

सिद्धार्थनगर। सिद्धार्थनगर महोत्सव 2026 के समापन अवसर पर रविवार को पंचायत राज विभाग और बाल विकास विभाग की योजनाओं को लेकर एक गोष्ठी व सम्मेलन का आयोजन किया गया।

इस दौरान संसद में पेश किए गए वर्ष 2026-27 के केंद्रीय बजट का लाइव प्रसारण भी कार्यक्रम स्थल पर देखा गया। सम्मेलन में डुमरियागंज सांसद जगदम्बिका पाल, कपिलवस्तु विधायक श्यामधनी राही, भाजपा जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान, जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी.एन., मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट आयुष अग्रवाल, दिल्ली विश्वविद्यालय की प्रोफेसर डॉ. गीता चोपड़ा सहित कई अधिकारी और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरूआत प्रधान संघ अध्यक्ष पवन मिश्रा द्वारा अतिथियों के स्वागत से हुई। सम्मेलन में बड़ी संख्या में ग्राम प्रधान, सचिव, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां और सहायिकाएं शामिल रहीं। सम्मेलन को संबोधित करते हुए सांसद जगदम्बिका पाल ने कहा कि गांवों के सर्वांगीण विकास की सबसे बड़ी जिम्मेदारी ग्राम प्रधानों की है। उन्होंने कहा कि सड़क, नाली और मूलभूत सुविधाओं के विकास से ही प्रदेश और देश आगे बढ़ेगा। प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री ने 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का जो संकल्प लिया है, उसकी नींव गांवों के विकास से ही पड़ेगी। सांसद ने बताया कि सिद्धार्थनगर जनपद कालानमक चावल और मछली उत्पादन के क्षेत्र में लगातार प्रगति कर रहा है। आने वाले समय में मखाना की खेती को बढ़ावा देकर जनपद को इस क्षेत्र में भी आगे ले जाने की योजना है। सांसद पाल ने बताया कि 2026-27 के केंद्रीय बजट में महिलाओं और विकास कार्यों के लिए पिछले वर्ष की तुलना में अधिक धनराशि का प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि इससे देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। उन्होंने यह भी बताया कि बजट में महिलाओं की सुविधाओं पर विशेष ध्यान दिया गया है। सभी जिला मुख्यालयों पर महिला छात्रावास बनाए जाएंगे, जिससे महिलाओं को शिक्षा और रोजगार के दौरान सुरक्षित आवास मिल सकेगा। इसके अलावा स्वास्थ्य और शिक्षा पर लगने वाला टैक्स 5 प्रतिशत से घटाकर 2 प्रतिशत कर दिया गया है, जिससे आम जनता को सीधा लाभ मिलेगा। आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए सांसद ने कहा कि वे गर्भवती महिलाओं और बच्चों को पोषाहार उपलब्ध कराकर उनके स्वास्थ्य की देखभाल करती हैं। सीमित मानदेय के बावजूद वे समाज की सेवा में अहम योगदान दे रही हैं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों और सहायिकाओं के मानदेय में जल्द वृद्धि की जाएगी। दिल्ली विश्वविद्यालय की प्रोफेसर डॉ. गीता चोपड़ा ने ह्यआंगनबाड़ी कार्यकत्रियां भारत के भविष्य की आधारशिलाह्व विषय पर अपने विचार रखे। उन्होंने बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास में पोषण की अहम भूमिका पर विस्तार से जानकारी दी और सकारात्मक सोच विकसित करने पर जोर दिया। आंगनबाड़ी कार्यकत्री प्रमिला मिश्रा ने भी अपने अनुभव साझा किए और लोगों को जागरूक किया। कार्यक्रम के अंत में प्रोफेसर डॉ. गीता चोपड़ा को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

TECHNO INSTITUTE OF HIGHER STUDIES

Courses Offered: B.Com (Hons.), B.A.-J.M.C., B.B.A., B.Com, B.Ed., B.Sc. (PCM / ZBC), B.V.A. (Paint. / App. Art), BCA, M.A.-J.M.C., M.Com (Commerce), M.V.A. (Painting)

आवश्यकता है प्राचार्य व प्रवक्ताओं की योग्यता अनुभव व वेतन यू.जी.सी./ लखनऊ वश्वविद्यालय के मानकानुसार-

प्राचार्य- 01 पद
प्रवक्ता एम.पी.ए. (एप्लाइड आर्ट)- 04 पद

आवेदन पत्र समस्त शैक्षिक व अनुभव प्रमाणपत्रों की छायाप्रतियों के साथ नीचे दिये गये पते पर डाक/ईमेल/व्यक्तिगत रूप से विज्ञापन प्रकाशन की तिथि से 21 दिनों में अवश्य प्राप्त करा दें।

331, Anaura, Near Indira Canal, Ayodhya Road, Lucknow-226028
Email: careers@tims.edu.in
Contact: 7897123111 (IVR), 8810724912

कार्यालय नगर पंचायत सिंगाही भेड़ौरा, लखीमपुर-खीरी

पत्रांक- 1614 / न0पं0सिं00 / 2025-26 दिनांक - 31.01.2026

सार्वजनिक सूचना

नगर पंचायत सिंगाही भेड़ौरा जनपद - खीरी द्वारा नगर पालिका अधिनियम, 1916 की धारा 298 एंव उसमें दी गयी उपधाराओं तथा शासन द्वारा समय समय पर जारी शासनादेशों में दिये गये दिशा निर्देशों एवं निकाय की बोर्ड बैठक दिनांक 08.10.2025 के प्रस्ताव संख्या - 11 उपविधि बनाने हेतु अनुमोदनोपरान्त आनसाइट स्वच्छता व्यवस्था अपशिष्ट (फीकल स्लज सेप्टेज और और अपशिष्ट जल) के डीस्लजिंग परिवहन एवं ट्रीटमेन्ट संबंधी और प्रासांगिक अथवा अनुसांगिक मामलों के लिये उपविधि तैयार की गयी है । उपविधि का प्रारूप उक्त ऐक्ट की धारा (1) के अधीन समस्त नगरवासियों को आपत्तियों एवं सुझाव प्राप्त कराये जाने के उद्देश्य से उपविधि की पाण्डुलेख को प्रकाशित किया जाता है जिन पर उसका प्रभाव पड़ने की सम्भावना है।

अतः जिस किसी को इस सम्बंध में कोई आपत्ति / सुझाव देना हो वह अपनी लिखित आपत्ति / सुझाव नगर पंचायत सिंगाही भेड़ौराके कार्यालय में इस सूचना प्रकाशन के 30 दिन के अन्दर प्रस्तुत कर सकता है। केवल उन्ही आपत्तियों तथा सुझावों पर विचार किया जायेगा जो इस सूचना के दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित होने की तिथि से 30 दिनों के अन्दर प्राप्त होगी।

फीकल स्लज एवं सेप्टेज प्रबंधन के लिए राज्य मॉडल उपविधि 2025

अधिसूचना

उत्तर प्रदेश नगर पालिका अधिनियम, 1916 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, नगर पंचायत सिंगाही भेड़ौरा द्वारा घर/भवन/प्रतिष्ठान में ऑनसाइट सेनिटेशन सिस्टम (सेप्टिक टैंक/पिट/सोख्ता) के संग्रहण, ढुलाई और उससे जुड़े मामलों के लिए निम्न लिखित उपविधियां बनाई गयी हैं।

प्राधिकार: ये उपविधि निम्नलिखित प्रावधानों को लागू करने वाला सक्षम ढांचा हैः

(क) उत्तर प्रदेश राज्य सेप्टेज प्रबंधन नीति, 2019
(ख) फीकल स्लज एवं सेप्टेज प्रबंधन की राष्ट्रीय नीति, 2017
(ग) सीपीएचईईओ मैनुअल ऑन सीवरेज और फीकल स्लज एवं सेप्टेज प्रबंधन 2013
(घ) मॉडल निर्माण उपविधि, 2016 तथा अन्य लागू भवन उपविधि
(ङ) प्रोहिबिशन ऑफ एम्प्लॉयमेंट ऐज मैनुअल स्कैवेंजर्स एंड देयर रिहैबिलिटेशन ऐक्ट - 2013
(च) आईएस कोड 2470 भाग कऔर क्क्ष, 1985 (1996 रीअफर्ल्ड) सेप्टिक टैंक संस्थापित करने के लिए कार्य व्यवहार संहिता
(छ) केंद्रीय कानून, नियम और विनियमन पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986
(ज) जल (प्रदूषण पर रोक और नियंत्रण) अधिनियम, 1974
(झ) उत्तर प्रदेश के राजकीय कानून जैसे जल और स्वच्छता संबंधी, जैसे कि यू. पी. जल आपूर्ति एव सीवरेज अधिनियम, 1975, उत्तर प्रदेश जल संस्थान जलापूर्ति एवं सीवरेज उपविधि, 2008; तथा अन्य कोई प्रासंगिक राजकीय कानून।

क्षेत्र (स्कोप)

ये उपविधि की नगर पंचायत सिंगाही भेड़ौरा प्रशासनिक सीमा के भीतर फीकल स्लज एवं सेप्टेज प्रबंधन में संलग्न सभी हितधारकों पर लागू होते हैं, जिसमे सेप्टिक टैंक वाले घरों के मालिक एवं उपयोगकर्ता, सेप्टिक टैंक सफाई ऑपरेटर तथा निकाय के उपचार और निस्तारण में संलग्न जवाब देह एजेंसियां शामिल हैं। यह उपविधि सभी सार्वजनिक, निजी, आवासीय, वाणिज्यिक, संस्थागत, प्रस्तावित, नियोजित या निकाय नगर पंचायत सिंगाही भेड़ौरा भवनों पर लागू होगा।

अध्याय I

प्रारंभिक

1. संक्षेप - शीर्षक, विस्तार और आरंभ

(i). इन उपविधियों को फीकल स्लज एवं सेप्टेज प्रबंधन (FSSM) उपविधि, 2025 कहा जा सकता है।
(ii). ये उपविधि उत्तर प्रदेश राज - पत्र (गजट) में प्रकाशित होने की तारीख से क्रियान्वित होंगे और निकाय की प्रशासकीय परीसीमा के अंदर लागू होंगी।

2. परिभाषा

'एक्सेस कवर' का अर्थ है निरीक्षण, सफाई तथा अन्य रखरखाव कार्य हेतु सेप्टिक टैंक / पिट में अंदर जाने के लिए छेद या रास्ता जिसको ढक्कन या आवरण से बंद किया हो;

'अपेलेट बॉडी' निकाय, शहरी स्वच्छता समिति, और / या कोई अन्य संबंधित प्रासंगिक अधिकृत समिति के सदस्यों से मिल कर बना एक समूह है जिसका उद्देश्य उपविधियों से संबंधित किसी भी विवाद, अपील या मुद्दे का संबोधन करना है;

'फीकल स्लज या सेप्टेज का को- ट्रीटमेंट' उस प्रक्रिया को कहते हैं जिसमें सीवेज उपचार सुविधा (एसटीपी) में, शहरों के सीवर के जरिए से ले जाने वाले घरेलू सीवेज के उपचार के अलावा, विभिन्न ऑन - साइट स्वच्छता प्रणालियों के फीकल स्लज और सेप्टेज (एफएसएस) का भी उपचार किया जाता है;

'को - ट्रीटमेंट फैसिलिटी' का तात्पर्य है ऐसा सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट जिसमें फिकल स्लज के उपचार के लिए पर्याप्त प्रावधान उपलब्ध हो;

'विकेंद्रीकृत अपशिष्ट जल उपचार (DWWT) प्रणाली' का तात्पर्य है ऐसी पद्धति से है जिसमें निजी आवासों, आवासीय संकुलों, एकल समुदायों, उद्योगों, संस्थानों या उत्पादन स्थल के निकट अपशिष्ट जल का संग्रहण, उपचार किया जाता है और निस्तारण/दुबारा इस्तेमाल योग्य बनाया जाता है। ये प्रणाली अपशिष्ट जल के तरल और ठोस दोनों घटकों के लिए प्रयुक्त होते हैं;

'नियुक्त अधिकारी' निकाय का ऐसा अधिकारी जिसे (नगर आयुक्त / अधिशाषी अधिकारी) द्वारा लाइसेंस जारी करने के लिए अथवा उसे सौंपे गए किसी अन्य कार्य करने के लिए अधिकृत किया गया हो;

'डिस्लजिंग' का तात्पर्य है लाइसेंसधारी ऑपरेटर अथवा निकाय के प्रशिक्षित सफाई कर्मचारियों द्वारा सेप्टिक टैंक / पिट से फीकल स्लज एवं सेप्टेज निकालने की प्रक्रिया;

'निस्तारण' का तात्पर्य है फीकल स्लज एवं सेप्टेज का अधिसूचित स्थान तक परिवहन एवं निर्वहन;

'एफ़्लूयंट' का तात्पर्य है सेप्टिक टैंक से निकलने वाला अधिप्लावी (द्रव) ;

'फीकल स्लज एवं सेप्टेज' का तात्पर्य है सेप्टिक टैंक अथवा ऑनसाइट सेनिटेशन प्रणालियों में जमी हुई या नीचे बैठी हुई सामग्री ;

'फीकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट (FSTP)' का तात्पर्य है सुरक्षित निस्तारण और दुबारा इस्तेमाल के निर्धारित मानदंड के अनुदार ठोस और तरल घटकों को हटाने वाला स्वतंत्र फीकल स्लज एवं सेप्टेज उपचार संयंत्रः

'ग्रे वाटर' का तात्पर्य है घरेलू अपशिष्ट जल से है जिसमें मानव मल नहीं होता। यह घर की सफाई से निकला पानी, रसोई और स्नानघर का पानी हो सकता है;

'होस्ट यूएलबी' का तात्पर्य है वह निकाय जो उपचार संयंत्र के संचालन और रखरखाव के लिए जिम्मेदार होता है और जो संयंत्र में निकटवर्ती निकाय के फीकल स्लज एवं सेप्टेज को उपचार की अनुमति देता है। अपनी अधिकतम क्षमता को हासिल करने तक होस्ट निकाय 'होस्ट' बना रहेगा;

'ईनसैनिटरी लेट्रिन्स' का तात्पर्य उन शौचालयों से है जहां रात की मिट्टी (मल - कीचड़) को किसी मानव या जानवरों द्वारा ढोया या हटाया जाता है, तथा मल कीचड़ को खुली नालियों या गड्ढों में डाल दिया जाता है;

'लाइसेंस' का अर्थ है किसी व्यक्ति को दी गई लिखित अनुमति, जिसकी मंशा फीकल स्लज एवं सेप्टेज प्रबंधन सेवाओं को पूरा करना होती है, जिसमें उद्देश्य, समय अवधि, नाम, पता और मार्ग आदि का उल्लेख निकाय के अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता के हस्ताक्षर के अंतर्गत किया जाता है;

'लाइसेंस प्राप्त ऑपरेटर' (लाइसेंसधारी) का अर्थ है ऐसा व्यक्ति जिसे फीकल स्लज एवं सेप्टेज प्रबंधन सेवाएं प्रदान करने हेतु निकाय द्वारा पंजीकृत किया गया हो;

'अधिसूचित स्थान' का अर्थ होता है निकाय द्वारा परिभाषित और निर्धारित फीकल स्लज एवं सेप्टेज की आपूर्ति और निस्तारण का स्थानः

'ऑनसाइट सेनिटेशन सिस्टम (ओएसएस)' ऐसी स्वच्छता प्रणाली है जो पूरी तरह से निजी / व्यावसायिक/सरकारी आवास और उसके आस-पास के भूखंड पर स्थित होता है। आमतौर पर, भूखंड पर स्वच्छता 'घरेलू शौचालय' के समान है, लेकिन इसमें एक ही भूखंड पर एक साथ रहने वाले कई परिवारों द्वारा साझा की जाने वाली सुविधाएं हो सकती हैं;

'ऑपरेटर' का तात्पर्य ऐसे व्यक्ति से है जो फीकल स्लज एवं सेप्टेज निकालने और उसके परिवहन के व्यवसाय में संलग्न है;

'मालिक' का अर्थ है वह व्यक्ति जो निकाय की सीमा के भीतर स्थित किसी भवन या उसके किसी हिस्से का मालिक हो;

'व्यक्ति' का तात्पर्य एक ऐसे व्यक्ति से है एक एजेंसी, एक ट्रस्ट, एक समाज, एक फर्म या एक कंपनी को संदर्भित करता है प्रासंगिक कानूनों के तहत निगमित कंपनी, व्यक्तियों का एक संघ या व्यक्ति का एक निकाय चाहे निगमित हो या नहीं;

'सैनिटरी लेट्रिन्स' का अर्थ होगा सेप्टिक टैंक अथवा कोई ओएसएस अथवा भूमिगत सीवरेज प्रणाली से जुड़े शौचालय और मूत्रालय के प्रकार और बनावट जो मल (अपचित मलमूत्र) के सुरक्षित परिरोधन और निस्तारण को सुनिश्चित करता हो, जिनमें से प्रत्येक का निर्माण निकाय द्वारा जारी किए गए डिजाइन विनिर्देश और दिशानिर्देश के अनुरूप नियमानुसार किया गया हो

'सेप्टिक टैंक' भूमिगत निर्मित टैंक है जो आंशिक रूप से ठोस जमाव और अवायवीय पाचन के संयोजन द्वारा आंशिक रूप से फीकल स्लज एवं सेप्टेज का उपचार करता है, जिसका निर्माण आईएस कोड 2470 के डिजाइन विनिर्देश या निकाय द्वारा जारी दिशानिर्देशों के अनुसार किया गया है।

'शेड्यूल्ड डीस्लजिंग' का अर्थ है केंद्रीय लोक स्वास्थ्य एवं पर्यावरण इंजीनियरिंग संगठन (सीपीएचईईओ) की अनुशंसाओं के आधार पर 2 - 3 वर्षों के अंतराल पर ओएसएस को नियमित रूप से खाली कराने की प्रक्रिया ।

'सेप्टेज' का अर्थ है अच्छी तरह डिजायन किए हुए सेप्टिक टैंक से निकलने वाला फीकल स्लज।

'सीवेज' का अर्थ है ब्लैक और ग्रे पानी का मिश्रण है जिसे सीवरों के माध्यम से प्रवाहित किया जाता है। इसे वेस्ट वॉटर/ यूज्ड वॉटर भी कहा जाता है।

'सीवर' वो प्रणाली (सीवर लाइन / पाइप लाइन) जिसके माध्यम से समुदाय के अपशिष्ट जल को बहाया जाता है।

'सीवेज पम्पिंग स्टेशन' का अर्थ होता है शहर में सीवर नेटवर्क के पंप हाउस का भंडारण और संग्रह कक्ष, जहाँ से सीवेज यानी मल जल या अपवाह को निर्दिष्ट स्थान पर पंप करके भेजा जाता है।

'सीवेज उपचार संयंत्र' का अर्थ उस स्थान से है जहां सुरक्षित निस्तारण और दुबारा उपयोग के लिए निर्धारित मानकों के अनुसार मल जल का उपचार किया जाता है।

'निकाय के प्रशिक्षित सफाई कर्मी' का अर्थ है निकाय के कर्मचारी या निकाय लाइसेंसी वैक्यूम टैंकर का इस्तेमाल कर फीकल स्लज एवं सेप्टेज की सफाई करने या उसे खाली करने और ढुलाई के उद्देश्य के लिए निकाय द्वारा नियुक्त और प्रशिक्षित अनुबंधित अथवा काम पर लिए गए कर्मचारी

'परिवहन या ढुलाई' का अर्थ है लाइसेंस धारी वाहन के माध्यम से (एफएसएस) निकालने के स्थान से निर्दिष्ट निस्तारण स्थल तक फीकल स्लज एवं सेप्टेज की सुरक्षित ढुलाई।

'उपचार' का अर्थ है प्रदूषण को कम करने या रोकने के लिए एफएसएस / मल जल / अपशिष्ट जल के भौतिक, रासायनिक या जैविक और रेडियोलॉजिकल विशेषता या संरचना को बदलने के लिए तैयार की गई कोई वैज्ञानिक पद्धति या प्रक्रिया।

'उपचार सुविधा' का अर्थ होगा निकाय में विनिदेशों और दिशानिदेशों के आधार पर बने अधिसूचित फीकल स्लज उपचार और निस्तारण हेतु निर्मित स्थल

'यूएलबी क्लस्टर' का अर्थ होगा होस्ट निकाय और इसके निकटस्थ यूएलबी / ग्राम पंचायत, जिन्हें शहर में स्थित उपचार संयंत्र में एफएस के सुरक्षित निस्तारण के लिए होस्ट निकाय जिसके साथ एमओयू की आवश्यकता होगी।

'निकाय पंजीकृत (वैक्युम) टैंक' का अर्थ ऐसे वैक्यूम टैंकर से है, जिसे निर्दिष्ट उद्देश्य पूरा करने हेतु निकाय द्वारा विधिवत पंजीकृत कराया गया हो, जिसे निकाय द्वारा निकाय क्षेत्र में फीकल स्लज एवं सेप्टेज प्रबंधन सेवाएं प्रदान करने हेतु निकाय द्वारा पंजीकृत किया गया हो।

'निर्वात टैंकर (वैक्यूम टैंकर)' ऐसा वाहन होता है जिसमें एक पंप और टंकी होती है, जिसे साइट पर स्वच्छता प्रणालियों से फीकल स्लज एवं सेप्टेज को वैक्यूम की मदद से खींचने के लिए बनाया गया है। इन वाहनों का उपयोग सेप्टिक टैंक से निकाले फीकल स्लज एवं सेप्टेज के परिवहन के लिए भी किया जाता है।

'अपशिष्ट जल (वेस्ट वॉटर)/यूज्ड वॉटर' का अर्थ घरेलू / व्यावसायिक अथवा अन्य मानवीय गतिविधियों से निकले तरल प्रवाह से है, जिसमें शौचालय, रसोई और सफाई कार्य से निकला पानी, लेकिन इसमें विनिर्माण और औद्योगिक गतिविधियों से निकलने वाला पानी शामिल नहीं है। आमतौर पर इस तरह के प्रवाह को वर्षा जल नालियों के माध्यम से बहाया है, इस प्रकार इसमें तूफानी जल भी शामिल होता है।

'कर्मी' का अर्थ है लाइसेंसधारी ऑपरेटर द्वारा फीकल स्लज एवं सेप्टेज की फीकल स्लज निकासी, ढुलाई और निस्तारण के लिए नियुक्त व्यक्ति।

सभी अन्य शब्द और अभिव्यक्ति जो इन उपविधियों में प्रयुक्त हुए हैं और जो इन उपविधियों में परिभाषित नहीं किए गए हैं और जो यहां ऊपर भी परिभाषित नहीं हैं लेकिन जिन्हें अधिनियम में अथवा वर्तमान में लागू किसी अन्य कानून में परिभाषित किया गया है उनका अर्थ वही होगा जो अधिनियम या कानून के तहत क्रमशः उन्हें प्रदान किया गया है और उसके अभाव में उनका अर्थ वही होगा जो जलापूर्ति और मल जल उपचार / निस्तारन उद्योग में आमतौर पर समझा जाता है।

अध्याय II

अपशिष्ट जल का प्रबंधन और निस्तारण

3. परिसर में अपशिष्ट जल का प्रबंधन और निस्तारण

निकाय में प्रत्येक संपत्ति के मालिक/अधिग्राही (जिसमें मौजूदा या प्रस्तावित, आवासीय और व्यावसायिक और अन्य शामिल हैं तथा इसी तक सीमित नहीं हैं) यह सुनिश्चित करने के लिए उत्तरदायी होंगे कि उनके परिसर से अपशिष्ट जल को निम्नलिखित तरीके से किसी भी या किसी के संयोजन के माध्यम से उपचार या निस्तारण किया जाता है, अर्थातः

i यदि घर की सीमा से 30 मीटर की दूरी या उतनी दूरी जितनी दूर से सीवर कनेक्शन घर तक आ सकता हो, या घर का मालिक कनेक्शन लेने के लिए कोई शुल्क अथवा कोई और जरूरत के अनुसार प्रक्रिया पूर्ण करा कर करे।

i अपशिष्ट जल को एक निकाय अनुमोदित समुदाय या स्थानीय क्षेत्र उपचार सुविधा तक पहुंचाया जाता है।
यदि संपत्ति के 30 मीटर में कोई सीवर नहीं है, तो मालिक को यह सुनिश्चित करना होगा कि अपशिष्ट जल को साइट की उपचार प्रणाली में ले जाया जाए, जिसमें सेप्टिक टैंक या ट्विन-पिट या सोक - पिट या साइट पर स्थित आईएस कोड 2470 भाग 1 और 2 के अनुसार निर्मित अन्य प्रणाली शामिल हो सकती हैं। (देखें परिशिष्ट-1)

iv. वे परिपत्तियाँ जो प्रतिदिन - किलो लीटर से अधिक अपशिष्ट जल उत्पन्न करती हैं और उनके परिसर के भीतर वर्ग मीटर से अधिक खुला क्षेत्र है, तो उसमें एक विकेन्द्रीकृत अपशिष्ट जल उपचार प्रणाली स्थापित की जाए ताकि संपत्ति में एकत्र अपशिष्ट जल का उपचार किया जा सके। संपत्ति के मालिक द्वारा बागवानी / फ्लशिंग के लिए उपचारित अपशिष्ट जल का पुनः उपयोग किया जाए ताकि ताजे पानी पर निर्भरता कम हो।

अध्याय III

ऑनसाइट स्वच्छता प्रणालियाँ

4. मालिक या अभिग्राही के कर्तव्य और अनुपालन

निकाय के दायरे में स्थित किसी भवन या उसके हिस्से का मालिक या अभिग्राही, जैसा भी मामला हो, इन उपविधियों के लागू होने की तारीख से निम्नलिखित दायित्वों को पूरा करने के लिए जिम्मेदार होंगेः

i. उपविधियों के अनुसार प्राधिकार द्वारा जारी सूचना में निर्दिष्ट समय के भीतर वह ऐसे भवन में इंसेनिटरी लेट्रिन्स उपयोग को बंद कर देंगे और निकटवर्ती सामान्य नालियों या खुले भूखंड या जल निकायों के सभी निर्गम को भी बंद कर देंगे तथा अपने स्वामित्व वाले या अपने उपयोग किए जाने वाले भवनों में केवल सेनिटरी लेट्रिन्स का निर्माण, संचालन और उनका रखरखाव करेंगे।

5. ओएसएस का डिजाइन, निर्माण और रखरखाव

i. ओएसएस का डिजाइन, निर्माण और उनकी स्थापना 'आईएस कोड 2470 भाग 1 और 2 ' के प्रावधानों के अनुसार किया जाएगा, या इसके समय समय पर किए गए संशोधित प्रावधान अथवा नगर पंचायत सिंगाही भेड़ौरा या राज्य सरकार या केंद्र सरकार द्वारा जारी किसी अन्य स्वीकृत उपयुक्त अभियांत्रिकी कार्य संहिता द्वारा संशोधित किया गया हो।
ii. ओएसएस से जुड़ी संपत्ति के मालिक / निवासी ऐसे ओएसएस से निकलने वाले फीकल स्लज के अनुरक्षण, रखरखाव और सुरक्षित निस्तारण के लिए जिम्मेदार होंगे।
iii. परिसर का मालिक नगर पंचायत सिंगाही भेड़ौरा द्वारा निर्धारित लागत के भुगतान पर नियमित आधार पर (प्रत्येक 2-3 वर्ष में) फीकल स्लज साफ करने का काम करेगा। (अथवा जैसा कि परिशिष्ट 2 में सुझाया गया है)।
iv. परिसर का मालिक सुनिश्चित करेगा कि कंटेनमेंट संयंत्र के खराब या दोषपूर्ण निर्माण के कारण फीकल स्लज के खुली जगहों में या नाली में गिरने से पर्यावरण प्रदूषित नहीं हो।
V. परिसर के मालिक को यह सुनिश्चित करना होगा कि सेप्टिक टैंक को लाइसेंस प्राप्त ऑपरेटर या नगर पंचायत सिंगाही भेड़ौरा के प्रशिक्षित स्वच्छता कर्मियों द्वारा पर्याप्त सुरक्षा उपायों के साथ यांत्रिक रूप से साफ किया जाता है और हाथ से सफाई ना हो।
vi. नियमों के पालन के लिए नगर पंचायत सिंगाही भेड़ौरा या उसके अधिकृत प्रतिनिधि को ही परिसर का निरीक्षण करने का अधिकार है। नगर पंचायत सिंगाही भेड़ौरा समय-सीमा के भीतर अपने खर्चे पर अपशिष्ट जल प्रबंधन और निस्तारण से संबंधित नियम उल्लंघन की स्थिति में सुधार / संशोधन के लिए परिसर के मालिक के लिए चेतावनी जारी कर सकता है।
vii. नगर पंचायत सिंगाही भेड़ौरा अपने विवेक पर, गैर-अनुपालन प्रणालियों के रेट्रोफिटिंग / सुधार के लिए संपत्ति मालिकों को प्रोत्साहन प्रदान कर सकता है और वैकल्पिक प्रणालियों का सुझाव देने के लिए तकनीकी विशेषज्ञों को शामिल कर सकता है।

अध्याय IV

फीकल स्लज एवं सेप्टेज के संग्रहण और ढुलाई के लिए लाइसेंस और पंजीकरण

6. निकाय द्वारा जारी किया जाने वाला लाइसेंस

i. नगर पंचायत सिंगाही भेड़ौरा वर्तमान में अपनी प्रशासनिक सीमाओं में फीकल स्लज एवं सेप्टेज निकालने की सेवाएँ प्रदान करने वाले निजी ऑपरेटरों के स्वामित्व वाले या किराए पर लिए गए वैक्यूम टैंकरों को पंजीकृत करेगा।
ii. नगर पंचायत सिंगाही भेड़ौरा अपने कर्मियों सहित ओपरेटरों के लिए आईईसी और क्षमता निर्माण गतिविधियाँ करेगा, जहां उन्हें फीकल स्लज एवं सेप्टेज को सुरक्षित तरीके से खाली करने और ढुलाई के लिए उपयुक्त तरीके से इस्तेमाल करने के लिए जागरुक और प्रशिक्षित किया जाएगा। यह प्रशिक्षण पंजीकरण की तिथि के 1 महीने के भीतर किया जाएगा।
iii. जब ऑपरेटर को लगे कि वह लाइसेंसिंग के मानदंडों के अनुपालन में सफल है, तो वह इन उपविधियों के फॉर्म 1 (परिशिष्ट-4) की मदद से इसके लिए आवेदन कर सकता है। इसे प्रशिक्षण के पूरा होने के 2 महीने से अधिक नहीं बढ़ाया जाएगा।
iv. नगर पंचायत सिंगाही भेड़ौरा ऑपरेटर द्वारा अधिसूचित स्थानों पर फीकल स्लज निकालने और फीकल स्लज एवं सेप्टेज की ढुलाई के लिए लाइसेंस जारी करेगा।
v. इन विनियमों के फॉर्म 2 (परिशिष्ट-5) में निर्धारित प्रारूप के अनुसार लाइसेंस जारी किया जाएगा, और यदि इसे पहले रद्द नहीं किया जाता है तो जारी होने की तिथि से एक वर्ष के लिए वैध होगा, और अवधि समाप्त होने पर निर्धारित शुल्क का भुगतान करने पर लाइसेंसधारी ऑपरेटर द्वारा नियमों और शर्तों की पूर्ति के अधीन नवीकरणीय होगा ।

7. लाइसेंस जारी करने की शर्तें

i. लाइसेंस हासिल करने के पात्र आवेदक का अर्थ इन उपविधियों के खंड 2 (७७) में परिभाषित ₹ व्यक्तिह्व से होगा।
ii. आवेदक को उचित सक्शन / वैक्यूम और डिस्चार्जिंग व्यवस्था के साथ रिसाव - मुक्त, गंध और छिलकाव रहित परिवहन वाहन का मालिक होना चाहिए या ऐसा वाहन उसे किराए पर लेना चाहिए।
iii. नगर पंचायत सिंगाही भेड़ौरा में परिचालन के लिए वाहन का परिवहन विभाग द्वारा जारी वैध परमिट या पंजीकरण प्रमाणपत्र होगा।
iv. आवेदक अपने वैक्यूम टैंकर को नगर पंचायत सिंगाही भेड़ौरा के साथ पंजीकृत करेगा।
V. आवेदक का यह उत्तरदायित्व होगा कि उसके स्वामित्व वाले / किराए पर लिए गए वैक्यूम टैंकर इन विनियमों के खंड 16 में दिए गए मानदंडों को पूरा करते हैं।
vi. आवेदक का यह भी उत्तरदायित्व होगा कि नगर पंचायत सिंगाही भेड़ौरा या उसके द्वारा किराए पर ली गई एजेंसी द्वारा इस उद्देश्य के लिए नियुक्त कर्मी पर्याप्त रूप से प्रशिक्षित हैं।
vii. आवेदक द्वारा कर्मियों को सुरक्षा उपस्कर और अन्य सुरक्षात्मक उपकरणों से लैस रखा जाएगा, जो कि सुरक्षित रूप से फीकल स्लज निकालने, उसकी ढुलाई करने और अधिसूचित स्थानों पर फीकल स्लज एवं सेप्टेज का निस्तारण करने के लिए आवश्यक हैं। जरूरी पीपीई इस उपनविधि के परिशिष्ट - 3 में दी गई सूची के अनुसार होगा ।

8. लाइसेंस के लिए आवेदन

फीकल स्लज एवं सेप्टेज निकालने, परिवहन और निपटान हेतु लाइसेंस प्राप्त करने के लिए आवेदन एफएसएस का निर्धारित प्रारूप में प्रस्तुत किया जाएगा, जो इन उपविधियों के फॉर्म 1 के रूप में संलग्न है, जिसमें नियमों और शर्तों सहित ऐसे दस्तावेजों के साथ जैसा कि निकाय के नामित अधिकारी (परिशिष्ट -4 देखें) द्वारा निर्धारित किया गया हो। नगर पंचायत सिंगाही भेड़ौरा द्वारा सत्यापन एवं प्रशिक्षण के बाद ही फीकल स्लज एवं सेप्टेज का संग्रहण, परिवहन एवं निपटन का लाइसेंस ऑपरेटर को दिया जायेगा (फॉर्म - 2, परिशिष्ट- 5)

9. लाइसेंस के लिए आवेदन करने हेतु आमंत्रण

लाइसेंस के लिए आवेदन करने हेतु नगर पंचायत सिंगाही भेड़ौरा द्वारा संभावित आवेदकों को आमंत्रित करते हुए समय-समय पर अपनी वेबसाइट पर और प्रमुख समाचार पत्रों तथा अन्य प्रिंट व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से व्यापक विज्ञापन दिया जाएगा।

10. लाइसेंस के लिए पंजीकरण शुल्क

नए निजी ऑपरेटरों (फीकल स्लज एवं सेप्टेज निकालने वाला) के लिए लाइसेंस प्रदान करने हेतु पंजीकरण पूरा करने के लिए समय- समय पर नगर पंचायत सिंगाही भेड़ौरा द्वारा निर्धारित पंजीकरण शुल्क (10.1 देखें) लिया जा सकता है। यह शुल्क लौटाया नहीं जाएगा और इसका भुगतान इलेक्ट्रॉनिक या नगद स्वरूप में किया जा सकता है।

10.1 पंजीकरण के शुल्क और वैधता

i. ऑपरेटर के रूप में नए निजी ऑपरेटरों को पंजीकृत कराने हेतु पंजीकरण शुल्क रु. 5000.00
ii. पंजीकरण की वैधताः पंजीकृत निजी ऑपरेटर, लाइसेंस नवीनीकरण शुल्क जमा करके अधिकतम 01 वर्ष (01 अप्रैल से 31 मार्च) तक शहर को अपनी सेवा दे सकता है। यदि निजी ऑपरेटर लाइसेंस नवीनीकरण करने में विफल रहता है तो उसका पंजीकरण स्वतः रद्द हो जाएगा और यदि वह शहर की सीमाओं में फीकल स्लज हटाने वाली सेवाओं को फिर से शुरू करना चाहता है तो उसे पंजीकरण प्रक्रिया पूरी करनी होगी ।
iii. लाइसेंस नवीनीकरण शुल्क : रु. 2500.00

11. लाइंसेसधारी ऑपरेटर का विज्ञापन

नगर पंचायत सिंगाही भेड़ौरा द्वारा समय-समय पर अपनी वेबसाइट के साथ-साथ प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से लाइंसेसशुदा ऑपरेटर का व्यापक विज्ञापन दिया जाएगा।

12. जागरुकता अभियान

इन उपविधियों के बारे में जागरूक करने के साथ-साथ फीकल स्लज एवं सेप्टेज की सफाई, ढुलाई और निस्तारण हेतु नगर पंचायत सिंगाही भेड़ौरा द्वारा लोगों को केवल लाइंसेसधारी ऑपरेटर को शामिल करने की आवश्यकता के बारे में जागरूक बनाने का अभियान चलाए जाएगा।

अध्याय V

फीकल स्लज एवं सेप्टेज का निष्कासन / संग्रहण (डीस्लजिंग) और परिवहन (दुलाई)

13. संपत्ति के मालिक या अभिग्राही द्वारा केवल लाइंसेसधारी ऑपरेटर को काम पर रखा जाएगा

i. भवन के प्रत्येक मालिक / अभिग्राही का यह दायित्व होगा कि वह फीकल स्लज एवं सेप्टेज निकासी और ढुलाई के लिए नगर पंचायत सिंगाही भेड़ौरा के लाइसेंसधारी ऑपरेटर अथवा प्रशिक्षित सफाई कर्मियों की ही सेवाएं लें।
ii. मालिक/अधिभोगी डीस्लजिंग सेवा से सम्बंधित सम्पूर्ण जानकारी ऑपरेटर को प्रदान करेगा (परिशिष्ट-6 देखें)

14. फीकल स्लज एवं सेप्टेज की निकासी / ढुलाई का शुल्क

i. समय-समय पर अधिसूचित स्थानों पर फीकल स्लज एवं सेप्टेज निकासी और ढुलाई का शुल्क निकाय के नामित अधिकारी द्वारा अधिसूचित किया जाएगा (परिशिष्ट 2 देखें)
ii. शहर में जब कभी नगर पंचायत सिंगाही भेड़ौरा द्वारा ह्वशेड्यूल्ड डीस्लजिंग ह्व पालन करने का फैसला किया जाता है, तो फीकल स्लज निकासी शुल्क को 'सफाई शुल्क' से बदल दिया जाएगा या इसे संपत्ति / जल कर में शामिल किया जा सकता है, जिसे नगर पंचायत सिंगाही भेड़ौरा द्वारा समय-समय पर अधिसूचित किया जाएगा।
iii. लाइसेंस धारी ऑपरेटर सम्पत्ति के मालिक / अभिग्राही से निकाय द्वारा समय-समय पर अधिसूचित शुल्क से अधिक राशि नहीं वसूलेगा।

iv. फीकल स्लज एवं सेप्टेज की निकासी और ढुलाई कार्य के लिए अधिसूचित शुल्क से अधिक राशि मांगने पर लाइसेंस धारी ऑपरेटर का लाइसेंस रद्द कर दिया जाएगा और इन उपविधियों के उल्लंघन के लिए निर्धारित जुमार्ना लगाया जाएगा।

15. फीकल स्लज एवं सेप्टेज की ढुलाई के वाहन

i. फीकल स्लज एवं सेप्टेज निकासी और ढुलाई कार्य केवल लाइसेंस प्राप्त ऑपरेटर या नगर पंचायत सिंगाही भेड़ौरा के प्रशिक्षित सफाई कर्मियों द्वारा ही किया जाएगा।

ii. आवश्यक शर्तों के पूरा नहीं होने पर भी वैक्यूम टैंकर को 1 वर्ष की अवधि के लिए पंजीकृत कराया जा सकता है। ऐसी स्थिति में, संबंधित ऑपरेटर को निश्चित समय सीमा के भीतर वैक्यूम टैंकर को समुन्नत अपग्रेड करना चाहिए।

iii. डीस्लजिंग वाहनों का परिचालन फीकल स्लज एवं सेप्टेज की सुरक्षित और कुशल ढुलाई के लिए समय-समय पर नगर पंचायत सिंगाही भेड़ौरा द्वारा चिह्नित निर्दिष्ट मार्गों पर ही किया जाएगा।

iv. ऑपरेटर को जारी लाइसेंस की एक प्रति और नगर पंचायत सिंगाही भेड़ौरा वाहन का पंजीकरण नंबर फीकल स्लज एवं सेप्टेज की ढुलाई हेतु प्रयुक्त वाहन पर स्पष्टता से प्रदर्शित किया जाएगा।

V. वाहन / टैंकर को पीले रंग से पेंट किया जाएगा जिस पर लाल रंग में (सावधानी के लिए) "septic tank waste (अंग्रेजी में) और **'मकुंड अपशिष्ट'** (हिंदी में) लिखा होगा।

vi. फीकल स्लज एवं सेप्टेज की ढुलाई में प्रयुक्त प्रत्येक वाहन में जीपीएस उपकरण (निकाय द्वारा प्रदत्त) लगाया जाएगा और इसका एक्सेस अधिकार [नगर आयुक्त या अधिशासी अधिकारी] और ऐसे वाहनों की ट्रैकिंग के लिए निकाय द्वारा अधिसूचित एजेंसी के पास होगा।

16. ढुलाई के दौरान सावधानी

लाइसेंस धारी ऑपरेटर यह सुनिश्चित करेगा कि निस्तारण के लिए डीस्लजिंग स्थल से अधिसूचित स्थान तक ढुलाई के दौरान फीकल स्लज एवं सेप्टेज से कोई रिसाव या छलकाव न हो।

17. दुर्घटना की स्थिति में बचावकारी उपाय

फीकल स्लज एवं सेप्टेज ले जाने वाला वाहन संचलन के दौरान किसी भी आकस्मिक छलकाव के कारण पर्यावरण के लिए किसी भी खतरे से बचने के लिए पर्याप्त रूप से सुसज्जित होना चाहिए।

18. दुर्घटना की स्थिति में लाइसेंसधारी ऑपरेटर की जिम्मेदारी

किसी दुर्घटना या आपदा की स्थिति में लाइसेंसधारी ऑपरेटर किसी भी व्यक्ति, वाहन, संपत्ति या पर्यावरण को होने वाले किसी भी प्रकार के नुकसान के लिए पूर्ण जिम्मेदार होगा और ऐसे में यदि किसी प्राधिकारी अथवा न्यायालय द्वारा पीड़ितों / उनके कानूनी उत्तराधिकारियों को किसी प्रकार के क्षति शुल्क या मुआवजा प्रदान किए जाने का निर्णय दिया जाता है तो उसका भुगतान उसे ही करना होगा।

19. नियुक्त कर्मियों के लिए सुरक्षा - उपाय

हाथ में रखकर इस्तेमाल होने वाले गैस - डिटेक्टर, गैस मास्क, सुरक्षा उपकरण, ऑक्सीजन सिलेंडर के साथ ऑक्सीजन - मास्क और प्राथमिक चिकित्सा बॉक्स आदि के प्रावधान सहित सभी सुरक्षा उपाय तथा प्रोहिबिशन ऑफ एम्प्लॉयमेंट एज मैनुअल स्कैवेंजर्स एंड देयर रिहैबिलिटेशन एक्ट, 2013 में निर्दिष्ट ऐसे अन्य उपाय उपलब्ध कराने के लिए लाइसेंसधारी ऑपरेटर जिम्मेदार होगा।

20. फीकल स्लज एवं सेप्टेज का निस्तारण

i. लाइसेंसधारी ऑपरेटर नगर पंचायत सिंगाही भेड़ौरा द्वारा समय-समय पर अधिसूचित स्थानों पर ही फीकल स्लज एवं सेप्टेज का निस्तारण करेगा।

ii. लाइसेंस धारी ऑपरेटर इन उपविधि के फॉर्म 3 में निर्धारित विधिवत हस्ताक्षरित फीकल स्लज एवं सेप्टेज निकासी और निस्तारण फॉर्म, जो विधिवत रूप से भरा गया और हस्ताक्षरित हो, अधिसूचित स्थानों पर फीकल स्लज एवं सेप्टेज प्राप्त करने के लिए नामित निकाय के अधिकारी के पास जमा करेगा (परिशिष्ट - 6 देखें)

iii. होस्ट यूएलबी ये सुनिश्चित करेगा की उपचार सुविधा पर यूएलबी क्लस्टर या ग्राम पंचायत का पंजीकृत ऑपरेटर ही फीकल स्लज एवं सेप्टेज का निस्तारण करे।

21. निकाय (उपचार सुविधा वाले) के अधिकार

i. निकाय किसी पास के निकाय या ग्राम पंचायतों के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) (परिशिष्ट 7, फॉर्म - 4) पर हस्ताक्षर करेगा और इसके तहत केंद्र पर उपलब्ध उपचार सुविधा पर फीकल स्लज एवं सेप्टेज के सुरक्षित निस्तारण की अनुमति देने के लिए होस्ट यूएलबी बन जाएगा।

ii. नगर पंचायत सिंगाही भेड़ौरा होस्ट यूएलबी से जुड़े यूएलबी क्लस्टर की सीमा के अंदर काम करने वाले (निजी/सरकारी) ऑपरेटर को उपचार सुविधा के परिचालन अवधि, निस्तारण प्रक्रिया, टिपिंग शुल्क और निर्दिष्ट अवधि के दौरान प्रतिबंधित किए गए वितरण मार्गों के बारे में सूचित करेगा।

iii. नगर पंचायत सिंगाही भेड़ौरा वैक्यूम टैंकर की गुणवत्ता और रखरखाव का निरीक्षण करेगा और उनपर नियंत्रण रखेगा।

iv. संग्रहीत किए जाने वाले और उपचार सुविधा पर ढोए जाने वाले फीकल स्लज एवं सेप्टेज की गुणवत्ता का निरीक्षण नगर पंचायत सिंगाही भेड़ौरा द्वारा किया जाएगा।

v. होस्ट यूएलबी अन्य क्लस्टर यूएलबी या ग्राम पंचायत को फीकल स्लज एवं सेप्टेज की उस स्वीकार्य मात्रा के बारे में जानकारी देगा जिसे ह्लउपचार सुविधाह्व में निस्तारित किया जा सकता है।

vi. एमओयू अवधि के किसी भी समय, यदि ह्ल होस्ट यूएलबीह्व को लगे कि क्लस्टर यूएलबी / ग्राम पंचायत से आने वाले फीकल स्लज एवं सेप्टेज को निस्तारित नहीं किया जा सकता है, तो ऐसी स्थिति आने से पहले होस्ट यूएलबी कम से कम 15 दिन पहले इसकी सूचना देगा।

22. निकाय (बिना उपचार सुविधा वाला) के कर्त्तव्य

i. निकाय या ग्राम पंचायत [जिनके पास उपचार सुविधा नहीं है उस निकाय का नाम] होस्ट यूएलबी के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर करेगा और होस्ट यूएलबी के पास उपलब्ध उपचार सुविधा पर फीकल स्लज एवं सेप्टेज के सुरक्षित निस्तारण के लिए क्लस्टर यूएलबी का सदस्य बनेगा।

ii. निकाय या ग्राम पंचायत (जिनके पास उपचार संयंत्र नहीं है) अपने प्रशासनिक क्षेत्र में काम करने वाले (निजी/ सरकारी) ऑपरेटरों को उपचार सुविधा की कार्य अवधि, निस्तारण प्रक्रिया, टिपिंग शुल्क (यदि कोई हो) निकाय द्वारा निर्धारित निर्दिष्ट घंटों के दौरान विशिष्ट आपूर्ति मार्ग के जानकारी देंगे।

iii. यदि निकाय होस्ट यूएलबी के क्लस्टर यूएलबी की स्पष्ट सीमा में नहीं है, तो निकाय उपचार के बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए राज्य के पास पहुंच सकता है और फीकल स्लज एवं सेप्टेज के लिए एक अंतरिम निस्तारण स्थल विकसित कर सकता है।

iv. नगर पंचायत सिंगाही भेड़ौरा विनिर्दिष्ट वाहनों की गुणवत्ता और रखरखाव का निरीक्षण करेगा और उन पर नियंत्रण रखेगा।

v. होस्ट यूएलबी संग्रहीत किए जाने और निर्दिष्ट निस्तारण स्थल तक ढोए जाने वाले फीकल स्लज एवं सेप्टेज की गुणवत्ता का निरीक्षण करेगा

vi. यदि ह्लहोस्ट यूएलबीह्व की क्षमता क्लस्टर यूएलबी के फीकल स्लज एवं सेप्टेज को निबटाने के लिए कम पड़ जाता है, तो नगर पंचायत सिंगाही भेड़ौरा को एक नए ह्ल होस्ट यूएलबी ह्व की खोज करनी चाहिए या नए ₹ उपचार सुविधाह्व के निर्माण के लिए केंद्र के पास अनुरोध भेजना चाहिए।

23. कर्मियों का प्रशिक्षण

लाइसेंस प्राप्त ऑपरेटर फीकल स्लज एवं सेप्टेज की फीकल स्लज निकासी, ढुलाई और निस्तारण में तैनात कर्मचारियों के सावधिक प्रशिक्षण के लिए उत्तरदायी होगा।

24. कर्मियों की नियमित स्वास्थ्य जांच

यह सुनिश्चित करने का दायित्व लाइसेंसधारी ऑपरेटर का होगा कि प्रत्येक नियुक्त कर्मी का साल में कम से कम एक बार स्वास्थ्य जांच होनी चाहिए और उसका रिकॉर्ड निकाय को दिया जना चाहिए, जिसमें विफल रहने पर लाइसेंसधारी ऑपरेटर को समय-समय पर अधिसूचित दंड का भुगतान करना पड़ सकता है।

25. बीमा

लाइसेंसधारी ऑपरेटर द्वारा काम पर रखे गए कर्मियों का प्रोहिबिशन ऑफ एम्प्लॉयमेंट एज मैनुअल स्कैवेंजर्स एंड देयर रिहैबिलिटेशन एक्ट, 2013 और 2003 की रिट याचिका संख्या 583 (सफाई कर्मचारी आंदोलन तथा अन्य बनाम भारत संघ तथा अन्य) में फीकल स्लज एवं सेप्टेज की निकासी, ढुलाई और निस्तारण की प्रक्रिया के दौरान दुर्घटना की स्थिति में सर्वोच्च न्यायालय के दिनांक 27-03- 2014 के आदेश के तहत पीड़ितों अथवा उनके कानूनी उत्तराधिकारियों को दिए जाने वाले मुआवजे को कवर करने के लिए बीमा किया जाएगा।

26. लाइसेंस रद्द किया जाना

इन उपविधि सहित हाथ से मैला ढोने वालों के रूप में रोजगार निषेध और उनका पुनर्वास एक्ट, 2013 के किसी भी प्रवधान के उल्लंघन के मामले में, लाइसेंस धारी ऑपरेटर समय-समय पर अधिसूचित दंड के भुगतान करने का भागी होगा, जिसमें लाइसेंस रद्द किया जाना और निष्पादन गारंटी का अपहार शामिल है जो शहरी स्वच्छता समिति (CSC) अथवा विनिर्दिष्ट अधिकारी (अधिकारियों) की सिफारिश के मुताबिक होगा।

अध्याय VI

फीकल स्लज एवं सेप्टेज का उपचार और पुनः उपयोग/निस्तारण

27. उपचार / निस्तारण स्थल की पहचान

i. नगर पंचायत सिंगाही भेड़ौरा उस स्थल (स्थलों) की पहचान करेगा और सूचित करेगा जहां लाइसेंस प्राप्त ऑपरेटर या नगर पंचायत सिंगाही भेड़ौरा के प्रशिक्षित सफाई कर्मी द्वारा फीकल स्लज एवं सेप्टेज का उपचार / निस्तारण किया जाएगा।

ii. उपचार सुविधा के अभाव में नगर पंचायत ओयल ढखवा, आस पास के होस्ट यूएलबी जिसमे सुचारू उपचार सुविधा हो, उनके साथ समझौता ज्ञापन करके उसके सुविधा का इस्तेमाल करेगा (फॉर्म 4 परिशिष्ट 7)

iii. फीकल स्लज एवं सेप्टेज के सुरक्षित निस्तारण हेतु नगर पंचायत सिंगाही भेड़ौरा के आसपास के क्षेत्र में 'क्लस्टर यूएलबी' की अनुपस्थिति की स्थिति में, उपचार के बुनियादी ढांचे (खंड 28) के निर्माण तक एक अंतरिम निस्तारण योजना का विकल्प चुना जा सकता है।

28. फीकल स्लज एवं सेप्टेज प्राप्त करने के लिए अवसंरचना का निर्माण

नगर पंचायत सिंगाही भेड़ौरा जरूरी आधारभूत ढांचा तैयार करेगा (यदि अनुप्रयोज्य हो तो आदर्श उपचार संयंत्र की व्यवस्था होने तक अंतरिम उपचार बुनियादी ढांचा भी) और पंजीकृत वाहनों द्वारा लाए गए फीकल स्लज एवं सेप्टेज के उपचार / निस्तारण की सुविधा के लिए अधिसूचित स्थल या स्थलों पर आवश्यक उपकरण प्रदान करेगा।

29. फीकल स्लज एवं सेप्टेज प्राप्त करने के लिए कर्मचारियों की नियुक्ति

i. फीकल स्लज एवं सेप्टेज प्राप्त करने और इसे संबंधित उपचार सुविधा में स्थानांतरित करने के लिए नगर पंचायत सिंगाही भेड़ौरा द्वारा प्रत्येक अधिसूचित स्थल पर पर्याप्त संख्या में कर्मचारियों (लिंग तटस्थ) को नियुक्त किया जाएगा। [यदि निकाय के पास उपचार सुविधा है यानी होस्ट यूएलबी]

ii. फीकल स्लज एवं सेप्टेज प्राप्त करने और इसे अंतरिम ह्ल उपचार सुविधा₹ में स्थानांतरित करने या इसे ह्ल होस्ट यूएलबीह्व के ह्लउपचार सुविधाह्व में भेजने के लिए निकाय प्रत्येक अधिसूचित स्थल पर पर्याप्त कर्मचारी (किसी भी लिंग का हो सकता है) नियुक्त करेगा। [यदि निकाय के पास उपचार सुविधा नहीं है यानी आप क्लस्टर यूएलबी का हिस्सा हैं]

30. फीकल स्लज एवं सेप्टेज प्राप्त करने का समय

नगर पंचायत सिंगाही भेड़ौरा द्वारा नियुक्त कर्मचारियों द्वारा प्रत्येक अधिसूचित स्थल पर समय-समय पर [निकाय (या होस्ट यूएलबी लागू हो)] द्वारा अधिसूचित अवधि के दौरान फीकल स्लज एवं सेप्टेज प्राप्त किया जाएगा।

31. औद्योगिक अपशिष्ट जिनकी अनुमति नहीं है

अधिसूचित स्थल पर औद्योगिक अपशिष्ट वाले फीकल स्लज एवं सेप्टेज के निस्तारण की अनुमति नहीं दी जाएगी।

32. फीकल स्लज एवं सेप्टेज पर प्रशिक्षण

नगर पंचायत सिंगाही भेड़ौरा द्वारा नियुक्त कर्मचारियों को अधिसूचित स्थल पर फीकल स्लज एवं सेप्टेज प्राप्त करने और उपचार / निस्तारण करने के लिए प्रशिक्षित किया जाएगा।

33. उपचारित फीकल स्लज एवं सेप्टेज का दुबारा इस्तेमाल

निकाय किसानों को अनुपचारित फीकल स्लज एवं सेप्टेज के कृषि अनुप्रयोग के स्वास्थ्य एवं पर्यावरणीय दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करेगा और उन्हें उपचार सुविधा से उपचारित फीकल स्लज एवं सेप्टेज इस्तेमाल करने को प्रोत्साहित करेगा।

अध्याय VII

प्रशासन और प्रवर्तन

34. प्रशासन और प्रवर्तन

i. इन नियमों की प्रशासनिक और प्रवर्तक शक्तियाँ [नगर आयुक्त / अधिशासी अधिकारी] अथवा नगर आयुक्त / अधिशासी अधिकारी द्वारा विधिवत अधिकृत निकाय के अभिहित अधिकारी के पास रहेंगी।

ii. नगर पंचायत सिंगाही भेड़ौरा फीकल स्लज की निकासी, ढुलाई या उपचार की सेवाएं प्रदान करने के लिए समय-समय पर निर्धारित और अधिसूचित उपयोगकर्ता शुल्क (यूजर फीस) लगा सकता है। लागत वसूली सुनिश्चित करने के लिए, उपयोगकताओं को इन सेवाओं के लिए भुगतान करना होगा।

iii. नगर पंचायत सिंगाही भेड़ौरा शहरी स्वच्छता समिति (CSC) का गठन करेगा जो निकाय प्रशासनिक क्षेत्र में समग्र फीकल स्लज एवं सेप्टेज का पर्यवेक्षण और निगरानी सुनिश्चित करेगा।

iv. नगर पंचायत सिंगाही भेड़ौरा फीकल स्लज एवं सेप्टेज की निकासी ढुलाई के लिए सुरक्षित तरीके सुनिश्चित करने के लिए एक इमर्जन्सी रिसपोंस सैनिटेशन यूनिट (ईआरएसयू) नियुक्त करेगा।

35. जांच के लिए विशेष शक्ति

इन उपविधियों के प्रभावी तरीके से लागू करने और प्रवर्तन के उद्देश्य से, नगर पंचायत सिंगाही भेड़ौरा के पास किसी भी समय किसी भी परिसर में, परिवहन वाहनों और फीकल स्लज एवं सेप्टेज उपचार सुविधा के निरीक्षण की शक्ति होगी।

36. नियम उल्लंघन और जुमार्ना

i. इन उपविधियों के किसी भी प्रावधान का उल्लंघन करने पर व्यक्ति को नियम अनुपालन के लिए नोटिस भेजा जाएगा।

ii. किसी भी व्यक्ति पर इन नियमों के तहत दंडात्मक प्रावधान लागू होंगे, यदि ऐसा व्यक्ति - (क) इन उपविधियों के किसी भी प्रावधान का उल्लंघन करता है या उसका पालन करने में विफल रहता है; (ख) इन विनियमों के तहत किसी भी शक्ति के प्रयोग या किसी कर्त्तव्य निष्पादन में निकाय के एक अधिकृत अधिकारी या अन्य अधिकारी के काम में बाधा डालता है, या हस्तक्षेप करता है; (ग) किसी भी ओएसएस / सीवर की हाथ से फीकल स्लज निकासी की प्रक्रिया संचालित कराता है।

iii. इन उपविधियों के प्रावधानों के उल्लंघन का दोषी पाए जाने वाले व्यक्ति को परिशिष्ट - 8 में उल्लेखित राशि की सीमा तक दंडित किया जाएगा और उचित कानून के तहत मुकदमा चलाया जाएगा और जैसा भी मामला हो, दोषी पाए जाने की स्तिथि में एफ एस एस निकासी / ढोने के वाहन भी जब्त हो सकता है।

iv. जो कोई भी, किसी भी मामले में, जिसमें दंड परिशिष्ट - 8 में स्पष्ट रूप से प्रदान नहीं किया गया है, दोषी पाया जाता है, समय-समय पर नगर पंचायत सिंगाही भेड़ौरा द्वारा तय किए जाने वाले जुमार्ने के साथ दंडनीय होगा।

V. संदेह दूर करने के लिए, यह घोषित किया जाता है कि इन उपविधियों की कोई भी बात किसी भी व्यक्ति को उस समय लागू किसी अन्य प्रासंगिक अधिनियम या इन उपविधियों के तहत दंडनीय कोई कार्य के लिए या चूक के लिए उसके तहत मुकदमा चलाने, दंडित करने से नहीं रोकेगा।

37. अपील

निकाय के अधिकृत अधिकारी के निर्णय से असंतुष्ट कोई भी व्यक्ति इन उपविधियों के तहत नगर आयुक्त / अधिशासी अधिकारी के पास इस तरह के निर्णय के विरुद्ध अपील (इन उपविधियों के फॉर्म 5 में संलग्न प्रारूप में) कर सकता है (परिशिष्ट - 9 देखें)

38. विवाद समाधान उपविधि

इन उपविधियों के क्रियान्वयन के संदर्भ में उत्पन्न किसी भी विवाद का समाधान केवल नगर पंचायत सिंगाही भेड़ौरा के अधिकार क्षेत्र वाले सक्षम न्यायालय द्वारा भारतीय कानूनों के तहत किया जाएगा।

39. फीकल स्लज एवं सेप्टेज उपविधियों में संशोधन

मानक प्रक्रिया का पालन करते हुए आवश्यकता पड़ने पर निकाय के पास फीकल स्लज एवं सेप्टेज उपविधियों में संशोधन करने का अधिकार होगा।

40. संदर्भ प्रलेख

उपविधियों के क्रियान्वयन और लागू करने में सुविधा के लिए, इन विनियमों के परिशिष्ट - 10 में प्रदान किए गए मानकों, रणनीतियों, मैनुअल, दिशानिदेशों और नीतियों की एक सूची का संदर्भ लिया जा सकता है।

41. डीस्लजर के लिए सम्मान / पुरस्कार

अच्छे काम और व्यवहार के लिए निकाय समय- समय पर प्रेरित करने और समग्र प्रशंसा हेतु अच्छे प्रदर्शन के लिए फीकल स्लज निकासी (डीस्लजिंग) ऑपरेटरोंके लिए सम्मान / पुरस्कार समारोह आयोजित कर सकता है।

42. उपविधियों के लिए पूरक राज्य सरकार के निर्देश

इन उपविधियों के प्रवर्तन में कठिनाइयों को दूर करने के लिए राज्य सरकार द्वारा फीकल स्लज एवं सेप्टेज के संबंध में निर्देश जारी किया जा सकता है।

परिशिष्ट–1

(खंड 2(xxiii) 3 (iii) और 5 (i) देखें)

सेप्टिक टैंक का डिजाइन

सेप्टिक टैंक स्थापित करने के लिए बीआईएस कार्य संहिता प्रदान करता है (आईएस 2470 [भाग 1] 1985) । सेप्टिक टैंक के निर्माण के लिए यह कुछ मान्यताओं के आधार पर डिजाइन मानदंड प्रदर्शित करता है। छोटे और बड़े क्षेत्रों के लिए यह आबादी को ध्यान में रखते हुए डिजाइन इंस्टॉलेशन का विवरण प्रदान करता है। केंद्रीय सार्वजनिक स्वास्थ्य एवं पर्यावरण अभियांत्रिकी संगठन, एमओएचयूए के अनुसंधान प्रभाग द्वारा प्रकाशित सीवरेज और मलजल उपचार पर मैनुअल के भाग ए में ओएसएस पर व्यापक डिजाइन मानक दिए गए हैं। प्रचलित और सुरक्षित साइट स्वच्छता के लिए इस खंड में तकनीकों के मानक डिजाइन बताए गए हैं। साथ ही, भारत में सेप्टिक टैंक को आमतौर पर काले पानी के लिए ही हाइलाइट किया जाता है।

सेप्टिक टैंक के विनिर्देशन

1. आयताकारः लंबाई और चौड़ाई का अनुपातः 2 से 4
2. गहराईः 1, 0 से 2.5 मी. के बीच
3. दो कक्षः पहला कक्ष कुल लंबाई का 2/3
4. तीन कक्षः पहला कक्ष कुल लंबाई का आधा
5. मशीन-छेद (मैनहोल) प्रत्येक कक्ष के ऊपर
6. निर्विवाद, टिकाऊ और स्थिर टैंक

सेप्टिक टैंक का अनुशंसित आकार

उपयोगकर्ता की संख्या	लंबाई (मी.)	चौड़ाई (मी.)	द्रव की गहराई (सफाई अंतराल) (मी.)
			दो वर्ष
5	1.5	0.75	1.05
10	2	0.90	1.40
15	2	0.90	2.00
20	2.3	1.10	1.80

नोट 1: सेप्टिक टैंक का आकार कुछ अनुमानों (तरल प्रवाह) पर आधारित होता है, सेप्टिक टैंक के आकार का चयन करते समय सटीक गणना की जानी चाहिए। इस बारे में जानकारी के लिए, कृपया बीआईएस 2470 (भाग 1), 1985 देखें ।

नोट 2: फ्री बोर्ड के लिए 300 मिमी का प्रावधान रखना चाहिए ।

स्रोतः सीवरेज और मलजल उपचार पर मैनुअल - भाग एः इंजीनियरिंग। सीपीएचईईओ, 2012

सेप्टिक टैंक की क्षमता

टैंक की क्षमता फीकल स्लज निकासी की अवधि को समझने में उपयोगी होती है, सेप्टिक टैंक की क्षमता मापने में निम्नलिखित प्रमुख बिंदुएं हैः

1. अवसादन (सेडीमेंटेशन) : निलंबित ठोस पदार्थों के पर्याप्त अवसादन के लिए प्रत्येक 10 ली / मिनट की पीक दर से प्रवाह के लिए 0.92 वर्ग मीटर क्षेत्रफल की आवश्यकता होती है। आम तौर पर, अवसादन क्षेत्र की गहराई 0.3 मीटर होती है।
2. फीकल स्लज डाइजेशनः डेऐजेशन जोन की क्षमता प्रति कैपिटा 0.032 होनी चाहिए ।
3. फीकल स्लज और मल भंडारणः फीकल स्लज सफाई के 1 साल के अंतराल के लिए, एक फीकल स्लज भंडारण क्षमता 00002*365 = 0,073 m3 / कैपिटा की आवश्यकता होती है।
4. फ्री बोर्डः कम से कम 0.3 मी.

परिशिष्ट–2

(खंड 14 (i) और 5 (iii) देखें)

नगर पंचायत सिंगाही भेड़ौरा में फीकल स्लज निकासी और सेप्टेज की ढुलाई सेवा के लिए उपयोगकर्ता शुल्क (यूजर फीस) की सूची -

क्र. सं.	श्रेणी	रु. में शुल्क की सीमा (प्रतिट्रिप 3000 लीटर तक)
1.	आवासीय	1200
2.	व्यावसायिक	1700
3.	सरकारी स्कूल / कालेज	1200
4.	निजी स्कूल/ कालेज	1700
5.	सरकारी कार्यालय	1200
6.	होटल रेस्टोरेंन्ट, निजी अस्पताल	1700
7.	राइस मिल / अन्य मिल व औद्योगिक संस्थान	2200

स्रोतः सेप्टेज प्रबंधन के लिए उत्तराखंड राज्य प्रोटोकॉल 2022 से एक संदर्भ लिया गया है।

नोटः उपयोगकर्ता शुल्क (यूजर फीस) की इन सीमाओं में निकाय द्वारा समय-समय पर संशोधन किया जा सकता है

परिशिष्ट – 3

(खंड : 7 (vii) देखें)

बचाव उपस्कर और सुरक्षा उपकरण

कार्य स्थल पर निम्नलिखित बचाव उपस्कर और सुरक्षा उपकरण उपलब्ध होने चाहिएः-

i. शरीर के सुरक्षा वस्त्र मुख्य रूप से पॉलिएस्टर से बने होते हैं, जो रिफ्लेक्टिव होते हैं और रासायन गिरने से शरीर की रक्षा करते हैं

ii. शरीर की रक्षा सज्जा / सुरक्षा बेल्ट

iii. सर्जिकल फेस मास्क / रेस्पिरेटर जो धूल, धुएं, धुंध और जीवाणुओं आदि से बचाता है

iv. सेफ्टी टॉर्च

V. भारी रसायन प्रतिरोधी दस्ताने जो यांत्रिक बचाव और खतरनाक सामग्री के छलक कर गिरने से अतिरिक्त सुरक्षा देते हैं और ब्यूटाइल के बने होते हैं

vi. संक्रामक पदार्थों को आंखों में जाने से रोकने के लिए रासायनिक छींटे झेलने की क्षमता वाले सेफ्टी गॉगल्स

vii. टॉर्च के साथ लगे सेफ्टी हेलमेट (कॉर्डेड) जो अंधेरे में काम करने के लिए मददगार होता है

viii. दुबारा इस्तेमाल होने वाला इयरप्लग, जो एक लचीले बैंड से अच्छी तरह जुड़ा होता है जिसे जरूरत न होने पर गर्दन के चारों ओर पहना जा सकता है। ये सिलिकॉन के बने होने चाहिए और वैक्यूम टैंकरों के आसपास उपयोगी होते हैं जहां औसत ध्वनि स्तर 85इं से अधिक होता है

ix. आपातकालीन मेडिकल ऑक्सीजन पुनर्जीवन किट

x. गैस मॉनीटर

xi. हेडलैंप

xii. गाइड पाइप सेट

xiii. सेफ्टी ट्राइपॉड सेट

xiv. वेडर बूट

xv. एयर कंप्रेसर और ब्लोअर
xvi. मॉड्यूलर एयरलाइंस सप्लाई ट्रॉली सिस्टम
xvii. रेनकोट

परिशिष्ट-4

(खंड 6 (iii) और 8 देखें)

कार्यालय नगर पंचायत सिंगाही भेड़ौरा लखीमपुर-खीरी

Registration form for Private Desludging Operator

फॉर्म 1: निकाय नगर पंचायत सिंगाही भेड़ौरा जनपद - खीरी में फीकल स्लज एवं सेप्टेज के संग्रहण, परिवहन और निपटान के लिए लाइसेंस आवेदन पत्र

फीकल स्लज एवं सेप्टेज निकालने वाले ऑपरेटर / ठेकेदार का निकाय मोहर के साथ एक पासपोर्ट साइज फोटो चिपकाएं

1. आवेदक का नामः (श्री / सुश्री) : ____________________
2. पताः ____________________
3. पंजीकृत कार्यालय का पताः ____________________
4. टेलीफोन नंबरः (कार्यालय) ____________________
(मो.) : ____________________ ईमेल आईडीः ____________________

मल कीचड़ साफ करने वाले वाहनों का विवरण

स.न.	वाहन का रजिस्ट्रेशन नंबर	वाहनों का प्रकार (ट्रैक्टर- माउंटेड या ट्रक माउंटेड)	प्रतिरूप (मॉडल) संख्या	वैक्यूम टैंकरों/ टैंकर की छमता (लीटर में)	बीमा किस तारीख तक वैध है	टिप्पणी
i						
ii						
iii						
iv						

7. लाइसेंस की प्रॉसेसिंग फीस के भुगतान का विवरण, नकद- ____________________
(रसीद संख्या)

8. संलग्न प्रलेखों की सूची (स्व - प्रमाणित प्रति) (हां / नहीं) :

दस्तावेज के प्रकार	हां / नहीं	दस्तावेज के प्रकार	हां नहीं	दस्तावेज के प्रकार	हां नहीं
पहचान प्रमाण		पता प्रमाण		कर्मचारियों की सूची	
पंजीकरण प्रमाणपत्र		फिटनेस सर्टिफिकेट		बीमा और पॉलिसी अनुसूची के प्रमाण पत्र	
प्रदूषण प्रमाणपत्र		ड्राइविंग लाइसेंस		पासपोर्ट साइज फोटो	

अनुलग्नकों की कुल संख्याः

मैं/हम प्रमाणित करते हैं कि मेरे / हमारे द्वारा कॉलम 1 से 8 में दी गई जानकारी मेरे सर्वोत्तम ज्ञान और विश्वास के अनुसार सत्य है। मैं यह भी प्रमाणित करता हूं कि मैंने संलग्न नियमों और शर्तों को पढ़ और समझ लिया है और उनका पालन करने के लिए सहमत हूं। मैं सहमत हूं कि यदि मेरे द्वारा दी गई कोई भी जानकारी गलत पाई जाती है तो लाइसेंस के लिए आवेदन किसी भी समय रद्द करने के लिए उत्तरदायी रहूँगा।

आवेदक के हस्ताक्षर

दिनांक :- ....

नियम और शर्तें

1. फीकल स्लज एवं सेप्टेज को केवल एक यूएलबी द्वारा जारी लाइसेंस प्राप्त ऑपरेटर द्वारा ही संग्रहीत किया जाएगा और ढुलाई की जाएगी।
2. निर्दिष्ट उपचार संयंत्र तक फीकल स्लज एवं सेप्टेज के संग्रह और ढुलाई के लिए शुल्क यूएलबी द्वारा समय-समय पर निर्धारित किया जाएगा। कोई भी अनुज्ञप्तिधारी ऑपरेटर घर / संपत्ति के मालिक से निर्धारित शुल्क से अधिक कोई राशि नहीं वसूलेगा।
3. फीकल स्लज एवं सेप्टेज की ढुलाई यूएलबी द्वारा इस प्रयोजन के लिए अनुमोदित वाहनों द्वारा ही किया जाएगा।
4. लाइसेंसधारी ऑपरेटर यह सुनिश्चित करेगा कि संग्रह स्थल से निर्दिष्ट उपचार संयंत्र तक ढुलाई के दौरान फीकल स्लज एवं सेप्टेज का कोई रिसाव न हो।
5. फीकल स्लज एवं सेप्टेज ले जाने वाला वाहन संचलन के दौरान किसी भी आकस्मिक छलकाव के कारण पर्यावरण के लिए किसी भी खतरे से बचने के लिए पर्याप्त रूप से सुसज्जित होना चाहिए।
6. अनुज्ञप्तिधारी केवल निर्दिष्ट शोधन संयंत्र में ही फीकल स्लज एवं सेप्टेज का निपटान करेगा।
7. फीकल स्लज एवं सेप्टेज के परिवहन के लिए उपयोग किए जाने वाले वाहन पर लाइसेंस की एक प्रति प्रमुखता से प्रदर्शित की जाएगी।
8. वाहन / टैंकर कर को पीले रंग से पेंट कियाजाएगाजिस पर लालरंग में सावधानी के साथ "septic tank waste" (अंग्रेजी में) और 'मलकुंड अपशिष्ट' (हिंदी में) लिखाहोगा।
9. निर्दिष्ट उपचार संयंत्र सप्ताह में .... तक फीकल स्लज एवं सेप्टेज प्राप्त करेगा। ऑपरेटरों को तदनुसार अपने डीस्लजिंग संचालन की योजना बनानी चाहिए।
10. प्रभावी सफाई सेवाएं प्रदान करने और व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरणों का उपयोग सुनिश्चित करने के लिए तैनात कर्मचारियों के नियमित प्रशिक्षण के लिए लाइसेंसधारी जिम्मेदार होगा।
11. उपरोक्त बिंदुओं में से किसी के उल्लंघन के मामले में, लाइसेंस रद्द करने के लिए उत्तरदायी होगा, लाइसेंसधारक की सुरक्षा जब्त कर ली जाएगी और वह इन विनियमों के उल्लंघन के लिए निर्धारित दंड का भुगतान करने के लिए भी उत्तरदायी होगा।

परिशिष्ट-5

खंड 6 (v) और 8 देखें

लाइसेंस प्रारूप

नगर पंचायत सिंगाही भेड़ौरा

फॉर्म 2: फीकल स्लज एवं सेप्टेज के संग्रहण, ढुलाई और निस्तारण हेतु लाइसेंस प्रदान करना

फीकल स्लज एवं सेप्टेज निकालने वाले ऑपरेटर / ठेकेदार का निकाय मोहर के साथ एक पासपोर्ट साइज फोटो चिपकाएं

निकाय (निकाय का नाम) में फीकल स्लज एवं सेप्टेज मल - कीचड़ और सेप्टेज के संग्रहण, ढुलाई और निस्तारण के लिए लाइसेंस इसके द्वारा अनुमति दी जाती है :

1. आवेदक का नामः (श्री / सुश्री) : ____________________
2. पत्राचार का पताः ____________________
3. निकाय (नगर निगम / नगर पालिका परिषद / नगर पंचायत) का नाम) में फीकल स्लज सेप्टेज प्रबंधन सेवाएं प्रदान करने के लिए लाइसेंस संख्या :- ____________________
4. मान्यता ____________________ से ____________________ तक
5. वाहन (वाहनों) का रजिस्ट्रेशन नंबर : (i) ____________ (ii) ____________ (iii) ____________ (iv) ____________

लाइसेंस, लाइसेंस धारक द्वारा पिछले पृष्ठ में बताई गई शर्तों के अनुपालन के अधीन होगा।

जारी करने वाले प्राधिकारी के हस्ताक्षर

नियम और शर्तें

1. फीकल स्लज एवं सेप्टेज को केवल एक यूएलबी द्वारा जारी लाइसेंस प्राप्त ऑपरेटर द्वारा ही संग्रहीत किया जाएगा और ढुलाई की जाएगी।
2. निर्दिष्ट उपचार संयंत्र तक फीकल स्लज एवं सेप्टेज के संग्रह और ढुलाई के लिए शुल्क यूएलबी द्वारा समय-समय पर निर्धारित किया जाएगा। कोई भी अनुज्ञप्तिधारी ऑपरेटर घर / संपत्ति के मालिक से निर्धारित शुल्क से अधिक कोई राशि नहीं वसूलेगा।
3. फीकल स्लज एवं सेप्टेज की ढुलाई यूएलबी द्वारा इस प्रयोजन के लिए अनुमोदित वाहनों द्वारा ही किया जाएगा।
4. लाइसेंसधारी ऑपरेटर यह सुनिश्चित करेगा कि संग्रह स्थल से निर्दिष्ट उपचार संयंत्र तक ढुलाई के दौरान फीकल स्लज एवं सेप्टेज का कोई रिसाव न हो ।
5. फीकल स्लज एवं सेप्टेज ले जाने वाला वाहन संचलन के दौरान किसी भी आकस्मिक छलकाव के कारण पर्यावरण के लिए किसी भी खतरे से बचने के लिए पर्याप्त रूप से सुसज्जित होना चाहिए।
6. अनुज्ञप्तिधारी केवल निर्दिष्ट शोधन संयंत्र मैं ही फीकल स्लज एवं सेप्टेज का निपटान करेगा।
7. फीकल स्लज एवं सेप्टेज के परिवहन के लिए उपयोग किए जाने वाले वाहन पर लाइसेंस की एक प्रति प्रमुखता से प्रदर्शित की जाएगी।
8. वाहन / टैंकर कर को पीले रंग से पेंट किया जाएगा जिस पर लालरंग में सावधानी के साथ "septic tank waste" (अंग्रेजी में) और 'मलकुंड अपशिष्ट' (हिंदी में) लिखा होगा।
9. निर्दिष्ट उपचार संयंत्र सप्ताह मे फीकल स्लज एवं सेप्टेज प्राप्त करेगा। ऑपरेटरों को तदनुसार अपने डीलजिंग संचालन की बनानी चाहिए।
10. प्रभावी सफाई सेवाएं प्रदान करने और व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरणों का उपयोग सुनिश्चित करने के लिए तैनात कर्मचारियों के नियमित प्रशिक्षण के लिए लाइसेंसधारी जिम्मेदार होगा।
11. उपरोक्त बिंदुओं में से किसी के उल्लंघन के मामले में, लाइसेंस रद्द करने के लिए उत्तरदायी होगा, लाइसेंसधारक की सुरक्षा जब्त कर ली जाएगी और वह इन विनियमों के उल्लंघन के लिए निर्धारित दंड का भुगतान करने के लिए भी उत्तरदायी होगा।

परिशिष्ट-6

(खंड 13 (ii), 20 (ii) देखें)

फीकल स्लज एवं सेप्टेज के संग्रह, परिवहन और निपटान का रिकॉर्ड

फॉर्म 3: फीकल स्लज एवं सेप्टेज के संग्रह, परिवहन और निपटान का रिकॉर्ड

नगर पंचायत सिंगाही भेड़ौरा में मल कीचड़ और सेप्टेज के संग्रह, परिवहन और निपटान का रिकॉर्ड बनाए रखने के लिए दिनांकः ____________________ समयः ____________________

I. ऑनसाइट सिस्टम के मालिक का विवरण

1. नामः ____________________
2. पताः ____________________
(क) वार्ड संख्या : ____________________ (क) टेलीफोन नं. : ____________________

II. रोकथाम

1. निर्माण का वर्ष ____________________
2. पिछला कीचड़ निकालना (MM/YYYY) : ____________________
3. आउटलेट मौजूद (हां / नहीं) : ____________________
4. यदि हां, तो किससे जुड़ा है : ____________________
5. रोकथाम के प्रकारः (चेकबॉक्स में उपयुक्त विकल्प चुनें)

रोकथाम के प्रकार	सही करें	रोकथाम के प्रकार	सही करें
सेप्टिक टैंक ट्विन		ट्वीन पिट (पंक्तिबध	
संग्रह टैंक		ट्विन पिट (अनलाइन्ड	
सोख्ता गड्ढे के साथ सेप्टिक टैंक		पूरी तरह से अटे टैंक	
सिंगल पिट (लाइनेड)		सिंगल पिट (अनलाइन)	

6. रोकथाम का आकार और आकार : नियंत्रण का प्रकार नियंत्रण का प्रकार टिक करें
7. संपत्ति के भीतर रोकथाम का स्थान (चेकबॉक्स में नीचे उपयुक्त विकल्प चुनें)

घर में स्थान	सही करें	घर में स्थान	सही करें
घर के पिछले हिस्से में		एक कमरे के फर्श के नीचे	
घर के सामने की तरफ		अन्य	

III. कीचड़ साफ करना

1. फीकल स्लज एवं सेप्टेज की मात्रा (लीटर) ____________________
2. कीचड़ निकालने में लगने वाला समयः ____________________
3. ट्रिप की लंबाई (किमी) : ____________________
4. आने-जाने में समयः ____________________

IV. कीचड़ साफ करने वाले सेवा प्रदाता का विवरण

ऑपरेटर का नामः ____________________
ड्यूटी पर खाली स्टाफ ऋरळढ ऑपरेटरः ____________________

ड्यूटी पर टैंक सफाई स्टाफ के हस्ताक्षर — उपचार सुविधा ऑपरेटर का हस्ताक्षर

परिशिष्ट-7

(खंड 21 (i) और 27 (ii) देखें)

होस्ट यूएलबी तथा बिना उपचार संयंत्र वाले निकाय के बीच समझौता ज्ञापन प्रारूप

फॉर्म 4: ''होस्ट यूएलबी'' पर उपलब्ध ''उपचार संयंत्र'' में फीकल स्लज एवं सेप्टेज के सुरक्षित निस्तारण की अनुमति के लिए समझौता ज्ञापन।

होस्ट निकायके उपचार संयंत्र पर फीकल स्लज एवं सेप्टेज के सुरक्षित निस्तारण की अनुमति हेतु निकाय (नगर निगम / नगर पालिका परिषद / नगर पंचायत) और होस्ट निकाय (होस्ट निकायका नाम) के बीच समझौता ज्ञापन के लिए फॉर्म

फीकल स्लज एवं सेप्टेज एवं सेप्टेज प्रबंधन के तहत, एक्सवाईजेड निकाय (संपर्क करने वाले निकाय का नाम) की प्रशासनिक सीमाओं के भीतर घरों, सार्वजनिक / सामुदायिक शौचालयों के नियंत्रण से आने वाले फीकल स्लज एवं सेप्टेज और सेप्टेज (फीकल स्लज एवं सेप्टेज) के सुरक्षित निस्तारण हेतु जरूरी शर्तें पूरा करने के लिए, ''होस्ट यूएलबी'' (होस्ट निकायका नाम) के प्रशासन के तहत ''उपचार संयंत्र'' पर, समझौता।

प्रथम पक्ष ''होस्ट यूएलबी'' - **नगर पंचायत सिंगाही भेड़ौरा**

द्वितीय पक्ष ''एक्सवायजेड यूएलबी'' (संपर्क करने वाले निकाय का नाम) - ____________________

उपबंधः

1. यह कि ''प्रथम पक्ष'' दिनांक दिन / महीना / वर्ष (प्रारंभ तारीख) से दिन / महीना / वर्ष (प्रारंभ तारीख) तक ''द्वितीय पक्ष'' की प्रशासनिक सीमाओं से उनके ''उपचार संयंत्र'' पर आने वाले फीकल स्लज एवं सेप्टेज के सुरक्षित निस्तारण की अनुमति देगा। / वर्ष (अंतिम तिथि)
2. ''प्रथम पक्ष'' अपने प्रशासनिक क्षेत्र से आने वाले भार से समझौता करने से बचने के लिए अपने ''उपचार संयंत्र'' पर फीकल स्लज एवं सेप्टेज की दैनिक अनुमत मात्रा की जानकारी देगा।
3. यह कि ''द्वितीय पक्ष'' समझ के अनुसार ''प्रथम पक्ष'' को फीकल स्लज एवं सेप्टेज के निस्तारण के प्रति खेप टिपिंग शुल्क के रूप में रु. XXX देने के लिए सहमत है।
4. यह कि ''प्रथम पक्ष' उपचार सुविधा के संचालन का समय, अनुमत पहुंच मार्ग, फीकल स्लज एवं सेप्टेज की अनुमत मात्रा, उपचार सुविधा का रखरखाव बंद आदि आवश्यक विवरण समय-समय पर साझा करेगा।
5. कि उपरोक्त कार्यों को करते समय बीच में आने वाली किसी भी कठिनाई को दोनों पक्ष मिलकर सौहार्दपूर्ण ढंग से सुलझाएं।
6. कि ''द्वितीय पक्ष'' केवल लाइसेंसधारी फीकल स्लज निकासी ऑपरेटर को प्रथम पक्ष की उपचार सुविधा पर फीकल स्लज एवं सेप्टेज के निस्तारण की अनुमति देगा।
7. प्रथम पक्ष उपचार सुविधा में उनके लाइसेंस पर ह्व द्वितीय पक्ष्र की मुहर के साथ लाइसेंसधारी ऑपरेटर का प्रवेश सुनिश्चित करेगी।

प्रथम — **द्वितीय पक्ष**

अधिशाषी अधिकारी का हस्ताक्षर — **अधिशाषी अधिकारी का हस्ताक्षर**

परिशिष्ट-8

जुमार्ना और फाइन

क्रम संख्या	विवरण	खंड संख्या	सांकेतिक फाइन सीमा (में)	जुमार्ना (या किसी अन्य पीनल एक्शन में)
1.1	नाला/सड़क/खुले क्षेत्र में अपशिष्ट जल का सीधा / असुरक्षित प्रवाह	3	50-100	
1.2	लगातार उल्लंघन का दूसरा मामला	3	50-100	
1.3	लगातार उल्लंघन का तीसरा मामला	3	10-15 प्रति दिन	संपत्ति की जब्ती
2.1	ओएसएस का अवैज्ञानिक डिजायन और निर्माण	5	100-150	
2.2	लगातार उल्लंघन का दूसरा मामला	5	100-150	
2.3	लगातार उल्लंघन का तीसरा मामला	5	10-15 प्रति दिन	संपत्ति की जब्ती
3.1	बिना निकाय पंजीकरण के वैक्यूम टैंकर परिचालित करना	6	50-100	
3.2	लगातार उल्लंघन का दूसरा मामला	6	50-100	
3.3	लगातार उल्लंघन का तीसरा मामला	6	150-200 प्रतिदिन	वाहन की जब्ती
4. 1	आकस्मिक बिखराव में भाग लेने के लिए गैर-अनुपालन	16, 17	1000-1500	
4.2	लगातार उल्लंघन का दूसरा मामला	16, 17	1000-1500	
4.3	लगातार उल्लंघन का तीसरा मामला	16, 17	300 प्रति दिन	वाहन की जब्ती
5.1	एसटीपी से अनुपचारित FSS प्रवाहित करना	27, 28, 33	5000-10000	
5.2	लगातार उल्लंघन का दूसरा मामला	27, 28, 33	5000-10000	
5.3	लगातार उल्लंघन का तीसरा मामला	27, 28, 33	1000-1500 प्रति दिन	संपत्ति की जब्ती
6.1	निकायद्वारा अधिसूचित स्थल के अलावा अन्य स्थल पर अनुपचारित फीकल स्लज एवं सेप्टेज प्रवाहित करना	6, 7, 14, 27, 28, 29	5000-10000	
6.2	लगातार उल्लंघन का दूसरा मामला	6, 7, 14, 27, 28, 29	5000-10000	
6.3	लगातार उल्लंघन का तीसरा मामला	6, 7, 14, 27, 28, 29	1500-2000 प्रति दिन	वाहन की जब्ती

नोटः जुमार्ने और जुमार्ने की उपरोक्त तालिका पर नगर स्वच्छता समिति के सदस्यों के बीच पहले चर्चा की जानी चाहिए। शहर में यूएलबी जिस स्तर की सख्ती का पालन करना चाहता है, उसके आधार पर इसे समय-समय पर संशोधित भी किया जा सकता है।

परिशिष्ट-9

अपील हेतु ज्ञापन

(खंड 37 देखें)

फॉर्म 5: अपेलेट बॉडी के पास अपील हेतु ज्ञापन, अपेलेट बॉडी के पास अपील हेतु ज्ञापन का फॉर्म, ''अपीली प्राधिकार के पास ____________________ (पदनाम)

1. आवेदक का पूरा नाम : ____________________
2. आवेदक का पताः ____________________
3. नगर पालिका अधिकारी का विवरण जिसके आदेश के विरुद्ध अपील की गई
नामः ____________________ पद ____________________
4. उस आदेश के प्राप्त करने की तारीख जिसके विरुद्ध अपील की गईः ____________________
5. अपील दायर करने की तारीख : ____________________
6. सूचना विवरण
क. संक्षेप में अपील की विषय-वस्तु (जिस आदेश के विरूद्ध अपील की गई है उसकी प्रति संलग्न करें)
ख. अपील का आधार (इनमें से किसी का विवरण अलग शीट में संलग्न किया जाना है)

सत्यापन

मैं, ____________________ (अपीलकर्ता का नाम) पुत्र/पुत्री / पत्नी ____________________ एतदद्वारा घोषित करता/करती हूँ कि अपील में दिए गए विवरण मेरे सर्वोत्तम ज्ञान और विश्वास के अनुसार सत्य और सही हैं और मैंने किसी भी तथ्य को छुपाया नहीं है।

अपीलकर्ता का हस्ताक्षर

स्थानः ____________________ तिथिः ____________________

अनुलग्नक के रूप में जमा किए गए प्रलेखः
1. ____________________
2. ____________________
फाड़ें. ____________________

पावती

संख्या. ____________________ तिथिः
अनुलग्नक फॉर्म के साथ प्राप्त अपील ज्ञापन ____________________
स्थानः. ____________________
तिथिः ____________________

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत सिंगाही भेड़ौरा जनपद-खीरी।

अध्यक्ष
नगर पंचायत सिंगाही भेड़ौरा जनपद-खीरी

संक्षेप

डीएफसी लाइन किनारे मिला युवक का शव

इटावा। बसरेहर थाना क्षेत्र में डीएफसी रेलवे लाइन के किनारे एक युवक का शव बरामद हुआ है। युवक मजदूरी करने निकला था, जिसके बाद दोपहर में उसकी मौत की सूचना मिली। परिवार ने युवक की मौत को संदिग्ध बताते हुए पुलिस से गहन जांच की मांग की है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतक की पहचान शहर की आईटीआई आसरा कालोनी निवासी 31 वर्षीय मोहम्मद चांद पुत्र चमन के रूप में हुई है। उसके पिता चमन ने शव की शिनाख्त की। परिवार के अनुसार माहम्मद चांद तीन भाइयों में सबसे बड़ा और अविवाहिता था। वह मजदूरी करके अपने परिवार का भरण पोषण करता था। शनिवार मोहम्मद चांद रोज की तरह काम पर जाने की बात कहकर घर से निकला था।

मारपीट में आधा दर्जन लोग घायल

बकेवर, इटावा। थाना क्षेत्र के राज माता गेस्ट हाउस के पास जमीनी रंजिश के चलते घर में घुसकर आधा दर्जन नामजद सहित चार पांच अज्ञात लोगो ने एक बृध्द महिला सहित तीन लोगो को घायल करके 20 हजार रुपए लूटने का मुकदमा पुलिस ने न्यायालय के आदेश से डेढ़ माह बाद दर्ज किया। राज माता वाटिका के सामने निवासी शैलेंद्र कुमार पुत्र स्व विद्याधर पाठक ने न्यायालय में दिये शिकायती पत्र में बताया है कि 10 दिसम्वर 25 की शाम करीब 6.20बजे घर पर मौजूद था उसी समय जमीनी रंजिश के चलते अपने साथियो के साथ घर में घुस आये और गाली-गलौच करने लगे शैलेंद्र ने गाली-गलौज करने से मना किया तो नामजद आरोपित लोग हाथो में लिये लाठी डडे लोहे की राड से पीटने लगे घर में मौजूद माँ राज कुमारी, उनका पुत्र यश बचाने आया तो उन लोगो को भी मार पीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। शैलेंद्र की जेब मे रखे 20 हजार रुपए लूट कर गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देकर चले गए। पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर पीयूष पाठक, उनकी पत्नी पूनम पाठक निवासीगण आजादनगर बकेवर, सत्यम, शिव कुमार पुत्रगण जगदीश निवासीगण ग्राम बहादुरपुर घार थाना लवेदी, जय सिंह पुत्र अज्ञात निवासी शास्त्रीनगर, मोनू पुत्र भूरे निवासी लोहिया नगर बकेवर के अलावा पाँच लोग नाम पता अज्ञात के विरुद्ध घटना के डेढ़ माह बाद मामला दर्ज किया। पुलिस ने जांच शुरू की।

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष का आकस्मिक निधन

इटावा। पूर्व केंद्रीय मंत्री स्व. बलराम सिंह यादव के पुत्र जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं इटावा औरैया में विभिन्न विघालयो के प्रबंधक अजय यादव गुड्डू के दिल्ली में निधन के बाद उनका शव उनके आवास बलराम सिंह चैराहे के पास पहुंचने पर अन्तिम दर्शन करने वालों की भारी भीड़ जुटी, और उन्हें पुष्पांजलि देकर श्रद्धांजलि अर्पित की, अन्तिम संस्कार उनके पैतृक गांव खरगपुर सरैया में होगा। श्रद्धांजलि देने वालों में अजन्ट सिंह यादव, कुमदेश यादव, भाजपा जिलाध्यक्ष अनू गुप्ता, महामंत्री प्रशांत राव चैबे, कांग्रेस जिलाध्यक्ष आशुतोष दीक्षित, व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष आलोक दीक्षित, शफी डा. आशीष दीक्षित, केके यादव सहित हजारों लोग मौजूद रहे।

संविदा कर्मचारी की हत्या के आरोप में पत्नी और सास-ससुर गिरफ्तार

जिला संवाददाता(vol)

बरेली। बरेली जिले के इज्जतनगर थाना पुलिस ने भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (आईवीआरआई) में संविदा पर तैनात एक कार्यालय सहायक की हत्या के आरोप में उसकी पत्नी और सास-ससुर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी।

बरेली शहर के क्षेत्राधिकारी तृतीय पंकज श्रीवास्तव ने बताया कि 26 जनवरी को कैलाशपुरम की गिरजा शंकर कॉलोनी में एक मकान से जितेन्द्र कुमार यादव (33) का शव फंदे से लटका मिला था। मूलरूप से इटावा जिले का निवासी यादव यहां किराए के मकान में रहता था।

उन्होंने बताया कि प्रारंभ में इस घटना को आत्महत्या माना गया था, लेकिन यादव के भाई अजय कुमार द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर यादव की पत्नी ज्योति समेत चार लोगों के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज किया गया और शव का पोस्टमार्टम कराया गया।

सीओ ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में पाया गया कि जितेन्द्र कुमार यादव की मौत गला दबाने के कारण हुई जिसके आधार पर 27 जनवरी को मामले को हत्या में तरमीम कर दिया गया। उन्होंने बताया कि शनिवार को पुलिस ने इस मामले में यादव की पत्नी ज्योति, उसके पिता कालीचरण और मां चमेली को गिरफ्तार कर लिया। क्षेत्राधिकारी ने कहा कि पूछताछ में ज्योति ने बताया कि वह और जितेन्द्र एक साथ पढ़ते थे और इसी दौरान दोनों के बीच प्रेम संबंध हो गया। जितेन्द्र संविदा पर आईवीआरआई बरेली में नौकरी करने लगा और ज्योति भी रोडवेज में संविदा पर बस कंडक्टर के तौर पर काम करने लगी। परिवार की सहमति से दोनों ने पिछले वर्ष शादी कर ली। ज्योति ने कबूल किया कि रुपयों के लेनदेन को लेकर दोनों के बीच अक्सर झगड़े होने लगे। ज्योति ने इस बारे में अपने पिता कालीचरण को भी बताया हुआ था। 26 जनवरी को कालीचरण अपनी पत्नी चमेली और बेटे दीपक के साथ उसके घर पहुंचा। उस समय जितेन्द्र और ज्योति के बीच हाथापाई हो रही थी। पुलिस क्षेत्राधिकारी ने कहा कि पूछताछ में ज्योति ने कबूल किया कि उसके पिता, मां और भाई ने जितेन्द्र के हाथ-पैर पकड़ लिए और उसने जितेन्द्र का गला दबा दिया। आरोपियों ने इस घटना को आत्महत्या दिखाने के लिए जितेन्द्र को फंदे पर लटका दिया।

आदर्श स्कूल में पूर्व छात्राओं को सम्मानित किया

इकदिल, इटावा। आदर्श प्राथमिक विद्यालय मोहल्ला कायस्थान इकदिल में पूर्व छात्र सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें दो पूर्व छात्राओं कु.शिखा भारती व आँचल गुप्ता को प्रधानाचार्य डॉ.सुशील सम्राट, उप प्रधानाचार्य ऋचा तिवारी ने पट्टिका पहनाकर व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

इस मौके पर प्रधानाचार्य डॉ.सुशील सम्राट ने कहा कि आदर्श स्कूल में प्रारंभिक शिक्षा प्राप्त करने के बाद उक्त दोनों छात्राएं स्नातक के बाद बीएड प्रशिक्षण प्राप्त करके शिक्षण कार्य कर रही हैं। उन्होंने कहा कि पूर्व छात्र, छात्राओं के साथ-साथ समय-समय पर विद्यालय के पूर्व शिक्षकों को सम्मानित किया जायेगा। इस अवसर पर सुमन चैहान, स्वेच्छा राजपूत, दामिनी शुक्ला, सुशीला देवी, अंजली शाक्य, प्रियांशी, अलफिशा, प्रियंका भदौरिया, दीप्ति, आँचल गुप्ता, प्रियंका यादव, छाया राजपूत, शिखा भारती, नीतू, सुहानी राठौर, सृष्टि तिवारी, आदि स्टाफ उपस्थित रहा।

प्रेम प्रसंग में हुई थी नाबालिग की हत्या, आरोपी गिरफ्तार

शाहजहांपुर। जिले में एक नाबालिग की निर्मम हत्या के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पत्नी से प्रेम प्रसंग के कारण उक्त वारदात को अंजाम दिया गया था। पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने बताया कि अल्लाहगंज थाना क्षेत्र के रावतपुर गांव में शनिवार सुबह कमलेश कुमार (17) का शव उसके गांव में पंचायत घर के पास मिला था। सिर पर कई वार कर नाबालिग की हत्या की गयी थी। जांच में पाया कि गांव के ही रहने वाले आरोपी अनीस की पत्नी और कमलेश के बीच प्रेम प्रसंग था और दोनों आपस में व्हाट्स एप पर बातचीत करते थे। उन्होंने बताया कि इस बात का पता चलते ही अनीश शुक्रवार रात को कमलेश को उसके घर से बुलाकर ले गया था। जब आरोपी कमलेश को बुलाकर ले जा रहा था, तब उसकी बहन ने उसे साथ ले जाते हुए देख लिया था। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की, जिसके बाद उसने स्वीकार किया कि उसने कमलेश की डंडे से पीट-पीट कर हत्या की थी। आरोपी अनीश को गिरफ्तार कर विधिक प्रक्रिया पूरी करने के बाद जेल भेज दिया गया।

पूर्व पालिकाध्यक्ष समेत दो को 15-15 साल की सजा

गोंडा। जिले में नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष एवं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेता रूपेश कुमार उर्फ निर्मल श्रीवास्तव समेत दो व्यक्तियों को अदालत ने शनिवार को 15-15 वर्ष के सश्रम कारावास और 50-50 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। जिला शासकीय अधिवक्ता (फौजदारी) बसंत शुक्ला ने आज बताया कि मोतीगंज थाना क्षेत्र के काजीदेवर निवासी सुशील शुक्ला ने अपने भाई गौरव पर हमला किए जाने के आरोप में रूपेश कुमार उर्फ निर्मल श्रीवास्तव और त्रियुगी नारायण गुप्ता के खिलाफ एक रिपोर्ट दर्ज कराई थी। अभियोजन के अनुसार, 10 सितंबर 2012 को गौरव अपने घर के बाहर बैठे थे, तभी दोनों आरोपी मौके पर पहुंचे और जान से मारने की नीयत से उन पर गोली चलायी। अभियोजन के अनुसार, गोली गौरव के पैर में लगी, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए और उन्हें तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। विवेचना के दौरान साक्ष्य संकलन के बाद पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र अदालत में दाखिल किया। सुनवाई के दौरान जिला एवं सत्र न्यायाधीश दुर्ग नारायण सिंह ने पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्यों का परीक्षण करके तथा अभियोजन व बचाव पक्ष की दलीलें सुनने के बाद दोनों आरोपियों को दोषी ठहराया। अदालत ने दोनों को 15-15 वर्ष के कठोर कारावास और 50-50 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई।

यमुना पुल के नीचे मिले शव की पहचान

इटावा। चकरनगर थाना क्षेत्र के डिभौली यमुना पुल के नीचे शुक्रवार दोपहर संदिग्ध हालात में मिले किशोरी के शव की पहचान 24 घंटे के भीतर हो गई। रक्तदाता समूह के प्रयास से मृतका की शिनाख्त औरैया जनपद के थाना एरवाकटरा क्षेत्र के एक गांव की 17 वर्षीय किशोरी के रूप में हुई जो कक्षा 11 की छात्रा थी।

किशोरी ने बीते दो दिनों से लापता था और उसके स्वजन लगातार उसकी तलाश कर रहे थे। पोस्टमार्टम हाउस में पिता द्वारा शव की पहचान किए जाने के बाद परिवार में कोहराम मच गया। डिभौली यमुना पुल के नीचे रेत पर एक किशोरी का शव पड़ा होने की सूचना मिलने पर चरकनगर पुलिस मौके पर पहुंची थी।

शव की हालत संदिग्ध होने के कारण पुलिस ने उसे कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मौके पर शव की पहचान नहीं हो सकी थी, जिसके बाद पुलिस ने शिनाख्त के प्रयास तेज कर दिए थे।

उद्धव गोपी संवाद सुन श्रोता हुए भाव-विभोर

ड्रमंडगंज, मीरजापुर। क्षेत्र के बबुरा कलां गांव में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के छठवें दिन रविवार को श्रीधाम वृंदावन से पधारे कथा वाचक पंडित प्रेम मूर्ति महराज ने उद्धव गोपी संवाद, भगवान कृष्ण और रूक्मिणी के विवाह का भक्तों को रसपान कराया। कथावाचक ने कहा कि भगवान निराकार हैं और सभी जगह विद्यमान हैं।

भगवान श्रीकृष्ण ज्ञान के साथ प्रेम व भक्ति का मर्म समझाने के लिए उद्धव को ब्रज में भेजते हैं। भगवान कृष्ण के प्रति गोपियों का प्रेम और भक्ति देखकर उद्धव अपने ज्ञान को भूल जाते हैं।कथावाचक ने कहा कि भगवान का स्मरण करने से ही संसार रूपी भव सागर को पार किया जा सकता है। श्रीमद्भागवत कथा मनुष्य को ईश्वर की भक्ति के लिए प्रेरित करती है। कथावाचक ने भगवान कृष्ण और रूक्मिणी विवाह की कथा का विस्तार से वर्णन किया। कथावाचक ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण करने से समस्त पापों का नाश हो जाता है और जीवन में ज्ञान का प्रकाश फैलता है। कथा के अंत में भागवत महापुराण की आरती उतारी गई और भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया। इस दौरान कथा यजमान इन्द्रकली मिश्रा, ओमप्रकाश मिश्र शांति देवी, कुल गुरू लवलेश त्रिपाठी, हरिशंकर मिश्र, आनंद नाथ मिश्र, सेवानिवृत्त आईएएस मणि प्रसाद मिश्र, अधिवक्ता विजय नारायण मिश्र, रमाकांत तिवारी, सूर्य प्रकाश मिश्र, राजेंद्र प्रसाद मिश्र, रामेश्वर प्रसाद मिश्र सहित सैकड़ों श्रद्धालुओं ने कथा श्रवण किया।

घायल महिला को इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया

बकेवर, इटावा। जनपद मथुरा के छाता से कोल्डिगं लादकर कस्वा फफूद जा रही डीसीएम आगरा कानपुर नेशनल हाइवे भरथना ओबरब्रिज के ऊपर अनियंत्रित होकर रखे पत्थरो से टकरा गयी जिससे नीचे खड़ी महिला के जाकर लगे महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल महिला को इलाज के लिए 50 शैय्या अस्पताल भिजवाया। रविवार की दोपहर आगरा की ओर से आ रहे डीसीएम चालक वाहन को लेकर बकेवर थाना क्षेत्र के आगरा कानपुर नेशनल हाइवे भरथना ओबरब्रिज के ऊपर पहुँचा कि तभी उसका संतुलन बिगड गया और डीसीएम असंतुलित होकर ओबरब्रिज के ऊपर रखे बडे बडे पत्थरो से टकराती हुई दो बिजली के खम्भे क्षतिग्रस्त करती हुई पुल के डिवाइडर से जा टकरायी डिवाइडर के पत्थर पुल के नीचे गिरने से अपने मायके बाबरपुर जाने के लिए आटो में बैठी महिला मधु पत्नी सुभाषचंद्र निवासी बिजौली थाना बकेवर इटावा गंभीर रूप से घायल हो गई। सूचना पर पहुँची पुलिस ने गंभीर रूप से घायल महिला को एम्बुलेंस बुलाकर इलाज के लिए 50 शैय्या अस्पताल बकेवर भिजवाया। जहाँ इमरजेंसी डियूटी में मौजूद चिकित्सक ने इलाज किया।महिला की गंभीर हालत को देखते हुए चिकित्सक ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया।पुलिस ने डीसीएम चालक को हिरासत में लेकर थाने में बैठाया। डीसीएम की टक्कर से लुधियानी व पटिया फीडर को जाने वाली 11 हजार विद्युत लाइन को पुलिस ने बिजलीघर में सूचना देकर दोनो फीडरो की सप्लाई बंद करा दी।

दो ग्राहकों की हत्या करने के आरोप में ढाबा मालिक गिरफ्तार

जिला संवाददाता(vol)

गाजियाबाद। खोड़ा इलाके में एक ढाबे पर खाना परोसने में देर को लेकर हुए झगड़े के बाद दो ग्राहकों की हत्या और एक अन्य को गंभीर रूप से घायल करने के मामले में पुलिस ने होटल मालिक को गिरफ्तार किया है।

पुलिस उपायुक्त (ट्रांस-हिंडन) निमिष पाटिल ने बताया कि ढाबे के मालिक धर्मेंद्र (45) को गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि मुकदमे में नामजद ढाबे के चार अन्य कर्मचारियों नागेश, विशेष, सूरज और राजन को पकड़ने के लिए पुलिस टीमें बनाई गई हैं।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार, यह घटना शुक्रवार देर रात हुई थी। श्रीपाल (23), सत्यम (26) और अनुराग (24) ढाबे पर गए और खाने का ऑर्डर दिया। खाना परोसने में देर होने पर उनमें से एक ने स्टाफ के एक सदस्य को थप्पड़ मार दिया। इसके बाद तीनों होटल के पीछे की गली की ओर चले गए। उन्होंने बताया कि ढाबे के मालिक धर्मेंद्र और उसके कर्मियों ने गुस्से में उनका पीछा किया और तीनों पर लाठियों और रसोईघर के चाकुओं से हमला किया जिससे श्रीपाल और सत्यम की मौके पर ही मौत हो गई और अनुराग गंभीर रूप से घायल हो गया। पाटिल ने बताया कि अनुराग को शुरू में लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल में भर्ती कराया गया था और बाद में चोटों की गंभीरता के कारण दिल्ली के जीटीबी अस्पताल रेफर कर दिया गया। उन्होंने बताया कि पूछताछ के दौरान धर्मेंद्र ने अपराध में अपनी भूमिका कुबूल कर ली।

पाटिल ने कहा कि हत्या में शामिल अन्य आरोपियों को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

बम की सूचना पर विमान की इमरजेंसी लैंडिंग

वाराणसी। इंडिगो एयरलाइंस के विमान में बम होने की सूचना पर उसे रविवार को वाराणसी के लाल बहादुर शास्त्री हवाई अड्डे पर आपात स्थिति में उतारा गया। यह जानकारी पुलिस ने दी। पुलिस के अनुसार विमान की इमरजेंसी लैंडिंग के बाद बम निरोधक दस्ता, दमकल गाड़ियां और पुलिस बल मौके पर पहुंचा तथा प्रोटोकॉल के तहत यात्रियों एवं विमान की गहन तलाशी ली गई।

पुलिस के आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि हैदराबाद से वाराणसी आ रहे इंडिगो एयरलाइंस के विमान में मिले एक कागज के टुकड़े पर लिखा था कि विमान में बम रखा है और किसी भी वक्त फट सकता है। उन्होंने बताया कि इस पर चालक दल के सदस्यों ने वायु यातायात नियंत्रण कक्ष को सूचित किया, जिसके बाद वाराणसी के बाबतपुर हवाई अड्डे पर सुरक्षा कारणों से विमान की इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। उन्होंने बताया कि विमान को पूर्वी छोर पर रोक कर रखा गया और यात्रियों को नीचे उतारा गया। सूत्रों ने बताया कि विमान में बम की सूचना पर बम निरोधक दस्ता, दमकल विभाग के कर्मचारी, केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल तथा पुलिस बल के जवान मौके पर पहुंचे और आवश्यक कार्यवाही शुरू की। सूत्रों ने बताया कि विमान की सघन तलाशी ली गई, साथ ही सुरक्षा प्रोटोकॉल के तहत यात्रियों की भी तलाशी ली गई। उन्होंने बताया कि हालांकि इस दौरान कोई भी विस्फोटक या अन्य कोई हानिकारक सामग्री नहीं मिली। अधिकारियों के मुताबिक सुरक्षा एजेंसियां मामले की जांच कर रही हैं।

सुन्दरकांड व परिवार मिलन समारोह का आयोजन

भरथना, इटावा। भारत विकास परिषद पांचाल प्रान्त स्वामी विवेकानन्द शाखा भरथना के तत्वाधान में सुन्दरकाण्ड समिति द्वारा भव्य सुन्दरकाण्ड एवं परिवार मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर 5 जरूरतमन्द महिलाओं को सिलाई मशीनें भी वितरित की गई। कस्बा के बकेवर रोड स्थित ऊँ श्री पागलबाबा गंगासागर धाम पर रविवार को आयोजित भव्य सुन्दरकाण्ड पाठ का शुभारम्भ वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच मयार्दा पुरूषोत्तम प्रभु श्रीराम व पवनसुत हनुमान के तिलक वन्दन व पूजन अर्चन के साथ हुआ। तदुपरान्त परिषद सहित अन्य धर्मप्रेमियों ने संगीतमयी सुन्दर काण्ड का पाठ किया। साथ ही परिवार मिलन समारोह के दौरान मंचासीन मुख्य अतिथि श्याम सुन्दर चैरसिया, विशिष्ट अतिथि पालिकाध्यक्ष अजय कुमार यादव गुल्लू, थाना प्रभारी निरीक्षक विक्रम सिंह, रमेश शुक्ला आदि ने परिषद द्वारा उपलब्ध करायी गई 5 सिलाई मशीनें जरूरतमन्द महिलाओं को भेंट की। इससे पहले परिषद के पदाधिकारियों ने आन्तुक अतिथियों का माल्यार्पण व अंगवस्त्र भेंटकर स्वागत सम्मान किया। इस दौरान अध्यक्ष चन्द्रशेखर राठौर, सचिव रामप्रकाश पाल, कोषाध्यक्ष लविश कौशल, देवेन्द्र पोरवाल, माधुरी श्रीवास्तव, डा0 आर0एन0 दुबे, सुनील दीक्षित कुक्कू, नेक्से पोरवाल, कुलदीप तिवारी, देवेन्द्र पोरवाल, शैलेन्द्र सिंह राठौर, निशान्त पोरवाल, अमित श्रीवास्तव, ऋषभ गुप्ता, निखिल पोरवाल, दरविन्दर सिंह, असित पाल, सुशील पाल, संजय माधवानी, विपिन पोरवाल, नीलू पाण्डेय सहित समस्त परिषद के पदाधिकारियों व सदस्यों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

रोडवेज बस की टक्कर से दो श्रद्धालुओं की मौत

मेरठ। जिले में दिल्ली-देहरादून राष्ट्रीय राजमार्ग पर रविवार सुबह तेज रफ्तार एक रोडवेज बस की टक्कर लगने से पैदल यात्रा कर रहे दो श्रद्धालुओं की मौत हो गई और एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई।

पुलिस के अनुसार, खतौली के पुरानी शिवपुरी मोहल्ला निवासी हरिओम (42) अपनी पत्नी सरिता और पड़ोसी सरला (59) के साथ नंगली तीर्थ के लिए पदयात्रा पर निकले थे। रविवार सुबह करीब साढ़े सात बजे जब वे दौराला थाना क्षेत्र के दादरी गांव के पास शिव ढाबा के सामने पहुंचे तभी देहरादून की ओर से आ रही तेज रफ्तार एक रोडवेज बस तीनों को टक्कर मारती हुई निकल गई। पुलिस के अनुसार, टक्कर इतनी भीषण थी कि हरिओम और सरला की मौके पर ही मौत हो गई जबकि सरिता गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और राजमार्ग पर जाम लग गया। स्थानीय लोगों से सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल ले जाया गया हालांकि हादसे के बाद बस चालक फरार हो गया। दौराला थाना प्रभारी निरीक्षक सुमन कुमार सिंह ने बताया कि हरिओम और सरला की मौत हो गयी जबकि सरिता का उपचार जारी है। मृतकों के परिजनों को सूचना दे दी गई है और फिलहाल परिजनों की ओर से कोई शिकायत नहीं मिली है।अधिकारी ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं ताकि फरार बस चालक और वाहन की नंबर प्लेट की पहचान की जा सके।

धूमधाम से मना संत रविदास का 649 वां जन्मदिवस

सोनभद्र । रविवार माघ पूर्णिमा को डॉ. बी.आर अंबेडकर एवं संत रविदास समिति जनपद सोनभद्र द्वारा समिति के संरक्षक श्रीपति मास्टर के अध्यक्षता और मंदिर पुजारी राम दुलारे ब्यास,बिसुन दास व सुक्कल दास ने विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी महान संत एवं समाज सुधारक दलित समाज की सरताज संत शिरोमणि गुरु रविदास जी महाराज का 649 वां जन्मोत्सव को संत रविदास मंदिर प्रांगण में मनाया जा रहा है संत गुरु रविदास जी ऐसी महापुरुष थे जिन्होंने सर्वप्रथम रूढ़िवादी व्यवस्था एवं अंधविश्वास पूर्ण सामाजिक व्यवस्था को ध्वस्त करने का संकल्प लिया इसके साथ अपने प्राण की बाजी लगाकर ही समाज में प्रचलित गैर बराबरी को जड़ से नष्ट कर सभी को बराबरी का हक दिये जाने के लिए जीवन पर्यंत संघर्ष किया । इनका शिस्य बनने के लिए हर जाति धर्म के लोग लालायित रहे जिससे कुछ चालाक और मनुवादी बिचार के ब्यक्तियों द्वारा एक साजिश के तहत चितौड के गढी में उनकी हत्या कर साक्ष्य को मिटाने के नियत से घटना को तोड़ मरोड़ कर इतिहास को मिटाने का साजीस किया गया

कार्य क्रम के मुख्य अतिथि डॉ. अनिल कुमार मौर्य विधायक विधान सभा घोरावल रहे वहीं विशिष्ट अतिथी मोहन कुशवाहा जिला पंचायत क्षेत्र चुर्क के साथ एडवोकेट जगदीश प्रसाद निरज श्रीवास्तव जिला पंचायत क्षेत्र मूर्तियां, राजकुमार संघर्षी धरमेंद्र कुमार अशोक कुमार प्रवक्ता विनोद मास्टर रामाशराव लेखपाल डॉक्टर राम कुमार रमेश कुशवाहा ओम प्रकाश अजय कुमार के दी सेबी संतोष पटेल अरविंद कुमार आदि वक्तागणों ने बिचार ब्यक्त किया। इस अवसर पर आयोजक समिति के जिला अध्यक्ष सीताराम आचार्य , जिला उपाध्यक्ष कामरेड नन्दलाल आर्य , जिला कोषाध्यक्ष लल्लूराम भास्कर, महामंत्री अमृत लाल भारतीय समेत तमाम लोग उपस्थि रहे।

पंसारी टोला जैन मंदिर में शांतिनाथ विधान हर्षोल्लास के साथ संपन्न

इटावा। शहर के प्राचीन एवं भव्य दिगंबर जैन पंचायती मंदिर, पंसारी टोला में पूर्णिमा के पावन अवसर पर शांतिनाथ विधान का श्रद्धा, भक्ति और उल्लास से परिपूर्ण भव्य धार्मिक आयोजन किया गया।कार्यक्रम की शुरूआत प्रातःकाल विधि-विधान के साथ श्रीजी के केसर जल से अभिषेक एवं शांतिधारा से हुई, जिसे पुजारियों ने मंत्रोच्चार के साथ संपन्न कराया। प्रतिष्ठाचार्य पंडित सतेंद्र जैन के निर्देशन में विधान का शुभारंभ किया गया। अभिषेक के उपरांत श्रद्धालुओं ने सुख-शांति एवं समृद्धि की कामना की। विधान के दौरान महिलाओं ने भक्ति नृत्य प्रस्तुत कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

संघ के जिला प्रचारक पर हमला, दो गिरफ्तार

हाथरस। जिले में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के जिला प्रचारक पर रविवार सुबह कथित तौर पर एक विवाद के बाद पांच लोगों ने हमला कर दिया। पुलिस के अनुसार आरएसएस के घायल जिला प्रचारक जयकिशोर को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से उन्हें आगरा रेफर किया गया है। पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है और तीन अन्य की तलाश में जुट गई है। पुलिस सूत्रों के अनुसार घटना के समय प्रचारक जयकिशोर शहर से वापस आरएसएस के नवल नगर स्थित कार्यालय आ रहे थे। जैसे ही उनकी कार नवल नगर में पहुंची, सामने से स्कूटी सवार दो युवक आ गए। यहां वाहन आगे-पीछे करने को लेकर पहले विवाद हुआ, फिर अचानक युवकों ने उन पर हमला कर दिया। विवाद की सूचना मिलने पर युवकों के अन्य साथी भी वहां आ गए। जिला प्रचारक की कार में तोड़फोड़ करते हुए उन्हें नीचे उतार लिया गया और लात घूसों से पीटा गया। वारदात की जानकारी पर संगठन के कार्यकर्ता व पुलिस मौके पर पहुंच गई।

परिशिष्ट- 10

अपील हेतु ज्ञापन

(खंड 37 देखें)

संदर्भित दस्तावेज

(इन आदर्श उपविधियों की रचना निम्नलिखित अधिनियमों व अन्य राज्य की उपविधियों का अध्ययन करके किया गया है)

निकाय द्वारा मार्ग दर्शन के लिए निम्नलिखित प्रलेखों के नवीनतम संस्करण का उपयोग किया जा सकता है-

1. उत्तर प्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1916
2. उत्तर प्रदेश सेप्टेज प्रबंधन नीति, 2019 नगर विकास विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार ।
3. बिजनौर फीकल स्लज एवं सेप्टेज प्रबंधन उपविधि, 2022, कार्यालय राजपत्र प्रयागराज, उत्तर प्रदेश सरकार ।
4. सलाहकार नोटः शहरी भारत में सेप्टेज प्रबंधन, 2013, शहरी विकास मंत्रालय, भारत सरकार ।
5. उत्तर प्रदेश में फीकल स्लज एवं सेप्टेज प्रबंधन के लिए दिशानिर्देश, 2018, शहरी विकास विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार ।
6. एकीकृत फीकल स्लज एवं सेप्टेज, सेप्टेज और अपशिष्ट जल प्रबंधन रणनीति सह दिशानिर्देश, 2019, चुनार नगर पालिका परिषद, उत्तर प्रदेश
7. आईएसः 2470झ1985, सेप्टिक टैंक की स्थापना और सेप्टिक टैंक के प्रवाह के निस्तारण के लिए भारतीय मानक संहिता, भारतीय मानक ब्यूरो,
   (क) (भाग ।) डिजाइन शर्तें और निर्माण
   (ख) (भाग ।।) द्वितीयक उपचार और सेप्टिक टैंक के तरल पदार्थ का निस्तारण।
8. सीवरेज और मलजल उपचार प्रणाली पर मैनुअल, 2013, केंद्रीय लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण और पर्यावरण संगठन, भारत सरकार ।
9. बिना नेटवर्क तकनीकी पर मेन्यू, 2019, सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरनमेंट, नई दिल्ली।
10. फीकल स्लज एवं सेप्टेज प्रबंधन पर राष्ट्रीय नीति, 2017, आवास और शहरी कार्य मंत्रालय, भारत सरकार।
11. राष्ट्रीय शहरी स्वच्छता नीति, 2008, शहरी विकास मंत्रालय, भारत सरकार।
12. फीकल स्लज एवं सेप्टेज प्रबंधन (फीकल स्लज एवं सेप्टेज) के उपविधि, 2020, सेप्टेज प्रबंधन के लिए उत्तराखंड राज्य प्रोटोकॉल।
13. फीकल स्लज एवं सेप्टेज प्रबंधन पर नीति, 2018, तेलंगाना सरकार ।
14. तमिलनाडु सरकार का राजपत्र, 2022, फीकल स्लज एवं सेप्टेज प्रबंधन पर उपविधि ।
15. सेप्टेज प्रबंधन प्रैक्टिशनर गाइड, 2017, विज्ञान और पर्यावरण केंद्र।
16. सीवर और सेप्टिक टैंक की सफाई के लिए मानक संचालन प्रक्रिया, 2018, आवास और शहरी कार्य मंत्रालय, भारत सरकार
17. फीकल स्लज एवं सेप्टेज / सेप्टेज, 2019 के लिए उथली और गहरी खाइयों पर तकनीकी नोट जल, स्वच्छता एवं स्वच्छता संस्थान, नई दिल्ली
18. प्रोहिबिशन ऑफ एम्प्लॉयमेंट एज मैनुअल स्कैवेंजर्स एंड देयर रिहैबिलिटेशन एक्ट, 2013 कानून एवं न्याय मंत्रालय, भारत सरकार

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत सिंगाही भेड़ौरा
लखीमपुर-खीरी

अध्यक्ष
नगर पंचायत सिंगाही भेड़ौरा
लखीमपुर-खीरी

जयंती पर संत शिरोमणि रविदास को किया याद

जिला संवाददाता(vol)

सोनभद्र। गोंडवाना गणतंत्र पार्टी (गोंगपा) द्वारा रविवार को तेलगुड़वा स्थित पार्टी के जिला कार्यालय संत शिरोमणि रविदास की जयंती धूमधाम से मनाई गई। मुख्य अतिथि गोंगपा उत्तर प्रदेश युवा मोर्चा अध्यक्ष एडवोकेट संतोष कुमार गौतम ने सर्वप्रथम संत शिरोमणि रविदास जी के चित्र पर माल्यार्पण किया, उसके बाद बारी-बारी से सभी कार्यकर्ताओं ने पुष्पांजलि अर्पित किया। कार्यकताओं ने रविदास जी को याद करते हुए उनके मार्ग का अनुशरण करने का संकल्प दुहराया।

मुख्य अतिथि गोंगपा के उत्तर प्रदेश युवा मोर्चा अध्यक्ष एडवोकेट संतोष कुमार गौतम ने कार्यकताओं को संगठित होकर कार्य करने पर जोर देते हुए कहा कि सरकार में शामिल होने के लिए एकजुटता जरूरी है।एससी/एसटी के लोगों के ऊपर आए दिन हो रहे अत्याचार और उत्पीड़न की घटनाओं पर चिंता जाहिर करते हुए कहा कि धरना-प्रदर्शन के माध्यम से ही अब गोंगपा कार्यकताओं की समस्या का निदान होगा। अध्यक्षता कर रहे गोंगपा के जिलाध्यक्ष रामनरेश पोया ने कहा कि विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी विजयगढ़ दुर्ग पर तीन दिवसीय विराट आदिवासी मेले का आयोजन 25 से 27 फरवरी 2026 तक किया गया है। इसमें आदिवासी कन्याओं का सामुहिक विवाह भी होगा। जिसकी तैयारी में अभी से कार्यकर्ता जुट जाएं, ताकि कार्यक्रम सकुशल सम्पन्न हो सके। उन्होंने पंचायत चुनाव के मद्देनजर भी कार्यकताओं को तैयारियों में जुटने का आह्वान किया है।इसी प्रकार अन्य वक्तताओं ने भी विभिन्न समस्याओं पर ध्यान आकृष्ट कराया है। कार्यक्रम का सफल संचालन जिला संगठन सचिव हीरालाल मरपच्ची ने किया।

इस मौके पर चन्द्रशेखर साहनी, ज्ञानी सिंह पोया, अयोध्या प्रसाद टेकाम, हीरालाल मरकाम, चंद्रदेव चेरो, अर्जुन चेरो, शरद कमरो, रामचंद्र टेकाम आदि पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

वन्यजीवों के शव बरामद, 7 गिरफ्तार

बागपत। जिले में वन्यजीवों के अवैध शिकार और तस्करी में लिप्त सात आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है और उनके पास से कई जानवरों के शव बरामद किए गए हैं। वन विभाग के अधिकारियों के मुताबिक, आरोपियों के कब्जे से जंगली बिल्ली व सियार के तीन-तीन और एक जल मुर्गी समेत कई वन्यजीवों के शव बरामद किए गए हैं।पकड़े गए आरोपियों की पहचान खन्ना नाथ, दुलीचंद, साजन नाथ, बाली नाथ, विकास, अर्जुन और रोहन कुमार के रूप में हुई है। सभी हरियाणा के सोनीपत जिले के निवासी बताए जा रहे हैं। आरोपियों के कब्जे से शिकार में प्रयुक्त जाल, रस्सियां और धारदार हथियार भी जब्त किए गए हैं। वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी बागपत जिले के विभिन्न वन क्षेत्रों में अवैध रूप से वन्यजीवों का शिकार करते थे और बाद में इनके शवों की तस्करी हरियाणा के सोनीपत जिले में की जाती थी।

न्यायालय सूचना

एम.सी.जे. फार्म नं. 33 भाग 7
न्यायालय उपजिलाधिकारी महोदय
लहरपुर सीतापुर।
वाद सं. टी202610640301631
ता.पेशी 02.02.2026

रामू

बनाम

खण्ड विकास अधिकारी सकरन

चूंकि उपरिनामांकित ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि अतएवं आपको एतदद्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के खिलाफ हेतु सन्दर्शित करने के लिए दिनांक 02.02.2026 दिवस को 10 बजे पूर्वांन्ह में स्वयं सम्पर्क रूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप सुना जायेगा आधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर सहित आज 31.01.2026 दिवस को निकाली गई।

न्यायाधीश

कार्यालय नगर पंचायत सिंगाही भेड़ौरा, लखीमपुर-खीरी

पत्रांक- 1613/ न0पं0 सिं०भे0 / 2025-26 दिनांक :- 31.01.2026

सार्वजनिक सूचना

नगर पंचायत सिंगाही भेड़ौरा (निर्धारण सूची में संशोधन और परिवर्तन) उपविधि, 2025 का प्रारूप

उत्तर प्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1916 (अधिनियम सं0 2 सन 1916) की धारा-147 और धारा-298 की उपधारा (1) के अधीन शक्ति का प्रयोग करके जिस उपविधि के बनाने का प्रस्ताव करता है, उसका निम्नलिखित प्रारूप अधिनियम, 1916 की धारा - 301 की उपधारा (1) की अपेक्षानुसार समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों की सूचना के लिए और उसके संबंध में आपत्तियाँ एंव सुझाव आमंत्रित करने की दृष्टि से एतद्?वारा प्रकाशित किया जाता है।

आपत्तियाँ और सुझाव, यदि कोई हों, अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत सिंगाही भेड़ौरा को सम्बोधित करके लिखित रूप में प्रेषित किये जायेगे । केवल उन्हीं आपत्तियों पर विचार किया जाएगा जो इस उपविधि के प्रकाशित होने के दिनांक से तीस दिनों के भीतर प्राप्त होंगे।

नगर पंचायत सिंगाही भेड़ौरा (निर्धारण सूची में संशोधन और परिवर्तन), उपविधि, 2025

नगर पंचायत सिंगाही भेड़ौरा (निर्धारण सूची में संशोधन और परिवर्तन), उपविधि, 2025 कही जायेगी।

संक्षिप्त नाम, विस्तार और प्रारम्भ	1	(1) यह उपविधि लखीमपुर नगर पालिका परिषद (निर्धारण सूची में संशोधन और परिवर्तन), उपविधि 2025 कही जायेगी। (2) यह नगर पंचायत सिंगाही भेड़ौरा मे लागू होगी। (3) यह गजट में प्रकाशित होने के दिनांक से प्रवृत्त होगी ।
परिभाषाएँ	2	(1) जब तक विषय या सन्दर्भ में कोई बात प्रतिकूल न हो, इस उपविधि में– (क) 'अधिनियम' का तात्पर्य उत्तर प्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1916 से है। (ख) 'आबादी' का तात्पर्य ऐसे क्षेत्र से है जो राजस्व अभिलेखों में आबादी के रूप में अभिलिखित हो और जिसका उपयोग नगर पालिका परिषद सीमा में उस क्षेत्र के सम्मिलित होने के दिनांक को उसके निवासियों के आवास और तत्सम्बन्धी प्रयोजनों के लिए किया जा रहा हो। (ग) 'निर्धारण सूची' का तात्पर्य अधिनियम, 1916 की धारा - 141 के अधीन तैयार की गई कर निर्धारण सूची से है। (घ) 'संशोधन और परिवर्तन' का तात्पर्य अधिनियम, 1916 की धारा 147 के अधीन कर निर्धारण सूची में संशोधन और परिवर्तन से है। (ङ) 'सम्पत्ति' का तात्पर्य यथास्थिति किसी भवन या भूमि या दोनों से है। (च) 'सम्पत्ति कर' का तात्पर्य नगर पंचायत / नगरपालिका परिषद सीमा में अवस्थित भवनों या भूमियों या दोनों के वार्षिक मूल्य पर लगाए जाने वाले सामान्य कर/ भवन कर, जल कर जल निस्सारण कर और स्वच्छता कर से है। (2) इस उपविधि में प्रयुक्त किन्तु अपरिभाषित शब्दों और पदों के वही अर्थ होंगे जो अधिनियम में उनके लिए क्रमशः समनुदेशित हों । (3) निर्धारण सूची में संशोधन और परिवर्तन की प्रक्रिया।
सूची में संशोधन और परिवर्तन की प्रक्रिया	3	(1) अधिनियम, 1916 की धारा 144 के अधीन नगर पंचायत/नगरपालिका परिषद कार्यालय में जमा प्रमाणीकृत कर निर्धारण सूची में संशोधन और परिवर्तन उक्त अधिनियम, 1916 की धारा 147 के अधीन उल्लिखित कारकों के प्रोद्भूत होने की स्थिति में किया जा सकेगा। (2) ऐसा व्यक्ति जो निर्धारण सूची के प्रमाणीकृत होने के पश्चात किसी कारणवश कराधान के लिए दायी हो गया है, उसका नाम सूची में सम्मिलित करके निर्धारण सूची में संशोधन और परिवर्तन किया जाएगा। (3) (क) किसी सम्पत्ति के स्वामित्व के हस्तान्तरण या स्वामित्व सामान्यतया निम्न के आधार पर प्राप्त होगा- (एक) पंजीकृत विक्रय पत्र द्वारा, (दो) पंजीकृत वसीयत द्वारा, (तीन) पंजीकृत विभाजन विलेख द्वारा, (चार) पंजीकृत दान-पत्र द्वारा, (पाँच) विधिक उत्तराधिकार द्वारा । (ख) किसी सम्पत्ति के अध्यासी के स्थान पर किसी व्यक्ति के नाम की प्रविष्टि की स्थिति सामान्यतया इस प्रकार हो सकेगी- (एक) नगर पालिका परिषद सीमा में नव सम्मिलित आबादी क्षेत्र में स्थित सम्पत्ति, (दो) गैर जमींदारी उन्मूलन (नान जेड.ए.) क्षेत्र की सम्पत्ति, (तीन) किसी सम्पत्ति जिसका किराया दिया जाता या देय हो । (चार) सम्पत्ति का किराया मुक्त किरायेदार और अनुज्ञापी । (4) (क) सम्पत्ति के त्रुटिपूर्ण मूल्यांकन, वार्षिक मूल्य और कर की दर में वृद्धि/परिवर्तन होने से कर निर्धारण सूची में संशोधन और परिवर्तन किया जा सकेगा। (ख) किसी भी समय जब यह स्पष्ट हो जाये कि किसी सम्पत्ति का मूल्यांकन और कर निर्धारण सम्पत्ति के स्वामी / अध्यासी द्वारा गलत विवरण देने के आधार पर, या तथ्यों के छिपाने या भ्रान्त कथन या किसी भूल के कारण किया गया है तो उसमें किए गए सुधार की प्रविष्टि कर तदनुसार कर निर्धारण सूची संशोधित की जा सकेगी। (5) भवन में किए गए परिवर्तन और परिवर्धन के फलस्वरूप उसके वार्षिक मूल्यांकन और कर की धनराशि में वृद्धि करके निर्धारण सूची में संशोधन किया जा सकेगा।
सूची में संशोधन और परिवर्तन की प्रक्रिया	4	(झ) निर्धारण सूची में संशोधन / परिवर्तन सम्बन्धी प्रभारों सहित अन्य समस्त द्य देयों के भुगतान प्राप्त होने के दिनांक से अधिकतम 45 कार्य दिवसों की अवधि में अविवादित प्रकरणों सम्बन्धी आवेदन का निस्तारण किया जाएगा। (3) (क) कर निर्धारण सूची में सम्पत्ति के अध्यासन के आधार पर अंकित अध्यासियों के संबंध में संशोधन और परिवर्तन उक्त अधिनियम, 1916 की धारा-2 के खण्ड (11) के अधीन परिभाषित अध्यासी के पक्ष में किए जा सकेंगे। (ख) कर निर्धारण सूची एवं तत्सम्बन्धी जारी आदेश में ऐसे संशोधन/परिवर्तन किए जाने पर 'अध्यासी' शब्द का स्पष्ट उल्लेख किया जाएगा जिसे प्रमाणीकृत करने हेतु प्राधिकृत अधिकारी द्वारा अपने हस्ताक्षरों से प्रमाणीकृत किया जाएगा। (ग) अध्यासन के आधार पर किए गए कर निर्धारण के विषय में वार्डवार कर निर्धारण सूची पृथक से तैयार की जाएगी और उसी में संशोधन/परिवर्तन सम्बन्धी अपेक्षित प्रविष्टियाँ की जाएगी। (4) निर्धारण सूची के संशोधन अथवा परिवर्तन का प्रयोजन मात्र भवन, भूमि या दोनों के सम्पत्ति कर की वसूली के दृष्टिगत होगा।
हस्तान्तरण की नोटिस दिया जाना हस्तान्तरणकर्ता और हस्तान्तरिती की बाध्यता	5	(1) जब किसी सम्पत्ति के सम्पत्ति कर के भुगतान के लिए प्रथमतः दायी किसी व्यक्ति का स्वत्वाधिकार हस्तान्तरित होता है तो वह व्यक्ति जिसका स्वत्वाधिकार हस्तान्तरित हुआ है और वह व्यक्ति जिसे वह हस्तान्तरित किया गया है, हस्तान्तरण विलेख के निष्पादित होने के तीन माह के भीतर ऐसे हस्तान्तरण की सूचना अधिशासी अधिकारी को देंगे। (2) पूर्वोक्तानुसार प्रथमतः दायी किसी व्यक्ति की मृत्यु की दशा में वह व्यक्ति जिसे उत्तराधिकारी के रूप में या अन्यथा मृतक का स्वत्वाधिकार हस्तान्तरित हुआ है, अधिशासी अधिकारी को मृतक की मृत्यु के छः माह के भीतर ऐसे हस्तान्तरण की सूचना देगा। (3) अधिशासी अधिकारी या उसके द्वारा इस निमित्त प्राधिकृत अधिकारी को उक्त सूचना के माध्यम से ऐसा हस्तान्तरण संज्ञान में आते है, इस उपविधि के प्रावधानों के अनुसार अन्तरिती का नाम निर्धारण सूची में प्रविष्ट कर दिया जाएगा । (4) प्रत्येक व्यक्ति जो अधिशासी अधिकारी को इस प्रकार की सूचना दिये बिना पूर्वोक्तवत हस्तान्तरण करता है, ऐसी उपेक्षा से उद्भूत अन्य देयता के सहित हस्तान्तरित सम्पत्ति पर निर्धारित सम्पत्ति कर के भुगतान का दायित्व निरन्तर बना रहेगा जब तक कि वह इस संबंध में सूचना / आवेदन नहीं देता अथवा जब तक कि ऐसा हस्तान्तरण निर्धारण सूची में अभिलिखित नहीं कियाजाता । (5) जब ऐसी सूचना/ आवेदन नियत अवधि में प्रस्तुत नहीं किया गया हों तो नगर पालिका परिषद द्वारा नियत विलम्ब शुल्क के साथ इसे प्रस्तुत किया जा सकता है। (6) यदि कोई भवन गिरा दिया गया हो या ध्वस्त हो गया हो तो जब तक अधिशासी अधिकारी को इसकी नोटिस न दे दी गई हो, तब तक स्वामी/ अध्यासी सम्पत्ति कर भुगतान का दायी होगा जैसा कि वह भवन गिराए जाने या ध्वस्त न किये जाने की स्थिति में दायी था ।
निर्धारण सूची के संशोधन/परिवर्तन हेतु प्रभारो का लगाया जाना	6	(1) जहाँ कर निर्धारण सूची के संशोधन और परिवर्तन हेतु आवेदन नगर पंचायत को प्रस्तुत किया जाय वहाँ आवेदक से प्रभार इस उपविधि के अनुसार उद्गृहीत किया जाएगा। प्रभारों की दरें निम्नवत होंगी- (क) किसी विधिक उत्तराधिकारी या रजिस्ट्रीकृत वसीयत के मामले में प्रभार की दरें निम्नवत होगी :-

क्र.सं.	सम्पत्ति का क्षेत्रफल (वर्ग फिट में)	प्रभार की धनराशि (रुपये में)
1	1000 तक	500/-
2	1001 - 2000 तक	1000/-
3	2001 - 3000 तक	1500/-
4	3000 से अधिक	2500/-

(ख) नियम - 3 के उपनियम (3) के अधीन अन्य सभी मामलों में प्रभारों की दर जिलाधिकारी द्वारा नियत सर्किल रेट या पंजीकरण विलेख में अंकित धनराशि, जो भी अधिक हो, के आधार पर निम्नवत होगीः-

क्र.सं.	सम्पत्ति का क्षेत्रफल (वर्ग फिट में)	प्रभार की धनराशि (रुपये में)
1	05 लाख रुपये तक	1000/-
2	05 लाख रुपये से 10 लाख रुपये तक	2000/-
3	10 लाख रुपये से 15 लाख रुपये तक	3000/-
4	15 लाख रुपये से 50 लाख रुपये तक	5000/-
5	50 लाख रुपये से ऊपर	10000/-

(2) उपर्युक्त दरों में परिवर्तन अधिनियम, 1916 की धारा 92 के प्राविधानों के अन्तर्गत नगर पालिका परिषद बोर्ड की स्वीकृति / अनुमति से किया जा सकेगा ।

(3) उपनियम (1) 1 के खण्ड (क) के अधीन एक से अधिक मध्यवर्ती संशोधन और परिवर्तन की स्थिति में प्रत्येक संशोधन और परिवर्तन पर उसमें विनिर्दिष्ट धनराशि के 10 प्रतिशत की दर से अतिरिक्त प्रभार देय होगा ।

(4) यदि उपनियम (1) के खण्ड (ख) के मामलों में एक या एक से अधिक मध्यवर्ती विक्रय या अन्य अन्तरण हों और सम्बन्धित सम्पत्ति मध्यवर्ती क्रेताओं या अन्तरिती के नाम से निर्धारण सूची में अन्तरित न की गई हो तो प्रत्येक मध्यवर्ती विक्रय विलेख / अन्तरण पर इस उपविधि के अनुसार उपनियम (1) के खण्ड (ख) में विनिर्दिष्ट धनराशि के 25 प्रतिशत की दर से अतिरिक्त प्रभार उद्गृहीत किया जाएगा।

(5) यदि उस सम्पत्ति के संबंध में नगर पालिका से सम्बन्धित कोई धनराशि देय है तो उसका भुगतान निर्धारण सूची के संशोधन और परिवर्तन हेतु देय प्रभारों के साथ किया जाएगा।

आदेश का संशोधन या निरस्तीकरण	7	जहाँ अधिशासी अधिकारी स्वतः या अन्यथा, ऐसी जाँच जैसा वह उचित समझे या निरस्तीकरण से सन्तुष्ट है कि सूची में संशोधन या परिवर्तन छल, सारवान तथ्यों के दुर्व्यपदेशन करके अथवा तथ्यों को छिपाकर अथवा मिथ्या, अशुद्ध और अपूर्ण अभिलेखों के आधार पर किया गया है तो वह सम्बन्धित व्यक्ति सुनवाई का युक्तियुक्त अवसर देते हुए पुनः सुनवाई कर सकता है और लिखित रूप में कारणों को अभिलिखित करते हुए संशोधन या परिवर्तन निरस्त कर सकता है, उसे संशोधित कर सकता है अथवा परिवर्तित कर सकता है।
अपील	8	अधिशासी अधिकारी के किसी आदेश से क्षुब्ध कोई व्यक्ति उस दिनांक जिस दिनांक को उसे विनिश्चय संसूचित किया गया है, से तीस दिन के भीतर उत्तर प्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1916 की धारा- 160 अधीन अपील कर सकता है।

प्रपत्र - 1

(नियम - 4 (1ख) देखे)

भवन निर्माण / पुनर्निर्माण / परिवर्तन / परिवर्धन सम्बन्धी सूचना - प्रपत्र

1. भवन स्वामी / अध्यासी का नाम -
2. भवन संख्या / आई०डी० सहित भवन की अवस्थिति -
3. भवन का वर्तमान वार्षिक मूल्य -
4. सम्पत्ति कर भुगतान की अद्यतन रसीद सं० -
5. पूर्व से निर्मित भवन का आच्छादित क्षेत्रफल -
6. नव-निर्माण, पुनर्निर्माण या परिवर्धन अंश का क्षेत्रफल -
7. नवझनिर्माण, पुनर्निर्माण या परिवर्धन के समापन की तिथि -
8. अध्यासन की तिथि -
9. अन्य विवरण - यदि कोई हो -

स्थान- हस्ताक्षर भवन स्वामी / अध्यासी

पता -

दिनांक- मोबाइल नं.-

प्रपत्र- 2

(नियम - 4 (2) देखें)

निर्धारण सूची में/संशोधन / परिवर्तन प्रपत्र

1. आवेदक का नाम, पितृ नाम और पता -
2. सम्पत्ति का विवरण-

(1) विक्रय और दान आदि के मामलों में-
(क) सम्पत्ति संख्या / आई०डी० और वर्तमान स्वामी का नाम
(ख) भूमि का क्षेत्रफल / भवन का आच्छादित क्षेत्रफल
(ग) वर्तमान वार्षिक मूल्य
(घ) अन्तरिती का नाम, पितृ नाम और पता
(ङ) हस्तान्तरण की प्रकृति- बिक्री/दान
(च) अन्तरण विलेख के निबन्धन की तिथि
(छ) कोई अन्य विवरण
(2) मृत्यु, वसीयत आधारित उत्तराधिकार के मामलों में-
(क) सम्पत्ति संख्या और वर्तमान स्वामी का नाम
(ख) भूमि का क्षेत्रफल / भवन का आच्छादित क्षेत्रफल
(ग) वर्तमान वार्षिक मूल्य
(घ) व्यक्ति का नाम (मृत्यु तिथि सहित), पितृ नाम तथा पता जिसके सापेक्ष उत्तराधिकारी द्वारा दावा किया गया है।
(ङ) आवेदक का मृतक से संबंध
(च) उत्तराधिकारियों का विवरण और अंश
(छ) उत्तराधिकार का आधार (पैतृक, वसीयत आदि)
(ज) कोई अन्य विवरण
(3) भ्रान्त कथन, भूल या लोप के मामलों में-
(क) सम्पत्ति संख्या और वर्तमान स्वामी का नाम
(ख) भूमि का क्षेत्रफल / भवन का आच्छादित क्षेत्रफल (ग) वर्तमान वार्षिक मूल्य
(घ) भ्रान्त कथन त्रुटि या लोप की प्रकृति का विवरण
(ङ) भ्रान्त कथन, त्रुटि या लोप की पुष्टि में साक्ष्य
(च) कोई अन्य विवरण
टिप्पणी- उप क्रमांक (1) (2) (3) में से यथा लागू विवरण भरें।

3. आवेदन शुल्क भुगतान का विवरण-
4. अपलोड किये गये अभिलेखों का विवरण-

(1) (2) (3) (4)

प्रपत्र- 3

(नियम - 4(2घ) देखें)

नोटिस

श्री / श्रीमती ______________ पुत्र/पुत्री / पत्नी श्री/श्रीमती. ______________ निवासी ______________ का नाम नगर पालिका परिषद लखीमपुर की कर निर्धारण सूची में अंकित है।

2. (1) श्री / श्रीमती. ______________ पुत्र/पुत्री / पत्नी श्री/श्रीमती. ______________ निवासी. ______________ द्वारा इस संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि श्री / श्रीमती ______________ पुत्र/पुत्री / पत्नी ______________ श्री / श्रीमती. ______________ की मृत्यु दिनांक ______________ को हो गई है वह / वे उनके विधिक उत्तराधिकारी हैं और साक्ष्य रूप में ______________ प्रस्तुत किया गया है।

(2) उनके द्वारा अपना नाम प्रविष्ट कर निर्धारण सूची को संशोधित/परिवर्तित करने का अनुरोध किया गया है।

3. यदि किसी व्यक्ति / व्यक्तियों को उपरोक्त के विरूद्ध कोई आपत्ति हो तो वह / वे अपनी आपत्तियाँ लिखित रूप में साक्ष्यों सहित इस नोटिस के प्रकाशित / प्राप्त होने के दिनांक से 30 दिन के भीतर नगर पालिका परिषद लखीमपुर कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता / सकती हैं । उक्त तिथि तक कोई आपत्ति प्राप्त न होने की स्थिति में आवेदक / आवेदकों का नाम सूची में प्रविष्ट कर दिया जाएगा और कोई पश्चातवर्ती दावा, ग्रहण नहीं किया जाएगा।

सम्पत्ति का विवरण-

सम्पत्ति आई.डी. ______________ सम्पत्ति संख्या ______________ अवस्थिति ______________

जारी करने की तिथि ______________

मुहर हस्ताक्षर

जारी करने वाले अधिकारी का नाम पदनाम सहित

प्रतिलिपि - निम्नलिखित को सूचनार्थ -
1. समस्त हितबद्ध व्यक्तियों के नाम
2. आवेदक का नाम

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत सिंगाही भेड़ौरा
लखीमपुर-खीरी

अध्यक्ष
नगर पंचायत सिंगाही भेड़ौरा
लखीमपुर-खीरी

संक्षेप

खाली पड़े प्लाट पर जबरन कब्जा करने का आरोप

ललितपुर। शहर क्षेत्र के मोहल्ला चैकाबाग रावतयाना में रहने वाले पीयूष रैकवार पुत्र स्व.बालचंद्र रैकवार ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर दबंगों द्वारा उसकी जमीन पर जबरन अवैध कब्जा करने का गंभीर आरोप लगाया है। पुलिस को दी तहरीर में पीयूष ने बताया कि उसका रावतयाना बाईपास हाई-वे रोड पर एक प्लाट जो कि 100 वाई 52 का है, जिसका नम्बर 6509 व 6510 है। पीड़ित ने बताया कि उक्त जमीन उसकी पैतृक सम्पत्ति है। इस जमीन पर नेहरू महाविद्यालय के गेट नं. 2 के सामने रहने वाले दबंग जबरन कब्जा कर रहे हैं। आरोप है कि रविवार को उक्त लोगों ने उसके प्लाट पर जाकर जबरन बोर करा दिया है, जब उसने अपने प्लाट पर उक्त लोगों से बोर कराने से मना किया तो उक्त लोगों ने उसे गालियां देते हुये मारपीट पर आमादा हो गये और जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने बताया कि चार अज्ञात बदमाशों ने उसे दौड़ाकर मारने का प्रयास किया। पीड़ित ने बताया कि उक्त लोग जमीन पर अवैध कब्जा कर उसकी बाउण्ड्रीबाल पर अपना नाम लिखवा दिया है, जबसे वह काफी परेशान है। पीड़ित ने पुलिस से मामले में जांच कर कार्यवाही किये जाने की मांग उठायी है।

प्रोजेक्ट नयी किरण में तीन मामले सुलझे

ललितपुर। स्थानीय पुलिस लाइन सभागार में पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के निर्देशन में प्रोजेक्ट नई किरण का आयोजन किया गया, जिसमें नई किरण के सभी सदस्यों द्वारा समझाने के बाद तीन परिवारों का आपस में सुलह-समझौता कराया गया, वहीं पांच मामलों को अग्रिम तिथि दी गयी। नई किरण प्रोजेक्ट से जिले में बिखरे हुए परिवारों को जोडकर उनके दाम्पत्य जीवन में एक नई रोशनी आयेगी। नई किरण प्रोजेक्ट बिखरे परिवार को एक सूत्र में बांधने का प्रयास है। इस दौरान एएसपी कालू सिंह, अजय बरया, डा.एस.पी.पाठक, सुभाष जैन, डा.जनक किशोरी शर्मा आदि मौजूद रहीं।

भजन गायकों ने दर्शकों की बटोरी वाहवाही

बांदा। नरी गांव के सिद्ध पीठ मगरहाबाबा में नवरात्रि महोत्सव का आयोजन हुआ। दो दिवसीय कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र के ख्यातिप्राप्त भजन गायकों ने दर्शकों की वाहवाही बटोरी। दोहतरा गांव निवासी रामधनी सिंह चैहान, महाराष्ट्र मुंबई से आए भजन गायक पवन तिवारी, सोनू त्रिपाठी ने धक-धक अभी से जिया डोल रहा है, नींद न आई जाने क्या बात है, वैद क्या जाने मुझे दिल की बीमारी का गायन किया। पवन तिवारी ने मेरा जीवन तेरे हवाले, राम धुन में जब तक तू मगन ना होगा गीत प्रस्तुत किया।

सोनू त्रिपाठी ने संसार के लोगों से आशा न किया करना, सरकार मेरी नैया उस पार लगा देना, कौन ऐसा है इस जग में गुनहगार नहीं आदि गीत प्रस्तुत किए। नाल वादक पं. दीनदयाल तिवारी, मृदंग आचार्य पंडित अवधेश द्विवेदी, तबला वादक पं. सुशील द्विवेदी कानपुर, आर्गन वादक चंदन, बैंजो वादक अबरार, पैड पर दीपक कानपुर ने संगत की।

उप जिलाधिकारी शशिभूषण मिश्र, दिलीप सिंह लखेरा, अरुण द्विवेदी, निर्भय सिंह गौतम, राजा सिंह पिपरहरी, सपा नेता अशोक सिंह गौर व बड़ी संख्या में श्रोता मौजूद रहे।

भाजपाइयों ने बजट को सराहा बोले हर वर्ग को मिलेगा लाभ

जिला संवाददाता

बांदा। भाजपा कार्यालय में पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के केन्द्रीय बजट का लाइव प्रसारण देखा। मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का यह दूसरा एवं वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का 9वां बजट है।

बजट में केन्द्र सरकार के लक्ष्य, विकसित भारत 2047 और किसानों, गरीबों, महिलाओं, युवाओं एवं नौकरी पेशे वालों के हितों को ध्यान में रखा गया है। बजट का उद्देश्य लोगों की उम्मीदों को पूरा करना, आर्थिक ग्रोथ को बढ़ावा देना, सामान्य नागरिकों को अधिक सुविधाएं तथा अवसर देना, सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास को समाज के सभी वर्गों तक विकास का लाभ पहुंचाने के साथ ही निवेश, उद्योग और रोजगार सृजन को मजबूत करना है।

बजट में रोजगार पैदा करने, कृषि उत्पादकता को बढ़ाने, परिवारों को खरीदने की शक्ति तथा लोगों को यूनिवर्सल सर्विस देने के लिए सुधार किए गये हैं। इसमें यह सुनिश्चित किया गया है कि सरकार के हर काम से लोगों को फायदा हो। इसी तरह शिक्षा के क्षेत्र में रोजगार और उद्यम को बढ़ावा देने के लिए उच्च स्तरीय समिति गठित करने का प्रस्ताव किया गया है। बजट, खेल, रोजगार, कौशल विकास तथा नौकरी के अनेक अवसर प्रदान करने वाला है। भाजपा पदाधिकारियों ने बजट में विकसित भारत के लक्ष्य को पूरा करने वाला, बहुउद्देशीय व बहुस्पर्शी बताया है।

इस दौरान राष्ट्रीय परिषद सदस्य संतोष गुप्ता, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष जगराम सिंह, जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत, उपाध्यक्ष ममता मिश्रा, प्रेमनारायण द्विवेदी, धर्मेन्द्र त्रिपाठी, जिला मीडिया प्रभारी उत्तम सक्सेना, अखिलेश नाथ दीक्षित, राजकुमार राज, अमित सेठ भोलू, सुमन तिवारी, जागृति वर्मा, संतोष राजपूत व अन्य लोग मौजूद रहे।

महिला बैंक कर्मी ने साथी कर्मी पर लगाया प्रताड़ना का आरोप

ललितपुर। एचडीएफसी बैंक में पीबी पर्सनल बैंकर डिप्टी मैनेजर पद पर कार्यरत महिला कर्मी ने साथ काम करने वाले युवक पर आये दिन प्रताड़ित करने, बदनाम करने और शारीरिक व मानसिक रूप से परेशान करने का गंभीर आरोप लगाया है। इलाइट चैराहा से राजघाट रोड स्थित कपिल मैरिज गार्डन के पास रहने वाली परवीन खातून पत्नी नवाज रहिमतुल्ला ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसके साथ एचडीएफसी शाखा में तैनात विक्रम बुन्देला पुत्र कृपाल सिंह बुन्देला उसे आये दिन प्रताड़ित करता आ रहा है। आरोप है कि उसके द्वारा विरोध करने पर विक्रम बुन्देला उसे बदनाम करने इत्यादि की धमकी देता है। शारीरिक व मानसिक रूप से परेशान करता है।

बताया कि बीती मई 2025 में भी विक्रम बुन्देला ने उसके साथ मारपीट की थी, जिसका सीसीटीवी वीडियो उसके पास मौजूद है। यह भी आरोप है कि विक्रम बुन्देला उसके साथ गालियों के साथ अभद्र और अश्लील टिप्पणी करता है।

महिला बैंक कर्मी की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने विक्रम बुन्देला के खिलाफ बीएनएस की धारा 296, 352, 115 (2), 351 (2) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

वीर परिवार सहायता योजना के तहत विधिक जागरूकता शिविर आयोजित

जिला संवाददाता (vol)

बिजनौर। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के आदेश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में बीते दिन कार्यालय जिला सैनिक कल्याण बोर्ड, बिजनौर में पूर्व सैनिकों की योजना ह्वीर परिवार सहायता योजना 2025ह्व के सम्बन्ध में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कैप्टन अनिल कुमार गुप्ता, जिला सैनिक कल्याण अधिकारी द्वारा की गयी। मुख्य अतिथि सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बिजनौर स्वाति चन्द्रा रहीं। कार्यक्रम का संचालन सुरेश चन्द्र द्वारा किया गया।

मुख्य अतिथि सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण स्वाति चन्द्रा द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित सभी पूर्व पूर्व सैनिकों को ह्वीर परिवार सहायता योजना 2025ह्व की आवेदन प्रक्रिया, लाभ, पात्रता व अन्य जानकारी देते हुए यह बताया गया कि यह योजना रक्षा बलों और केन्द्रीय सशस्त्र बलों (सीएपीएफ) के सेवारत एवं सेवानिवृत्त कर्मियों, जिनमें पूर्व सैनिकों शामिल किया गया है। योजना का लाभ उठाने के लिए आवेदक को धारा-12 विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम में वर्णित श्रेणी के अन्तर्गत पात्र होना चाहिए परंतु यदि आवेदक उक्त सभी श्रेणी में पात्र नहीं है, तब भी आवेदक निः शुल्क अधिवक्ता प्राप्त कर अपने प्रकरण के सम्बन्ध सम्पूर्ण विधिक राय प्राप्त कर सकता है तथा पात्र लाभार्थियों को नालसा के माध्यम से निः शुल्क और सक्षम कानूनी सेवाएं प्राप्त करने का अधिकार है। कार्यक्रम जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के चीफ एल0एल0डी0सी0 प्रवीण कुमार देशवाल द्वारा पूर्व सैनिकों के लिये निः शुल्क विधिक सहायता के लिए नालसा का टॉल फ्री नम्बर के माध्यम से विधिक जानकारी दी गयी व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं एल0एल0डी0सी0 की कार्यशैली एवं संचालन के बारे में बताते हुए पूर्व सैनिकों को जागरूक किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में मौजूद पूर्व सैनिकों द्वारा सचिव/अपर जनपद न्यायाधीश जिला विधिक सेवा प्राधिकरण स्वाति चन्द्रा के समक्ष अपनी-अपनी विधिक समस्याएं साझा की गयी जिनका संतोषजनक उत्तर सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण व चीफ एल0एल0डी0सी0 प्रवीण कुमार देशवाल द्वारा दिया गया। कार्यक्रम में ह्वीर परिवार सहायता योजना 2025ह्व से सम्बन्धित प्रचार सामग्री कार्यक्रम में उपस्थित सभी पूर्व सैनिकों को भी दी गयी। कार्यक्रम में सैनिक जिला सैनिक कल्याण बोर्ड व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कर्मचारी व पराविधिक स्वंसेवक मौजूद थे।

मोटर साइकिल का अगला चक्का खोलकर ले गया बदमाश

ललितपुर। नहर के पास मोहल्ला पिसनारी में रहने वाले उमाशंकर पुत्र दयाराम विश्वकर्मा ने कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीती 30 जनवरी की रात उसकी हीरो पेशन प्रो मोटर साइकिल घर के बाहर खड़ी हुयी थी, जिस पर देर रात्रि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा उसकी मोटर साइकिल का अगला चक्का खोलकर ले गया था। अगले दिन की सुबह 31 जनवरी को जब उसने देखा कि बाइक का चक्का नहीं है तो उसने सीसीटीवी कैमरे में फुटेज देखी तो पाया कि कुंवरपुर व हाल पिसनारी निवासी भरत पुत्र जयसिंह द्वारा मोटर साइकिल का चक्का खोलकर चोरी किया गया है। पुलिस ने उमाशंकर की तहरीर पर भरत के खिलाफ बीएनएस की धारा 303 (2) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

उधारी के रुपये वापस मांगे तो मारपीट कर धमकाया

ललितपुर। कोतवाली महरौनी अंतर्गत ग्राम सैदपुर मुडिया में रहने वाले मोतीलाल पुत्र हरलाल ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 31 जनवरी शनिवार की रात करीब 8 बजे वह अपने खोखा दुकान में बैठा था। तभी गांव के नीतेश पुत्र बालकिशन आया, जब उसने नीतेश से उधारी के पांच हजार रुपये मांगे तो नीतेश ने उसे गालियां देते हुये मारपीट कर दी। शोरगुल सुनकर उसकी पत्नी उपासना व पुत्र सौरभ आ गये, तभी बालकिशन पुत्र छिदामी उर्फ कंछेदी व फूलबाई पत्नी बालकिशन भी आ धमके और उक्त लोगों ने एकराय होकर मारपीट करते हुये जान से मारने की धमकी दी। घटना की सूचना पीड़ित ने तत्काल 112 पर डायल कर पुलिस को दी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115 (2), 352, 351 (3) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

गाड़ी खड़ी करने पर हुआ विवाद, मारपीट

अयोध्या। नगर कोतवाली के लालबाग कुम्हारन टोला में घर के सामने गाड़ी खड़ी करने पर विवाद हो गया। विवाद के बाद मारपीट हुई। प्रकरण में पुलिस ने पांच के खिलाफ बलवा-मारपीट की रिपोर्ट दर्ज की है।

भण्डारे का सामान लेकर ट्रैक्टर से लौट रहे युवकों पर कुल्हाड़ी से हमला

जिला संवाददाता

ललितपुर। भण्डारा समाप्त कर प्रधान के ट्रैक्टर से सामान लेकर लौट रहे युवकों को बीच रास्ते में रोकते हुये जाति सूचक शब्दों का प्रयोग कर गालियां देकर अपमानित करने, मारपीट कर धमकाने का मामला प्रकाश में आया है। इस मारपीट में घायल युवकों के परिजनों ने कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। पीड़ित पक्ष की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने आधा दर्जन नामजद लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

पुलिस चैकी अमरपुर गल्ला मण्डी क्षेत्र के ग्राम विघामहावत में रहने वाले राकेश पुत्र प्यारेलाल ने तहरीर देकर बताया कि बीती तीस जनवरी को गांव में स्थित माता मंदिर पर अहिरवार समाज का सामूहिक भण्डारा था। भण्डारा उपरान्त रात करीब 8.30 बजे उसका पुत्र देशराज व गांव का शिवचरन पुत्र खरगे अपने गांव प्रधान के ट्रैक्टर से सामान लेकर वापस लौट रहा था। आरोप है कि वह जैसे ही गांव में पहुंचा तो बलवंत सिंह ने अपने मकान के सामने बीच रोड पर मोटर साइकिल लगा दी। बलवंत से जब मोटर साइकिल हटाने की बात कही तो बलवंत सिंह पुत्र सिंधुसिंह राजपूत, कल्लू पुत्र रूप सिंह, राजन

- जानलेवा हमले में दो लोग घायल, पीड़ित पक्ष की तहरीर पर पुलिस ने दर्ज की एफआईआर
- लोग दबंग और आपराधिक किस्म के लोग हैं

पुत्र बाबू, लखन पुत्र देशपत, प्रभु पुत्र प्रीतम, निहाल पुत्र सूरज सिंह लोधी ने एकराय होकर अपने-अपने हाथों में लाठी-डण्डा व कुल्हाड़ी लेकर जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर गालियां देने लगे। मोटर साइकिल बीच रोड से हटाने और गालियां देने का विरोध करने पर उक्त लोगों ने देशराज व शिवचरन पर जानलेवा हमला कर दिया, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गये। हमले में शिवचरन का सिर फट गया तो वहीं देशराज को भी काफी चोटें आयीं। घटना को देख ट्रॉली में सवार लोगों ने जब हमलावरों को ललकारा तो उक्त लोग जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये। शोरगुल सुनकर कृष्णपाल पुत्र रमू अहिरवार, शिवदीन पुत्र खरगे, बब्बू पुत्र मिटठूलाल, ललनजू पुत्र जुरउ एवं ट्रैक्टर में बैठे लोगों ने देखा। मौके से डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी, तब अमरपुर मण्डी चौकी पुलिस ने मौके पर पहुंच कर घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। आरोप है कि उक्त लोग दबंग और आपराधिक किस्म के लोग हैं। यह भी आरोप है कि हमलावरों ने धमकी दी है कि शिकायत की तो गांव में आना-जाना बंद कर देंगे। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 191 (2), 115 (2), 352, 351 (3) व एस.सी. एस.टी. एक्ट की धारा 3 (1)(द), 3 (1)(घ), 3 (2)(व्ही.ए.) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

केंद्रीय बजट स्वागत योग्यः प्रांतीय उपाध्यक्ष

बांदा। भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रांतीय उपाध्यक्ष एवं व्यापारी नेता मयंक गुप्ता सर्राफ ने केन्द्रीय बजट का स्वागत किया है। उन्होंने बजट को भविष्योन्मुखी और अर्थ व्यवस्था को मजबूत करने वाला बताया है। मयंक गुप्ता सर्राफ ने कहा कि मैनिफैक्चरिंग, कैपिटल गुड्स तथा कपड़ा क्षेत्र के लिए नई रियायतों की घोषणा से उद्योग जगत में खासा उत्साह है। किसानों की आय बढ़ाने के लिए फसलों के ऊंचे समर्थन मूल्य को बढ़ाने की घोषणा की गयी है। कहा कि छोटे व मध्यम एम एस एम ई व्यापारियों के लिए बजट में 10000 करोड़ रुपये की विशेष व्यवस्था की गयी है। उन्होंने कहा कि केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने पेश किए गये बजट में किसान, महिला और युवाओं, सभी वर्ग का पूरा ध्यान रखा है। मयंक ने बजट को प्रशंसनीय बताया है। शहर के अन्य व्यापारियों ने भी केन्द्रीय बजट का स्वागत किया है और इसे विकासोन्मुखी करार दिया है। महिलाओं और युवाओं ने भी बजट की प्रशंसा की है।

बीमार को इलाज के बहाने ले जाकर कराया बैनामा

बांदा। नरैनी कोतवाली क्षेत्र के जमवारा गांव निवासिनी कुरैशा बेगम ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर न्याय की फरियाद की है। कुरैशा बेगम पत्नी शाहिद सिद्दीकी ने पुलिस को बताया कि पति कैंसर की गंभीर बीमारी से जूझ रहे थे और उनकी हालत बेहद नाजुक थी। आरोप लगाया कि बीती 9 जनवरी को सवेरे गांव के कुछ लोग उनके घर आए और पति को इलाज कराने का झांसा देकर पति को अपने साथ ले गये। पीड़िता का कहना है कि आरोपी पति को चार पहिया वाहन से नरैनी ले गए, वहां पहले से ही रची गई साजिश के तहत तहसील नरैनी में बैनामा लेखक की मदद से उनके पति के फर्जी हस्ताक्षर कराए गए। इसके बाद संपत्ति से संबंधित बैनामा तैयार कराकर उसे रजिस्ट्रार कार्यालय नरैनी में पंजीकृत करा दिया। आरोप है कि बैनामा में किसी भी स्वतंत्र गवाह का उल्लेख नहीं किया गया, बल्कि बैनामा लेखक को ही गवाह बना दिया गया, यह नियमों के विरुद्ध है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि 12 जनवरी को जब उन्हें इस मामले की जानकारी हुई, उसी दिन उनके पति की हालत अचानक बिगड़ गई और दिल का दौरा पड़ने से उनकी मौत हो गई। पति के देहांत के बाद परिवार में शोक के चलते वह तत्काल थाने में प्राथमिकी दर्ज नहीं करा सकीं। पीड़िता कुरैशा बेगम ने पुलिस से न्याय की फरियाद की है।

विभिन्न मतदान केंद्रों का डीएम ने औचक निरीक्षण किया, कार्य की प्रगति जानी

जिला संवाददाता (vol)

बिजनौर। जिलाधिकारी जसजीत कौर द्वारा बिजनौर तहसील क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर बीएलओ की उपस्थिति एवं उनके कार्य प्रगति का मुआयना किया गया। सर्वप्रथम उन्होंने प्राथमिक विद्यालय हमीरपुर सुधा में स्थापित मतदान केंद्र का निरीक्षण किया, जहां दोनों बीएलओ अनुपस्थित पाई गई।

जिलाधिकारी जसजीत कौर को शनिवार की शाम निरीक्षण के दौरान स्कूल में उपस्थित सहायक अध्यापक नरेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि यहां पर दो आंगनबाड़ी कार्यकत्री बीएलओ जैनब एवं कीसा तैनात हैं। उसके बाद उन्होंने आदर्श विद्या निकेतन इंटर कॉलेज शाहबाजपुर का निरीक्षण किया जहां दो बीएलओ जसवंत कुमार शिक्षामित्र तथा जितेंद्र सिंह अनुदेशक उपस्थित पाए गए। दोनों बीएलओ ने बताया कि आज कोई फॉर्म नहीं भरा गया है। जिलाधिकारी द्वारा फार्मों की उपलब्धता के बारे में मालूम किए जाने पर बताया गया कि फॉर्म 6 कम संख्या उपलब्ध हैं जबकि फार्म 7 मतदान केंद्र पर मौजूद नहीं है। उन्होंने निर्देश दिए की फॉर्म 6 और फॉर्म 7 दोनों पर्याप्त संख्या में बूथों पर रखें और यदि कोई मतदाता बूथ पर आने में असमर्थ है तो गांव में जाकर उनसे फॉर्म भरवाना सुनिश्चित कराएं। प्राथमिक विद्यालय तिमारपुर के निरीक्षण के दौरान में गेट पर ताला लगा पाया गया।

श्री सत्य साईं प्रेम प्रवाहिनी रथ यात्रा का हुआ नगर भ्रमण

ललितपुर। श्री सत्य साईं सेवा संगठन उत्तर प्रदेश के तत्वाधान में एक फरवरी 2026 (रविवार) को श्रीसत्य साईं प्रेम प्रवाहिनी रथ यात्रा का नगर में भव्य भ्रमण किया गया। नगर भ्रमण के दौरान विभिन्न सामाजिक, धार्मिक एवं सेवा संगठनों द्वारा रथ यात्रा का पुष्पवर्षा, पुष्पांजलि एवं सम्मान के साथ स्वागत किया गया। रथ यात्रा का प्रमुख स्वागत राजपूत कॉलोनी में किया गया, जहां रजनीश पुरोहित, डी.एस.विवेक, डा.अवधेश तिवारी,

- रथ यात्रा का जगह-जगह हुआ भव्य स्वागत
- प्रेम, सेवा और कौमी एकता का दिया संदेश

बृजभान सिंह, संजय भारती सहित अन्य लोगों ने रथ का अभिनंदन किया। इसके उपरांत श्रीगुरु सिंह सभा द्वारा गुरुद्वारे पर रथ यात्रा का सम्मान एवं पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर ओंकार सिंह सलूजा, हरविंदर सलूजा, मनजीत सिंह सलूजा सहित अनेक सिख समाज के लोग उपस्थित रहे। शिरडी साईं फैमिली द्वारा श्रद्धालुओं को खिचड़ी प्रसाद का वितरण किया गया, जिसमें सी.पी. सैनी, महेश पाल सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे। बुंदेलखंड विकास सेवा की ओर से भी रथ यात्रा का स्वागत किया गया, जिसमें हरीश कपूर टीटू, लक्ष्मी नारायण विश्वकर्मा प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। कौमी एकता समिति की ओर से परवेज पठान, भारतीय किसान यूनियन की ओर से सुनील शर्मा अपनी टीम के साथ रथ यात्रा के स्वागत में शामिल हुए। प्रेस क्लब की ओर से अध्यक्ष राजीव बबेले सप्पू, महामंत्री अमित सोनी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विजय जैन, कल्लू, पवन संज्ञा, सुनील सैनी, अनिल सैनी सहित पत्रकार साथियों ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। नगर के घण्टाघर चैराहे पर नगर पालिका परिषद द्वारा पुष्पवर्षा की गई। अटा मंदिर पर जैन समाज, धनुषधारी मंदिर पर गहोई वैश्य समाज, चित्रांश फाउंडेशन एवं श्रीवास्तव परिवार तालाबपुरा की ओर से विनय श्रीवास्तव, होटल अनुरस पर नरसिंह मंदिर समिति की ओर से हाकिम सिंह एवं परिवार तथा नारायण सिंह यादव तालाबपुरा एवं मुकेश विश्वकर्मा तालाब की ओर से रथ यात्रा का स्वागत किया गया। सायंकाल अग्रवाल रेजीडेंसी में भव्य भजन संध्या का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में श्री सत्य साईं सेवा समिति के प्रदेश अध्यक्ष सचिन नेब, उपाध्यक्ष अमिताभ शरण, आध्यात्मिक समन्वयक संजय तिवारी, मध्य प्रदेश आध्यात्मिक समन्वयक सुनील, ओंकार तिवारी, निशांत वर्मा सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस दौरान श्री सत्य साईं सेवा समिति के वरिष्ठ एवं पुराने सेवाधारियों, साईं भक्तों एवं नगर के गणमान्य नागरिकों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। रथ यात्रा ने नगर में प्रेम, सेवा, सद्भाव एवं मानव एकता का सशक्त संदेश दिया। रथ यात्रा आगमन अवसर पर संजय श्रीवास्तव, विजय श्रीवास्तव, शरद खैरा, हाकिम सिंह, स्वामी अनुराग अमर, डा.जगवीर सिंह, रमन शर्मा, वसीम खजुरिया, राघवेंद्र सिंह खोखरा, वृषभान सिंह रमन शर्मा रमेश आदि उपस्थित रहे।

आत्म रक्षा के उद्देश्य से स्कूल में बच्चों को जूडो-कराटे का प्रशिक्षण दिया गया

नगीना, बिजनौर। आत्म रक्षा के उद्देश्य से स्कोलर पब्लिक स्कूल में जूडो-कराटे का प्रशिक्षण ट्रेनर जोया प्रवीन द्वारा कराया गया जिसमें छात्र छात्राओं को ब्रेक प्रकार से अलग अलग करतब सिखाकर आत्म रक्षा के गुण सिखाएं। रविवार को स्कोलर पब्लिक स्कूल में आयोजित प्रशिक्षण शिविर के बारे में विद्यालय के एमडी शारिक नोमानी ने बताया कि छात्र छात्राओं को फिजिकल रूप से फिट रहने और आत्म रक्षा के उद्देश्य से शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें सभी छात्र छात्राओं ने रूचि दिखाते हुए शिविर के आयोजन को महत्व देते हुए गुण सीखे। आयोजन को सफल बनाने में तनवीर आलम, फरहत जैदी, असमा इरफान, करीमा जैदी, मदीहा, अयाज आदि का योगदान रहा।

छात्राओं को कराया गया अंतर्राज्यीय शैक्षिक भ्रमण

महोबा। पीएमश्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज महोबा की चयनित 40 छात्राओं को समग्र शिक्षा योजनांतर्गत जिला विद्यालय निरीक्षक प्रेमचंद यादव के मार्गदर्शन में मध्य प्रदेश के ऐतिहासिक शहर ग्वालियर का पांच दिवसीय शैक्षिक भ्रमण कराया गया। ग्वालियर में छात्राओं को क्षेत्रीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान संस्थान, ऐतिहासिक किला, चिड़ियाघर, प्रयोगशाला पशु सुविधा, परिषद सभा कक्ष का भ्रमण कराया गया। उक्त शैक्षिक भ्रमण के संबंध में प्रधानाचार्या सरगम खरे ने बताया कि आयुर्वेद संस्थान में चिकित्सा पद्धति के नवीन प्रयोगों की विस्तृत जानकारी विशेषज्ञों एवं चिकित्सकों द्वारा छात्राओं को दी गई। इस यात्रा का उद्देश्य छात्राओं को व्यवहारिक ज्ञान, नवाचार के माध्यम से कौशल प्रबंधन तथा अपने प्रदेश के बाहर की संस्कृति, बोली, इतिहास आदि से परिचित कराना था। इस यात्रा में प्रधानाचार्या के साथ शबाना सिद्दीकी, सतचरन प्रजापति, रंजना धुरिया, शांति रैकवार आदि शिक्षक एवं शिक्षिकायें उपस्थित रहे।

प्रकाश की आध्यात्मिक, सार्वजनिक जीवन की प्रशंसा के गहरे संकेत

जिला संवाददाता

बांदा। खुरहण्ड में धार्मिक आयोजन के दौरान बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री की विधायक प्रकाश द्विवेदी की आध्यात्मिक तथा सार्वजनिक जीवन से जुड़ी प्रशंसा ने राजनीतिक हल्कों में गहरे संकेत छोड़े हैं। भगवान शंकर के रूद्राभिषेक और सुन्दरकाण्ड पाठ में पहुंचे पंडित धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री ने कहा कि इसी वर्ष विधायक के आग्रह पर

- खुरहण्ड में होगी इसी वर्ष हनुमंत कथा

खुरहण्ड में एक सप्ताह हनुमंत कथा सुनाएंगे। उनके वक्तव्यों से यह कयास लगाए जा रहे हैं कि प्रकाश द्विवेदी जन प्रतिनिधि होने के साथ ही राजनीति में महानायक की भूमिका में हैं। धार्मिक आयोजन के दौरान पंडित धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री ने विधायक प्रकाश द्विवेदी की धार्मिक निष्ठा और जनसेवा की सार्वजनिक रूप से की प्रशंसा ने सियासत में नए समीकरणों को जन्म दिया है। प्रशंसा के चलते यह उभरकर आया है कि जन प्रतिनिधि अध्यात्म को आत्मसात कर निष्छल भाव से सेवा करता है, वही जनता के बीच सफल बनाता है।

प्रकाश द्विवेदी के ऊपर बागेश्वर सरकार की आशीम कृपा है। राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि यह वक्तव्य महज आध्यात्मिक नहीं, बल्कि इसमें सामाजिक और राजनीतिक स्वीकार्यता का स्पष्ट संदेश भी है। यही वजह है कि प्रकाश द्विवेदी राजनीति में नायक नहीं महानायक के रूप में उभरे हैं। बागेश्वर पीठाधीश्वर के संदेश से यह परिलक्षित हो रहा है कि भगवान भी उन्ही की सुनते हैं जो जनसेवा में भी ईश्वर को देखते हैं। जनप्रतिनिधि जब सेवा को साधना मान लेता है तब जनता उसके लिए स्वयं जनार्दन बन जाती है। विधायक प्रकाश द्विवेदी के इस कार्यक्रम से विरोधियों के चेहरों पर असहजता साफ परिलक्षित हो रही है। इस आयोजन से 10 दिन पूर्व 5 दिवसीय हनुमंत कथा के जरिए राजनीतिक समीकरण साधने की कोशिश की गयी थी लेकिन वह खुद ही निष्तेज होकर प्रकाश द्विवेदी की बढ़ती लोकप्रियता के प्रकाश में समाहित होती दिखाई पड़ी। आयोजन प्रकाश द्विवेदी के जन समर्थन का सशक्त माध्यम दिखाई दे रहा है। विधायक प्रकाश द्विवेदी धीरेन्द्र शास्त्री के अनन्य भक्त और प्रशंसक माने जाते हैं। उन्हें आवास पर आमंत्रित कर एक स्पष्ट राजनीतिक और सामाजिक संदेश दे दिया है। अचानक सत्संग कार्यक्रम के आयोजन से विरोधी खेमे में पूरी तरह मायूसी देखी जा रही है।

सशक्त, संतुलित बजट

बात अब विकसित भारत तक सीमित नहीं है बल्कि इससे आगे बढ़ते हुए सरकार ने विकसित भारत के साथ ही शक्तिशाली भारत बनाने का संकल्प भी इस बजट के जरिए दिखाया है।

रक्षा बजट में ऐतिहासिक वृद्धि, लॉजिस्टिक्स, परिवहन में सुधार और विकास, एआई, सेमीकंडक्टर के क्षेत्र में ठोस पहल के साथ आयुर्वेद से लेकर पशुधन और रेयर अर्थ तक, जिस तरह सरकार देश की वर्तमान जरूरतों और भविष्य की आवश्यकओं को पूरा करने के लिए पहल कर रही है, उससे लगता है कि सरकार बदलते जियो पॉलिटिक्स के इस दौर में देश को विकसित भी बनाना चाहती है, आत्मनिर्भर भी बनाना चाहती है और शक्तिशाली भी बनाना चाहती है। बजट को लेकर सरकार, विपक्ष, आम आदमी और साधारण श्रमिक से लेकर उद्योग जगत के दिग्गजों तक, सबकी अपनी-अपनी राय होती है। सबको कुछ न कुछ उम्मीदें होती हैं और सबकी अपनी-अपनी धारणाएं होती हैं। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मोदी 3.0 का तीसरा बजट और वित्तमंत्री के रूप में लगातार 9वां बजट पेश करने का ऐतिहासिक रिकॉर्ड बनाते हुए देश के सशक्तीकरण की दिशा में चौतरफा पहल की है। पिछले बजटों में उन्होंने मध्य वर्ग की मुंह मांगी मुराद पूरी कर थी। आयकर में कटौती का लाभ सीधे-सीधे मध्य वर्ग को मिलता है और वह भी बिना कुछ किये। इसलिए सबसे अधिक चर्चा भी इसी पर होती है। नयी टैक्स रिजीम के तहत आयकर की दरों में भारी कटौती करके बड़ी राहत दी थी। वेतन भोगी वर्ग के लिए तो और भी खास अर्थात 75 हजार का स्टैंडर्ड डिडेक्शन भी दिया था। इस बड़ी टैक्स कटौती के बाद अगर नौकरी पेशा व्यक्ति को 12.75 लाख तक की आय पर कोई कर

नहीं देना। मध्य वर्ग अधिकांशतः शहरों मे रहता है और उसे इस तरह की टैक्स कटौती से सीधे लाभ होता है। इस तरह इस वर्ग को टैक्स कटौती के जरिए सरकार पहले ही बड़ी राहत दे चुकी है। इसलिए इस बजट में टैक्स कटौती के लिए कुछ खास था भी नहीं। जीएसटी सुधारों के जरिए सरकार ने वस्तुओं के दाम पहले ही कम कर दिये हैं। पहले आयकर में कटौती करके और फिर जीएसटी में कटौती करके सरकार ने टैक्स कटौती के मोर्चे पर इस बजट में कुछ नहीं छोड़ा था। इसीलिए इस बार बजट को लेकर ज्यादा बहस या होहल्ला जैसी स्थिति देखने को नहीं मिली। इसलिए सरकार ने इस बजट में पूरा फोकस आत्मनिर्भर भारत, विकसित भारत, स्वस्थ और शक्तिशाली भारत पर रखा है। शिक्षा, स्वास्थ्य, प्रौद्योगिकी, इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे क्षेत्रों को आगे बढ़ाने के लिए ठोस कदमों के साथ ग्रामीण विकास और कृषि क्षेत्र के उत्थान के लिए दूरगामी योजनाएं इस बजट में हैं। इनको अगर ठीक से जमीन पर उतारा गया तो भारत की आर्थिक प्रगति की कहानी में कृषि, डेयरी और समग्र ग्रामीण क्षेत्र का किरदार भी और बड़ा होगा। ग्रामीण क्षेत्र में प्रगति की रफ्तार तेज करने के लिए वित्तमंत्री ने किसान क्रेडिट कार्ड की ऋण सीमा 3 लाख रुपये से बढ़ाकर 5 लाख रुपये करने का वादा किया है। वित्त मंत्री ने उत्पादकता बढ़ाने, फसलों के विविधीकरण को बढ़ावा देने, सिंचित भूमि का दायरा बढ़ाने और भंडारण सुविधाओं में इजाफे के लिए भी गंभीर पहल की है। दरअसल यह ग्रामीण खपत बढ़ाने के लिए नहीं है बल्कि उन किसानों को सुविधा देने के लिए है जो नकदी फसलों की खेती करते हैं और जिनको खेती के लिए ज्यादा कर्ज की जरूरत है। इससे कृषि सीजन में खेती के लिए जरूरी इनपुट्स किसान आसानी से जुटा सकेंगे। खेती में निवेश बढ़ेगा तो उत्पादन भी बेहतर होगा और किसानों की आय भी बढ़ेगी जो अंततः ग्रामीण समृद्धि और भारत के विकास का कारण भी बनेगी। राज्यों के साथ मिलकर चलाए जाने वाले 'धन-धान्य कृषि कार्यक्रम' को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार के 'आकांक्षी जिला' कार्यक्रम की तर्ज पर तैयार किया गया है। वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने 2026-27 के इस बजट में केन्द्रीय फोकस विकसित भारत पर किया है और बाकी सारी योजनाएं, ऐलान, बजट आवंटन दरअसल इसी लक्ष्य को समर्पित हैं।

सामाजिक सद्भाव को तोड़ने वाला कानून

मनोज बाजपेयी

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने विश्व विद्यालय एवं कालेज परिसरों में समता बढ़ाने, जातीय भेदभाव रोकने आदि के नाम पर जो गाइड लाइन जारी की, उसने सामान्य वर्ग के लोगों को आक्रोशित ही नहीं किया बल्कि एक बार फिर एससी/एसटी एक्ट और गुलामी के दौर के रौलट एक्ट की यादें ताजा कर दीं। यूजीसी की गाइड लाइन दरअसल समाज को बांटने वाली थी। हालांकि इस पर अब अदालत ने रोक लगा दी है और इसमें अब सुधार की अपेक्षा है लेकिन जिस भी अधिकारी या जिम्मेदार ने ऐसी गाइडलाइन के जरिए समाज को बांटने की कोशिश की उस पर उचित कार्रवाई की जरूरत भी है। दरअसल नये नियम तो उच्च शिक्षण संस्थानों में जातिगत भेदभाव दूर करने की दृष्टि से बनाए थे, लेकिन इनके अधिसूचित होते ही असमानता के भेद उजागर हो गये। फलस्वरूप समूचे देश में सामान्य वर्ग आक्रोशित होकर आंदोलन पर उतर आया। सामान्य वर्ग को इसके दुरुपयोग की आशंका है। पूर्व में भी इस तरह के कानूनों का दुरुपयोग किया गया है।

दरअसल सामान्य वर्ग को आशंका थी कि उन्हें परेशान करने के लिए एक कारगर हथियार के रूप में इस्तेमाल किया जाएगा। जैसा कि एससी-एसटी कानून के तहत सवर्णों को झूठे मुकदमों में फंसाने का काम किया जाता है। विडंबना है कि अब इन नये नियमों में पिछड़े वर्ग को भी जोड़ दिया गया है। साथ ही कानून में इन वर्गों के छात्र, शिक्षक और कर्मचारी भी शामिल कर दिए हैं। नये कानून में नस्ल, पंथ, क्षेत्र, लिंग और दिव्यांगता के आधार पर भी भेदभाव बरते जाने की शिकायत की जा सकती है। हालांकि इस पर सुप्रीम कोर्ट ने फिलहाल रोक लगा दी है। फिर भी चिंगारी अभी बाकी है। इस आधार पर किसी भी जाति के छात्र की शिकायत की जा सकती है। यानी छात्रों को परेशान करने का दायरा इस कानून के तहत विस्तृत कर दिया गया है, जबकि 2012 के इसी कानून में ऐसा नहीं था। इसीलिए इस कानून का विरोध केंद्र और राज्यों में सत्तारूढ़ दल के भाजपा नेता, सांसद और विधायक भी कर रहे हैं। कानून में इस बात का कोई उल्लेख नहीं है कि शिकायत कर्ता की शिकायत यदि झूठी पाई जाती है तो उसके विरुद्ध क्या कार्यवाही होगी। दरअसल इसमें झूठी शिकायतों को रोकने का कोई प्रविधान नहीं है। समता के बहाने लाये गये ऐसे कानून शिक्षा संस्थानों में जातीय वर्ग संघर्ष के हालात पैदा करने के अलावा समता के कोई उपाय नहीं कर पाएंगे। इस कानून के अधिसूचित होते ही इसके विरोध में इस्तीफे भी दिये गये। भाजपा पार्टी संगठन में भी कई इस्तीफे सामने आये। यह कानून आ बैल मुझे मार वाली कहावत को चरितार्थ करने वाला है। जातिगत कटुता बढ़ाने वाले इस कानून के आते ही देश भर में सवर्ण समाज के आंदोलन को देख केंद्र सरकार की चिंताएं बढ़ गयीं हैं। सरकार इसका रास्ता ढूंढने में भी जुट गई है। हालांकि सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश के बाद यूजीसी ने 2012 में लाये गये समानता के नियमों में बदलाव किया है। 2012 में भी न्यायालय के आदेश पर यह कानून बना था। लेकिन इस बार यह बदलाव व्यापक असंतोष का कारण बन गया है। इन नियमों के अंतर्गत प्रत्येक उच्च शिक्षा संस्थान में अनिवार्य रूप से समानता समीतियों (इक्विटी कमेटी) का गठन होगा। नियमों का पालन नहीं करने पर संस्थान को डिग्री या कार्यक्रम देने पर यूजीसी ने दंड के प्रावधान किए हैं।

> दरअसल नये नियम तो उच्च शिक्षण संस्थानों में जातिगत भेदभाव दूर करने की दृष्टि से बनाये थे, लेकिन इनके अधिसूचित होते ही असमानता के भेद उजागर हो गये। फलस्वरूप समूचे देश में सामान्य वर्ग आक्रोशित होकर आंदोलन पर उतर आया। सामान्य वर्ग को इसके दुरुपयोग की आशंका है। पूर्व में भी इस तरह के कानूनों का दुरुपयोग किया गया है।

विमर्श

उच्च शिक्षा संस्थानों में समानता को बढ़ावा देने के नजरिए से इस कानून को 13 जनवरी 2026 को अधिसूचित किया गया था। हालांकि पिछले साल फरवरी 2025 में यूजीसी ने जब नये नियमों का प्रारूप सुझावों के लिए जारी किया था, तब इसमें पिछड़ा वर्ग को जाति आधारित भेदभाव से अलग रखा गया था। इस प्रारूप में यह भी प्रस्ताव था कि यदि भेदभाव की शिकायतें झूठी पाई जाती हैं तो ऐसे शिकायत कताओं को हतोत्साहित करने के साथ जुर्माने का प्रावधान भी था, जिसे वे भविष्य में झूठी शिकायतें न करें। लेकिन जब यह कानून अधिसूचित होने के बाद सार्वजनिक हुआ तो इसमें पिछड़ा वर्ग को शामिल करने के साथ झूठी शिकायतों से संबंधित प्रावधान भी विलोपित कर दिया गया। साथ ही भेदभाव का दायरा बढ़ा दिया गया। भेदभाव को परिभाषित करते हुए कानून में कहा गया है कि यदि छात्र के खिलाफ धर्म, जाति, लिंग, क्षेत्र या विकलांगता के आधार पर अनुचित या पक्षपातपूर्ण व्यवहार सवर्ण जाति के छात्र करते हैं तो यह आचरण भेदभाव के दायरे में आएगा।

संस्था प्रमुख को नये नियमों के अनुसार दिए उत्तरदायित्वों का समानता बढ़ाने की दृष्टि से पालन करना अनिवार्य होगा। यूजीसी भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के अधीन एक वैधानिक संस्था है। इसकी स्थापना 1956 में संसद में एक अधिनियम पारित करके उच्च शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए किया गया था। लेकिन लगता है कि इस कानून से ये संस्थान अब वर्ग संघर्ष के अखाड़े बन सकते हैं। क्योंकि मात्र शिकायत के आधार पर यह कैसे तय होगा कि वाकई सवर्ण छात्र ने भेदभाव का आचरण किया है? इस कानून से यह भी प्रतिबिंबित है कि भेदभाव या जातिसूचक अनर्गल टिप्पणियां केवल उच्च वर्ग के छात्र ही करते हैं। जबकि अब आरक्षण का लाभ पाकर सरकारी नौकरियों में आए दलित, आदिवासी और पिछड़े वर्ग के माता-पिता की संतानें भी आपत्तिजनक आचरण सवर्णों से करने लगे हैं। चरित्र में अहंकार ओहदा और धन बढ़ने से भी आता है। इसलिए इस कानून के नतीजे वैसे ही दुरुपयोग का आधार बन सकते हैं, जैसे कि अनुसूचित जाति व जनजातियों के उत्पीड़न के साथ दहेज और यौन हिंसा को प्रतिबंधित करने वाले कानून बने हुए हैं। सभी जातियों की आर्थिक रूप से सक्षम हुई महिलाएं भी अब इन कानूनों का दुरुपयोग करते लगातार सामने आ रही हैं। ऐसे में यह कानून समता की बजाय असमानता को ही बढ़ावा देगा। दुनिया के मानव सभ्यता के इतिहास में धर्म, नस्ल, जाति, शिक्षा और आर्थिक हैसियत के आधार पर भेद होता है, जो एक ऐसा कलंक है जिसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। इसीलिए डा. भीमराव अंबेडकर ने साफ शब्दों में कहा था कि 'सामाजिक न्याय जातिविहीन सामाजिक संरचना से ही संभव है।' लेकिन आज भारत में ही नहीं पूरी दुनिया में नस्ल, धर्म और जाति गरिमा को उकसाया जाकर उसे मजबूत करने के उपक्रम चल रहे हैं। भारतीय नेता जातीय चेतना उभारकर जातीय दंभ को महिमा मंडित करने का काम कर रहे हैं। ऐसे में संविधान निर्माता के साथ-साथ समाज निर्माण के अग्रदूत डा. अंबेडकर के साझा विरासत और सामूहिक जीवन शैली के वैचारिक सूत्रों को अमल में लाना सामाजिक समरसता के लिए बेहद जरूरी है। हम समरसता के इन उपायों को जमीन पर उतारने की बजाय असमानता की कानूनी इबारतें लिखकर जातीय भेद को बढ़ावा दे रहे हैं। ऐसा ही उपाय यूजीसी ने इस नये कानून में कर दिया है। देखने में आ रहा है कि भारतीय संवैधानिक संसदीय लोकतंत्र, जातीय लोकतंत्र में बदलता जा रहा है। आज ज्यादातर क्षेत्रीय राजनीतिक दलों का आधार जातीयता है। भाजपा भी यूजीसी कानून के जरिए इसी रास्ते पर चलती दिखाई दे रही है। ऐसे कानूनों को बढ़ावा देने से जातिगत दलों का वजूद भारतीय लोकतंत्र में और बढ़ेगा। लेकिन भाजपा को नुकसान होगा। इसलिए इस तरह कानूनों से भाजपा को बचना चाहिए जिससे समाज विभाजन पैदा हो। जहां तक कैंपस में समता बढ़ाने की बात है, तो इससे किसी को इनकार नहीं है। इसलिए इस कानून को कास्ट न्यूट्रल बनाकर और गलत शिकायत पर दंड का प्रावधान कर समावेशी और सर्वस्वीकार्य बनाया जा सकता है।

(लेखक कार्यकारी संपादक हैं)

सोशल मीडिया

भारत फिस्कल मजबूती के रास्ते पर आगे बढ़ने के साथ कर्ज में कटौती के लक्ष्य की ओर बढ़ रहा है, अर्थव्यवस्था की जरूरतों के लिए पूर्व में सरकार को अधिक कर्ज लेना पड़ा। निर्मला सीतारमण.

महात्मा गांधी एक व्यक्ति नहीं एक सोच हैं, वह सोच जिसे कभी एक साम्राज्य ने, कभी नफरती विचारधारा ने और कभी अहंकारी सत्ता ने मिटाने की कोशिश की। राहुल गांधी.

आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा आज प्रस्तुत आम बजट में 2026-27 विकसित भारत के लिए दूरदर्शी बजट है। जेपी नड्डा.

हरित ऊर्जा के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है देश

स्वच्छ ऊजा

सरकार दृढ़ इच्छाशक्ति के साथ कोई भी राष्ट्रीय संकल्प ठान ले और उसमें अपेक्षित जन भागीदारी भी हो, तो ऐसे संकल्पों के पूरा होने में कोई संशय नहीं रहता है। सौर ऊर्जा के क्षेत्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सोलर क्रांति का सपना अब आकार ले चुका है। विगत सितम्बर माह तक देश में सौर ऊर्जा उत्पादन की स्थापित क्षमता 90.7 गीगावाट तक पहुंच गयी। भारत के लिए यह उपलब्धि किसी चमत्कार से कम नहीं है। जिस देश में ऊर्जा संकट गंभीर चुनौती रही हो, वहां ऊर्जा सरप्लस की स्थिति बनना, नेट जीरो का लक्ष्य हासिल करने की दिशा में सौर ऊर्जा में ऊंची छलांग लगाते हुए हरित ऊर्जा के संकल्प को साधना उल्लेखनीय उपलब्धि है। इसके लिए सरकार ने गंभीर प्रयास किये हैं।

भारी निवेश आकर्षित किये, सोलर पैनल के उत्पादन को पीएलआई स्कीम में लाया गया और प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के जरिए सौर ऊर्जा को जनक्रांति बनाने की पहल की गयी। इसी का परिणाम है देश सौर ऊर्जा के क्षेत्र में तेजी से प्रगति कर रहा है। यही प्रगति भविष्य में जारी रही तो 2032 तक 366 गीगावाट सौर ऊर्जा उत्पादन का लक्ष्य सरकार प्राप्त कर लेगी। वैसे किसी भी क्षेत्र में तेज प्रगति के लिए उपयुक्त माहौल, प्रशिक्षित श्रम और वित्तीय संसाधन के साथ ही सरकारी नीतियों की अहम भूमिका होती है। 1991 में आर्थिक सुधारों का सूत्रपात हुआ, उद्योग फ्रेंडली नीति बनी और औद्योगिक क्रांति का दौर आया। इसके पीछे भी सरकार की नीति ही थी। आज भारत एक साथ कई क्रांति के दौर से गुजर रहा है। डिजिटल क्रांति एक मुकाम तक पहुंच गयी है। बुनियादी संरचना में क्रांतिकारी गति यह है कि भारत का रोड नेटवर्क चीन से ज्यादा हो गया है। इसी तरह सोलार क्रांति का दौर भी हम देख रहे हैं। सरकारी प्रोत्साहन, वित्तीय सहायता, ऊर्जा आत्म निर्भरता की राष्ट्रीय आकांक्षा और स्वच्छ ऊर्जा की दिशा में आगे बढ़ने की ललक ने भारत में सोलार क्रांति का आगाज कर दिया है। सौर ऊर्जा उत्पादन से आमजन को जोड़ने की मोदी सरकार की नीति के कारण देश में सौर ऊर्जा का उत्पादन बीते दस साल में बीस गुना से भी ज्यादा बढ़ा है। सौर ऊर्जा का उत्पादन बढ़ने से इसकी लागत घटी है। इससे उम्मीद भी बंधी है कि भारत 2030 तक 280 गीगावॉट सौर ऊर्जा उत्पादन का लक्ष्य प्राप्त कर लेगा। इस मुकाम तक पहुंचने में पीएम सूर्य घर योजना मील का पत्थर साबित हो सकती है। इस योजना में छत पर सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने के लिए 75,021 करोड़ मंजूर किए गए हैं। योजना के तहत एक करोड़ घरों को सौर ऊर्जा से रोशन करने का लक्ष्य रखा गया है, इसमें हर महीने 300 यूनिट तक बिजली का उत्पादन होगा।

योजना के तहत 1, 2 या 3 किलोवॉट तक का संयंत्र लगाने पर केंद्रीय वित्तीय मदद मिलेगी। विशेष तौर पर यह योजना 300 यूनिट से कम बिजली खर्च करने वाले घरों को ध्यान में रखकर बनाई गई है। इसमें शहरी क्षेत्र के निम्न और निम्न-मध्य वर्ग के लोगों को लक्षित किया गया है। इस योजना में 2 किलोवॉट के संयंत्र पर 60 प्रतिशत, जबकि 2 से 3 किलोवॉट की अतिरिक्त प्रणाली के लिए 40 प्रतिशत सीएफए उपलब्ध कराई जाएगी। अभी के मूल्य के अनुसार 1 किलोवॉट के सिस्टम पर 30,000 रुपये, 2 पर 60,000 रुपये और 3 किलोवॉट या उससे अधिक के सिस्टम्स के लिए 78,000 रुपये का अनुदान मिलेगा। सोलर सिस्टम लगवाने के इच्छुक लोग नेशनल पोर्टल पर सब्सिडी के लिए आवेदन कर सकते हैं और इसी पोर्टल पर वेंडर का चयन भी किया जा सकता है। उपभोक्ताओं को सौर ऊर्जा संयंत्र लगवाने के लिए सिस्टम के आकार, लाभ की गणना, वेंडर की रेटिंग आदि से संबंधित सूचना नेशनल पोर्टल पर ही मुहैया करवाई जाएगी, ताकि व्यक्ति को निर्णय लेने में आसानी होगी। उपभोक्ता 3 किलोवाट के आवासीय आरसीएस सिस्टम के लिए 7 प्रतिशत की दर से कर्ज भी ले सकेंगे। इस नेशनल पोर्टल से 20 बैंक व गैर बैंकिंग वित्तीय संस्थान जुड़े हुए हैं। ये बैंक और संस्थान उपभोक्ताओं को रूफटॉप सोलर सिस्टम के लिए ऋण मुहैया करा रहे हैं। ऐसी योजनाओं से देश में हरित ऊर्जा क्षेत्र में क्रांतिकारी तरीके से बढ़ि होती है।

वीओएल.

विचार

अग्नि भोजन को पचाती है, उपहास दोषों को पचाता है।

-आयुर्वेद.

उद्योग तो मनुष्य को करना ही चाहिए। वह तो उसका कर्तव्य है। गाय न पालकर भी बिल्ली अपने उद्योग से नित्य दूध पीती है।

-लोकोक्ति.

ईर्ष्या करने वाले का सबसे बड़ा शत्रु उसकी ईर्ष्या ही है। दूसरे शत्रु उसका अहित करने से रह भी जायें, परन्तु ईर्ष्या उसे हानि पहुंचा कर ही रहती है।

-तिरुवल्लुअर.

जो लोग सचमुच में बुद्धिमन होते हैं, वे असफलताओं से कभी नहीं घबराते हैं।

-शेक्सपियर.

मस्तिष्क का अपना एक अलग स्थान है। वह स्वर्ग को नरक में और नरक को स्वर्ग में बदल सकता है।

-मिल्टन.

करुणा के सागर

अंतर्दृष्टि

साधारण लोग कठिनाइयों को दुर्भाग्य की बात समझते हैं। जिन लोगों ने किसी सम्पन्न परिवर में जन्म लिया है वे तो हर तरह की असुविधा से ही बहुत घबराते हैं और यही अभिलाषा किया करते हैं कि उनकी समस्त आवश्यकताएं बिना किसी दिक्कत के यथा समय पूर्ण होती रहें। अन्य लोग भी ऐसे व्यक्तियों को बड़ा भाग्यवान समझते हैं पर वास्तव में बात ऐसी नहीं है। जिन लोगों ने कभी जीवन की कठोरता के दर्शन नहीं किये हैं, वे अनेक दृष्टियों से कच्चे रह जाते हैं। वहां दुखों और कठिनाइयों की रचना कर दी है। इनका अनुभव हुए बिना मनुष्य अपूर्ण रह जाता है और उसका उचित विकस नहीं हो पाता। भागवान को दया सिन्धु एवं करुणा का सागर कहा जाता है। उनके वाल्सल्य दान और उपकार का कोई अंत नहीं पर इतना महत्व होता तो उस महान प्रभु का अपने बालकों पर कितना स्नेह होगा इसकी कल्पना करना भी सजह नहीं है। चित्रकार अपनी मूर्ति को, किसान अपने खेत को, गड़रिया अपनी भेड़ों को अच्छी उन्नत, विकसित स्थिति में रखना चाहता है। उन्हें अच्छी स्थिति में देखकर प्रसन्न होता है, फिर परमात्मा अपनी सर्वश्रेष्ठ रचना मनुष्य को अच्छी स्थिति में न रखना चाहे, ऐसा नहीं हो सकता। निश्चय ही प्रभु का यह प्रयत्न निरन्तर रहता है कि हम सब सुखी एवं सुविकसित हों। उनकी दया और करुणा निरन्तर हमारे ऊपर बरसती रहती है। इतना होते हुए भी देखा जाता है कि कितने ही मनुष्य अत्यंत दुखी हैं। उन्हें अनेक प्रकार के कष्ट अभाव सता रहे हैं, भय, पीड़ा, वियोग, त्रास अन्याय एवं अभाव से संत्रस्त हुए कितने ही व्यक्ति बुरी तरह दुख के सागर में गोते लगा रहे हैं। किसी-किसी पर ऐसी आकस्मिक विपत्ति आती है कि देखने वालों का हृदय दहल जाता है। ऐसे अवसरों पर ईश्वर की दयालुता पर संदेह होने लगता है, कई बार तो कष्टों को दैवी कोप, ईश्वरीय निष्ठुरता मान लिया जाता है परन्तु वस्तुस्थिति ऐसी नहीं है। प्रभु एक क्षण भर के लिए भी करुणा रहित नहीं हो सकते। उनकी अनन्त दया का निर्झर एक क्षण के लिए भी नहीं रुक सकता। जिसे हम विपत्ति समझते हैं, वह भी एक प्रकार से उनकी दया ही होती है। माता का अपने बच्चे पर असाधारण प्यार होता है, वह उसे सुखी बनाने के लिए अपनी तरफ से सारे प्रयत्न करती है तो भी उसके कई कार्य ऐसे हैं जो बालक को अप्रिय होते हैं। बालक किसी स्वादिष्ट भोजन को बहुत अधिक खाना चाहता है, माता जानती है अधिक खाने से बीमार हो जायेगा इसलिए वह बच्चे के रूठने, रोने हाथ-पांव पीटने की परवाह नहीं करती।

वर्चुअल रियलिटी और जमीनी सच

व्यंग्यलोक

क्या आपको पता है कि वर्चुअल रियलिटी किस बला का नाम है। शायद पता हो भी और न भी हो तो चलिए हिंदी में ही बता देता हूं। बहरहाल, वर्चुअल रियलिटी यानी आभासी वास्तविकता। अर्थात जो और जैसा लगे कि यह वास्तविकता है लेकिन जो और जैसा होकर भी न हो। कभी विकास को आपने देखा है। नाम तो बहुत सुना होगा, एनकाउंटर होते ही देखा-सुना होगा लेकिन इस विकास को शायद देखा नहीं हो, केवल सुना ही सुना हो, फिर भी यहां-वहां वे विकास तो कर ही रहे हैं, विकास हो ही रहा है। यह सब देखने के लिए स्पेशल ग्लासेस चाहिए यानी विशिष्ट प्रकार के चश्मे से ही देखा और दिखाया जा सकता है। जिंदगी में आप अच्छे दिन महसूस करते हैं तो यह वास्तविकता होगी लेकिन जब अपने आप को दुःख-संकटों से घिरा हुआ पाएं और कोई आपके लिए अच्छे दिन लाए जाने का आभास कराए या अच्छे दिन लाने की बात करें तो मानकर चलिए कि यह वर्चुअल रियलिटी है। इसे एक और उदाहरण से समझाता हूं। मान लीजिए कि आपकी जेब में पन्द्रह लाख रुपए रखे हैं यह तो वास्तविकता है यानी रियलिटी लेकिन आपके बैंक खाते में पन्द्रह लाख आ सकते हैं, यह आभासी वास्तविकता होगी। इस आभासी वास्तविकता से आपके तात्कालिक आनन्द में कई गुना अभिवृद्धि हो सकती है और आप सामने वाले पर फिदा हो सकते हैं और फिर वह जैसा चाहे आपको दूह सकता है। आपको जब अलानी, फलानी, ढिकानी पार्टी द्वारा यह कहा जाता है कि यदि उनकी सरकार बनती है तो आपको तीन सौ यूनिट या चार सौ यूनिट बिजली फ्री देने या फिर फ्री राशन, फ्री गैस, फ्री इलाज, कर्ज माफी, लैपटॉप देंगे तो उनकी ऐसी बातों को आप वर्चुअल रियलिटी मान सकते हैं। यानी आपको भविष्य में कुछ पाने का आभास होगा, कुछ सपने होंगे बंद आंखों के तो कुछ खुली आंखों के। और फिर खुदा न खास्ता अगर बाद में ये मिल भी गए तो दूसरे रास्ते से टैक्स के रूप में वसूल लिए जाएंगे अर्थात कान सीधे तरफ से न पकड़कर उल्टी तरफ से पकड़ने का फार्मूला ही वर्चुअल रियलिटी है। जनता तो बेचारी गाय समान ही है। जैसे ज्यादा वोट खिंचने के लिए मतदाता को दूहने की कला का विकास हमारे यहां हुआ है, ठीक इसी तरह का चरम विकास तुर्की के किसान ने किया है। उसने अपनी गायों को वर्चुअल रियलिटी (वी आर) गागल्स (हेडसेट) लगाए हैं। इनमें उस किसान ने लोकतंत्र में जनता रूपी गाय को दिखाए जाने वाले सब्जबाग की तरह गायों को हरे-भरे चरागाहों के वीडियो दिखा दिए और उनका तनाव कम कर परिणाम में बढ़ा हुआ दूध दूहकर अपनी बल्ले-बल्ले कर ली। यही सब लोकतंत्र की वर्चुअल रियलिटी है और यह शो बदस्तूर चालू है।

प्रदीप उपाध्याय.

आप की बात

भिखारी देश बनता पाक

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री ने एक बार फिर यह स्वीकार किया है कि हमे कर्ज के लिए इज्जत से समझौता करना पड़ता है। पाकिस्तान का यह हाल उसकी आतंकी नीति के कारण हुआ है। अपनी आजादी के बाद जिस तरह आतंकवाद हिंसा और युद्ध के रास्ते पर चला, उसका अब अंजाम भुगत रहा है। वहां नयी सरकार बनी है लेकिन उसका काम सिर्फ दूसरे देशों से कर्ज लेकर जैसे तैसे पाकिस्तान को दिवालिया होने से बचाना भर रहा गया है। बाकी सब कुछ सेना के हाथ में है। पाक में सबसे ताकतवर प्रतिष्ठान के रूप में अपनी पहचान को पुख्ता कर चुकी सेना हमेशा इसी ताक में रही कि कब पाकिस्तान के हालत खराब हों जिसका बहाना बनाकर सत्ता अपने हाथ में ले ले। इस तरह चाहे सियासी ताकतें हों या पाक स्टैब्लिशमेंट, सबने मौका पाते ही पाकिस्तान को लूटने-खसोटने का काम किया। जनता के बीच अपने शासकीय दुराचरण को छिपाने के लिए, रोजमर्रा के झंझावातों, आंतरिक चुनौतियों और दिन प्रतिदिन गुरबत की बढ़ती जकड़बंदी के बीच असल समस्याओं से ध्यान भटकाने के लिए पाक हुक्मरानों ने भारत का भय दिखाकर राज करने की जो रणनीति अपनायी उसकी स्वाभाविक परिणति है कि आज पाकिस्तान जल ही नहीं रहा है बल्कि गृहयुद्ध के मुहाने पर खड़ा पूरी तरह भस्म होने की प्रतीक्षा कर रहा है। दरअसल पाकिस्तानी हुक्मरानों ने अवाम को कभी शिक्षा, स्वास्थ्य, गरीबी जैसे मुद्दों पर सोचने का मौका ही नहीं दिया। जब भी पाकिस्तान में इस पर कोई सार्थक संवाद का मौका आया तो उन्होंने भारत के साथ दुश्मनी को धधकाकर उसमें अपनी रोटियां सेंकने का काम किया। 'ब्लीड इंडिया थाउजैंड कट' हवा में निकला शब्द नहीं है बल्कि यह पाकिस्तानी हुक्मरानों की अपने अवाम के साथ सोची-समझी साजिश थी। अपने हुक्मरानों से पाकिस्तानी अवाम ने जब भी रोजी, रोटी और रोजगार मांगा तो उन्होंने परमाणु बम, कश्मीर और गजवा-ए-हिंद थाली में सजाकर परोस दिया। दरअसल पाकिस्तान के पास राष्ट्रीय एकता के कोई सूत्र हैं ही नहीं। भारत के साथ दुश्मनी ही एक ऐसा कॉमन एजेंडा है जिसके सहारे बचा-खुचा पाकिस्तान बीती आधी से सदी से अपना भूगोल जैसे-तैसे बचाये है। लेकिन संतरानुमा एकजुटता कब तक बचेगी, कभी न कभी तो कोई ऐसा मोड़ आयेगा जहां छिलका उतरेगा और पाकिस्तान पंजाब, सिंधु, ब्लोच और खैबर पख्तूनखवा जैसे अनेक हिस्सा में बिखर जायेगा।

आशीष श्रीवास्तव, लखनऊ.

सामाजिक सुरक्षा कार्यक्रम

केन्द्र सरकार ने असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को व्यापक स्तर पर सामाजिक सुरक्षा मुहैया कराने के लिए बीमा योजना, पेंशन योजना और आयुष्मान भारत योजना जैसे अनेक कार्यक्रम लांच किये हैं। इस योजना के तहत एक श्रमिक जो दिहाड़ी मजदूर है या ऐसे रोजी-रोजगार से जुड़ा है जिसमें उसकी उसको किसी तरह से सामाजिक सुरक्षा का कवर उपलब्ध नहीं है, ऐसे लोग नयी पेंशन योजना में शामिल हो सकते हैं जिसमें उनको साठ साल पूरे होने पर प्रतिवर्ष तीन हजार रुपये पेंशन मिलेगी। श्रमिकों को सुरक्षा कवर उपलब्ध कराने का यह फैसला न सिर्फ सराहनीय है बल्कि उन करोड़ों श्रमिकों तक सामाजिक सुरक्षा का विस्तार होगा जिनको वृद्धावस्था में कोई मदद नहीं मिलती थी। लेकिन इस योजना में कुछ खामियां हैं। अगर सरकार इनमें सुधार करती है तो यह और अधिक प्रभावी एवं कल्याणकारी बन जायेगी। दरअसल हर साल चार-पांच फीसद की महंगाई रहती है। उसी हिसाब से रुपये का वैल्यू कम होता जाता है। ऐसे में जो लोग आज इस योजना के सदस्य बनेंगे उनको साठ साल पूरा होने पर जो पेंशन मिलेगी उसकी वैल्यू बहुत कम होगी। ह की पेंशन या सामाजिक सुरक्षा का सहारा नहीं मिलता है। किसी भी समाज में सामाजिक सुरक्षा के लिहाज से यह जरूरी है।

प्रमोद कुमार शर्मा, लखनऊ.

भाजपा कार्यालय में सुना गया बजट का लाइव प्रसारण

जिला संवाददाता

अयोध्या। भारतीय जनता पार्टी कार्यालय सिविल लाइन में शनिवार को भाजपा नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने केंद्रीय बजट 2026-27 के लाइव प्रसारण को सामूहिक रूप से सुना। इस अवसर पर संत शिरोमणि गुरु रविदास जयंती के उपलक्ष्य में उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। महापौर गिरीश पति त्रिपाठी ने बजट का स्वागत करते हुए कहा कि शहरी विकास और आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करने वाला यह बजट है। उन्होंने कहा, केंद्रीय बजट में इंफ्रास्ट्रक्चर, स्वास्थ्य और तकनीक पर विशेष फोकस किया गया है, जिससे नगर निगम क्षेत्रों में सुविधाओं का विस्तार होगा और शहरों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित होगा ह्व जिलाध्यक्ष संजीव सिंह ने कहा कि यह बजट उत्तर प्रदेश और देश के समग्र विकास को गति देने वाला है। उन्होंने कहा, ह्लकेंद्रीय बजट में उत्तर प्रदेश को 4 लाख करोड़ रुपये से अधिक की अनुमानित केंद्रीय सहायता मिलना तय है। यह राशि बुनियादी ढांचे, स्वास्थ्य, शिक्षा और रोजगार सृजन में मील का पत्थर साबित होगी ह्व बजट का लाइव प्रसारण देखने के बाद महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने बजट को दूरदर्शी बताते हुए कहा, ह्लहाई-स्पीड रेल कॉरिडोर, ए सिटी और आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाओं जैसी घोषणाएं देश को भविष्य की जरूरतों के अनुरूप तैयार करेंगी। इससे अयोध्या सहित पूरे प्रदेश में विकास की रफ्तार तेज होगी ह्व जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि आलोक सिंह रोहित ने कहा कि बजट में आम जनमानस, किसान, युवा और महिलाओं को ध्यान में रखकर प्रावधान किए गए हैं। उन्होंने कहा, ह्लकेंद्र सरकार का यह बजट आत्मनिर्भर भारत और सशक्त उत्तर प्रदेश की दिशा में मजबूत कदम है, जिससे हर वर्ग को लाभ मिलेगा ह्व कार्यक्रम में मौजूद नेताओं ने बजट का स्वागत करते हुए इसे विकास और विश्वास का बजट बताया। मौके पर अवधेश पाण्डेय बादल, कमला शंकर पाण्डेय, ओम प्रकाश सिंह, शैलेन्द्र कोरी, तिलकराम मौर्या, परमानंद मिश्र, जिला पंचायत सदस्य इंद्र भान सिंह, रवि सोनकर, सुनील तिवारी शास्त्री, राजेश सिंह, चन्द्रभान सिंह सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

जिले के पदाधिकारी मंडल अध्यक्ष और कार्यकर्ताओं ने बजट को सुना

बहराइच। केंद्र की मोदी सरकार में केंद्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण के द्वारा वर्ष 2026 का बजट लोकसभा में पेश किया गया। जिसका लाइव प्रसारण जिला पंचायत सभागार में सभी जिला पदाधिकारी मंडल अध्यक्ष व कार्यकर्ताओं के द्वारा देखा हुआ सुना गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष मंजू सिंह विशिष्ट अतिथि जिला अध्यक्ष भाजपा बृजेश पांडे निवर्तमान सांसद अक्षयवरलाल गोंड सदर विधायक अनुपमा जायसवाल उपस्थित रही। उन्होंने अपने बजट में विभिन्न क्षेत्रों के विकास के लिए पर्याप्त धन की व्यवस्था की बात कही जिसमें उद्योगों कृषि क्षेत्र में रेलवे व सड़क परिवहन किसानों के लिए जैविक खाद को बढ़ावा देने के लिए विशेष बजट की व्यवस्था की बात कही। तथा गांव के विकास के लिए विशेष बजट की व्यवस्था की है। रक्षा बजट व कृषि विकास के लिए विशेष बजट बनाया गया है। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष रणविजय सिंह राहुल राय महामंत्री नन्हेंलाल लोधी राघवेंद्र प्रताप सिंह जिला मंत्री डॉ डिंपल जैन पूर्व प्रत्याशी विधानसभा गौरव वर्मा कार्यक्रम संयोजक वजील उपाध्यक्ष सुवेद वर्मा सुनील श्रीवास्तव अखिलेश यादव हेमा निगम अमित वर्मा जिला मीडिया प्रभारी देवेंद्र कुमार मिश्रा नगर मंडल प्रथम अध्यक्ष अमित शर्मा आलोक सिंह नितिन रुपानी प्रभात शुक्ला मंजुला पाठक पंकज केवट सहित सभी सभासद गण नगर मंडल पदाधिकारी व कार्यकर्ता इस बजट भाषण को देखने और सुनने के लिए उपस्थित रहे।

भजन, आरती, ढोल-नगाड़ों की थाप पर निकली संत रविदास जयंती पर शोभायात्रा

बाराबंकी। संत शिरोमणि गुरू रविदास जयन्ती समारोह समिति के तत्वाधान मे सन्त शिरोमणि गुरू रविदास के जन्मोत्सव पर भजन, आरती व ढोल-नंगाड़ो के बीच शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा वरिष्ठ भाजपा नेता रमेश चन्द्र कुरील के नेतृत्व मे मोहल्ला कानून गोयान निकट मुड़कटी देवी मन्दिर से शुरू होकर नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुये मोहल्ला पैसार सिद्धार्थनगर में सभा के रूप में परिवर्तित हुई। शोभायात्रा में ढोल-नंगाडे, आधुनिक वाद्ययन्त्रों की सरगम पर भक्तजन ढोल-मंजीरो की थाप पर भजन करते एवं नृत्य, बाल व तरूण कलाकारो द्वारा झांकियो के माध्यम से संत रविदास के जीवन प्रसंगो एवं शिक्षाओं को समाज के सामने प्रस्तुत किया गया। शोभायात्रा का सिक्ख समाज, जैन समुदाय, बौद्ध समाज, अन्य धार्मिक संगठनो के अनुयायियो द्वारा फूल माला व प्रसाद वितरण कर स्वागत किया गया। मनोज कुरील ने कहा कि हमे गुरू की रचनाओं एवं समाज के प्रति उनके योगदान को अपनी वर्तमान और आने वाली पीढ़ियों को अध्ययन कराना चाहिए और समाज में इसका प्रसार-प्रचार करना चाहिए। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष राम सिंह वर्मा भुल्लन, अरविन्द मौर्या, डॉ0 राम कुमारी मौर्या, संदीप गुप्ता, विष्णु प्रभाकर वर्मा, रोहिताश दीक्षित, पंकज गुप्ता पंकी, सिद्धार्थ कनौजिया, पवन कुरील, रक्षक कुरील, अमरीश कुरील आदि मौजूद रहे।

उपराष्ट्रपति हामिद अंसारी ने पसमांदा मुसलमानों के लिए कुछ नहीं किया: वसीम राईन

बाराबंकी। कांग्रेसी नेता, पूर्व उपराष्ट्रपति हामिद अंसारी ने एक स्कूल नहीं बनवाया। हामिद अंसारी का ताल्लुक 15 फीसदी आबादी वाले अशराफ (स्वर्ण)

मुसलमान से है। इसलिए 85 फीसदी आबादी वाले पसमांदा मुसलमानों का शोषण करने के लिए बयान दिया गया है। खुद उपराष्ट्रपति रहे पसमांदा मुसलमानों के लिए कुछ नहीं किया। न कोई स्कूल, कॉलेज बनाया। आज सिर्फ.कौम को गुमराह करने के लिए इस तरह के बयान दे रहे हैं। जबकि देश में मुसलमान जितनी आराम से सुरक्षित रह रहा है। किसी देश में इतना सुरक्षित नहीं है। पर हामिद अंसारी के कांग्रेस में रहते कोई फायदा पसमांदा को नहीं हुआ बल्कि दलित से बद्तर बना दिया। उक्त उद्गार आल इण्डिया पसमांदा मुस्लिम महाज कार्यालय पर नगर अध्यक्ष निसार राईन की अध्यक्षता मे आयोजित बैठक मे राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसीम राईन ने कही। इस अवसर पर महमूद चैधरी, अशफाक राईन, रिजवान राईन, जावेद राईन, सद्दाम इदरीसी, शफीक राईन, इमरान राईन, अब्दुल्ला राईन, सलीम राईन, इमरान अंसारी, रियाज राईन, गुलजार कुरैशी, रऊफ राईन, इशरत तुन्नी, इस्लामुद्दीन राईन, मीडिया प्रभारी शाहरुख राईन मौजूद रहे।

ग्राम सेमरहना का डीएम ने किया भ्रमण

जिला संवाददाता

बहराइच 01 फरवरी। तहसील मिहींपुरवा (मोतीपुर) अन्तर्गत राजस्व ग्राम भरथापुर के हितग्राहियों को ग्राम सभा सेमरहना में विस्थापित किये जाने की कार्यवाही का जायजा लेने के उद्देश्य से जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, अपर जिलाधिकारी अमित कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दुर्गा प्रसाद, उप जिलाधिकारी मोतीपु मिहींपुरवा (मोतीपुर) क्षेत्राधिकारी प्रद्युम्न सिंह, अधि.अभि. लो.नि.वि. निर्माण खण्ड-1 अमर सिंह, तहसीलदार धर्मेन्द्र कुमार, अधि.अधि. नगर पंचायत जंग बहादुर, खण्ड विकास अधिकारी मिहींपुरवा व अन्य अधिकारियों के साथ स्थलीय निरीक्षण कर मौके पर मौजूद उप जिलाधिकारी राम दयाल से भूमि पैमाईश के बारे में आवश्यक जानकारी प्राप्त की। डीएम ने उप जिलाधिकारी को निर्देश दिया कि विस्थापित होने वाले परिवारों के लिए कृषि आवंटन हेतु भी भूमि का चिन्हांकन कर लिया जाय।

दिव्यांगजनों के सर्वांगीण पुनर्वासन के लिए सरकार की बड़ी पहल

जिला संवाददाता

अयोध्या। उत्तर प्रदेश सरकार दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर, शिक्षित और सम्मानजनक जीवन देने की दिशा में निरंतर ठोस कदम उठा रही है। इसी क्रम में, राज्य सरकार ने दिव्यांगजनों के पुनर्वासन को और सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से स्वैच्छिक संस्थाओं को अनुदान प्रदान करने के लिए आवेदन मांगे हैं। उल्लेखनीय है कि यह योजना दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम-2016 के तहत संचालित है जिसके अंतर्गत परिभाषित 21 प्रकार की दिव्यांगताओं को कवर किया गया है। हालांकि, मानसिक मंदित एवं मानसिक रूप से रुग्ण दिव्यांगजनों को इस योजना के दायरे से बाहर रखा गया है। योजना का उद्देश्य दिव्यांगजनों को शिक्षा, प्रशिक्षण और पुनर्वासन के माध्यम से समाज की मुख्यधारा से जोड़ना है।प्रदेश सरकार द्वारा स्वैच्छिक संगठनों को निम्नलिखित सात परियोजनाओं/कार्यक्रमों के संचालन हेतु सहायता अनुदान प्रदान किया जाएगा। इनमें अर्ली इंटरवेंशन सेंटर, डे-केयर सेंटर/प्री-प्राइमरी स्कूल, प्राइमरी स्कूल स्तर के विशेष विद्यालयों का संचालन, जूनियर हाईस्कूल स्तर तक के विद्यालयों का संचालन, हाईस्कूल स्तर तक के विशेष विद्यालयों का संचालन, कौशल विकास कार्यक्रम (न्यूनतम दो एवं अधिकतम चार ट्रेड) तथा पाठ्य सामग्री विकास एवं पुस्तकालयों का संचालन शामिल है। इन परियोजनाओं के माध्यम से दिव्यांग बच्चों एवं युवाओं को प्रारंभिक देखभाल, शिक्षा, कौशल प्रशिक्षण और रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम-2016 के अंतर्गत पंजीकृत वे स्वैच्छिक संगठन, जिन्हें संबंधित क्षेत्र में कार्य करने का अनुभव है तथा जो शासन द्वारा निर्धारित पात्रता शर्तों को पूर्ण करते हैं, इस योजना के अंतर्गत आवेदन करने के पात्र होंगे। योजना से संबंधित कार्यकारी आदेश, दिशा-निर्देश एवं आवेदन पत्र का प्रारूप दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, उत्तर प्रदेश की आधिकारिक वेबसाइट से प्राप्त किया जा सकता है। इच्छुक स्वैच्छिक संस्थाएं वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए अपने अनुदान प्रस्ताव अंतिम तिथि 4 फरवरी 2026 तक संबंधित जनपद के जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी के कार्यालय में जमा कर सकती हैं। इसके पश्चात जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी द्वारा प्रस्तावों को जिलाधिकारी की संस्तुति के साथ 05 फरवरी 2026 तक निदेशालय को प्रेषित किया जाएगा। इस संबंध में जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुण्डे ने बताया कि प्रदेश सरकार की यह योजना दिव्यांगजनों के शैक्षिक, सामाजिक और आर्थिक सशक्तीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। स्वैच्छिक संस्थाएं समयबद्ध एवं गुणवत्ता पूर्ण प्रस्ताव प्रस्तुत करें, जिससे पात्र दिव्यांगजनों को योजनाओं का वास्तविक लाभ मिल सके। जिला प्रशासन पूरी पारदर्शिता और संवेदनशीलता के साथ योजना का क्रियान्वयन सुनिश्चित करेगा। योगी सरकार की यह पहल स्वैच्छिक संगठनों के माध्यम से जमीनी स्तर पर दिव्यांगजनों तक सुविधाएं पहुंचाने में मील का पत्थर साबित होगी। शिक्षा, कौशल विकास और पुनर्वासन से जुड़ी यह योजना दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाकर समाज में सम्मानजनक स्थान दिलाने की दिशा में एक मजबूत कदम मानी जा रही है।

- दिव्यांगों के पुनर्वासन के लिए स्वैच्छिक संस्थाओं को किया जायेगा अनुदान प्रदान, मांगे गए आवेदन
- शिक्षा, प्रशिक्षण और पुनर्वासन के माध्यम से दिव्यांगजनों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ना है उद्देश्य

पूर्व सांसद डॉ. पुनिया ने रविदास जयंती पर पुष्प अर्पित कर किया नमन

बाराबंकी। संत शिरोमणि रविदास जिन्हें भक्त रविदास या गुरू रविदास जी के नाम से भी जाना जाता है। उक्त उद्गार ओबरी स्थित सांसद आवास पर सन्त शिरोमणि रविदास की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम मे पूर्व सांसद डा0 पी0एल पुनिया ने उनके चित्र पर माल्यार्पण एवं नमन करते हुये कहे। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष मोहम्मद मोहसिन, नगर अध्यक्ष राजेन्द्र वर्मा, अमरनाथ मिश्रा, अजीत वर्मा, के0सी0 श्रीवास्तव, कमल भल्ला, अजय रावत, अभय गौतम, अश्वनी गौतम, नेकचन्द्र त्रिपाठी, संत शरण वर्मा मौजूद रहे।

एएसपी उत्तरी ने खोये 106 मोबाइलों को किया स्वामियों के सुपुर्द

बाराबंकी। सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से गुम हुए 22 लाख रुपये कीमत के 106 मोबाइलो को अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी ने उनके स्वामियो को सौपा। पुलिस लाइन सभागार मे प्रेस वार्ता कर रहे अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी विकास चन्द्र त्रिपाठी ने बताया कि मोबाइल गुम होने की प्राप्त शिकायतों के त्वरित निस्तारण हेतु सर्विलांस सेल व थाना स्तर की संयुक्त टीमों ने प्राप्त शिकायतों के आधार पर एक विशेष अभियान के तहत, सीईआईआर का उपयोग कर लगभग 22 लाख कीमत के गुमशुदा 106 मोबाइलो को बरामद किया। बरामद मोबाइलों के वास्तविक स्वामियों को आज उनके सुपुर्द किया गया। अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी ने बताया कि अपने खोए या चोरी हुए मोबाइल की शिकायत तुरंत अपने निकटतम पुलिस स्टेशन या सीधे सीईआईआर पोर्टल पर ऑनलाइन रिपोर्ट दर्ज करें। यह पोर्टल खोए मोबाइलो को शीघ्रता से ट्रैक करने, ब्लॉक करने और बरामद करने में मदद करता है। तथा साइबर फ्रॉड से बचने के उपाय व साइबर हेल्प लाइन नम्बर 1930 व साइबरक्राइम.जीओवी.इन पर शिकायत दर्ज करने के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी। अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी ने बताया कि बीते तीन माह में मोबाइल रिकवरी टीम द्वारा सराहनीय प्रदर्शन कर लगभग 77 लाख रुपये कीमत के कुल 400 से अधिक मोबाइलो को उनके स्वामियों के सुपुर्द किया जा चुका है।

- अपने खोए या चोरी मोबाइल की शिकायत निकटतम पुलिस स्टेशन या सीधे सीईआईआर पोर्टल पर ऑनलाइन कराये दर्ज: एएसपी

पिछड़ों को एक करने के लिए किया मंथन

अयोध्या। सिविल लाइन स्थित प्रेस क्लब में सामाजिक जागरूकता प्रगति चिंतन बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें पिछड़ों को एक करने के लिए समाज के जागरूक लोगों ने भाग लिया बैठक की अध्यक्षता कर रही निषाद समाज के अध्यक्ष श्यामलाल निषाद ने बताया कि समाज के लोगों को आगे बढ़ाने जिसको लेकर सभी समाज के लोगों के साथ बैठक कर समाज के लोगों से मिलकर एकजुट करने का प्रयास किया जाएगा। निषाद शोभा यात्रा के अध्यक्ष अरुण निषाद ने बताया कि पिछड़ों को एक करने के लिए सामाजिक चिंतन कार्यक्रम की बैठक में हर समाज के लोग एकत्रित हैं इसमें चर्चा की गई है कि किस तरह से गरीबों तथा पिछड़ों के बच्चों को शैक्षिक बनाने के लिए गांव गांव जाकर लोगों के आगे लाने के लिए चर्चा की गई है। कार्यक्रम के आयोजन सामाजिक जागरूकता प्रगति के अध्यक्ष शिक्षक श्यामलाल निषाद गुरुजी ने बताया कि शिक्षा को आगे बढ़ाने तथा गरीब कमजोर को साथ लेकर चलने का प्रयास किया जाएगा इस मौके पर मोस्ट प्रमुख जीशान अहमद, सोहन विन्द, मोस्ट जिला संयोजक आजमगढ़ अम्बिका बिंद, पूर्व जिला पंचायत सदस्य छोटेलाल निषाद, राम सहाय निषाद, चंद्रराज निषाद, इंद्रभान निषाद, शिवकुमार गौड़, कृष्णा, सत्यश्याम, सुनील निषाद (ओबीसी महा सभा), पवन निषाद, अंकित निषाद, लवकुश निषाद, विपिन निषाद, अरविंद निषाद, राम सरोज, भगवानदीन निषाद गोताखोर, अरुण निषाद पहलवान, श्यामलाल, रितेश, मनोज निषाद, हेमंत कुमार निषाद, अमरजीत निषाद पार्षद, रामू निषाद, अनिल कनौजिया, धोबी समाज जिलाध्यक्ष रविचन्द, राम सिंह निषाद, अभी रावत, शुभम रावत, एडवोकेट संतोष निषाद, एडवोकेट अमरेंद्र प्रताप सिंह निषाद, राम सेवक निषाद, काशीराम निषाद, कृष्णा निषाद, एडवोकेट राजाराम निषाद, स्नेहलता निषाद, धर्मदास से.नि. शिक्षक, कृष्णा कुमार यादव, सुरेश चंद्र रावत, राम केवल निषाद, विजय कुमार, डा. राम सागर, तुलसीराम निषाद, सर्वजीत निषाद, अच्छेलाल निषाद, लालमणि निषाद, शत्रुघ्न निषाद सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

हड़ियाकोल आश्रम मे भगवन्नाम संर्कितन महायज्ञ का पूणार्हूति भण्डारे के साथ समापन

बाराबंकी। श्रीराम वन कुटीर हड़ियाकोल आश्रम में निशुल्क ऑपरेशन शिविर के बाद आश्रम संस्थापक वीतराग सन्त पूज्य स्वामी रामदास एवं स्वामी रामज्ञान दास महाराज की पावन स्मृति में भगवन्नाम संर्कितन महायज्ञ का आज पूणार्हूति भण्डारे के साथ समापन हुआ। बीती 23 जनवरी से 1 फरवरी 2026 तक संर्कितन महायज्ञ में स्वामी रामदास महाराज द्वारा लिखित लीलाओं का मंचन जौरास हैरदगढ़ रामलीला कमेटी मुखिया सुरेश यादव की मण्डली के प्रमुख ओम प्रकाश शुक्ला की टीम द्वारा सजीव मंचन किया गया। आश्रम सेवादार मनीष मेहरोत्रा ने बताया कि 28 दिसम्बर से 13 जनवरी तक चले नेत्र (मोतियाबिन्द), हार्निया, हाइड्रोसील, पाइल्स, यूट्रेस (बच्चेदानी) के ऑपरेशन शिविर में ऑपरेशन कराने आये हुए मरीजो के शीघ्र स्वस्थय होने के लिए श्रीराम वन कुटीर ट्रस्ट समिति के अध्यक्ष हरिद्वार से पधारे हुए तुलसीदास महाराज जी के संरक्षण में प्रतिदिन यज्ञ में आहुति डाली गई। नवदिवसीय कार्यक्रम में प्रतिवर्ष की भाँति इस वर्ष भी निखिल खुराना दिल्ली द्वारा सभी भक्तों के लिए भोजन की व्यवस्था की की गई। तथा जिन मरीजों के नेत्र ऑपरेशन शिविर में हुये उनके ऑखों की फालोअप जाँच फरवरी की विभिन्न तिथियों में होगी। इस अवसर पर शिव कुमार निगम, नन्दकिशार यादव, राज बहादुर, मनोज, युवा नेता संजय यादव पलिया, प्रेम वर्मा, शिवबरन दास मौजूद रहे।

जमीन में छुपाकर रखी 50 लीटर शराब को आबकारी निरीक्षक ने किया बरामद

बाराबंकी। आबकारी विभाग द्वारा चलाये जा रहे विशेष प्रवर्तन अभियान के अन्तर्गत जिला आबकारी अधिकारी कुलदीप दिनकर के नेतृत्व में आबकारी निरीक्षक सर्किल रामसनेहीघाट लक्ष्मीचन्द्र पाल की टीम ने थाना रामसनेहीघाट अन्तर्गत ग्राम असेना, सुनौली, टेमा समेत 15 संदिग्ध स्थानो में दंबिश दी। दंबिश के दौरान 40 लीटर शराब को बरामद किया। मौके पर 250 किलोग्राम तैयार लहन को नष्ट किया। 2 अभियुक्त के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत कार्यवाही कर 1 को जेल भेजा। इसके साथ ही आबकारी निरीक्षक ने संदिग्ध स्थानो में दंबिश के दौरान अवैध शराब की भट्टियो को नष्ट किया। आबकारी निरीक्षक लक्ष्मीचन्द्र पाल ने बताया कि टीम द्वारा दंबिश के दौरान जमीन के अंदर शराब को दबाकर रखा गया था। तथा अवैध भट्टियो समेत भारी मात्रा में तैयार लहन को निकाल कर नष्ट किया गया। इसके साथ ही टीम ने देशी शराब दुकान बेल्हा नहर, दिलावलपुर, इमलीहिया, पटकनपुरवा, देवीगंज एंव कंपोजिट दुकान बेलहा नहर, दिलावलपुर, पटकनपुरवा, देवीगंज का औचक निरीक्षण भी किया। दंबिश देने वाली टीम मे प्रधान आबकारी सिपाही दीप नारायन वर्मा, आबकारी सिपाही विशाल सिंह, दीपक मिश्रा, महिला आबकारी सिपाही माधुरी तिवारी मौजूद रहे।

- 15 संदिग्ध स्थानो में दंबिश, 1 अभियुक्त को भेजा जेल

स्वास्थ्य ही राष्ट्र की शक्ति है: डॉ. सारिका

बहराइच। नेशनल मेडिकोज ऑर्गेनाइजेशन गुरु गोरखनाथ स्वास्थ्य सेवा यात्रा 6.0 का शुभारंभ बहराइच जनपद में 6 फरवरी से होगा। स्वास्थ्य शिविर के माध्यम से जनपद के 38 सीमावर्ती गांव में 6 एवं 7 फरवरी को चिकित्सा शिविर लगाकर मरीज का परीक्षण किया जाएगा तथा 8 फरवरी को किसान डिग्री कॉलेज परिसर में मेगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन होगा यह जानकारी नेशनल मेडिकोज आर्गेनाइजेशन की जिला अध्यक्ष डॉ सारिका साहू ने दी। उन्होंने बताया कि इस अभियान में केजीएमयू आरएमएल एसजीपीजीआई महाराजा सुहेलदेव मेडिकल कॉलेज के विशेषज्ञ चिकित्सक चिकित्सक अपनी सेवाएं देंगे।

उन्होंने बताया कि राष्ट्र की सीमाओं को सुरक्षित रखने वाले प्रहरी हो या वहां निवास करने वाले वनवासी बंधु उनका स्वास्थ्य ही राष्ट्र की शक्ति है इसी संकल्प के साथ नेशनल मेडिकोज ऑर्गेनाइजेशन (ठटड) और श्री गुरु गोरखनाथ सेवा न्यास विगत 5 वर्षों से दुर्गम क्षेत्रों में चिकित्सा की अलख जगह रहे हैं इस वर्ष की सेवा यात्रा अपने छठे सोपान पर है यह यात्रा बहराइच जनपद के बनवासी क्षेत्र में आधुनिक चिकित्सा और सेवा के समर्पण को जोड़कर एक नया इतिहास रचने जा रही है।

उन्होंने बताया कि महाराजा सुहेलदेव मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य एवं शिक्षक एवं छात्रों का विशेष सहयोग प्राप्त हो रहा है। स्वास्थ्य सेवा यात्रा के संयोजक धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि मिहींपुरवा विकासखंड के 22 सीमावर्ती गांव विष्णापुर अंबा, फकीरपुरी, वर्दियां, सलारपुर मूर्तियां, भगड़िया, गोपिया, जोगनिया, करमोहना, कांजीबाग, अयोध्या गांव, हरखापुर, रामपुरवा, सुजौली चहलवा चितलहवा, गौरापिपरा, सोगवा, पड़रिया, मटेरीकला, सोहनी बलाई गांव, मदारिया, धरमापुर में 6 व 7 फरवरी को चिकित्सा शिविर का आयोजन होगा। इसी क्रम में विकासखंड बाबागंज के बाबागंज में 6 फरवरी को मिहीपुरवा, गोकुलपुरवा, रामबख्शपूरवा, भगवानपुर करिंगा, जैतापुर, खैरनिया, रामपुर गंगापुर एवं 7 फरवरी को जमदान, सिरसिया, राजा गांव, रामनगर गुलरिया, सामलगांव, बेलवरिया, माधवपुर रघुनाथ, इटहा मेगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन होगा। उन्होंने बताया कि इस बार 20000 से अधिक मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण करने का लक्ष्य लिया गया है। दिनांक 8 फरवरी को किसान डिग्री कॉलेज परिसर में मेगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन होगा।

- 20000 से अधिक मरीजो का होगा स्वास्थ्य परीक्षण: धर्मेंद्र
- गुरु गोरखनाथ स्वास्थ्य सेवा यात्रा का छठा चरण हो रहा शुरू

विवेकानन्द यूथ अवार्ड के लिए 09 फरवरी तक आवेदन आमंत्रित

बहराइच। जिला युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में व्यक्तिगत श्रेणी के अन्तर्गत राष्ट्रीय एवं सामाजिक कार्यों में अद्वितीय एवं सराहनीय योगदान करने वाले आयु 15 से 35 वर्ष आयु वर्ग के द्वारा राष्ट्रीय एवं सामाजिक कार्यों में अद्वितीय एवं सराहनीय योगदान करने वाले युवक-युवतियों को राज्य सरकार द्वारा व्यक्तिगत श्रेणी का विवेकानन्द यूथ एवार्ड प्रदान किया जायेगा।

जिला युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी ने बताया कि विवेकानन्द यूथ एवार्ड के लिए इच्छुक युवक-युवतियां 09 फरवरी 2026 तक आवेदन कर सकते हैं।

विवेकानन्द यूथ एवार्ड के सम्बन्ध में अधिक जानकारी के लिए जिला युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी बहराइच के कार्यालय अथवा क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी विनम्र शुक्ला के मो.न. 6394188538 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

नौजवानों को मिले पक्की नौकरी के संवैधानिक अधिकार को लेकर हुई बैठक

बाराबंकी। गांधी भवन में नौजवानों को मिले पक्की नौकरी का संवैधानिक अधिकार को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में बेरोजगारी गरीबी मुक्त भारत अभियान (नया भारत) के संयोजक आलोक सिंह ने कहा कि आज भारत का युवा सड़क पर है। बेपढ़ों की क्या बात करें, बड़े-बड़े डिग्री वाले इंजीनियर, डॉक्टर, एमए, पीएचडी डिग्री हाथ में, बेरोजगारी दिल में है। सरकारें कहती हैं हम रोजगार देंगे, स्किल इंडिया, स्टार्टअप इंडिया, मुद्रा लोन पर सच यह है कि ये सब गोल-मोल बातें हैं। वरिष्ठ अधिवक्ताओं में बृज मोहन वर्मा व रणधीर सिंह सुमन ने कहा कि नौजवानों आगे आओ-आओ हम सब मिलकर ऐसा भारत और समाज बनाने का संवाद, संकल्प और यात्रा शुरू करें जिसमें हर युवक युवती को सरकारी नौकरी सम्मानित रोजगार का संवैधानिक अधिकार हो। बैठक मे आजमगढ़ से आए समाजसेवी राजीव यादव, रामधीरज, राजकुमार सिंह, प्रयागराज से राघवेन्द्र सिंह, मनोज तिवारी, संतोष धनकर, सरदार भूपिंदर पाल सिंह, प्रेम चंद्र वर्मा, प्रवीण वर्मा, कदीर हसन, मानवेंद्र रावत, श्याम सिंह, संतोष, राजेंद्र राणा आदि ने अपने-अपने विचार रखे।

संक्षेप

बाइक चोर गिरफ्तार बाइक बरामद

कादीपुर, सुलतानपुर। पुलिस ने एक बाइक चोर को गिरफ्तार करते हुए चोरी गई बाइक को बरामद कर लिया। कोतवाली क्षेत्र के मुडिला डीह शराब के ठेके के पास खालिसपुर मुबारकपुर गांव के सुरेंद्र कुमार शनिवार को अपनी बाइक खड़ी किए थे। बाइक पर चोर ने हाथ साफ कर दिया। प्रभारी निरीक्षक श्यामसुंदर ने बताया कि मामले में बेरा मारूफपुर गांव के रंजेश कुमार सिंह को रविवार को गिरफ्तार कर लिया गया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी के निशानदेही पर पुलिस ने चोरी गई बाइक को भी बरामद कर लिया है। आरोपी को पुलिस ने न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया। जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया।

पुलिस को देखकर भाग निकले चोर

सलोन, रायबरेली। सलोन क्षेत्र में एक बार फिर शटर कटवा गैंग सक्रिय हो गया है। ताजा मामला कस्बे के ऊँचाहार मार्ग पर किराना व्यवसाई की दुकान का शटर तोड़कर चोरी करने घुसे अज्ञात चोर रात्रि गस्त पर मौजूद पुलिस को देखकर भाग निकले। कोतवाली क्षेत्र शटर तोड़ गैंग का अड्डा बन गया है। बीते आठ जनवरी की रात अज्ञात चोरों ने मानिकपुर रोड स्थित थोक विक्रेता दिनेश अग्रहरी की दुकान का शटर तोड़कर अस्सी हजार रुपये की नगदी पार कर दी थीं। जबकि एक हफ्ते पूर्व पुरानी सब्जी मंडी स्थित अनवर किराना की दुकान का अज्ञात चोर शटर तोड़कर चोरी का प्रयास कर रहे थे। पड़ोसियों के जागने की आहट पाकर चोर अपने इरादे में कामयाब नहीं हो पाए और भाग निकले शनिवार की रात्रि ऊँचाहार मार्ग स्थित मार्किट में राकेश जैन के किराना की दुकान का अज्ञात चोर शटर तोड़कर दुकान के अंदर घुसे थे व्यवसाई के मुताबिक रात्रि गस्त पर मौजूद पुलिस की सक्रियता के चलते चोरो के मंसूबे पर पानी फिर गया।और चोर पीछे के रास्ते से भाग निकले हालांकि गस्त पर मौजूद पुलिस कर्मियो ने उन्हें दौड़ाकर पकड़ने का प्रयास किया था।कोतवाली प्रभारी अनिल सिंह ने कहा कि कुछ संदिग्धों को उठाया गया है उनके पास से चोरी की कई साइकिलें बरामद हुई है पकड़े गए लोगो से पूंछताछ की जा रही है। पुलिस को रात्रि गस्त प्रभावी तरीके से करने के लिए निर्देशित किया गया है।

संत रविदास के विचार आज भी मार्गदर्शक हैं

शुकुल बाजार, अमेठी कस्बा स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर प्रतिमा स्थल पर रविवार को संत शिरोमणि संत रविदास जयंती समारोह श्रद्धा और उत्साह के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जगजीवन प्रसाद ने कहा कि संत रविदास जी के विचार आज भी समाज के लिए मार्गदर्शक हैं। उन्होंने समानता, भाईचारे और मानवता के मूल्यों को अपनाने की अपील करते हुए कहा कि संत रविदास का संदेश समतामूलक समाज की स्थापना की दिशा में प्रेरित करता है। समारोह का आयोजन रामकुमार भारती के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत संत रविदास जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर की गई।इसके बाद बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया। वक्ताओं ने संत रविदास के जीवन, सामाजिक समरसता और शिक्षा के महत्व पर अपने विचार रखे। आयोजक रामकुमार भारती ने मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथियों को अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर अभिषेक शुक्ला, शिव प्रसाद, पर्चई, मिश्रीलाल सहित बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

विधायक अदिति सिंह ने जनता दर्शन में सुनीं जन समस्याएं

अधिकारियों को दिये त्वरित समाधान के निर्देश

रायबरेली। सदर विधानसभा क्षेत्र की लोकप्रिय विधायक अदिति सिंह ने अपने लालूपुर चैहान स्थित आवास पर जनता दर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान क्षेत्र के विभिन्न इलाकों से पहुंचे सम्मानित नागरिकों और आम जनता से उन्होंने आत्मीय संवाद किया तथा उनकी व्यक्तिगत एवं सामुदायिक समस्याओं को बड़े धैर्य और गंभीरता से सुना। जनता दर्शन के दौरान लोग अपनी रोजमर्रा की परेशानियों, विकास कार्यों में देरी, बुनियादी सुविधाओं की कमी, सड़क, बिजली, पानी, स्वास्थ्य, शिक्षा तथा अन्य लोक कल्याणकारी योजनाओं से जुड़ी मांगों को विधायक के समक्ष रखे। विधायक अदिति सिंह ने हर शिकायत को ध्यान से सुना और जनता की अपेक्षाओं एवं उनके प्रति विश्वास को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए हर समस्या का त्वरित एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित करने के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश जारी किए। अदिति सिंह ने कहा कि जनप्रतिनिधि का कर्तव्य जनता की सेवा व उनकी समस्याओं का निस्तारण है। उन्होंने जोर दिया कि जनता का विश्वास बनाए रखना ही सुशासन की सबसे बड़ी ताकत है। इस कार्यक्रम में उन्होंने न केवल समस्याओं को सुनकर उनका समाधान का आश्वासन दिया, बल्कि कई मामलों में मौके पर ही कार्रवाई के आदेश दिए, जिससे उपस्थित लोगों में काफी संतुष्टि देखी गई। यह जनता दर्शन कार्यक्रम अदिति सिंह की निरंतर जनसंपर्क व जनसेवा की प्रतिबद्धता को दर्शाता है, जो रायबरेली सदर क्षेत्र में उनके लोकप्रियता का प्रमुख आधार बना हुआ है। क्षेत्रवासियों ने विधायक के सक्रिय रवैये की सराहना की और आशा जताई कि निर्देशित समस्याओं का जल्द निपटारा होगा।

सड़क हादसे में होमगार्ड की मौत, ट्रक चालक व क्लीनर गंभीर रूप से घायल

लालगंज रायबरेली। लालगंज कोतवाली क्षेत्र के बहाई गांव के पास हुई सड़क दुर्घटना में परसाद खेड़ा मजरे सगुनी थाना खीरों निवासी होमगार्ड रामनाथ यादव (55) पुत्र जगन्नाथ की दर्दनाक मौत हो गई है। वहीं ट्रक चला रहे ड्राइवर और क्लीनर भी गंभीर रूप से घायल हुए हैं। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि बहाई गांव के पास एक ट्रक खराब होकर सड़क के किनारे खड़ा था, तभी रविवार सुबह डलमऊ की तरफ से आ रहा एक ट्रक चालक की लापरवाही के चलते अनियंत्रित होकर खड़े ट्रक में भिड़ गया जिसके चलते उसमें बैठे होमगार्ड रामनाथ यादव की जहां मौत हो गई है। वहीं ग्राम कनस्ता विश्वनाथगंज जिला प्रतापगढ़ निवासी ड्राइवर फैशन अख्तर पुत्र आरिफ और मछुआरा प्रतापगढ़ निवासी क्लीनर अनस पुत्र इमाम अली गंभीर रूप से घायल हुए हैं। रामनाथ यादव ड्यूटी करके ट्रक में बैठकर अपने घर जा रहा था। होमगार्ड के निधन से उसकी पत्नी कांति देवी व पुत्र लव कुश, अंशु पुत्रियां सुधा, ज्योति बेसहारा हो गए हैं। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि होमगार्ड के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मामले में आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

बनारस लिट फेस्ट में भारतीय रेलवे की विरासत और आरेडिका की उपलब्धियों को महाप्रबंधक ने सराहा

रायबरेली। आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना एवं रेल कोच फैक्ट्री, कपूरथला पंजाब के महाप्रबंधक प्रशांत कुमार मिश्रा ने बनारस में 30 जनवरी से एक फरवरी 2026 तक आयोजित तीन दिवसीय प्रतिष्ठित ह्वबनारस लिट फेस्टह्व में सहभागिता की। इस अवसर पर श्री मिश्रा ने आरेडिका में निर्मित अत्याधुनिक रेल कोचों, फोर्ज्ड व्हील्स तथा आरेडिका में निर्मित पहली वंदे भारत ट्रेन के निर्माण और तकनीकी विशेषताओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। उनके वक्तव्य ने भारतीय रेलवे की निर्माण क्षमता, तकनीकी दक्षता एवं आत्मनिर्भरता की दिशा में हो रही उल्लेखनीय प्रगति को रेखांकित किया। कार्यक्रम के दौरान प्रशांत कुमार मिश्रा ने भारतीय रेलवे के इतिहास पर आधारित अपनी चर्चित पुस्तक ह्वरेल्स थ्रू राजह्व के बारे में भी उत्साही श्रोताओं को अवगत कराया। यह पुस्तक प्राथमिक ऐतिहासिक स्रोतों पर आधारित है तथा ब्रिटिश काल में भारतीय रेलवे के विकास को वैज्ञानिक दृष्टिकोण एवं तथ्यात्मक विश्लेषण के साथ प्रस्तुत करती है।

संत रविदास की जयंती पर सपा कार्यालय में श्रद्धा सुमन अर्पित

अमेठी। संत शिरोमणि रविदास की जयंती के अवसर पर गौरीगंज मुख्यालय स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय में श्रद्धा और सम्मान के साथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान संत रविदास के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके विचारों को स्मरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष राम उदित यादव रहे। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष राम उदित यादव ने उपस्थित कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि संत रविदास ने समाज को समानता, भाईचारे और मानवता का संदेश दिया। उन्होंने जाति-पाति, ऊंच-नीच और भेदभाव के विरुद्ध आवाज उठाई तथा एक समतामूलक समाज की कल्पना की। उनके विचार आज भी समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं और नई पीढ़ी को सही दिशा दिखाने का कार्य करते हैं। राम उदित यादव ने कहा कि संत रविदास का जीवन संघर्ष और सेवा का प्रतीक है। उन्होंने अपने विचारों और कर्मों से समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करने का प्रयास किया। समाज को जोड़ने और आपसी सौहार्द बनाए रखने के लिए संत रविदास के आदर्शों को आत्मसात करना आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। कार्यक्रम में समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी रही। इस अवसर पर गुंजन सिंह, प्रतिभा यादव, अशोक यादव, मनु पाल, मनीराम वर्मा, दीपू तिवारी, चंद्रशेखर यादव, मोनू यादव, डीके सरोज, सूबेदार यादव, डॉ. आशीष चंद्र सरोज, मोहम्मद इमरान सहित कई अन्य लोग मौजूद रहे। जानकारी राजेश मिश्र प्रवक्ता समाजवादी पार्टी ने दी।

बजट 2026 जनता से छल, युवाओं के सपनों पर वार : दीपक सिंह

अमेठी। बजट 2026 को लेकर पूर्व एमएलसी दीपक सिंह ने केंद्र सरकार पर करारा हमला बोला। उन्होंने बजट को जनता के साथ सीधा धोखा बताते हुए कहा कि यह बजट गरीब, किसान और युवा—तीनों के साथ विश्वासघात है दीपक सिंह ने कहा कि कांग्रेस के दौर की नीतियों में चाय बेचने वाला भी प्रधानमंत्री बन सकता था, लेकिन भाजपा के बजट ने पढ़े-लिखे युवाओं को चाय बेचने पर मजबूर कर दिया है। यह सरकार रोजगार देने के बजाय बेरोजगारी बढ़ा रही है उन्होंने कहा कि बजट में महंगाई पर कोई ठोस नियंत्रण नहीं है, शिक्षा और रोजगार पर खर्च न के बराबर है और आम आदमी के लिए सिर्फ भाषण बचे हैं। यह बजट उद्योगपतियों के लिए राहत और आम जनता के लिए आफत बनकर आया है। पूर्व एमएलसी ने कहा कि देश की जनता इस बजट का हिसाब जरूर लेगी।

शिक्षा संस्कार की बदौलत समाज की संरचना होती है : डॉ. विनोद कुमार

रायबरेली। बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए संचालित की जा रही योजनाओं में समग्र शिक्षा का महत्वपूर्ण योगदान है। उक्त बातें राजकीय हाई स्कूल सनही में आयोजित वार्षिक समारोह में मुख्य अतिथि डा विनोद कुमार त्रिपाठी ने व्यक्त किये।

उन्होंने कहा कि शिक्षा संस्कार की बदौलत समाज की संरचना होती है यह आज चुनौतीपूर्ण है बच्चों में सर्वांगीण विकास के माध्यम से राष्ट्र निर्माण लिए विद्यालय योगदान सुनिश्चित करें। विशिष्ट अतिथि डॉक्टर महेंद्र सिंह ने बच्चों द्वारा आयोजित कार्यक्रमों की सराहना की और उन्होंने कहा कि विद्यालयों में लक्ष्य निर्धारित होने चाहिए जिससे समग्र शिक्षा का उद्देश्य पूर्ण हो सके। डॉक्टर प्रत्यूष श्रीवास्तव ने कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षा के क्षेत्र में तमाम योजनाओं को लाकर बच्चों में उल्लास उत्साह एवं उन्हें शिक्षा के क्षेत्र में सामर्थ्यवान बनाने की कोशिश कर रही है जिसका प्रयास सफल हो रहा है। संस्कृत शिक्षा के नोडल अधिकारी हरीशानन्द मिश्र ने कहा कि राष्ट्र हित के लिए शिक्षा का उद्देश्य पूर्ण हो यह सभी अभिभावक और शिक्षक की सम्पूर्ण जिम्मेदारी है। बच्चे कच्ची मिट्टी के समान होते है जिनमें आकार देना शिक्षक व सहयोग करना अभिभावक का कार्य महत्वपूर्ण है। विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम के प्रति आभार व्यक्त करते हुए प्रधानाचार्य जय सिंह ने कहा कि जीवन का महत्वपूर्ण अंग शिक्षा और संस्कार है जिससे उनका जीवन ता सुरक्षित और संरक्षित होता ही है साथ में राष्ट्र समाज और परिवार का सम्मान भी बढ़ता है। इस अवसर पर उन्होंने एक कार्यक्रम में प्रतिभागी छात्रों को पुरस्कृत का सम्मानित किया तथा पुरातन छात्रों को भी उनके द्वारा प्राप्त किए गए सम्मान जनक सफलता पर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक संजय त्रिवेदी तथा अध्यक्षता अशोक कुमार श्रीवास्तव ने की। वहीं रुचि मानसी सिवानी साफिया बानो आदि बच्चों ने मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत किए इस मौके पर बीरेन्द्र कुमार रितेश शर्मा यादवेन्द्र प्रताप सिंह आदि सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

गायत्री प्रज्ञा पीठ पर गायत्री परिवार की बैठक संपन्न

गौरीगंज। गायत्री प्रज्ञापीठ गौरीगंज में शताब्दी वर्ष के अंतर्गत जनपदीय कार्यकर्ता बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में वर्तमान वर्ष 2026 के दौरान जनपद स्तर पर आयोजित किए जाने वाले विभिन्न कार्यक्रमों एवं अभियानों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में अमेठी जनपद ही नहीं वरन समूचे देश एवं विश्व में भी विविध अभियान चलाए जा रहे हैं। उसी क्रम में अमेठी जनपद के समस्त तेरह विकास खंडों में भी गायत्री परिवार द्वारा विविध गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। रविवार को गायत्री प्रज्ञा पीठ गौरीगंज में भी कार्यकर्ता संगोष्ठी आयोजित की जा रही है।

बैठक की शुरुआत करते हुए जिला समन्वयक डॉ. त्रिवेणी सिंह ने जनवरी माह में बैरागी द्वीप, हरिद्वार में संपन्न जन्म शताब्दी समारोह का उल्लेख करते हुए बताया कि परम वंदनीया माताजी की जन्म शताब्दी, अखंड दीप की शताब्दी एवं परम पूज्य गुरुदेव के साधना की शताब्दी वर्ष के अवसर पर हर जनपद में आध्यात्मिक, सामाजिक एवं रचनात्मक गतिविधियों को व्यापक रूप से संचालित किया जाना है। बैठक में संगठन के पुनर्गठन पर विशेष चर्चा हुई। सर्वसम्मति से कौशल किशोर वैश्य को मुसाफिरखाना तहसील समन्वयक, राणा प्रताप सिंह को अमेठी तहसील समन्वयक, अखिलेश तिवारी को गौरीगंज तहसील समन्वयक तथा कृष्ण कुमार सिंह को तिलोई तहसील समन्वयक मनोनीत किया गया। निर्णय लिया गया कि ब्लॉक स्तर के संगठनों का गठन तहसील समन्वयकों की अध्यक्षता में ब्लॉक स्तरीय बैठकों के माध्यम से किया जाएगा। कार्यक्रमों की रूपरेखा के अंतर्गत ब्लॉक स्तर पर पाँच स्थानों पर पंचकुंडीय गायत्री यज्ञ तथा तहसील स्तर पर नवकुंडीय गायत्री यज्ञ आयोजित किए जाने का प्रस्ताव पारित हुआ। साथ ही मंडलों का गठन, कार्यकर्ता प्रशिक्षण शिविर, समयदान, गृहे-गृहे गायत्री महायज्ञ, योग शिविर, विद्यालयों में व्यक्तित्व परिष्कार कार्यक्रम एवं भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा, स्वावलंबन प्रशिक्षण, आओ गढ़ें संस्कारवान पीढ़ी अभियान, व्यसन मुक्ति व सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन हेतु जन-जागरण अभियान, नारी सशक्तिकरण, पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्द्धन, मां की संस्कारशाला, माँ की पाठशाला तथा कन्या/किशोर कौशल शिविर जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।

केंद्रीय बजट पर व्यापारियों ने जतायी खुशी

अमेठी। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा आज देश का नौवां बजट पेश किया गया। इस बजट में युवा, व्यापारी, किसान और स्वास्थ्य सेवाओं पर विशेष ध्यान दिया गया। वित्त मंत्री द्वारा बजट पेश किए जाने के बाद व्यापारियों में भी खासा उत्साह दिखा। अमेठी के व्यापार मंडल जिला कार्यालय पर जिला अध्यक्ष व व्यापारियों को मिठाई खिलाकर केंद्रीय बजट पेश होने की बधाई दी। दरअसल आज केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा देश का नौवा बजट पेश किया गया। इस बजट में व्यापारियों के लिए कई बड़े ऐलान किए गए तो युवाओं के लिए भी कई बड़ी घोषणाएं की गई वहीं देश में तीन नए एम्स बनाने की भी घोषणा की गई केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा बजट पेश करने के बाद व्यापारियों में भी खासा उत्साह देखने को मिला। अमेठी कस्बे के गौरीगंज रोड स्थित उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिला कार्यालय पर उद्योग व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष महेश सोनी ने व्यापारियों को मिठाई खिलाकर केंद्रीय बजट पर खुशी जाहिर की जिलाध्यक्ष महेश सोनी ने कहा की देश के हित के लिए ये बजट पेश किया गया है इस बजट में सभी वर्गों का विशेष ख्याल रखा गया है। युवा, व्यापारी किसान सभी को देखते हुए इस बजट को पेश किया गया है ये देश को आगे बढ़ाने का बजट है देश में तीन नए एम्स भी बनेंगे हैंडलूम के छोटे कारीगरों को भी सरकार अब प्रोत्साहन देगी ये बजट व्यापारियों को व्यापार करने में सुलभता प्रदान करेगा इसके साथ ही इस बजट में किसानों को ऋण देने की भी बात कही गई है जिससे उनका जीवन भी सुलभ होगा ये बजट सभी के लिए लाभकारी है। इस दौरान व्यापार मंडल जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुशील जायसवाल, मौनू वैश्य, राजू अग्रहरि, संतोष सोनी, सोनू कसौधन समेत अन्य व्यापारी मौजूद रहे।

श्रीमद्भागवत कथा से मिलता है ईश्वर ज्ञान और मुक्ति का मार्ग : मनीष चंद्र

कादीपुर, सुलतानपुर। श्रीमद्भागवत कथा के श्रवण और अध्ययन से मानव को ईश्वर का सच्चा ज्ञान प्राप्त होता है तथा प्रभु के चरणों में अनन्य भक्ति का भाव जागृत होता है। यह विचार प्रसिद्ध कथा वाचक मनीष चंद्र त्रिपाठी ने व्यक्त किए। वे कस्बे के श्री राम जानकी हनुमान मंदिर परिसर में आयोजित सप्तदिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन श्रद्धालुओं को कथा सुना रहे थे।

कथा वाचक ने कहा कि श्रीमद्भागवत मनुष्य को स्वार्थ से रहित जीवन, परम धर्म और आत्मकल्याण का मार्ग दिखाती है। राजा परीक्षित की कथा का उल्लेख करते हुए उन्होंने बताया कि सृष्टि रचना के रहस्य को जानने की जिज्ञासा में राजा परीक्षित ने महाराज शुकदेव से प्रश्न किया। तब भगवान शुकदेव ने बताया कि सृष्टि की रचना के समय ब्रह्मा के हृदय में पूर्व कल्प की स्मृति जागृत करने हेतु ज्ञान की देवी प्रकट हुईं और वेदों का उद्गम हुआ। देवहूति और भगवान कपिल के प्रसंग में कथावाचक ने बताया कि माता देवहूति को भगवान कपिल ने ज्ञान प्रदान कर मोक्ष का मार्ग दिखाया। मां सती की कथा का वर्णन करते हुए उन्होंने कहा कि सनातन परंपरा में पति का अपमान कोई भी पत्नी सहन नहीं कर सकती। दक्ष प्रजापति द्वारा भगवान शंकर के अपमान से व्यथित होकर सती ने योगाग्नि में स्वयं को समर्पित कर दिया। ध्रुव चरित्र का वर्णन करते हुए उन्होंने कहा कि प्रभु नाम स्मरण से ही जीव को मुक्ति मिलती है। मुख्य यजमान हरि ओम मिश्र एवं उनकी पत्नी विमला देवी ने व्यास पीठ की आरती उतारी, जिसके बाद प्रसाद वितरण हुआ। इस अवसर पर मनोज मिश्र सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

पाक्सो एक्ट का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

दोस्तपुर, सुलतानपुर। दोस्तपुर पुलिस ने पाक्सो एक्ट के तहत दर्ज एक गंभीर मामले में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। यह कार्रवाई कादीपुर क्षेत्राधिकारी विनय गौतम के निर्देश पर चलाए जा रहे सघन अभियान के अंतर्गत की गई। पुलिस ने अभियुक्त को गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई पूरी करते हुए न्यायालय में प्रस्तुत किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार दोस्तपुर थाने में मुकदमा संख्या 07/2026, धारा 5(एल)/6 पाक्सो एक्ट के अंतर्गत मामला पंजीकृत किया गया था। घटना के बाद से ही अभियुक्त फरार चल रहा था। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने मामले की गंभीरता को देखते हुए अभियुक्त की शीघ्र गिरफ्तारी के निर्देश दिए थे। इसी क्रम में अभियुक्त की तलाश में जुटी पुलिस टीम को मुखबिर के माध्यम से महत्वपूर्ण सूचना प्राप्त हुई। सूचना मिलते ही पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दबिश दी और वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान सत्यम विश्वकर्मा पुत्र त्रिवेणी विश्वकर्मा के रूप में हुई है। वह पोखरदहा, थाना कादीपुर, जनपद सुलतानपुर का निवासी बताया गया है। पुलिस ने अभियुक्त को हिरासत में लेकर आवश्यक पूछताछ की तथा पाक्सो एक्ट के अंतर्गत सभी विधिक औपचारिकताएं पूरी कीं। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि बच्चों के विरुद्ध अपराधों को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और ऐसे मामलों में दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। अभियुक्त की गिरफ्तारी में उपनिरीक्षक भवानी प्रसाद मिश्रा, हेड कांस्टेबल राम आशीष कुशवाहा एवं कांस्टेबल राकेश कुमार की अहम भूमिका रही। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में कानून व्यवस्था को लेकर सकारात्मक संदेश गया है।

महंत बद्रीनारायण गिरी के निर्वाण दिवस पर विशाल भंडारे का हुआ आयोजन

डलमऊ, रायबरेली। सनातन धर्म पीठ बड़ा मठ डलमऊ के 22 वें महंत रहे स्वामी बद्री नारायण गिरी महाराज के निर्वाण दिवस पर विशाल भंडारे एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने भंडारे के प्रसाद का स्वाद चखा और आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम ब्रह्मलीन महंत बद्री नारायण गिरी महाराज की मूर्ति का षोसपचार विधि से पूजा अर्चना की गई। कार्यक्रम में पधारे महंत कृष्णानंद भारती ने बताया कि महंत बद्री नारायण गिरी महाराज ने अपने कार्यकाल में बड़ा मठ डलमऊ में विद्यालय की स्थापना की थी। वह मां गंगा की अनन्य भक्त थे वह प्रतिदिन मां गंगा की आरती पूजन करते थे तथा मां गंगा को भोजन का भोग लगाते थे मां गंगा ने प्रकट होकर उन्हें दर्शन दिया था उन्हें गंगा जी सिद्ध थी। बड़ा मठ के स्वामी देवेंद्रानंद गिरि जी महाराज ने कहा कि संतों का लक्षण होता है कि स्वामी बद्रीनारायण गिरी महाराज इतने सरल संत थे कि उनके द्वारा अनेक लोगों का कल्याण हुआ उनके आशीर्वाद से कई लोगों को पुत्र की प्राप्ति हुई तथा आज भी उनकी कृपा से भक्तों को सुख समृद्धि शांति का आशीर्वाद प्राप्त हो रहा है। इस अवसर पर स्वामी दिव्यानंद गिरि महाराज, सुशील शास्त्री, राम चैतन्य, स्वामी गीतानंद, आचार्य उमाकांत मिश्र सुधाकर एवं भारी संख्या में श्रद्धालु एवं भक्त उपस्थित रहे।

भरोसे, भागीदारी और बराबरी का केंद्रीय बजट 2026 : प्रो.अंग्रेज सिंह

सुलतानपुर। केंद्रीय बजट 2026 भारत के समग्र, समावेशी और सतत विकास की दिशा में एक दूरदर्शी कदम के रूप में सामने आया है। यह बजट रफ्तार, क्षमता और ह्वसबका साथह्वसबका विकासह्व के मूल विजन पर आधारित है, जो आर्थिक प्रगति के साथ सामाजिक न्याय का संतुलन स्थापित करता है। बजट का प्रमुख उद्देश्य उत्पादकता बढ़ाकर विकास को गति देना, युवाओं को भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार करना तथा समाज के हर वर्ग को विकास की मुख्यधारा से जोड़ना है। युवाओं के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता, विजुअल इफेक्ट्स, एनीमेशन, गेमिंग और रचनात्मक क्षेत्रों को बढ़ावा देने हेतु भारत-विस्तार कार्यक्रम, करियर पाथवे योजनाएं तथा विद्यालयों और महाविद्यालयों में कंटेंट क्रिएटर प्रयोगशालाओं की स्थापना नए और गुणवत्तापूर्ण रोजगार के अवसर सृजित करेगी। स्वास्थ्य क्षेत्र में जिला अस्पतालों के उन्नयन, आघात उपचार केंद्रों के विस्तार, एक लाख विशेषज्ञों व डेढ़ लाख देखभाल कर्मियों के प्रशिक्षण, आवश्यक दवाओं की कीमतों में कमी तथा एम्स स्तर के तीन नए आयुर्वेद संस्थानों की स्थापना जन स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूती मिलेगी। ग्रामीण और महिला सशक्तिकरण के लिए शी-मार्ट्स, महात्मा गांधी ग्राम स्वराज पहल, हथकरघा उद्योग और ह्वएक जिलाह्वएक उत्पादह्व को प्रोत्साहन आत्मनिर्भर भारत की अवधारणा को सुदृढ़ करता है। अवसंरचना विकास के अंतर्गत नए जलमार्गों और तीव्रगामी रेल गलियारों की घोषणाएं आर्थिक एकीकरण को गति देंगी। कुल मिलाकर, केंद्रीय बजट 2026 भरोसे, भागीदारी और बराबरी के साथ भारत को समावेशी विकास की ओर अग्रसर करता है, हालांकि कर्मचारियों को कर-स्लैब में अतिरिक्त राहत की अपेक्षा अवश्य रही।

इसौली गांव में धूमधाम से मनी संत रविदास की जयंती

बल्दीराय, सुलतानपुर। तहसील क्षेत्र के इसौली गांव में महान संत शिरोमणि रविदास जी की जयंती बड़े ही हर्षोल्लास, श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में क्षेत्र के दूर-दराज गांवों से आए सैकड़ों लोगों ने सहभागिता कर संत रविदास जी को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। सुबह से ही गांव में जयंती कार्यक्रमों की श्रृंखला शुरू हो गई। ग्रामीणों एवं श्रद्धालुओं ने संत रविदास जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके विचारों, समानता और सामाजिक न्याय के संदेश को आत्मसात करने का संकल्प लिया। इसके उपरांत जुलूस निकाला गया, जो पूरे गांव का भ्रमण करता हुआ निकला। जुलूस के दौरान ह्वजय भीमह्व और संत रविदास अमर रहें जैसे नारों से वातावरण गूंज उठा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ब्लॉक प्रमुख बल्दीराय शिव कुमार

सिंह, असगर रजा तथा प्रधान प्रतिनिधि शाकिर अब्बास ने संत रविदास जी के जीवन संघर्ष, सामाजिक समरसता और समान अधिकारों के संदेश पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने युवाओं से शिक्षा को अपनाने, नशे से दूर रहने और आपसी भाईचारे को मजबूत करने की अपील की वक्ताओं ने कहा कि संत रविदास जी का जीवन आज भी समाज को समानता, प्रेम और मानवता का संदेश देता है। उनके विचारों पर चलकर ही एक सशक्त और समरस समाज का निर्माण संभव है कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं अनुशासित वातावरण में संपन्न हुआ। आयोजन में अजीत कुमार, सुशील, पवन, सोनू कोरी, मथुरा, अखलेश, रामबदल, जगदेव, रामकेवल, राजेंद्र, जितेंद्र, संदीप, सरजू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण व गणमान्य लोग मौजूद रहे।

कांग्रेस कार्यालय में मनी रविदास जयंती

रायबरेली। संत शिरोमणि गुरु रविदास जयंती के अवसर पर कांग्रेस कार्यालय तिलक भवन में उनके चित्र पर माल्यार्पण कर जिला व शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कांग्रेस जिलाध्यक्ष पंकज तिवारी ने सभी को महान संत गुरु रविदास जी की जयंती की हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दी, उन्होंने कहा कि गुरु रविदास जी की शिक्षा हमें मानवता की सेवा, समानता और भाईचारे का संदेश देती है। इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष वी.के. शुक्ला, नगर पालिका अध्यक्ष शत्रोहन सोनकर, राजेश यादव, विजयशंकर अग्निहोत्री, निर्मल शुक्ला, सुनील कुमार, अंबरीश बाजपेई, राजकुमार दीक्षित, आरके सिंह, सर्वोत्तम मिश्रा, मनोज मिश्रा, घनश्याम शुक्ला, पोलू खान आदि उपस्थित रहे।

धर्मेंद्र बने उप्र राजस्व निरीक्षक संघ के जिला अध्यक्ष

रायबरेली। जनपद के लेखपाल संघ भवन में उत्तर प्रदेश राजस्व निरीक्षक संघ, उप-शाखा रायबरेली के द्विवार्षिक चुनाव का आयोजन किया गया। चुनाव में लोकतांत्रिक प्रक्रिया का पालन करते हुए पूरी कार्यकारिणी का गठन निर्विरोध संपन्न हुआ, जिससे संगठन की एकजुटता और आपसी विश्वास की झलक देखने को मिली। नई कार्यकारिणी में अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार मिश्रा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रवि कुमार सिंह, उपाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह, महामंत्री मोहम्मद अहमद, उप मंत्री हनुमान यादव, संगठन मंत्री वीरेंद्र त्रिवेदी, कोषाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह यादव, ऑडिटर मेवालाल निर्विरोध चुने गये। नवनियुक्त अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार मिश्रा ने अपनी प्राथमिकताएं स्पष्ट करते हुए कहा कि संगठन का मुख्य उद्देश्य राजस्व निरीक्षकों के हितों की रक्षा करना है। उन्होंने जोर देकर कहा कि संगठन की जो भी समस्याएं या लंबित मांगें हैं, उन्हें अधिकारियों के साथ संवाद और बेहतर सामंजस्य के जरिए सुलझाया जाएगा। हमारा प्रयास रहेगा कि कार्यक्षेत्र में आने वाली बाधाओं को मिल-बैठकर दूर किया जाए। नई टीम ने पारदर्शिता और संवाद के साथ कार्य करने की शपथ ली।

संक्षेप

जिला सैनिक बंधु की बैठक 4 फरवरी को

फिरोजाबाद। सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी ने बताया कि जिला सैनिक बन्धु की बैठक का आयोजन दिनांक 04 फरवरी 2026 को 11 बजे कलक्ट्रेट स्थिति सभागार में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में किया जाना प्रस्तावित है। अतः सभी पूर्व सैनिकों व आश्रितों व वीर नारियों से अनुरोध है कि वे अपनी समस्याओं को लिखित रूप से जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय सैक्टर-1 सुहाग नगर फिरोजाबाद के दिनांक 3 फरवरी 2026 तक कार्यालय दिवस समयावधि में उपलब्ध करा दे, ताकि प्राप्त शिकायतों को उक्त बैठक के ऐजेण्डा बिन्दुओं में सम्मलित कर त्वरित गति से उनका निस्तारण कराया जा सके। साथ ही दिनांक 4 फरवरी 2026 को समय 11 बजे कलक्ट्रेट सभागार फिरोजाबाद में आयोजित उक्त सैनिक बन्धु बैठक में प्रतिभाग करने का कष्ट करें।

हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल ने किये बांके बिहारी और राधारमण के दर्शन

मथुरा। हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ला रविवार को निजी आध्यात्मिक यात्रा पर तीर्थनगरी वृन्दावन पहुंचे। जहां उन्होंने ठाकुर बांके बिहारी महाराज के दर्शन कर देश में सद्भाव, शांति और विकास की प्रार्थना की। वहीं इसके बाद वे प्राचीन राधारमण मंदिर पहुंचे। जहां उन्होंने मंदिर सेवायत आचार्य शरद चंद्र गोस्वामी और आचार्य अभिषेक गोस्वामी से भगवत चर्चा कर श्री वृंदावन धाम के महिमामृत को जाना। इस दौरान उन्होंने कहा कि राधारमण की रूप माधुरी बरबस ही अपनी ओर आकर्षित करती है। वे आज वृंदावन के प्राचीन निधि स्वरूपों के दर्शन कर धन्य हुए। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि देश का बजट सभी को साथ लेकर चलने और विकास के दूरगामी आदर्श मॉडल का प्रतिबिंब है, जो आम आदमी को उम्मीद और उन्नति प्रदान करने वाला है।

कात्यायनी मंदिर का धूमधाम से मना वार्षिकोत्सव

मथुरा। वृंदावन नगर के राधाबाग स्थित 51 शक्ति पीठों में से एक कात्यायनी मंदिर का वार्षिकोत्सव महोत्सव बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। वार्षिकोत्सव महोत्सव में अनेकों धार्मिक और सामाजिक आयोजन किए गए। मंदिर के ट्रस्टी सिद्धार्थ सहाय ने बताया हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मंदिर का वार्षिकोत्सव महोत्सव बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया है। आज इस मंदिर की स्थापना किए हुए 103 वर्ष पूर्ण हो गए है। आज ही के पावन मौके पर पूज्य गुरुदेव ने मंदिर की स्थापना की थी। उन्होंने बताया कि पूज्य गुरुदेव जिस तरह से मंदिर की वार्षिकोत्सव मनाते थे। उसी ही रूप से आज मंदिर में महोत्सव मनाया गया है। उन्होंने बताया कि सर्वप्रथम मंदिर में मां की विशेष आरती की गई। जिसमें मां की फूलों और गुलाल से विशेष आरती की गई है। साथ ही भक्तों के मध्य मां की प्रसादी खिलौने, टॉफी और फल लुटाए गए है। वही उन्होंने बताया कि आज के इस मौके पर नन्ही कन्याओं की नृत्य प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया।

श्रीकृष्ण जन्मभूमि की मुक्ति तक नहीं रुकेगा संघर्षः महेंद्र प्रताप

विराट हिंदू सम्मेलन में भरी हुंकार, भव्य मंदिर निर्माण का संकल्प

मथुरा। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर आयोजित विराट हिंदू सम्मेलनों की श्रृंखला के तहत रविवार को छाता विधानसभा क्षेत्र के अकबरपुर सियाना मार्ग स्थित श्रीराधाकृष्ण मंदिर में हिंदू सम्मेलन का आयोजन हुआ। सम्मेलन में श्रीकृष्ण जन्मभूमि मुक्ति न्यास के अध्यक्ष एवं श्रीकृष्ण जन्मभूमि केस के हिंदू पक्षकार महेंद्र प्रताप सिंह एडवोकेट संत श्यामानंद जी महाराज के साथ शामिल हुए। महेंद्र प्रताप सिंह एडवोकेट ने श्रीकृष्ण जन्मभूमि से जुड़े ऐतिहासिक घटनाक्रम की जानकारी देते हुए कहा कि मुगल काल में औरंगजेब द्वारा श्रीकृष्ण जन्मभूमि की करीब ढाई एकड़ भूमि पर मंदिर को तोड़कर मस्जिद का निर्माण कराया गया। उन्होंने कहा कि विदेशी आक्रांताओं ने हिंदुओं पर घोर अत्याचार किए, बहन-बेटियों को बंधक बनाया गया, जबरन धर्म परिवर्तन कराया गया और विरोध करने वालों की हत्या तक की गई।महेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि जब हिंदू समाज ने भगवान श्रीकृष्ण के प्राकट्य स्थल मूल गर्भगृह को मांगा तो उन्हें धमकियां दी गईं, लेकिन वे किसी भी धमकी से डरने वाले नहीं हैं। उन्होंने कहा चाहे कितनी भी बाधाएं आएं, श्रीकृष्ण की जन्मभूमि पर भव्य और दिव्य मंदिर का निर्माण कराकर ही संघर्ष समाप्त होगा। उन्होंने हिंदू समाज को विधर्मियों की गतिविधियों से सतर्क रहने का आह्वान करते हुए कहा कि यह लड़ाई केवल जमीन की नहीं, बल्कि आस्था, स्वाभिमान व सनातन धर्म की रक्षा की है। उन्होंने हिंदुत्व को मजबूत करने और समाज को एकजुट होने की आवश्यकता पर बल दिया।

मंच से शास्त्री राम प्रसाद गौड़ ने कहा कि सनातन धर्म की रक्षा और श्रीकृष्ण की जन्मभूमि पर भव्य मंदिर निर्माण के लिए चल रहे संघर्ष में वे महेंद्र प्रताप सिंह एडवोकेट के साथ मजबूती से खड़े हैं। उन्होंने कहा कि उनकी एक आवाज पर क्षेत्र का हिंदू समाज सबसे आगे खड़ा नजर आएगा। विहिप के ब्रज प्रांत अध्यक्ष संत राधे-राधे बाबूजी ने भी श्रीकृष्ण जन्मभूमि के असली गर्भगृह स्थल पर पुनः मंदिर निर्माण के लिए संघर्ष को और तेज करने की जरूरत बताते हुए महेंद्र प्रताप सिंह की मांग का समर्थन किया। संघ के विभाग प्रचारक पारस पार्थ ने हिंदुत्व को मजबूत करने पर जोर देते हुए वर्ष 2047 तक विकसित भारत की तस्वीर मंच से प्रस्तुत की। उन्होंने कहा कि श्रीकृष्ण जन्मभूमि हिंदुओं की है और यह उन्हें मिलनी चाहिए। सम्मेलन में अकबरपुर के प्रधान अमर सिंह, सतीश कुमार एडवोकेट, लेखराज सिंह, मुकेश फौजी, ऋषभ शुक्ला, जुगल किशोर, हुकम सिंह, अमित राजावत एडवोकेट सहित नरी, सिहाना, शिवाल, तरौली और आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

हमारे डीएनए में वेद और रक्त में संस्कृति प्रवाहित है : स्वामी रामदेव

आगरा। प्रत्येक आर्यजन को सूर्य की भांति तेजस्वी और चंद्र की तरह शीतल, कृतज्ञ एवं विनम्र होना चाहिए। सूर्य और चंद्र हमारे आदर्श हैं। अपने ज्ञान, निष्ठा और पुरुषार्थ के बल पर पूरी दुनिया में परिवर्तन का संकल्प ही आर्यत्व की पहचान है। हम वीर-वीरांगनाओं के उत्तराधिकारी हैं और हमारे डीएनए में वेद समाहित हैं। हमारे रक्त में पूर्वजों का धर्म, संस्कृति, सभ्यता और उनकी संपूर्ण विरासत प्रवाहित हो रही है। ये उद्गार आर्य केंद्रीय सभा की ओर से कमला नगर स्थित जनक पार्क में आर्य महासम्मेलन के दूसरे दिन *मुख्य वक्ता स्वामी रामदेव* ने हरिद्वार से वर्चुअल रूप से व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि हमें अपने भीतर राम की मर्यादा, कृष्ण का योगतत्व और शिव का शिवत्व आत्मसात करना होगा। जो हम जीते हैं, वही हमें बोलना और गाना चाहिए अन्यथा हम पाखंडी कहलाएंगे। आर्यत्व को केवल विचार नहीं, बल्कि आहार, वाणी, व्यवहार और आचरण में जीना होगा। जीवन में स्पष्टता आवश्यक है। समाज में अच्छे लोगों को संगठित होना होगा और असामाजिक शक्तियों का दृढ़ता से विरोध करना होगा।

मुख्य अतिथि ठाकुर विक्रम सिंह ने कहा कि वेद मानवता को समानता, सदाचार और कर्म प्रधान जीवन का संदेश देते हैं, जो आज के समय में और भी प्रासंगिक हो गया है। आर्य समाज सदैव समाज सुधार, शिक्षा प्रसार और राष्ट्रहित के कार्यों में अग्रणी रहा है।

कन्या गुरुकुल सासनी की अधिष्ठाता आचार्या पवित्रा ने कहा कि महर्षि दयानंद सरस्वती ने नारी शिक्षा को समाज सुधार का मूल आधार बताया था। आर्य समाज की देन है कि आज गुरुकुलों के माध्यम से कन्याएं वेद, विज्ञान और संस्कारों से युक्त शिक्षा प्राप्त कर रही हैं। नारी का सशक्तिकरण केवल नारों से नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण, शिक्षा और संस्कारों से होता है। *वक्ता स्वामी आर्यवेश* ने कहा कि अष्टांग योग मनुष्य को शारीरिक, मानसिक और आत्मिक शुद्धि के माध्यम से आत्म-मुक्ति की ओर ले जाने का मार्ग है। यम और नियम से व्यक्ति के आचरण में नैतिकता, सत्य, अहिंसा और संयम का विकास होता है। अष्टांग योग केवल साधना नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला है, जो मनुष्य को आत्मिक स्वतंत्रता और परम शांति प्रदान करता है। आचार्य विष्णुमित्र वेदारथी ने वेदों के सिद्धांतों, सामाजिक सुधार और नैतिक जीवन मूल्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला।

अधिकारी संवेदनशीलता से कार्य करें: जयवीर सिंह

फिरोजाबाद। उ.प्र के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने रविवार को अपने आवास पर जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आए आम जनमानस की समस्याओं को सुना, जनसुनवाई के दौरान बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों ने अपनी समस्याओं से मंत्री को अवगत कराया, जनता की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए पर्यटन मंत्री ने मौके पर उपस्थित संबंधित अधिकारियों को त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से शिकायतों को निस्तारित करने के निर्देश दिए और स्पष्ट शब्दों में चेतावनी देते हुए कहा कि जनता की समस्याओं के निस्तारण में किसी भी प्रकार की शिथिलता या उदासीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी, उन्होंने निर्देशित किया कि आम जनता को अपने जायज काम के लिए कार्यालय के चक्कर लगाने न पड़े और हर प्रार्थना पत्र का निस्तारण एक निश्चित समय सीमा के अंदर किया जाना सुनिश्चित करें, उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता अंतिम पायदान पर खड़े हर व्यक्ति की मदद करना है। जनसुनवाई के दौरान मुख्य रूप से राजस्व, पुलिस, प्रशासन, विकास कार्य और स्वास्थ्य विभाग इत्यादि से संबंधित मामले सामने आए, जिन्हें विभागों को तत्काल अग्रसारित किया गया, इस दौरान पुलिस क्षेत्र अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

स्टंटबाज को गिरफ्तार कर बुलेट बाइक की सीज

फिरोजाबाद। थाना दक्षिण पुलिस ने बाइक पर अत्यधिक तीव्र ध्वनि में हॉर्न बजाने, स्टंटबाजी करने वाले एक स्टंटबाज को गिरफ्तार किया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित के निर्देशन में खतरनाक तरीके से वाहन चलाने वाले स्टंट करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध चलाये जा रहे विशेष अभियान के अनुपालन में थाना दक्षिण पुलिस टीम द्वारा नालबन्द चौराहा से एक बुलेट बाइका यूपी 83 एएस 8872 पर स्टंटबाजी कर व तीव्र ध्वनि में हॉर्न बजाते हुए आम जन को खतरा में डालने व शान्ति व्यवस्था भंग करने वाले एक अभियुक्त अनूप कुमार पुत्र खजान सिंह निवासी नगला गोकुल थाना बसई मोहम्मदपुर जनपद फिरोजाबाद को धारा 34 पुलिस एक्ट में गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की है,एवं बुलट मोटर साइकिल यूपी 83 एएस 8872 को धारा 207 एमवी एक्ट में सीज कर 28500 रुपये का जुमार्ना अधिरोपित किया है।

बल्केश्वर चौराहे पर हुआ हनुमान चालीसा का पाठ और महाआरती

आगरा। विश्व शांति हिंदू महासम्मेलन समिति द्वारा शनिवार को बल्केश्वर चौराहे पर स्थित हनुमान मंदिर में हनुमान चालीसा का पाठ एवं महाआरती और प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया। क्षेत्रीय पार्षद मुरारी लाल गोयल व पार्षद श्रीमती पूजा बंसल ने बताया की 8 फरवरी 2026 को होने वाले महा विराट हिंदू सम्मेलन को लेकर आज से प्रथम कार्यक्रम का शुभारंभ श्री हनुमान जी से अरदास लगाकर सब ने प्रार्थना की। सब यही कामना कर रहे हैं कि बाबा कृपा करना और महा विराट हिंदू सम्मेलन को सफल बनाना साथ प्रसाद वितरण भी किया गया। क्षेत्र वासियों व सभी गणमान्य लोगों के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस आयोजन में मंदिर महंत राज किशोर चतुवेर्दी, नरेंद्र तनेजा, सुरेश बरेजा, सुमन गोयल, गिरिराज बंसल, कुंदनिका शर्मा, ममता शर्मा, कुमकुम उपाध्याय, दुर्गेश शर्मा, सत्येंद्र पाठक, मीनाक्षी शर्मा, मयंक खंडेलवाल, इन्द्र डाबर, विनय अग्रवाल, विश्वनाथ भारद्वाज आदि उपस्थित रहे।

श्री गुरु हरराय साहिब का प्रकाश पर्व श्रद्धा व कीर्तन के साथ मनाया गया

आगरा। पार्श्वनाथ पंचवटी कॉलोनी, ताजनगरी स्थित सत्संग हॉल में सीनियर सिटीजन साथियों द्वारा धन-धन श्री गुरु नानक देव महाराज जी की सातवीं ज्योत, श्री गुरु हरराय साहिब जी का पावन प्रकाश पर्व श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ मनाया गया,कार्यक्रम का शुभारंभ सरबत के भले की अरदास से हुआ। इस अवसर पर शब्द-गुरबाणी कीर्तन द्वारा ह्ललख खुशियाँ पातशाहियाँह्व एवं सुमरन करले मेरे मना,,, नानक कहे सुनो भगवंता राम बिना नही कोई अपना,,, जैसे दिव्य शब्दों का गायन किया गया, जिससे वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर हो गया, संगत ने गुरु हरराय साहिब जी के करुणा, सेवा और मानवता के संदेशों का स्मरण करते हुए नमन किया। कार्यक्रम में उपस्थित वरिष्ठजनों ने गुरु उपदेशों को जीवन में अपनाने का संकल्प लिया, सत्संग उपरांत सभी ने एक-दूसरे को प्रकाश पर्व की बधाइयाँ दीं तथा गुरु कृपा की कामना की।

संस्कृति विवि में स्वास्थ्य को लेकर किया जागरूक

मथुरा। संस्कृति विवि के संतोष मेमोरियल ऑडिटोरियम में आरोग्यभारती ब्रज प्रांत के सहयोग से संस्कृति आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज व हॉस्पिटल द्वारा एक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. मुरली कृष्णा ने स्वास्थ्य के महत्व पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहासंपूर्ण स्वास्थ्य के लिए संतुलित जीवनशैली और निवारक स्वास्थ्य देखभाल बहुत जरूरी है।

डॉ. मुरली कृष्ण ने कहा कि अच्छे स्वास्थ्य का मतलब है संपूर्ण रूप से अच्छा स्वास्थ्य। संपूर्ण रूप से अच्छा स्वास्थ्य तभी हो सकता है जब हमारी जीवन शैली संतुलित होगी। हमें अपने स्वास्थ्य के प्रति नियमित रूप से ध्यान रखना होगा। उन्होंने उपस्थित विद्यार्थियों से कहा कि दिनचर्या को व्यवस्थित रखें, स्वास्थ्यवर्धक भोजन करें और नियमित व्यायाम करें।इससे आप हमेशा स्वस्थ रहेंगे। आरोग्य भारती के क्षेत्रीय संगठनात्मक सचिव डॉ. रमेश ने कार्यक्रम का उद्देश्य समझाया और आयोजन संस्था, आरोग्यभारती ब्रज प्रांत की गतिविधियों और दृष्टिकोण के बारे में जानकारी दी। संस्कृति विवि के प्रति कुलपति डॉ. रघुराम भट्ट ने छात्रों की सामाजिक प्रतिबद्धता पर जोर दिया और सामाजिक रूप से जिम्मेदार और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक नागरिकों को तैयार करने में शैक्षणिक संस्थानों की भूमिका के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में प्रिंसिपल डॉ. मोहनन एम और डायरेक्टर डॉ. रजनी भट्ट ने अपने उद्बोधन से कार्यक्रम को और भी महत्वपूर्ण बना दिया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. आकांक्षा हीर ने किया और डॉ. सुरभि ने कार्यक्रम के प्रभावी समन्वय को सुनिश्चित किया। कार्यक्रम का समापन सकारात्मक रूप से हुआ, जिसने छात्रों और समुदाय के बीच स्वास्थ्य जागरूकता और सामाजिक जिम्मेदारी के महत्व को मजबूत किया।

माघ पूर्णिमा पर गोवर्धन में लगा जाम

मथुरा। माघ पूर्णिमा के अवसर पर गोवर्धन में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। गिरिराज महाराज की परिक्रमा और दर्शन के लिए रविवार को भारी संख्या में भक्त पहुंचे, जिससे शहर में भीषण जाम लग गया। शहर की गलियां, मुख्य मार्ग और गिरिराज परिक्रमा मार्ग श्रद्धालुओं से खचाखच भर गए। सुबह से ही भक्तों ने गिरिराज महाराज के दर्शन किए और परिक्रमा शुरू की। भीड़ के कारण प्रमुख मार्गों पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं, जिससे श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों को घंटों तक जाम में फंसे रहना पड़ा। स्थानीय प्रशासन ने भीड़ को नियंत्रित करने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया था। हालांकि, माघ पूर्णिमा के साथ रविवार होने के कारण भक्तों की संख्या अनुमान से कहीं अधिक रही, जिससे यातायात व्यवस्था प्रभावित हुई।

अखिलेश राज में अविमुक्तेश्वरानंद पर हुआ था लाठी चार्ज

फिरोजाबाद। आज हिंदुओं को एक जुट करने को पूरे देश में हिंदू सम्मेलन आयोजित किए जा रहे है,हिंदुओं को एकजुट करने का काम इन सम्मेलनों के द्वारा किया जा रहा है। यह विचार उत्तर प्रदेश राज्य निर्माण सहकारी संघ लिमिटेड उत्तर प्रदेश के निदेशक तथा युवा साधु समाज भारत के राष्ट्रीय महामंत्री योगी अर्पितदास महाराज ने शिकोहाबाद में राज्य विकास समन्वय एवं निगरानी समिति दिशा कमेटी भारत सरकार के सदस्य व समाजसेवी अंकुर वर्मा के आवास पर स्वागत समारोह के दौरान वार्ता के दौरान कहीं। उन्होंने कहा कि योगी आदित्यनाथ के रूप में जबसे सीएम बने हैं,हमारे हिंदुओं के त्यौहार बहुत ही उत्साह के साथ मनाये जा रहे हैं। जब उनसे शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद के माघ मेला छोड़ने को लेकर सवाल किया गया तो अर्पित दास महाराज का कहना था कि यह वही अविमुक्तेश्वरानंद है जिनको पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के इशारे को बनारस में लाठी चार्ज में पीटा गया था आज वही उन लोगों का पक्ष ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रयागराज माघ मेला में सभी शंकराचार्य, जगत्गुरुओं तथा महामंडलेश्वरो ने शांतिपूर्ण तरीके से स्नान किया लेकिन केवल इन अविमुक्तेश्वरानंदजी को ही क्यों दिक्कत आई,यहां तक के पुरी वाले शंकराचार्य ने भी पैदल चलकर स्नान किया। लगता है कि अविमुक्तेश्वरानंदजी एक साजिश के साथ हमारे बड़े पर्वों पर उनको विखंडित करने आते हैं वह अपनी मानसिकता में बदलाव लाने की जरूरत है। अर्पितदास महाराज ने कहा कि भारत हिंदू राष्ट्र नहीं होगा तो क्या ईरान दुबई हिंदू राष्ट्र बनेगा वहीं उन्होंने कहा कि देश का बजट अच्छा पेश किया गया है। यह खुशहाली का बजट है। हर क्षेत्र में यह बजट बहुत ही अच्छा रहा है। जबकि जिन्होंने देश- प्रदेश को लूटने का काम किया है उनको इस बजट में दर्द हो रहा है। इस मौके पर दिशा कमेटी के सदस्य अंकुर वर्मा, पीयूष कपूर, समाजसेवी अक्षय वर्मा आदि मौजूद रहे।

बजट में दिल्ली-वाराणसी हाई स्पीड रेल कॉरिडोर की घोषणा का स्वागत

फिरोजाबाद। क्षेत्रीय रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज के सदस्य श्रीकृष्ण गौतम ने केंद्रीय बजट 2026-27 में दिल्ली वाराणसी हाई स्पीड रेल कॉरिडोर की घोषणा का स्वागत करते हुए कहा कि कॉरिडोर के बनने से फिरोजाबाद जनपद वासियों को एक बड़ी सौगात मिलेगी। श्री गौतम ने बताया कि इस हाई स्पीड रेल कॉरिडोर का सर्वेक्षण लिडार लाइट डिटेंशन एवं रेंजिंग तकनीकी से पूरा कर लिया गया है। यह कॉरिडोर सराय काले खां नई दिल्ली से प्रारंभ होकर नोएडा एयरपोर्ट के नजदीक होकर मथुरा आगरा तथा टूंडला फिरोजाबाद के किनारे से इटावा लखनऊ प्रयागराज होते हुए वाराणसी तक जाएगा। फिरोजाबाद जनपद में इसके ठहराव का स्टेशन अभी निश्चित नहीं हुआ है। हर संभव प्रयास किया जाएगा कि फिरोजाबाद जनपद में भी इसका एक रेलवे स्टेशन हो। बजट में रेलवे और बुनियादी ढांचे के विकास के लिए बजट में 12.2 लाख करोड़ का पूंजीगत व्यय निर्धारित किया गया है। इस राशि से रेल नेटवर्क विस्तार, माल ढुलाई क्षमता में वृद्धि सुरक्षा सुधार और आधुनिक तकनीकों को अपनाने का कार्य तेज होगा। रेल दुर्घटनाओं को रोकने के लिए कवच सुरक्षा प्रणाली को अधिक रेल मार्गों पर लागू करने की योजना है। इसके साथ ही यात्रियों की सुविधा के लिए नई और आधुनिक ट्रेनों जैसे वंदे भारत स्लीपर ट्रेन, को नेटवर्क में शामिल करना रेलवे को हरित और टिकाऊ बनाने पर भी जोर दिया गया है। कार्बन उत्सर्जन घटाने, ऊर्जा दक्षता बढ़ाने और रेलवे को मल्टी-मॉडल लॉजिस्टिक्स से जोड़ने की दिशा में ठोस कदम प्रस्तावित किए गए हैं।

सहायक निबंधक को सेवानिवृत्त होने पर दी विदाई

मथुरा। सहायक निबंधन मशकूर अली का शनिवार को सेवानिवृत्ति पर बार एसोसिएशन माँट के कार्यालय में विदाई समारोह आयोजित किया गया। अधिकारियों और कर्मचारियों ने उन्हें फूल माला पहनाई और स्मृति चिह्न दिया। सभी ने उन्हें मिष्ठान खिलाया। उन्होंने बताया कि माँट कार्यालय में 10 वर्ष कार्यकाल रहा। उन्होंने सभी को सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। इस दौरान ऐआईजी स्टांप अर्पिता शर्मा, सब रजिस्टार माँट संदीप कुमार ने उनके कार्यकाल में मिले सहयोग के लिए उनका आभार व्यक्त किया। इस दौरान ऐ के त्रिपाठी सब रजिस्टार मथुरा फर्स्ट व माँट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष पंकज जायास सचिव, आलोक जायास,पूर्व अध्यक्ष उमाशंकर वार्ष्णेय, कार्यकारिणी सदस्य लव राघव,योगेश जायास, हरिओम बघेल, देवेंद्र जायास चतुर्भुज हेमेंद्र चैधरी, तहसीलदार सहित अन्य पदाधिकारी कॉरपोरेट बैंक के चेयरमैंन पीयूष धनगर, भारत केसरी देवेंद्र पहलवान, सैयद उमाम अली एडवोकेट मौजूद रहे।

रामबाग क्षेत्र में मंत्री धर्मवीर प्रजापति ने गरीबों को कंबल व गजक बांटे

आगरा। शीतलहर के बीच जरूरतमंदों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से दिनांक 31 जनवरी 2026, को रामबाग क्षेत्र अंतर्गत नुनिहाई चौकी के पास स्थित झुग्गियों- झोपड़िया में रहने वाले गरीब व असहाय लोगों को कंबल और गजक का वितरण मंत्री धर्मवीर प्रजापति द्वारा किया गया। बताते चलें कि बीते दिनों दिवाली के पावन पर्व से पहले भी मंत्री धर्मवीर प्रजापति ने सुल्तानगंज और रामबाग क्षेत्र में गरीबों और झुग्गि - झोपड़िया में रहने वालों को तेल दीपक व अन्य सामग्री भी वितरित की गई थी। जिसे कोई भी गरीब दिवाली जैसे पावन पर्व पर कोई भी व्यक्ति अपने बच्चों के साथ खुशियों से वंचित न रहे। वितरण कार्यक्रम का आयोजन मंत्री श्री धर्मवीर प्रजापति (होमगार्ड एवं नागरिक सुरक्षा विभाग, स्वतंत्र प्रभार, उत्तर प्रदेश सरकार) के कर-कमलों द्वारा किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ठंड से प्रभावित गरीब एवं असहाय लोगों को राहत प्रदान करना है। इस अवसर पर मंत्री श्री प्रजापति स्वयं जरूरतमंदों को कंबल वितरित कर सहायता प्रदान की गई। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से रणवीर सिंह कुशवाह, ठाकुर गोपाल सिंह, ज्वाला प्रसाद प्रजापति, रामू प्रजापति पत्रकार, माता प्रसाद प्रजापति, प्रमोद प्रजापति, राणा प्रधान, भीष्म पाल, विष्णु प्रजापति, अजय चौहान, राजू भाई एवं सौरभ प्रजापति उपस्थित रहे।

बजट नयी सदी के भारत की रफ्तार तय करने वाला रोडमैप है : उदय प्रताप

टूंडला। पीएम नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा रविवार को बजट पेश किया गया। जिसके लाइव प्रसारण को टूण्डला भाजपा मण्डल कार्यालय स्टेशन रोड टूण्डला पर भाजपा जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह ने पार्टी के पदाधिकारियों व कार्यकताओं व प्रबुद्धजनों के साथ सुना। जिले के सभी 17 मण्डल कार्यालय पर अन्य जगह लाइव प्रसारण भाजपा कार्यकताओं ने सुना। जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह ने कहा कि यह बजट देश के विकास में मील का पत्थर ही नहीं,बल्कि नई सदी के भारत की रफ्तार तय करने वाला रोडमैप है। गरीब का सम्मान, किसान की ताकत युवा का भविष्य और महिलाओं का सशक्तिकरण हर वर्ग को आगे बढ़ाने का दम इस बजट में दिखता है। इन्फ्रास्ट्रक्कर, रोजगार तकनीक और आत्मनिर्भर भारत हर मोर्चे पर विकास की गूंज साफ सुनाई दे रही है। यह बजट भारत को सिर्फ आगे नहीं बढ़ाएगा, बल्कि दुनिया के मंच पर नेतृत्व करने की ताकत देगा। इस दौरान प्रमुख रूप से पूर्व जिलाध्यक्ष वृन्दलाल गुप्ता, दिनेश गुप्ता मण्डल अध्यक्ष टूण्डला डॉ अमित गुप्ता जिला प्रवक्ता मीडिया प्रभारी दीपक चौधरी शिव शंकर शर्मा,नीलम दिवाकर वीरेन्द्र प्रताप सिंह क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अल्प संख्यक मोर्चा सचिन जैन, राजेश अग्रवाल,लीना मदान,सुनील पाठक मुकेश धामा विवेक शर्मा सरदार मनिंदर सिंह आदि मौजूद रहे।

निःशुल्क थैलेसीमिया एचएलए टाइपिंग शिविर के लिए पंजीकरण शुरू, करें संपर्क

आगरा। स्वास्थ्य सेवा प्रदाता, लोकहितम चैरिटेबल ब्लड सेंटर कमला नगर आगरा एवं बाल आयुष फाउंडेशन बैंगलोर के संयुक्त तत्वावधान में फरवरी माह में निःशुल्क थैलेसीमिया एचएलए टाइपिंग शिविर आयोजित किया जायेगा। इसका मुख्य उद्देश्य बोन मैरो ट्रांसप्लांट (बीएमटी) के महत्व और इसे थैलेसीमिया, सिकल सेल एनीमिया, ब्लड डिसऑर्डर के इलाज के एक व्यवहार्य समाधान के रूप में प्रोत्साहित कर थैलेसीमिया मुक्त स्वस्थ्य जीवन प्रदान करना है। महासचिव अखिलेश अग्रवाल ने जानकारी दी कि थैलेसीमिया, एक वंशानुगत रक्त विकार, जो रोगियों और उनके परिवारों पर भारी प्रभाव डालता है, अब बीएमटी के माध्यम से एक नई आशा की किरण देख रहा है। यह उपचार विधि न केवल जीवन की गुणवत्ता में सुधार करती है बल्कि एक संभावित चिरस्थायी इलाज भी प्रदान करती है। इस शिविर का उद्देश्य थैलेसीमिया रोगियों, उनके भाई-बहनों, और माता-पिता को बीएमटी की प्रक्रिया, महत्व, और इसके लाभों के बारे में शिक्षित करना है।

इसमें विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा आयोजित इंटरैक्टिव सत्र शामिल होंगे। जो उपस्थित लोगों को विभिन्न उपचार विकल्पों, बीएमटी प्रक्रिया, इसकी सफलता दरों, और प्रत्यारोपण के बाद की देखभाल के महत्वपूर्ण पहलुओं पर मार्गदर्शन करेंगे। सभी इच्छुक व्यक्तियों से अनुरोध है कि वे इस महत्वपूर्ण शिविर में भाग लेने के लिए समय निकालें और अपने जीवन में एक सकारात्मक बदलाव लाएं। एचएलए पंजीकरण के लिए रोहित अग्रवाल एडवोकेट से 9997093267 पर सम्पर्क करें।

बजट 2026-27: मध्यम वर्ग को बड़ी राहत

- विकसित भारत के संकल्प को नयी गति भाजपा ने बताया जनहितैषी व दूरदर्शी बजट

मथुरा। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा नौवां बजट संसद में प्रस्तुत केंद्रीय बजट 2026-27 को भाजपा के जिपं अध्यक्ष किशन चौधरी सहित जनप्रतिनिधियों व कार्यकर्ताओं ने विकासोन्मुख, जनकल्याणकारी और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में मजबूत कदम बताया है। मथुरा में भाजपा जिला कार्यालय पर बजट का लाइव प्रसारण देखा गया, जहां उत्साहपूर्ण वातावरण में नेताओं और कार्यकताओं ने बजट का स्वागत किया।

पुष्पांजलि स्थित भाजपा जिला कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में पूर्व मंत्री विधान परिषद सदस्य मथुरा प्रभारी अशोक कटारिया पूर्व ऊर्जा मंत्री विधायक श्रीकांत शर्मा भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष विजय बहादुर पाठक, जिला पंचायत अध्यक्ष किशन सिंह चौधरी, विधायक राजेश चैधरी, विधायक ठा.मेघश्याम सिंह विधायक राजेश चैधरी महापौर विनोद अग्रवाल जिला महानगर अध्यक्ष हरिशंकर राजू यादव जिला अध्यक्ष निर्भय पांडे सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी उपस्थित रहे। विधायक श्रीकांत

शर्मा ने कहा कि बजट में बुनियादी ढांचे और ऊर्जा क्षेत्र पर विशेष फोकस किया गया है। कैपेक्स में रिकॉर्ड बढ़ोतरी से न केवल विकास कार्यों को गति मिलेगी, बल्कि रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। उन्होंने कहा कि मध्यम वर्ग को टैक्स में दी गई राहत से उसकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। मथुरा प्रभारी अशोक कटारिया ने बजट को विकसित भारत के चार स्तंभकृयुवा, महिला, किसान और गरीब को सशक्त करने वाला बताया। उन्होंने कहा राजकोषीय घाटे को नियंत्रित रखते हुए विकास पर जोर देना सरकार की दूरदर्शी आर्थिक नीति को दशार्ता है। जिपंअध्यक्ष किशन चौधरी ने कहा बजट में बुनियादी ढांचे के विकास, आर्थिक स्थिरता व रोजगार सृजन पर विशेष फोकस किया गया है, जिससे आम नागरिक को आने वाले समय में सीधा लाभ मिलेगा। महापौर विनोद अग्रवाल ने कहा शहरी विकास, डिजिटल कनेक्टिविटी और स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े प्रावधानों का सीधा लाभ नगर क्षेत्र के नागरिकों को मिलेगा। इससे स्थानीय स्तर पर बुनियादी सुविधाएं और अधिक सुदृढ़ होंगी। वहीं पीएम मोदी एवं वित्त मंत्री का आभार व्यक्त करते हुए भाजपा महानगर अध्यक्ष हरिशंकर यादव ने कहा कि एमएसएमई और छोटे व्यापारियों के लिए किए गए प्रावधान अर्थव्यवस्था को मजबूती देंगे। वहीं महानगर मीडिया प्रभारी श्याम शर्मा ने बताया कि भाजपा महानगर इकाई बजट की जनहितकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने के लिए विशेष जनजागरण अभियान चलाएगी। वहीं उन्होंने कहा कुल मिलाकर, केंद्रीय बजट 2026-27 को विकास, विश्वास और सुशासन का संतुलित दस्तावेज बताया गया, जो विकसित भारत के लक्ष्य को मजबूती प्रदान करता है। इस अवसर पर चंद्रपाल कुंतल संजय शर्मा कुंज बिहारी चतुर्वेदी महानगर मीडिया प्रभारी श्याम शर्मा महिला मोर्चा महानगर अध्यक्ष पूजा चौधरी किसान मोर्चा महानगर अध्यक्ष सुरेंद्र प्रधान युवा मोर्चा महानगर अध्यक्ष यज्ञ दत्त कौशिक आदि मौजूद थे।

संक्षेप

मालगाड़ी के आगे कूदी महिला, मौत

बिसवां नगर (सीतापुर)। कोतवाली बिसवां क्षेत्रांतर्गत सीतापुर बुढ़वल रेलवे ट्रैक पर एक महिला ने अचानक मालगाड़ी के सामने आकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। इस घटना के बाद से गांव में मातम पसरा हुआ है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत ग्राम राजा करनाई निवासी छोटकनी पत्नी स्व0 राजेंद्र रविवार सुबह अचानक गांव के पास स्थित रेलवे ट्रैक पर पहुंच गई। उसी दौरान महमूदाबाद की ओर से सीतापुर की तरफ जा रही एक मालगाड़ी वहां से गुजरी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक महिला अचानक ट्रेन के सामने आ गई। जिससे वह गंभीर रूप से चपेट में आ गई। और उसका सिर व धड़ अलग होकर जा गिरा। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। महिला के कटने के बाद ट्रेन रुकने और शोर मचने के बाद भारी संख्या में ग्रामीण मौके पर जमा हो गये। सूचना मिलते ही कोतवाली बिसवां पुलिस और जीआरपी की टीम घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर शव को कब्जे में लिया और पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है। इस संबंध में पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामला प्रथम दृष्टया आत्महत्या का लग रहा है। महिला ने यह खौफनाक कदम क्यों उठाया, इसका खुलासा अभी नहीं हो पाया है। पोस्टमार्टम के लिए शव भेजा गया है तथा हर पहलू की गहनता से जांच की जा रही है। जिससे मौत का असली कारण पता लगाया जा सके। फिलहाल परिवार के सदस्य गहरे सदमे में हैं। उन्होंने किसी भी तरह के घरेलू विवाद की बात से फिलहाल इनकार किया है।

पुलिस व राजस्व टीम पर कर्मचारियों ने किया हमला

सिधौली (सीतापुर)। कोतवाली क्षेत्र के सिंहपुर स्थित जीसस मिशन स्कूल में अवैध निर्माण की शिकायत पर निरीक्षण करने गई पुलिस व राजस्व टीम पर स्कूल प्रबंधन और कर्मचारियों ने हमला कर दिया। हमले में पुलिस वाहन क्षतिग्रस्त हो गया, जबकि लेखपाल जितेंद्र सहित कई कर्मी घायल हो गये। प्राप्त जानकारी के अनुसार सीतापुर निवासी सत्य प्रकाश ने अपनी गाटा संख्या 9 पर स्कूल प्रबंधकों पर अवैध रूप से दीवार का निर्माण करवाने की शिकायत की थी। एसडीएम के निर्देश पर राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम एसआई दयानंद झा लेखपाल जितेंद्र सिंह व अन्य लोगों टीम शनिवार की रात पहुंची और मौके पर निरीक्षण की बात कही। इसी दौरान स्कूल प्रबन्धकों ने व अन्य मौजूद लोगों ने पुलिस टीम पर हमला कर दिया। हमले में पुलिस वाहन भी क्षतिग्रस्त हो गया। लेखपाल जितेंद्र की तहरीर पर सिधौली पुलिस ने प्रबंधक श्रवण, विल्सन, प्रधानाचार्य नाओमी क्षेत्री समेत करीब 20 लोगों पर गम्भीर धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। घटना की सूचना पर सीओ कपूर कुमार सहित अतिरिक्त पुलिस बल मौके पर पहुंचा था। घायलों का उपचार कराया गया है। सीओ कपूर कुमार ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच जारी है। बताते चलें कि 2 दिन पूर्व भी राजस्व टीम के सामने शिकायत करता वह स्कूल प्रबंधकों में जमकर मारपीट हुई थी। दोनों पक्षों के आधा दर्जन से अधिक लोगों पर सिधौली कोतवाली पुलिस ने 151 के तहत कार्रवाई की थी। उसके उपरांत शनिवार को फिर से शिकायत की गई और इसी शिकायत को लेकर टीम निरीक्षण के लिए गई थी।

आकस्मिक निधन पर हुई शोकसभा

सीतापुर। नगर के प्रमुख दवा व्यवसाई व आदर्श व्यापार मंडल जिला उपाध्यक्ष प्रदीप अग्रवाल मुन्ना भैया के आकस्मिक निधन पर आदर्श व्यापार मंडल जिला कार्यालय में शोकसभा कर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। जिलाध्यक्ष संजय मिश्रा ने प्रदीप अग्रवाल के निधन को व्यापारी समाज की अपूर्णीय क्षति बताते हुए गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। प्रदेश उपाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, संरक्षक विश्ववीर गुप्ता, कोषाध्यक्ष अनिल अग्रवाल, प्रमुख सलाहकार नरेश अग्रवाल, नगर अध्यक्ष राजकुमार रस्तोगी, जिला मंत्री अनीत मिश्रा, युवा विंग अध्यक्ष दीपिल अरोड़ा, आशीष सक्सेना, महिला अध्यक्ष सरिता जैन, सीमा जैन, अमित गुप्ता, संजीव अग्रवाल, अर्जुन राठौर, अनुराग शुक्ला, मोहित अग्रवाल, विजय रस्तोगी सहित संगठन पदाधिकारियों ने प्रदीप अग्रवाल के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि दी है।

बजट में सभी वर्गों के हित का रखा गया ध्यान

जिला संवाददाता(vol)

- केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीता रमण ने वर्ष 2026 का केन्द्रीय बजट संसद में रखा

सीतापुर। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा वर्ष 2026 का केंद्रीय बजट संसद में रखा गया। बजट राष्ट्र कल्याण और देश में निवास कर रहे सभी वर्गों को ध्यान में रखकर राष्ट्रसमर्पित किया गया है। उक्त बजट का टेलीविजन के माध्यम से सजीव प्रसारण स्थानीय नेहरू हाल में रखा गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में नगर विकास मंत्री विधायक सदर राकेश राठौर गुरु उपस्थित रहे। जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला द्वारा की गई। इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह द्वारा वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत बजट को विस्तार से सुना गया।

भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी द्वारा जिले के सभी 40 मंडलों में बजट का संजीव प्रसारण सुना गया इस अवसर पर नगर विकास मंत्री राकेश राठौर गुरु ने बजट को सभी के लिए हितकारी बताया जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला ने बताया कि प्रस्तुत बजट में देश के सभी वर्गों का ध्यान रखा गया है। किसानों के लिए लाई गई योजनाओं से किसानों की आय में वृद्धि होगी तो वही कैंसर जैसी घातक बीमारियों की आवश्यक दवाईयों को सस्ता किया गया है। जिससे रोगी और उसके घर वालों को राहत मिलेगी। उन्होंने बताया कि विदेश में पढ़ रहे शिक्षार्थियों को भी टैक्स में विशेष सुविधा दी गई है। जिससे हमारे देश का भविष्य विदेशों में भी अपने हुनर को चमकाएगा। इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक रोहित सिंह, सहसंयोजक जया सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष अजय गुप्ता, राहुल जायसवाल, विश्राम सागर राठौर, खैराबाद ब्लाक प्रमुख अजय विश्वकर्मा, श्वेतांशु बाजपेई, नगर अध्यक्ष द्वय पंकज पांडे, राजन गुप्ता सहित ललित श्रीवास्तव, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि नमिद्र अवस्थी, संजय मिश्रा, जितेंद्र मेहोत्रा, रामजीवन जायसवाल, विष्णु मौर्य, प्रखर जायसवाल सहित क्षेत्रीय किसान व्यापारी व छात्र व जन सामान्य उपस्थित रहे सभी ने प्रस्तुत बजट को लोक कल्याणकारी बताया।

विहिप व बजरंग दल की सामाजिक समरसता यात्रा का किया स्वागत

बिसवां नगर (सीतापुर)। विभाग की सामाजिक समरसता यात्रा का कार्यक्रम बिसवां नगर के बड़े चौराहे पर नगर जिले के कार्यकताओं द्वारा पूजन अर्चन स्वागत सम्मान हुआ।

कार्यक्रम में जिला संगठन मंत्री सुधाकर, जिला गौ रक्षा प्रमुख श्रीकांत मौर्य, जिला सुरक्षा प्रमुख ओम प्रकाश गुप्ता, शुभम मिश्रा, आयुष मिश्रा सहित तमाम कार्यकर्त्ता बंधु उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाया। कार्यक्रम का उद्बोधन विहिप नगर अध्यक्ष प्रेम शंकर बाजपेई ने भारत माता की, जय श्रीराम, गर्व से कहो हम सब हिन्दू है आदि नारों से कार्यक्रम को सम्बोधित किया। कार्यक्रम का नेतृत्व प्रान्त समरसता प्रमुख धर्मेंद्र कर रहे हैं।

संत रविदास व संत नरहरी दास जयंती समारोह आयोजित

फतेहपुर,। समाजवादी पार्टी के जिला मुख्यालय पर पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के निदेर्शानुसार महान संत रविदास जी एवं संत नरहरी दास जी की जयंती का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत दोनों महापुरुषों के चित्रों पर पुष्पमाला अर्पित कर की गई। इसके बाद संतों के जीवन परिचय, उनके द्वारा समाज सुधार, शोषित-पीड़ित वर्गों के उद्धार एवं भक्ति मार्ग में किए गए अतुलनीय कार्यों पर विस्तार से चर्चा हुई।

संत रविदास जी ने 15वीं शताब्दी में जाति-पाति के भेदभाव को चुनौती देते हुए 'सबका मालिक एक' का संदेश दिया। उनकी वाणी आज भी करोड़ों लोगों को प्रेरित करती है। उधर, संत नरहरी दास ने अपनी भक्ति रचनाओं से नैतिक मूल्यों और सामाजिक एकता का प्रचार किया। वक्ताओं ने कहा कि समाजवादी पार्टी इन संतों की शिक्षाओं को अपनाकर सामाजिक न्याय सुनिश्चित करेगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष सुरेंद्र प्रताप सिंह ने की। संचालन जिला महासचिव चौधरी मंजर यार ने बखूबी निभाया। प्रमुख रूप से पूर्व अध्यक्ष वली उल्ला, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य विपिन यादव, राम किशोर प्रजापति, नरेंद्र प्रजापति, रत्नेश रत्ना, वीरेंद्र साहू, आशीष नामदेव, राज बाबू यादव, अनिल यादव, सिद्धार्थ गौतम, आनंद गौतम, रिशु तिवारी, रवि गुप्ता, लवकुश, चंद्रमणि भास्कर, अंकित पायलट, कुलदीप कुमार, कमलेश कुमार, राम राज समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने संतों के चित्र पर माल्यार्पण कर जयकारे लगाए। अध्यक्ष सुरेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि संतों की जयंती मनाना मात्र परंपरा नहीं, बल्कि उनके विचारों को जीवन में उतारना है।

धूमधाम से मनायी गयी संत रविदास की जयंती

सिधौली (सीतापुर)। संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की जन्मोत्सव कस्बा के पंचायती रविदास मंदिर में रविवार को परम्परागत तरीके से उत्साहपूर्वक और हर्षोल्लास से मनाया गया और धूमधाम से शोभा यात्रा निकाली गयी। शोभायात्रा में संत रविदास के जीवन पर आधारित तरह- तरह की झांकिया सजाई गई थी। जो लोगों का आकर्षण का केंद्र रही। झाकियों के साथ बैंड बाजे की धुन पर नन्हें मुन्ने बच्चे, नौजवान, महिलाएं, पुरुष, बौद्ध भिक्षु, कबीरपंथी व रविदास पंथी बड़े उत्साह के साथ शामिल हुए। इस शोभा यात्रा की अगुवाई पंचायती रविदास मंदिर के अध्यक्ष अमरसेन चौधरी ने की।

कन्या भोज व भंडारे के साथ 49वें यज्ञ का समापन

परसेण्डी (सीतापुर)। विकासखण्ड परसेण्डी के दुर्गा धाम राही में चल रही 49वां यज्ञ उत्सव कार्यक्रम विशाल कन्या भोज एवं विशाल भंडारे के साथ सम्पन्न हुआ। श्री 1008 ब्रह्मलीन फलाहारी बाबा के पूर्ण स्मृति में आयोजित 49वां विष्णु महायज्ञ एवं विराट सहित सम्मेलन दुर्गा धाम शक्तिपीठराही ब्लॉक परसेंडी जनपद सीतापुर कार्यक्रम के अंतिम दिवस 11वें दिवस के पावन अवसर पर यज्ञशाला पंडित अर्जुन तिवारी यज्ञ आचार्य महाराज अयोध्या धाम एवं वैदिक मंडल के द्वारा मुख्य यजमान शैलेंद्र शुक्ला सब पत्नी के साथ वैदिक मंत्रालय के साथ विधि विधान पूर्वक पूणार्हुति कार्यक्रम विशाल कन्या भोज एवं भंडारे के प्रसाद वितरण साथ संपन्न हुआ। जिसमें हजारों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया है। विशाल सत्संग हॉल में पंडित भूसुंडी जी महाराज नैमिष धाम ने प्रवचन के माध्यम से बताया मनु शतरूपा ने तपस्या की एवं सत्यनारायण व्रत कथा का उद्गम स्थल है भी है। सतयुग त्रेता द्वापर और कलयुग में नैमिष तीर्थ में यज्ञ करने का महत्व है और आज सीतापुर जनपद में दुर्गा धाम रही शक्तिपीठ में कार्यक्रम संपन्न हो रहा है। आप सब लोग बड़भागी श्री वृंदावन धाम से पधारे राधिका देवी ने मानस के माध्यम से बताया कलयुग केवल नाम अधारा सुमिर सुमिर न उतर नहीं पारा। मानस के महान मर्मज्ञ पंडित कृष्ण बिहारी शास्त्री ने भी भगवान कृष्ण की लीलाओं का वर्णन करते हुए भक्तों को आनंदित किया। राम जी मिश्रा के द्वारा सती अनुसूया के चरित्र का व्याख्यान करते हुए कहा सती पतिव्रता के कारण ब्रह्मा विष्णु महेश को पुत्र के रूप में प्राप्त किया।

90 नेत्र मरीजों का ऑपरेशन के लिए चिह्नांकन

सफीपुर, उन्नाव। विधायक द्वारा आयोजित परम्परागत नेत्र शिविर में 145 मरीजों में 90 का ऑपरेशन के लिए चिन्हांकन किया गया। क्षेत्र के कस्बा सफीपुर स्थित भाजपा विधायक बम्बालाल दिवाकर के आवास पर परंपरागत आयोजित होने वाले शिविर में भारी संख्या में नेत्र रोगियों की भीड़ उमड़ पड़ी। जहां करीब 145 मरीजों का शंकरा आई हॉस्पिटल के कुशल चिकित्सकों ने परीक्षण किया। जिसमें 90 मरीजों का चिन्हांकन कर आपरेशन हेतु शंकरा आई हॉस्पिटल चैबेपुर कानपुर भेजा गया। शिविर को सकुशल संपन्न कराने में बेनी माधव दिवाकर, आशीष कनौजिया, राजू सिंह चैहान, लल्ला तिवारी, पुष्पेंद्र कुमार, दीपक विमल, मलखान सिंह, छोटू आदि ने महत्ती भूमिका निभाई।

स्कूल के वार्षिकोत्सव में बच्चों ने दिखायी प्रतिभा

पाटन, उन्नाव। ग्रामीण क्षेत्र में खुले अंग्रेजी माध्यम के इस विद्यालय में बच्चों को अध्ययन के साथ साथ जिस तरह प्रत्येक क्षेत्र में आज के परिवेश के मुताबिक बच्चों को शिक्षित किया जा रहा है उसकी तारीफ जितनी भी की जाय वह कम है।

कार्यक्रम में सम्मलित होने के बाद बच्चों के कार्यक्रमो में उनकी प्रस्तुतीकरण देख कर विश्वास है कि यहां के बच्चे राष्ट्र के निर्माण में अपना अप्रतिम योगदान देकर क्षेत्र जनपद व अपने अभिभावकों का नाम रोशन करेंगे। यह विचार गौरी स्थित एमएम पब्लिक स्कूल के वार्षिक समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे भाजपा जिला अध्यक्ष अनुराग अवस्थी ने व्यक्त किए। उन्होंने कहा जनपद में उच्च शिक्षा की निजी क्षेत्र में शुरूवात करने वाले जिन्हें उन्नाव का मालवीय कहा गया स्मृति शेष कमला शंकर अवस्थी के सुपुत्र गौरव उनका सपना छोटे बच्चों को शिक्षित करके आगे बढाने में अपना शिक्षा जगत में अपना अमूल्य योगदान दे रहे हैं। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के बच्चों द्वारा निराला की सरस्वती वंदना के साथ व दीप प्रज्वलन उन्नाव बार अध्यक्ष गिरीश मिश्रा व लखनऊ के समाज सेवी राकेश वर्मा ऊषा वर्मा व सदफ खान प्रिंसिपल रॉयल इंटरनेशनल स्कूल रायबरेली द्वारा करके किया गया। जिला क्रीड़ा अधिकारी मुकेश सब्बरवाल ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में शहर की तरह शिक्षा का वातावरण जिस तरह तैयार किया गया वह सराहनीय है। कार्यक्रम में विद्यालय के बच्चों ने ऑपरेशन सिंदूर, महिला विश्वकप, उड़ीसा के दलखई लोक नृत्य, चार्ली चौपलिन, ग्रामीण कृषकों रैम्प वार, फैंसी ड्रेस जैसे विषयों पर नृत्य व रानी पद्मावती पर लघु नाटिका प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया।

मौरावां में खेल प्रतियोगिता का आयोजन

मौरावा, उन्नाव। हर वर्ष नगर पंचायत मौरावां में डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन उन्नाव के तत्वावधान में उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन से संबद्ध आयोजित होने वाले क्रिकेट कैम्प का शुभारंभ नायब तहसीलदार पुरवा व एसएचओ मौरावां ने किया। जानकारी के अनुसार ग्रामीण प्रतिभाओं को निखारने के उद्देश्य से अरविंद कमल श्रीवास्तव के निदेर्शानुसार डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन लगातार जनपद के मौरावां नगर पंचायत में 7 दिवसीय क्रिकेट कैम्प का आयोजन कराता है। उसी कड़ी में 1 फरवरी को मौरावां के मेला मैदान में तृतीय क्रिकेट कैम्प का उद्घाटन मुख्य अतिथि नायब तहसीलदार पुरवा नीरज चतुवेर्दी व विशिष्ठ अतिथि एसएचओ मौरावां कुँवर बहादुर सिंह ने बैटिंग व बॉलिंग करके किया। कार्यक्रम की शुरूआत संत रविदास जी के चित्र पर नायब तहसीलदार व एसएचओ के पुष्प अर्पित करने से हुई।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि नीरज चतुवेर्दी ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाओं का निखार होता है। उन्होंने इस कैम्प से क्षेत्र के खिलाड़ियों को लाभ लेने की बात कही। वही एसएचओ ने कहा कि ये क्रिकेट खिलाड़ियों के लिए सुनहरा मौका है जिसके माध्यम से वो अपने हुनर को और निखार सकते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता शीतल प्रसाद ने की। सभी ने कैम्प संयोजक संयुक्त सचिव डीसीए उन्नाव राजेश कुमार की भूरि भूरि प्रशंसा की। उन्होंने राजेश कुमार को खिलाड़ियों का सच्चा हितैषी बताया। कैम्प संयोजक राजेश कुमार ने बताया कि ये कैम्प हर वर्ष उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन की डेवलपमेंट कमेटी के चेयरमैन अरविंद श्रीवास्तव कमल जी के निदेर्शानुसार आयोजित होता है। अतिथियों का स्वागत जमुना तिवारी, अवधेश दीक्षित, रामराज सिंह ने किया, जबकि आभार डीसीए के संयुक्त सचिव राजेश कुमार ने व्यक्त किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से हिलौली प्रथम जिला पंचायत सदस्य पद प्रत्याशी राम बाबू लोधी, पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष मौरावां संतोष शुक्ला, सेवानिवृत्त क्षेत्राधिकारी नियाज अहमद, गौरी सिंह, राजेश पांडेय, आसिफ, सौरभ, मनोज, सुरेंद्र, सुशील, मनोज के साथ खिलाड़ियों में अनिरुद्ध, बीरू, फहद, आयुष, अनुराग, विकास, अनन्या, सफीउल, अंकित, गोविंद, निहाल, प्रांजुल शिवा, विमल, शिवा द्विवेदी आदि उपस्थित रहें।

दो पक्षों के बीच खूनी संघर्ष, मचा हड़कंप

पहला (सीतापुर)। सदरपुर थाना क्षेत्र के महरिया गांव में रविवार को रास्ते के विवाद ने उग्र रूप ले लिया। खेत के किनारे से निकलने वाले मार्ग को लेकर दो पक्षों के बीच लंबे समय से चली आ रही तनातनी रविवार को हिंसक झड़प में बदल गई। इस दौरान ग्रामीणों ने बैरिकेडिंग उखाड़ दी और जमकर हंगामा किया। मारपीट में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है। जानकारी के अनुसार, महरिया गांव निवासी ओम प्रकाश मिश्रा और दूसरे पक्ष के गुलाम अली व हनीफ अली के बीच खेत के किनारे के रास्ते को लेकर पुराना विवाद चल रहा है। गांव के अंदर इस रास्ते पर पहले से बैरिकेडिंग की गई थी, जिससे ग्रामीण खासे नाराज थे। रविवार को इसी बात को लेकर दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए। बहस के दौरान उत्तेजित ग्रामीणों ने मौके पर लगी बैरिकेडिंग को उखाड़ फेंका। धक्का-मुक्की और मारपीटरू देखते ही देखते दोनों पक्षों में धक्का-मुक्की और मारपीट शुरू हो गई। इस अफरा-तफरी में एक युवक चोटिल हो गया, जिसे आनन-फानन में नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र भर्ती कराया गया। मौके पर मौजूद किसी ग्रामीण ने इस पूरी घटना का वीडियो बना लिया। जो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो वायरल होने और घटना की सूचना मिलते ही सदरपुर थाना पुलिस दलबल के साथ मौके पर पहुंची। पुलिस ने स्थिति को संभाला और दोनों पक्षों को समझा-बुझाकर शांत कराया। तनाव को देखते हुए गांव में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।

ट्रैक एड फील्ड प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

सीतापुर। शिक्षा के साथ खेलकूद का महत्व बताते हुए महिला थाना एंटी रोमियो प्रभारी पूजा कटियार ने कहा कि शिक्षा में खेलकूद उतना ही आवश्यक है जितना पढ़ाई में पुस्तकों का स्थान होता है। वह मेजर ध्यानचंद स्टेडियम में डोर फाउंडेशन द्वारा आयोजित ट्रैक एंड फील्ड प्रतियोगिता के पुरस्कार वितरण समारोह को संबोधित कर रही थीं। कार्यक्रम का शुभारंभ बार एसोसिएशन अध्यक्ष विजय अवस्थी और समाजसेवी आकाश बजरंगी ने माँ सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर किया। प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों से आए बच्चों ने दौड़, लंबी कूद, गोला फेंक, बोरी दौड़ सहित कई खेल प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में मानस मेला अध्यक्ष विषम्भर तिवारी, सर्व समाज संगम अध्यक्ष धीरज पांडे तथा लक्ष्मीकांत बाजपेयी ने उपस्थित होकर बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

मौहारी व अड़ार में धूमधाम से मनी संत शिरोमणि रविदास जयंती

पाटन, उन्नाव। तहसील बीघापुर क्षेत्र अंतर्गत बीघापुर ब्लॉक के ग्राम मौहारी एवं अड़ार में संत शिरोमणि गुरु रविदास जयंती बड़े हर्षोल्लास एवं श्रद्धा के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में जनप्रिय समाजसेवी एवं पुष्प फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। मुख्य अतिथि पुष्पेन्द्र प्रताप

सिंह ने ग्रामवासियों के साथ संत शिरोमणि रविदास जी की प्रतिमा एवं संविधान शिल्पी बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि संत शिरोमणि रविदास जी सभी वर्गों के लिए पूज्यनीय हैं और उनकी जयंती में सम्मिलित होना उनके लिए सौभाग्य की बात है। उन्होंने कहा कि समाज को जातीय बंधनों से मुक्त कर एक सुंदर, समरस और संगठित समाज का निर्माण करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। जब समाज एकजुट और संगठित रहेगा, तभी सामाजिक परिवर्तन संभव होगा। कार्यक्रम के दौरान आयोजकों द्वारा राष्ट्रीय अध्यक्ष पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह को माला पहनाकर, अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। वहीं ग्रामवासियों ने ह्लपुष्पेन्द्र भइया जिंदाबादह्व के नारों के साथ उनका जोरदार स्वागत किया, जिससे पूरा वातावरण उत्साह और उल्लास से भर उठा। इस अवसर पर दिलीप निर्मल (प्रधान, धानी खेड़ा), संदीप सिंह, रामशंकर सिंह, सेनू यादव, दिलीप गौतम, आर्यन चैधरी, पंकज, रिंकू, सोनू, रामचरन गौतम, रामजी यादव, जयराम, शिवकुमार, राजेश, देवकीनंदन जी, रोहित सिंह, नीरज, रामसजीवन, बाबा दीन, गंगाराम, अतुल सिंह, गोलू सिंह, प्रीती, ममता, राजकुमारी, शुभम रावत सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद रहे।

माघी पूर्णिमा पर स्नान करने वालों की रही भीड़

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। माघी पूर्णिमा के अवसर पर क्षेत्र के गंगा नदी के घाटों पर स्नान करने वालों की भारी भीड़ रही। लोगों ने स्नान के बाद दान दक्षिणा देकर पुण्य कमाया।

वहीं स्थानीय दुकानदारों ने दुकानें लगाकर घाटों पर मेले जैसा माहौल बना दिया जहां लोगों ने जमकर खरीददारी की। जहां बच्चों ने खिलौने खरीदे वहीं महिलाओं ने घरेलू चीजों और प्रसाद आदि खरीदा। क्षेत्र के बहेलवा घाट, सरैया घाट, सेंग घाट आदि पर सुबह से ही स्नानार्थियों की भीड़ पहुंचने लगी। इधर कई दिनों से पड़ रही कड़ाके की ठंड और खराब मौसम के कारण कम भीड़ का अनुमान लगाया जा रहा था लेकिन रविवार को सुबह हल्की धुंध के बाद मौसम साफ हो गया और धूप निकल आई जिससे गंगा स्नान करने वालों का तांता लग गया। माघ माह में गंगा स्नान के महत्व को देखते हुए स्थानीय पंडा पुजारियों ने स्नानार्थियों के लिए पर्याप्त सुविधाएं देने के प्रयास भी किए।

जुलाई माह से नहीं मिला वेतन, एमआईएस व क्यू-एमआईएस कर्मचारियों ने जतायी नाराजगी

उन्नाव। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय के अंतर्गत ब्लॉक स्तर पर कार्यरत आउटसोर्सिंग कर्मचारियों को बीते कई महीनों से वेतन न मिलने का मामला सामने आया है। एमआईएस एवं क्यू-एमआईएस के पदों पर कार्यरत कर्मचारियों ने जुलाई 2025 से अब तक वेतन भुगतान न होने को लेकर शिकायत की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जनपद उन्नाव के विभिन्न विकास खंडों में कार्यरत कुल 06 एमआईएसएवं 01 क्यू-एमआईएस कर्मचारियों को विगत जुलाई माह से वेतन नहीं दिया गया है। वहीं, कंप्यूटर ऑपरेटर एवं सहायक लेखाकार को फरवरी 2025 का मानदेय भी अब तक प्राप्त नहीं हुआ है। कर्मचारियों का आरोप है कि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में बार-बार जानकारी देने के बावजूद केवल फर्म सेलेक्शन की प्रक्रिया बताकर मामला टाल दिया जा रहा है। जबकि सेवा प्रदाता के माध्यम से नियुक्त कर्मचारियों से निरंतर कार्य लिया जा रहा है, लेकिन उनके मानदेय का भुगतान नहीं किया जा रहा। सूत्रों के अनुसार जिला परियोजना कार्यालय में तैनात अधिकारियों द्वारा जानकारी दी गई कि फरवरी 2025 के मानदेय की धनराशि संबंधित विभाग को प्रेषित कर दी गई है, इसके बावजूद सेवा प्रदाता द्वारा न तो कर्मचारियों का ईपीएफ और न ही ईएसआई जमा किया गया है। इससे कर्मचारियों में रोष व्याप्त है। कर्मचारियों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र वेतन भुगतान की समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वे विरोध के लिए बाध्य होंगे। उन्होंने उच्च अधिकारियों से मामले में हस्तक्षेप कर बकाया वेतन का तत्काल भुगतान कराने की मांग की है।

नहीं मिला मानदेय, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष ने डीएम से की शिकायत

उन्नाव। बेसिक शिक्षा विभाग, उन्नाव में कार्यरत 06 ब्लॉक एमआईएस कोऑर्डिनेटर एवं 01 क्वालिटी कोऑर्डिनेटर को अगस्त माह का मानदेय अब तक नहीं मिलने का मामला सामने आया है। जबकि शासन स्तर से मानदेय की धनराशि जारी हो चुकी है। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष हृदय नारायण दीक्षित ने जिलाधिकारी को पत्र लिखकर संबंधित कर्मचारियों का लंबित मानदेय दिलवाने एवं विभाग को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश देने का अनुरोध किया है।

जनसंपर्क कर जरूरतमंदों को बांटे कंबल

पाटन, उन्नाव। भगवंतनगर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत रविवार को ऋतु फाउंडेशन के संस्थापक पडरी निवासी उद्यमी समाजसेवी अनुराग त्रिवेदी ने न्याय पंचायत बिहार के ग्राम बिहार हिंदू नगर भाटन खेड़ा व न्याय पंचायत चैनपुर के मवैया, नरी खेड़ा, दुबेपुर, सराय मंगली एवं जालापुर के मजरो के नागरिकों जनसंपर्क आदमी संवाद किया एवं कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रवासियों की समस्याओं, अपेक्षाओं एवं सुझावों को गंभीरता पूर्वक सुना गया तथा सामाजिक समरसता और मानवीय संवेदनाओं के प्रतीक स्वरूप कंबल वितरण किया गया। जनकल्याण कारी सोच एवं भावी योजनाओं पर विस्तृत चर्चा की गई, जिसे जनता का सकारात्मक समर्थन प्राप्त हुआ। इस अवसर पर प्रमुख रूप से नवीन द्विवेदी, अर्जुन सिंह, राजू गौतम, राम सेवक पासी, कमल सिंह, नवल मिश्र, विमल प्रधान, गंगा प्रसाद, मुंडू मे काका, शिवरतन धोबी, सुनील त्रिवेदी, नारायण मिश्रा, राजा बाबू प्रधान प्रतिनिधि, अजय बाजपेई, अरुण बाजपेई, दीनदयाल त्रिवेदी सहित सैकड़ों की संख्या में माताओं, बुजुर्गों एवं युवा साथियों से भेंट हुई। उपस्थित जनसमूह ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए क्षेत्र के समग्र विकास हेतु अपनी सहभागिता का विश्वास दिलाया। यह जनसंपर्क कार्यक्रम न केवल सेवा और संवेदना का प्रतीक रहा, बल्कि जन-जन को साथ लेकर आगे बढ़ने के संकल्प को भी सशक्त करता दिखाई दिया।

वर्ल्डकप के सेमीफाइनल मे पहुंचा भारत

अंडर-19 : पाकिस्तान को 58 रन से हराया, वेदांत की फिफ्टी, आयुष म्हात्रे और खिलन पटेल को 3-3 विकेट

एजेंसी

बुलावायो। भारत ने अंडर-19 वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। टीम ने पाकिस्तान को 58 रन से हरा दिया। जिम्बाब्वे के बुलवायो में खेले गए मुकाबले में भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में 252 रन का स्कोर खड़ा किया। वेदांत त्रिवेदी ने 68 रन की पारी

खेली। पाकिस्तान को सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए 253 रन का लक्ष्य 33.3 ओवर में हासिल करना था। टीम 46.2 ओवर में 194 रन ही बना सकी। पाकिस्तान की ओर से उस्मान खान ने 66 रन बनाए, जबकि भारत की तरफ से कप्तान आयुष म्हात्रे और खिलन पटेल ने 3-3 विकेट लिए। वेदांत त्रिवेदी ने 68 रन बनाकर टीम को 200 के करीब पहुंचाया। वैभव सूर्यवंशी 22 गेंद पर 30 रन ही बना सके। कप्तान आयुष म्हात्रे खाता भी नहीं खोल पाए। आखिर में कनिष्क चौहान और खिलन पटेल ने फिफ्टी पार्टनरशिप कर स्कोर 250 के पार पहुंचा दिया। पाकिस्तान से अब्दुल सुभान ने 3 और मोहम्मद सय्याम ने 2 विकेट लिए। प्लेयर ऑफ द मैच कनिष्क चौहान बने भारत की जीत के हीरो कनिष्क चौहान रहे। उनके ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए कनिष्क को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। कनिष्क ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 29 गेंदों में 35 रन की तेज पारी खेलकर टीम का स्कोर 250 रन के पार पहुंचाया। इसके बाद बॉलिंग करते हुए उन्होंने 10 ओवर में एक मेडेन फेंकते हुए 30 रन दिए। उन्होंने विकेटकीपर हमजा जुहूर को 42 रन पर आउट किया। 44.2 ओवर में पाकिस्तान का 9वां विकेट गिरा। खिलन पटेल की लेंथ गेंद को मोहम्मद सय्याम ने लेग साइड की ओर खेला, लेकिन चूक गए और विकेट के पीछे कुंडू ने आसान कैच लपक लिया। 40.5 ओवर में खिलन पटेल की गेंद पर कनिष्क चौहान ने लॉन्ग-ऑन से बाईं ओर दौड़ते हुए शानदार स्लाइडिंग कैच लपका। लेंथ बॉल पर अब्दुल सुभान ने आगे बढ़कर बड़ा शॉट खेला, लेकिन गेंद सीधे चौहान के हाथों में चली गई। पाकिस्तान ने 36वें ओवर में पांचवां विकेट गंवा दिया। ओवर की तीसरी बॉल आयुष म्हात्रे ने गुड लेंथ पर फेंकी। गेंद उस्मान खान के पैड्स पर लगी, भारत ने छइह की अपील की और अंपायर ने आउट का फैसला दे दिया। उस्मान 92 गेंद पर 66 रन बनाकर आउट हुए। उन्होंने 7 चौके लगाए। भारत ने अंडर-19 वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में एंट्री कर ली है। पाकिस्तान को नॉकआउट में पहुंचने के लिए 33.3 ओवर में 253 रन का टारगेट चेज करना था। टीम 35 ओवर के बाद भी 168 तक ही पहुंच सकी। अब मैच जीतकर भी पाकिस्तान सेमीफाइनल में नहीं पहुंच पाएगा। भारत अगर मैच जीत गया तो टीम अफगानिस्तान से सेमीफाइनल खेलेगी। वहीं मैच हारने पर टीम को ऑस्ट्रेलिया से भिड़ना पड़ेगा। ऑफ स्पिनर कनिष्क चौहान ने 10 ओवर में 30 रन देकर 1 विकेट लिया। उन्होंने एक एंड से लगातार 10 ओवर फेंके और पाकिस्तान पर दबाव बढ़ाया। उनकी गेंदबाजी ने ही भारत को सेमीफाइनल में एंट्री के करीब पहुंचाया। 30वें ओवर में पाकिस्तान ने कप्तान फरहान यूसुफ का विकेट भी गंवा दिया। ओवर की चौथी गेंद आरएस अम्ब्रिश ने गुड लेंथ पर स्लोअर फेंकी। फरहान ने बड़ा शॉट खेला, लेकिन लॉन्ग ऑन पर खिलन पटेल के हाथों कैच हो गए। फरहान ने 39 गेंद पर 38 रन बनाए। उनकी पारी में 3 चौके और 2 छक्के शामिल रहे। पाकिस्तान के लिए नंबर-3 पर बैटिंग करने उतरे उस्मान खान ने 29वें ओवर में फिफ्टी लगा दी। उन्होंने कनिष्क चौहान के खिलाफ ओवर की चौथी गेंद पर सिंगल लिया और 76 गेंद पर अपनी हाफ सेंचुरी पूरी कर ली। पिछले ही ओवर में उन्होंने कप्तान फरहान यूसुफ के साथ तीसरे विकेट के लिए फिफ्टी पार्टनरशिप भी पूरी की थी। 25 ओवर के बाद पाकिस्तान ने 2 विकेट खोकर 129 रन बना लिए। कप्तान फरहान यूसुफ और उस्मान खान पिच पर मौजूद रहे। इस ओवर के बाद टीम को 25 ओवर में 124 रन चाहिए। हालांकि, सेमीफाइनल में एंट्री के लिए टीम को यह टारगेट 8.3 ओवर में ही हासिल करना होगा। अगर ऐसा नहीं हुआ तो भारत सेमीफाइनल में पहुंच जाएगा। पाकिस्तान के कप्तान फरहान यूसुफ ने 22वें ओवर में दीपेश देवेंद्रन के खिलाफ 2 चौके लगा दिए। ओवर

देविका सिहाग ने पहला सुपर 300 खिताब जीता

बैंकॉक। भारत की युवा शटलर देविका सिहाग ने रविवार को यहां 250,000 डॉलर इनामी थाईलैंड मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल के फाइनल में मलेशिया की गोह जिन वेई के मैच के बीच से हट जाने के बाद अपना पहला बीडब्ल्यूएफ सुपर 300 खिताब जीता। हरियाणा की रहने वाली 20 वर्षीय खिलाड़ी देविका तब 21-8, 6-3 से आगे चल रही थी, जब विश्व में 68वें नंबर की खिलाड़ी और दो बार की विश्व जूनियर चैंपियन गोह ने हैमस्ट्रिंग में खिंचाव के कारण मुकाबले से हटने का फैसला किया।

इससे भारतीय खिलाड़ी अपने करियर का सबसे बड़ा खिताब जीतने में सफल रही। देविका ने चैंपियन बनने के बाद कहा, आज मैं बेहद खुश हूं क्योंकि यह मेरा पहला सुपर 300 खिताब है। मैं भविष्य में और टूर्नामेंट खेलने को लेकर काफी उत्साहित हूं। उन्होंने कहा, मैंने यहां बहुत अच्छे मुकाबले खेले। मैंने काफी कुछ सीखा है। यहां मिली सीख को मैं अपने खेल में लागू कर गलतियों को सुधारूंगी। मैच में उतरते समय मैंने जीत या हार के बारे में नहीं सोचा, बल्कि अपना 100 प्रतिशत देने पर ध्यान रखा। इससे मुझे आत्मविश्वास मिला। उन्होंने कहा मैंने शुरुआत से ही अच्छी गति बनाने की योजना बनाई थी और वह कारगर रही। मेरा मानना है कि वह थकी हुई थीं और उन्हें ऐंठन भी थी। मैं उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना करती हूं। देविका इस जीत के साथ सुपर 300 महिला एकल खिताब जीतने वाली तीसरी भारतीय महिला खिलाड़ी बन गईं। इससे पहले यह उपलब्धि केवल पीवी सिंधू और साइना नेहवाल ने हासिल की थी। इस जीत से वह रैंकिंग में शीर्ष 40 में पहुंच जाएगी, जिससे उसके लिए बड़े टूर्नामेंटों में भाग लेने के रास्ते खुल जाएंगे। विश्व रैंकिंग में 63वें स्थान पर काबिज देविका बेंगलुरु के पादुकोण-द्रविड़ सेंटर फॉर स्पोर्ट्स एक्सीलेंस में कोच उमेंद्र राणा के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण ले रही हैं।

इसके साथ ही वह इंडोनेशिया के रहने वाले कोच इरवानस्याह आदि प्रतामा की देखरेख में दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू के साथ अपने खेल को निखार रही हैं। देविका की इस शानदार जीत की सराहना करते हुए सिंधू ने कहा कि इस युवा खिलाड़ी की सफलता उनकी नियमित अनुशासन और कड़ी मेहनत का नतीजा है।

संक्षेप

फिक्की लेडीज ऑर्गनाइजेशन ने की केंद्रीय बजट 2026 की सराहना

नई दिल्ली। फिक्की लेडीज ऑर्गनाइजेशन ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किए गए केंद्रीय बजट 2026 का स्वागत किया और इसे महिला-केंद्रित और एमएसएमई-नेतृत्व वाला विकास एजेंडा बताया। केंद्रीय बजट 2026 निरंतरता, विश्वसनीयता और दृढ़ विश्वास का एक स्पष्ट और आत्मविश्वासपूर्ण संकेत देता है। यह राजकोषीय अनुशासन को समावेशी विकास के साथ संतुलित करता है, और महिलाओं, एमएसएमई और विनिर्माण को भारत की विकास यात्रा के केंद्र में रखता है। महिला उद्यमियों और पेशेवरों के लिए, यह बजट अल्पकालिक रियायतों के बारे में नहीं है, बल्कि दीर्घकालिक क्षमता, अवसर और प्रगति के निर्माण के बारे में है। विशेष रूप से एक मजबूत देखभाल पारिस्थितिकी तंत्र के निर्माण, जिसमें 1.5 लाख बहु-कुशल देखभाल करने वालों का प्रशिक्षण, संबद्ध स्वास्थ्य संस्थानों को मजबूत करना, और जराचिकित्सा और मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार शामिल है। ये पहलें महिलाओं द्वारा कार्यबल में अधिक भागीदारी को सक्षम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। इन उपायों से महिला-नेतृत्व वाले एमएसएमई को महत्वपूर्ण रूप से लाभ होने की उम्मीद है, जिससे वित्त तक पहुंच में सुधार होगा, प्रक्रियात्मक बोझ कम होगा, और पैमाने और प्रतिस्पर्धात्मकता को सक्षम बनाया जा सकेगा।

केएल डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी को मिला जल संरक्षण में उत्कृष्टता के लिए अवॉर्ड

बंगलुरु। केएल डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी ने सीआईआई-एसआर द्वारा आयोजित पहली इंडस्ट्रियल क्लाइमेट एक्शन प्रतियोगिता में वॉटर स्टूअर्डशिप श्रेणी में विजेता का पुरस्कार जीता। यह प्रतियोगिता कॉन्फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री झ्र साउदर्न रीजन (सीआईआई-एसआर) द्वारा आयोजित की गई थी। यह सम्मान 30 जनवरी 2026 को चेन्नई में हुए दूसरे एनर्जी ट्रांज़िशन समिट के दौरान दिया गया। यह पुरस्कार जलवायु कार्य और सतत विकास में ठोस और प्रभावी योगदान देने वाले संस्थानों को दिया जाता है। भूजल संरक्षण के लिए 32 वर्षा जल संचयन गड्ढे बनाए गए हैं, जिनकी कुल रिचार्ज क्षमता लगभग 3.7 लाख लीटर प्रति दिन है इन प्रयासों के साथ रियल-टाइम जल निगरानी और कुशल सिंचाई प्रणालियों के कारण इमारतों में पानी की खपत 54 प्रतिशत तक कम हुई है, लैंडस्केप सिंचाई में 42 प्रतिशत की बचत हुई है और कैंपस में 10.6 लाख वर्ग फुट से अधिक हरित क्षेत्र बनाए रखा गया है। यह सम्मान एक कड़ी मूल्यांकन प्रक्रिया के बाद दिया गया, जिसमें नवाचार, रणनीतिक योजना, पर्यावरण पर मापने योग्य प्रभाव, प्रभावी कार्यान्वयन और भविष्य में विस्तार की क्षमता को परखा गया।

सेंसेक्स में 1547 अंकों की गिरावट

मुंबई। वायदा सौदों पर प्रतिभूति लेनदेन कर (एसटीटी) बढ़ाने का बजट में प्रस्ताव रखे जाने के बाद रविवार को घरेलू शेयर बाजारों में भारी गिरावट दर्ज की गई। सेंसेक्स ।,547 अंक लुढ़क गया जबकि निफ्टी 495 अंक टूटकर बंद हुआ।

विश्लेषकों ने कहा कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का बजट भाषण में वायदा एवं विकल्प खंड में एसटीटी को बढ़ाने का ऐलान बाजार को पसंद नहीं आया और यह बहुत तेजी से नीचे चला गया। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स शुरुआती बढ़त गंवाते हुए दोपहर के कारोबार में 2,370.36 अंक यानी 2.88 प्रतिशत की भारी गिरावट के साथ 80,000 अंक के अहम स्तर से भी नीचे फिसलकर 79,899.42 अंक पर आ गया था। हालांकि, बाद में सेंसेक्स थोड़े सुधार के साथ ।,546.84 अंक यानी 1.88 प्रतिशत की गिरावट के साथ 80,722.94 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का मानक सूचकांक निफ्टी भी 495.20 अंक यानी 1.96 प्रतिशत गिरकर 24,825.45 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 748.9 अंक यानी 2.95 प्रतिशत लुढ़ककर 24,571.75 अंक के



निवेशकों के 9.40 लाख करोड़ डूबे

नयी दिल्ली। बजट 2026-27 के दिन रविवार को घरेलू शेयर बाजार में भारी गिरावट आने से निवेशकों के करीब 9.40 लाख करोड़ रुपये डूब गए। वायदा एवं विकल्प सौदों पर लगने वाले प्रतिभूति लेनदेन कर को बढ़ाने की बजट घोषणा शेयर बाजार को रास नहीं आई और यह कुछ ही देर में 2,370.36 अंक यानी 2.88 प्रतिशत तक लुढ़क गया।

उद्योग जगत ने आम बजट को बताया भरोसा बढ़ाने वाला

नयी दिल्ली। केंद्रीय बजट 2026-27 को भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) ने दूरदर्शी और भरोसा बढ़ाने वाला बताते हुए कहा कि यह बजट आर्थिक वृद्धि को गति देने के साथ-साथ वित्तीय अनुशासन बनाए रखने की सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच यह बजट भारत की विकास यात्रा को स्थिर और मजबूत दिशा देता है।

वित्त वर्ष 2026-27 के लिए सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 4.3 प्रतिशत के राजकोषीय घाटे का लक्ष्य भारत के आर्थिक प्रबंधन में भरोसा बढ़ाता है। पूंजीगत व्यय को बढ़ाकर 12.2 लाख करोड़ रुपये किया जाना निजी निवेश को बढ़ावा देने, बुनियादी ढांचे को मजबूत करने और उत्पादकता बढ़ाने में मदद करेगा। एमएसएमई क्षेत्र को लेकर उन्होंने कहा कि एसएमई विकास कोष, बेहतर ऋण सुविधा, डिजिटल भुगतान व्यवस्था और सरल अनुपालन प्रक्रियाओं से छोटे और मझोले उद्योगों को लाभ और रोजगार सृजन को बल मिलेगा। बजट में ओडिशा, तमिलनाडु, केरल और आंध्र प्रदेश में दुर्लभ और महत्वपूर्ण खनिजों के लिए विशेष गलियारा विकसित करने पर जोर दिया गया है। इससे खनन, प्रसंस्करण और परिष्करण को बढ़ावा मिलेगा तथा इलेक्ट्रिक वाहन, रक्षा, अंतरिक्ष और बैटरी भंडारण जैसी प्रौद्योगिकियों के विकास में मदद मिलेगी। विनिर्माण, बुनियादी ढांचे और राजकोषीय अनुशासन पर ध्यान जारी है। पूंजीगत व्यय में वृद्धि से औद्योगिक गतिविधियों और वाहन क्षेत्र को गति मिलेगी।

बिजली क्षेत्र की सरकारी कंपनियां करेंगी 1.01 लाख करोड़ का निवेश

नयी दिल्ली। सरकार ने ऊर्जा क्षेत्र की नौ सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों (पीएसयू) द्वारा कुल निवेश को वित्त वर्ष 2026-27 में पिछले वित्त वर्ष की तुलना में लगभग 19 प्रतिशत बढ़ाकर ।,01,762.92 करोड़ रुपये करने का प्रस्ताव दिया है।

बजट दस्तावेज के अनुसार, इन नौ कंपनियों द्वारा निवेश का संशोधित अनुमान (आरई) वर्ष 2025-26 के लिए 85,828.93 करोड़ रुपये रखा गया है, जबकि बजट अनुमान (बीई) 86,138.48 करोड़ रुपये था। सार्वजनिक क्षेत्र की दिग्गज बिजली कंपनी एनटीपीसी (एनटीपीसी) का निवेश अगले वित्त वर्ष में बढ़ाकर 31,000 करोड़ रुपये किया जाएगा, जो 2025-26 के संशोधित अनुमान (आरई) 29,000 करोड़ रुपये और बजट अनुमान (बीई) 26,000 करोड़ रुपये से अधिक है। इसी तरह, पावर ग्रिड कॉरपोरेशन द्वारा निवेश अगले वित्त वर्ष में बढ़ाकर 37,000 करोड़ रुपये किया जाएगा, जो वर्ष 2025-26 के संशोधित अनुमान 28,000 करोड़ रुपये और बजट अनुमान 25,000 करोड़ रुपये से अधिक है। एसजेवीएन लिमिटेड का निवेश वित्त वर्ष 2026-27 में 9,416 करोड़ रुपये होगा, जबकि वित्त वर्ष 2025-26 का संशोधित अनुमान 7,500 करोड़ रुपये और बजट अनुमान 12,000 करोड़ रुपये था। सार्वजनिक क्षेत्र की जलविद्युत कंपनी एनएचपीसी का निवेश भी अगले वित्त वर्ष में बढ़कर 14,323.49 करोड़ रुपये हो जाएगा, जो पिछले साल के संशोधित अनुमान 12,478.32 करोड़ रुपये और बजट अनुमान 13,000 करोड़ रुपये से अधिक है। दामोदर घाटी निगम लिमिटेड (डीवीसी) का निवेश वित्त वर्ष 2026-27 में 5,553 करोड़ रुपये होगा, जो वित्त वर्ष 2025-26 के संशोधित अनुमान 3,394 करोड़ रुपये और बजट अनुमान 3,394.83 करोड़ रुपये से अधिक है। नॉर्थ ईस्टर्न इलेक्ट्रिक पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड अगले वित्त वर्ष में ।,959.37 करोड़ रुपये का निवेश करेगी, जबकि संशोधित अनुमान ।,500 करोड़ रुपये और बजट अनुमान 2,600 करोड़ रुपये था। हालांकि, टिहरी हाइड्रो डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड (टीएचडीसी) के निवेश को 2026-27 के लिए घटाकर 2,385.05 करोड़ रुपये कर दिया गया है। जो संशोधित अनुमान के अनुसार 3,543 करोड़ रुपये था। बजट अनुमान (बीई) के अनुसार इसका निवेश 3,543.65 करोड़ रुपये था।

उद्यमियों और एमएसएमई क्षेत्र के लिए बजट उत्साहजनक

बंगलुरु। केंद्रीय बजट 2026-27 उद्यमियों और एमएसएमई क्षेत्र के लिए एक भरोसेमंद और उत्साहजनक संकेत है, जो भारत की विकास यात्रा में उनकी निर्णायक भूमिका को स्पष्ट रूप से सामने रखता है। श्रुति अग्रवाल का कहना है, औपचारिक ऋण तक पहुंच को सुदृढ़ करने, तरलता बढ़ाने और वित्तीय तंत्र को सरल बनाने के माध्यम से यह बजट छोटे व्यवसायों से जुड़ी उन चुनौतियों को संबोधित करता है, जो लंबे समय से उनकी प्रगति में बाधा बनी हुई थीं। डिजिटल एकीकरण पर विशेष जोर वित्त तक पहुंच को अधिक सहज बनाता है और एक पारदर्शी, प्रभावी तथा उद्यमी-अनुकूल इकोसिस्टम के निर्माण को गति देता है, जो नवाचार और उद्यमशीलता को प्रोत्साहित करता है। यह दृष्टिकोण एक समावेशी और सशक्त अर्थव्यवस्था की मजबूत नींव रखता है, जहां हर आकार के उद्यम स्पष्ट दिशा और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ सकें।

रियल एस्टेट ने की बुनियादी ढांचा व्यय बढ़ाने की सराहना

नयी दिल्ली। जमीन, मकान के विकास से जुड़ी कंपनियों ने आम बजट में किफायती आवास के लिए ठोस कदम नहीं उठाने को लेकर निराशा जतायी है। हालांकि बुनियादी ढांचा और पूंजीगत व्यय बढ़ाने की सराहना की। देशभर के लगभग 15,000 रियल एस्टेट डेवलपर्स का प्रतिनिधित्व करने वाले क्रेडाई ने कहा कि नए घरों के निर्माण में किफायती आवास की हिस्सेदारी और कम हो सकती है।

हालांकि, क्रेडाई ने बजट में बुनियादी ढांचे के विकास पर ध्यान को सकारात्मक बताया। बजट में किफायती आवास के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं, जो हमारे लिए बहुत निराशाजनक है। वर्तमान पुराने मानक के कारण किफायती आवास का हिस्सा नए घरों के कुल निर्माण में 18 प्रतिशत से घटकर लगभग 12 प्रतिशत तक पहुंच सकता है। उन्होंने कहा कि यह भारत के मध्यम और निम्न-मध्यम वर्ग के लिए गंभीर चेतावनी है। किफायती आवास कोई कल्याणकारी योजना नहीं है, यह आर्थिक बुनियादी ढांचा है और रोजगार, उपभोग और सामाजिक स्थिरता का एक महत्वपूर्ण आधार है। हालांकि निकाय ने कहा कि सरकार ने बुनियादी ढांचे पर निरंतर निवेश पर जोर दिया है। सड़कों, मेट्रो, लॉजिस्टिक गलियारे, रेलवे और शहरी बुनियादी ढांचे में निवेश से पहुंच बेहतर होगी।

पेज एक का शेष

सीतारमण ने

के बजट में राजकोषीय घाटा (सकल घरेलू उत्पाद) जीडीपी का 4.3 प्रतिशत या 16.95 लाख करोड़ रुपये रहने का अनुमान है। 2026-27 के राजकोषीय घाटे को पूरा करने के लिए, दिनांकित प्रतिभूतियों से शुद्ध बाजार कर्ज लगभग 11.7 लाख करोड़ रुपये रहने का अनुमान है। शेष वित्तपोषण लघु बचत एवं अन्य स्रोतों से आने की उम्मीद है। कुल बाजार उधार लगभग 17.2 लाख करोड़ रुपये होने का अनुमान है। बजट दस्तावेजों के अनुसार वित्त वर्ष 2026-27 के लिए जीडीपी का अनुमान 393,00,393 करोड़ रुपये है।

रेलवे को

रुपये रहने का अनुमान है, जिससे वित्त वर्ष के आखिर में 3,547.32 करोड़ रुपये की अतिरिक्त आय होगी। रेलवे के एक अधिकारी ने कहा क्योंकि रेलवे की कमाई इतनी कम है कि वह परिसंपत्ति बनाने और नए कामों का समर्थन नहीं कर सकती, इसलिए उसे सरकार से धन मिलता है। इसलिए, मंत्रालय को नई लाइन बिछाने, नैरो गेज को ब्रॉड गेज में बदलने और सिंगल-लाइन वाले मार्गों पर डबल लाइन बनाने जैसे कार्यों के लिए 2,77,830 करोड़ रुपये दिए गए हैं।

रक्षा क्षेत्र

खरीदना शामिल है। यह पूंजीगत व्यय 2025-26 के बजट अनुमान की तुलना में 21.84 प्रतिशत अधिक है। पूंजीगत व्यय के तहत, 63,733 करोड़ रुपये विमान और एयरो इंजन के लिए और 25,023 करोड़ रुपये नौसेना बेड़े के लिए आवंटित किए गए हैं। कुल पूंजीगत व्यय चालू वित्त वर्ष के बजटीय अनुमान 1.80 लाख करोड़ रुपये से 39,000 करोड़ रुपये अधिक है। 2025-26 का संशोधित पूंजीगत व्यय ।,86,454 करोड़ रुपये अनुमानित था। रक्षा मंत्रालय के अनुसार, 1.39 लाख करोड़ रुपये (पूंजीगत खरीद बजट का 75 प्रतिशत हिस्सा) वित्त वर्ष 2026-27 के दौरान घरेलू उद्योगों के माध्यम से खरीद के लिए निर्धारित किए गए हैं। रक्षा मंत्रालय के अनुसार, अगले वित्त वर्ष के लिए रक्षा आवंटन अनुमानित सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का दो प्रतिशत है और यह 2025-26 के बजट अनुमान (बीई) की तुलना में 15.19 प्रतिशत की महत्वपूर्ण वृद्धि दर्शाता है।

स्वास्थ्य क्षेत्र को

और अनुसंधान सुविधाएं शामिल होंगी। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने यह घोषणा भी की कि सहायक स्वास्थ्य पेशेवरों (एएचपी) के लिए मौजूदा संस्थानों को उन्नत किया जाएगा और निजी तथा सरकारी क्षेत्र में नए एएचपी संस्थान बनाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि इससे स्वास्थ्य क्षेत्र में भारत के युवाओं के लिए कौशल वाले रोजगारों के नए रास्ते बनेंगे।

इलेक्ट्रॉनिक्स के

कहा कि पूंजीगत वस्तुओं के विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए दो स्थानों पर उच्च प्रौद्योगिकी वाले टूल रूम स्थापित किए जाएंगे। सीतारमण ने वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी परिवेश बनाने के लिए कंटेनर निर्माण को एक योजना का भी प्रस्ताव रखा।

मछली पालन व

के विशिष्ट कच्चे माल के लिए लदान मूल्य (एफओबी) सीमा एक प्रतिशत से बढ़ाकर तीन प्रतिशत करने का प्रस्ताव किया है। देश के भीतर मत्स्य पालन क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए, सरकार 500 जलाशयों और अमृत सरोवरों का एकीकृत विकास करेगी और तटीय इलाकों में मूल्य श्रृंखला को मज़बूत करेगी, जिससे स्टार्टअप, महिलाओं के नेतृत्व वाले समूहों और मछली किसान उत्पादक संगठनों के जरिये बाजार संपर्क कायम किया जा सके।

महत्वाकांक्षी व

पहुंचाना है तथा इस बजट में इस दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। मोदी ने कहा आज का बजट ऐतिहासिक है और देश की महिलाओं की सशक्त भावना को दर्शाता है। यह बजट महत्वाकांक्षी है और देश की आकांक्षाओं को पूरा करता है। प्रधानमंत्री ने वित्त मंत्री और उनकी टीम को गांवों, गरीबों और किसानों के कल्याण के लिए समर्पित भविष्योन्मुखी और संवेदनशील बजट पेश करने के लिए बधाई दी।

अंडर-19 वर्ल्ड

वेदांत त्रिवेदी ने 68 रन बनाकर टीम को 200 के करीब पहुंचाया। वैभव सूर्यवंशी 22 गेंद पर 30 रन ही बना सके। कप्तान आयुष म्हात्रे खाता भी नहीं खोल पाए। आखिर में कनिष्क चौहान और खिलन पटेल ने फिफ्टी पार्टनरशिप कर स्कोर 250 के पार पहुंचा दिया। पाकिस्तान से अब्दुल सुभान ने 3 और मोहम्मद सय्याम ने 2 विकेट लिए।

टी-20 वर्ल्ड

रहा है। बांग्लादेश ने सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए अपने मैच भारत से श्रीलंका स्थानांतरित करने की मांग की थी लेकिन आईसीसी ने उसे ठुकरा दिया था।

बजट में

से अधिक के कैपिटल एक्सपेंडिचर, सुदृढ़ इन्फ्रास्ट्रक्चर और 7 रेल कॉरिडोरों के लिए बजट में प्रावधान किया गया है। आयुष सेक्टर को विकसित करने और हेल्थ सेक्टर की मजबूती के लिए प्रयास किए गए हैं। बजट में आम नागरिकों व महिलाओं को केंद्रित करते हुए जोर दिया गया है।

विकसित भारत

राजस्व प्राप्तियों में यथोचित वृद्धि से भारतीय अर्थव्यवस्था के गतिमान बने रहने के स्पष्ट संकेत मिलते हैं। निर्मला सीतारमण के नवें बजट में आधुनिक भारत के लिए कई महत्वपूर्ण आर्थिक सुधारों तथा पहल को लागू करने का प्रस्ताव रखा गया है।

विकसित भारत

में राज्यों को होने वाले हस्तांतरण को 41 फीसदी पर करना सराहनीय है। साथ ही राज्यों के विकास के लिये 1.4 लाख करोड़ की सहायता राशि दी गयी है।

सुधारों के

होंगे। इस बजट में मैनुफैक्चरिंग, एमएसएमई, टेक्सटाइल, जल परिवहन, खादी, ओडोओपी, पशुपालन, खेती के विविधीकरण, रेल कॉरिडोर इत्यादि से जुड़े बजट प्रावधानों से ग्रोथ को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को दी गई तरजीह से उत्पादकता व स्पर्धात्मकता को बढ़ाने में महती मदद मिलेगी।

विकसित भारत

मूलभूत ढांचे को मजबूत करने से आयुर्वेद की वैश्विक स्तर पर विश्वसनीयता बढ़ेगी। यह प्रधानमंत्री मोदी के विकसित भारत बनाने के दृष्टिकोण को साकार करने की दिशा में एक सार्थक प्रयास है। सरकार ने बजट में किसानों, एमएसएमई, मध्यम आय वर्ग, हरित ऊर्जा पर ध्यान दिया है।

भविष्य के लिए तैयार भारत का बजट

बजट 2026-27 निर्यात और घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देगा : गोयल

नयी दिल्ली। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने रविवार को कहा कि 2026-27 का बजट भविष्य के लिए तैयार भारत के निर्माण के उद्देश्य से बनाया गया है और इससे निर्यात एवं घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा मिलेगा।

उन्होंने कहा कि बजट में विनिर्माण, सेवाओं, निर्यात, महिलाओं, शिक्षा, कौशल विकास, मछुआरों, पशुपालन और नई प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों को शामिल किया गया है। गोयल ने कहा, मैं इस बजट को भविष्य के लिए तैयार भारत का बजट कहूंगा। उन्होंने कहा कि करीब 350 सुधार पहले ही किए जा चुके हैं और विभिन्न पहल के माध्यम से सुधार की रफ्तार तेज हो रही है। इसमें डेटा केंद्रों के लिए अभूतपूर्व लाभ की घोषणा की गई है और भारत के भविष्योन्मुखी एजेंडा को रेखांकित किया गया है। संसद में रविवार को पेश किए गए केंद्रीय बजट में, भारत में स्थित डेटा केंद्रों का उपयोग करके वैश्विक स्तर पर ग्राहकों को क्लाउड सेवाएं प्रदान करने वाली विदेशी कंपनियों के लिए 2047 तक कर छूट का प्रस्ताव रखा गया है। यह सरकार की कृत्रिम मेधा (एआई) और डिजिटल

अवसंरचना का प्रमुख केंद्र बनाने की दिशा में की गई पहल का संकेत है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि भारत ने पिछले कुछ वर्ष में 37 विकसित देशों के साथ आठ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को अंतिम रूप दिया है। उन्होंने कहा कि भारत चिली, पेरू और कनाडा सहित कई देशों के साथ इसी तरह के समझौतों के लिए सक्रिय रूप से बातचीत कर रहा है। गोयल ने कहा कि चिली के साथ व्यापार वार्ता लगभग अंतिम चरण में है जहां भारत के महत्वपूर्ण खनिजों में हित हैं। मंत्री ने कहा, नरेन्द्र मोदी सरकार के कार्यकाल में हमने पिछले कुछ वर्षों में 37 विकसित देशों के साथ आठ मुक्त व्यापार समझौते किए हैं। वर्ष 2014 से अब तक भारत ने आठ व्यापार समझौतों को अंतिम रूप दिया है। गोयल ने बताया कि मौजूदा पीटीए (तरजीही प्राप्त व्यापार समझौता) का विस्तार करने के लिए मर्कोसुर देशों के समूह के साथ व्यापार समझौते पर बातचीत शुरू हो गई है। मर्कोसुर व्यापार समूह के सदस्य अर्जेंटीना, ब्राजील, पैराग्वे और उरुग्वे हैं। वित्त मंत्री ने कहा कि पश्चिम एशिया क्षेत्र के छह देशों के समूह जीसीसी (खाड़ी सहयोग परिषदने) भी भारत के साथ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के लिए बातचीत शुरू करने और उसे आगे बढ़ाने की इच्छा व्यक्त की है। उन्होंने बताया कि भारत और एसएसीयू (दक्षिण अफ्रीकी सीमा शुल्क संघ) भी इस बात पर विचार कर रहे हैं कि क्या दोनों पक्ष व्यापार समझौते की दिशा में आगे बढ़ सकते हैं। उन्होंने कहा, इसलिए कई संभावित व्यापार समझौते होने की कगार पर हैं। आने वाले वर्ष में हमें निश्चित रूप से और भी कई अच्छी खबरें सुनने को मिलेंगी। भारत एक अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी, एक महत्वपूर्ण वैश्विक खिलाड़ी बनेगा। व्यापार समझौतों के तहत, दो या दो से अधिक राष्ट्र अपने बीच व्यापार की जाने वाली वस्तुओं की अधिकतम संख्या पर आयात शुल्क या तो समाप्त कर देते हैं या कम कर देते हैं। वे सेवाओं में व्यापार को बढ़ावा देने और निवेश आकर्षित करने के लिए नियमों में ढील भी देते हैं।

सरकार राजकोषीय घाटे की भरपाई के लिए 2026-27 में कुल 17.2 लाख करोड़ का कर्ज लेगी

नयी दिल्ली। सरकार अगले वित्त वर्ष में 4.3 प्रतिशत के अनुमानित राजकोषीय घाटे को पूरा करने के लिए कुल 17.2 लाख करोड़ रुपये उधार ले सकती है। सरकार ने वित्त वर्ष 2025-26 में 14.80 लाख करोड़ रुपये के सकल कर्ज का अनुमान लगाया था। सरकार अपने राजकोषीय घाटे को पूरा करने के लिए बाजार से कर्ज लेती है।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 2026-27 का बजट पेश करते हुए कहा, राजकोषीय घाटे को पूरा करने के लिए, प्रतिभूतियों से शुद्ध बाजार उधारी 11.7 लाख करोड़ रुपये रहने का अनुमान है। शेष वित्तपोषण लघु बचत और अन्य स्रोतों से किये जाने की उम्मीद है। सकल बाजार उधारी 17.2 लाख करोड़ रुपये अनुमानित है। कर्ज की राशि अधिक होने के प्रश्न पर, आर्थिक मामलों की सचिव अनुराधा ठाकुर ने कहा कि शुद्ध बाजार उधारी

11.73 लाख करोड़ रुपये के आसपास है, जो पिछले कुछ वर्षों के आंकड़ों के करीब है। उन्होंने कहा, यह बड़ी संख्या इसलिए है क्योंकि हमें इस साल 5.5 लाख करोड़ रुपये चुकाने हैं। इसलिए, उस लिहाज से हमें यह कोई बड़ी संख्या नहीं लगती। ठाकुर ने कहा कि प्रतिभूति पुनर्खरीद और अदला-बदली का मुख्य उद्देश्य सरकार पर ज ण चुकाने का बोझ कम करना, एक साथ कई ऋण के जमा होने के प्रभाव को कम करना और लागत को नियंत्रित करना है। उन्होंने कहा, हमने इस साल उच्च ब्याज वाली प्रतिभूतियों की महत्वपूर्ण अदला-बदली की है। अगले साल इस 5.5 लाख करोड़ रुपये को चुकाना होगा। जैसे-जैसे ये प्रतिभूतियां आती रहेंगी, हम निर्णय लेते रहेंगे। बजट के बाद संवाददाताओं से बातचीत में सीतारमण ने कहा कि केंद्र राज्यों से उनके राजकोषीय प्रबंधन के बारे में बात कर रहा है और उनके ऋणों पर नजर रख रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्र अनुच्छेद 293 (3) के तहत यह सुनिश्चित करने के लिए भी बाध्य है कि राज्यों के कर्ज पर भी नजर रखी जाए...। हम उन्हें पूरी तरह से नियंत्रित नहीं कर सकते, लेकिन उनके वित्तीय प्रबंधन अधिनियम (एफआरबीएम) से ऊपर जाने पर हम उस पर गौर कर सकते हैं।

संक्षेप

15 में से आठ बार बजट के दिन बाजार में गिरावट रही

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यकाल में अब तक कुल 15 केंद्रीय बजट पेश किए गए हैं जिनमें से आठ बार बीएसई का मानक सूचकांक सेंसेक्स नकारात्मक दायरे में बंद हुआ है। प्रधानमंत्री मोदी की अगुवाई वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार ने 2014 के बाद अब तक कुल 15 बजट पेश किए हैं। इनमें 2019 और 2024 में लोकसभा चुनाव से पहले के दो अंतरिम बजट भी शामिल हैं। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने रविवार को वित्त वर्ष 2026-27 का बजट पेश करते समय वायदा अनुबंध सौदों पर प्रतिभूति लेनदेन कर (एसटीटी) में बढ़ोतरी का प्रस्ताव रखा। इस घोषणा से निवेशक धारणा प्रभावित होने का नतीजा यह हुआ कि प्रमुख शेयर सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी लगभग दो प्रतिशत तक गिर गए। सेंसेक्स दोपहर के कारोबार में 2,370.36 अंक यानी 2.88 प्रतिशत लुढ़ककर 80,000 अंक के स्तर से नीचे 79,899.42 अंक पर आ गया था। हालांकि, अंतिम कारोबार में सेंसेक्स l,546.84 अंक यानी 1.88 प्रतिशत गिरकर 80,722.94 अंक पर बंद हुआ। एनएसई का 50 शेयरों वाला सूचकांक निफ्टी 495.20 अंक यानी 1.96 प्रतिशत टूटकर 24,825.45 पर बंद हुआ।

15000 स्कूलों व 500 कॉलेजों में स्थापित होंगी एवीजीसी कंटेंट क्रिएटर लैब

नयी दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने रविवार को सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय की प्रमुख पहल इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ क्रिएटिव टेक्नोलॉजीज के तत्वावधान में 15,000 माध्यमिक स्कूलों और 500 कॉलेजों में कंटेंट क्रिएटर लैब स्थापित करने में सहयोग देने का प्रस्ताव रखा है।

सीतारमण ने अपने बजट भाषण में कहा, भारत का एनिमेशन, विजुअल इफेक्ट्स, गेमिंग और कॉमिक्स (एवीजीसी) क्षेत्र एक उभरता हुआ उद्योग है, जिसके लिए 2030 तक 20 लाख पेशेवरों की आवश्यकता होने का अनुमान है। वित्त मंत्री ने कहा, मैं 15,000 माध्यमिक स्कूलों और 500 कॉलेजों में एवीजीसी कंटेंट क्रिएटर लैब स्थापित करने में इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ क्रिएटिव टेक्नोलॉजीज, मुंबई को सहायता प्रदान करने का प्रस्ताव करती हूं। केंद्रीय बजट में सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय को 4,551.94 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। इसमें से एक बड़ी राशि भारत के सार्वजनिक प्रसारक प्रसार भारती के साथ-साथ एनिमेशन, विजुअल इफेक्ट्स और गेमिंग क्षेत्र में प्रतिभा विकास और सामुदायिक रेडियो के विस्तार को समर्थन देने के लिए निर्धारित की गई है।

बजट में राजकोषीय मजबूती, पूंजीगत व्यय बढ़ने से आर्थिक वृद्धि को मिलेगा प्रोत्साहनः कांत

नयी दिल्ली। नीति आयोग के पूर्व मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अमिताभ कांत ने रविवार को बजट 2026-27 में राजकोषीय अनुशासन बनाए रखने के लिए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की प्रशंसा की।

कांत ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया कि सीतारमण ने राजकोषीय घाटे को प्रभावशाली ढंग से घटाकर जीडीपी का 4.3 प्रतिशत कर दिया है, जो वित्त वर्ष 2020-21 के 9.2 प्रतिशत के उच्चतम स्तर से

एक बड़ी कमी है। उन्होंने आगे कहा, राजकोषीय अनुशासन के वादे को सफलतापूर्वक निभाने के लिए निर्मला सीतारमण को बधाईउ इस उपलब्धि ने न केवल हमारी अर्थव्यवस्था में भरोसे को मजबूत किया है, बल्कि निजी क्षेत्र को कर्ज लेने के लिए अधिक अनुकूल वातावरण भी तैयार किया है। कांत ने कहा कि इस राजकोषीय मजबूती को पूंजीगत व्यय में वृद्धि के साथ जोड़ा गया है, जिससे प्रभावी पूंजीगत व्यय अब जीडीपी का 4.4 प्रतिशत हो गया है।

सरकार ने समुद्री खाद्य उत्पाद, चमड़ा निर्यात के लिए शुल्क लाभ की घोषणा की

नयी दिल्ली। सरकार ने रविवार को प्रसंस्कृत समुद्री खाद्य उत्पादों और चमड़े या सिंथेटिक जूतों के निर्यात में उपयोग होने वाले विशिष्ट कच्चे माल के लिए शुल्क मुक्त आयात सीमा बढ़ाने का प्रस्ताव दिया।

समुद्री खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र के लिए, इस सीमा को पिछले वर्ष के निर्यात कारोबार के एफओबी (फ्री ऑन बोर्ड) मूल्य के मौजूदा एक प्रतिशत से बढ़ाकर तीन प्रतिशत किया जाएगा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अपने बजट भाषण में कहा, मैं चमड़े या सिंथेटिक जूतों के निर्यात के लिए वर्तमान में उपलब्ध विशिष्ट कच्चे माल के शुल्क मुक्त आयात की सुविधा को अब जूतों के ऊपरी हिस्से के निर्यात के लिए भी उपलब्ध कराने का प्रस्ताव करती हूं। इसके अलावा, वित्त मंत्री ने चमड़े या कपड़ा परिधानों, चमड़े या सिंथेटिक जूतों और अन्य चमड़ा उत्पादों के निर्यातकों के लिए अंतिम उत्पाद के निर्यात की समयसीमा को मौजूदा छह महीने से बढ़ाकर एक साल करने की भी घोषणा की।

बजट में लोकलुभावन घोषणाओं से परहेज

नयी दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने रविवार को वित्त वर्ष 2026-27 का आम बजट पेश करते हुए लोकलुभावन घोषणाओं से परहेज किया और सुधार एक्सप्रेस को जारी रखते हुए वैश्विक डेटा केंद्रों के लिए कर छूट और कृषि एवं पर्यटन क्षेत्रों को प्रोत्साहन का प्रस्ताव रखा।

हालांकि, बजट में वायदा एवं विकल्प खंड में प्रतिभूति सौदा कर बढ़ाये जाने से शेयर बाजार लगभग दो प्रतिशत तक लुढ़क गया। बीएसई सेंसेक्स l,547 अंक टूटा जबकि एनएसई निफ्टी में 495 अंक की गिरावट आई। सीतारमण ने संसद में कुल 53.5 लाख करोड़ रुपये का बजट पेश करते हुए छाटे उद्यमों एवं विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए कई उपायों की घोषणा की। अबतक के सर्वाधिक 12.22 लाख करोड़ रुपये के पूंजीगत व्यय के साथ इस बजट को बढ़ते वैश्विक जोखिमों के बीच वृद्धि को बनाए

रखने के लिए दीर्घकालिक रूपरेखा के रूप में देखा जा रहा है। पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु सहित पांच प्रमुख राज्यों में जल्दी ही चुनाव होने वाले हैं, इसके बावजूद राजकोषीय अनुशासन का पालन करते हुए लोकलुभावन योजनाओं से परहेज किया गया। सीतारमण ने छूटों को युक्तिसंगत बनाकर सीमा शुल्क व्यवस्था को सरल बनाया है। इसके तहत 17 कैंसर दवाओं पर सीमा शुल्क से छूट दी गयी है। साथ ही बैगेज नियमों में ढील दी है और व्यक्तिगत उपयोग के लिए आयातित वस्तुओं पर शुल्क घटाकर 10 प्रतिशत कर दिया है। सीतारमण ने अपना लगातार रिकॉर्ड नौवां बजट पेश करते हुए वैश्विक अनिश्चितता के बीच बुनियादी ढांचे पर सरकार के जोर को बनाये रखते हुए पूंजीगत व्यय को बढ़ाकर 12.2 लाख करोड़ रुपये कर दिया जो पिछले वित्त वर्ष में 11.2 लाख करोड़ रुपये था।

उन्होंने कहा कि सरकार सात क्षेत्रों... औषधि, सेमीकंडक्टर, दुर्लभ-खनिज चुंबक, रसायन, पूंजीगत वस्तुएं, वस्त्र और खेल सामग्री... में विनिर्माण को बढ़ावा देने को प्राथमिकता देगी। साथ ही, रोजगार सृजन और प्रौद्योगिकी-आधारित विकास पर भी जोर दिया जाएगा। बजट में पशुधन, मत्स्य पालन और उच्च मूल्य वाले कृषि क्षेत्रों के लिए भी कई कार्यक्रमों की घोषणा की गई।

राजकोषीय घाटे की भरपाई के लिए 2026-27 में कुल 17.2 लाख करोड़ का कर्ज लेगी सरकार

नयी दिल्ली। सरकार अगले वित्त वर्ष में 4.3 प्रतिशत के अनुमानित राजकोषीय घाटे को पूरा करने के लिए कुल 17.2 लाख करोड़ रुपये उधार ले सकती है। सरकार ने वित्त वर्ष 2025-26 में 14.80 लाख करोड़ रुपये के सकल कर्ज का अनुमान लगाया था। सरकार अपने राजकोषीय घाटे को पूरा करने के लिए बाजार से कर्ज लेती है।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 2026-27 का बजट पेश करते हुए कहा, राजकोषीय घाटे को पूरा करने के लिए, प्रतिभूतियों से शुद्ध बाजार उधारी 11.7 लाख करोड़ रुपये रहने का अनुमान है। शेष वित्तपोषण लघु बचत और अन्य स्रोतों से किये जाने की उम्मीद है। सकल बाजार उधारी 17.2 लाख करोड़ रुपये अनुमानित है। कर्ज की राशि अधिक होने के प्रश्न पर, आर्थिक मामलों की सचिव अनुराधा ठाकुर ने कहा कि शुद्ध बाजार उधारी 11.73 लाख करोड़ रुपये के आसपास है, जो पिछले कुछ वर्षों के आंकड़ों के करीब है। उन्होंने कहा, यह बड़ी संख्या इसलिए है क्योंकि हमें इस साल 5.5 लाख करोड़ रुपये चुकाने हैं। इसलिए, उस लिहाज से हमें यह कोई बड़ी संख्या नहीं लगती। ठाकुर ने कहा कि प्रतिभूति पुनर्खरीद और अदला-बदली का मुख्य उद्देश्य सरकार पर ज ण चुकाने का बोझ कम करना, एक साथ कई ज ण के जमा होने के प्रभाव को कम करना और लागत को नियंत्रित करना है। उन्होंने कहा, हमने इस साल उच्च ब्याज वाली प्रतिभूतियों की महत्वपूर्ण अदला-बदली की है। अगले साल इस 5.5 लाख करोड़ रुपये को चुकाना होगा। जैसे-जैसे ये प्रतिभूतियां आती रहेंगी, हम निर्णय लेते रहेंगे। बजट के बाद संवाददाताओं से बातचीत में सीतारमण ने कहा कि केंद्र राज्यों से उनके राजकोषीय प्रबंधन के बारे में बात कर रहा है और उनके ऋणों पर नजर रख रहा है।

इंटरटेनमेंट...

फिल्म 'घातक 2' पर बड़ा अपडेट

मुंबई। बॉलीवुड में इन दिनों 'सीक्वल के ट्रेंड' की लहर लगातार बढ़ती जा रही है, और इसी कड़ी में अब प्रसिद्ध फिल्ममेकर राजकुमार संतोषी एक बार फिर से सनी देओल के पास अपना नया प्रोजेक्ट लेकर पहुंच गए हैं। जानकारी के मुताबिक संतोषी हिमाचल प्रदेश के मनाली पहुंचे हैं, जहां वे सनी देओल को 'घातक 2' की कहानी और स्क्रिप्ट सुनाने वाले हैं। वैसे भी 'गदर 2' और 'बॉर्डर 2' की सफलता के बाद सनी देओल अब इंडस्ट्री के डिमांडिंग

सनी देओल को स्क्रिप्ट सुनाने मनाली पहुंचे राजकुमार संतोषी, सीक्वल को लेकर बन सकती है बात

एक्टर बन गए हैं। 1996 में रिलीज हुई फिल्म 'घातक' बॉलीवुड के उन एक्शन फिल्मों में से एक थी जिसने सनी देओल की छवि को और भी मजबूती दी थी। अब लगभग 30 साल बाद उसी फिल्म के सीक्वल की चर्चा जोरों पर है। राजकुमार संतोषी ने इस सीक्वल के लिए एक ठोस आईडिया तैयार किया है, जिसे उन्होंने सनी को व्यक्तिगत रूप से मनाली में सुनाने का निर्णय लिया है। सनी देओल फिलहाल हिमाचल प्रदेश में छुट्टियां मना रहे हैं और 'बॉर्डर 2' की जबरदस्त सफलता का आनंद ले रहे हैं। बॉक्स ऑफिस पर इस फिल्म ने अब तक लगभग 300 करोड़



रुपए से ऊपर की कमाई कर ली है और दर्शकों की ओर से खूब सराहना पा रही है। सूत्रों के अनुसार राजकुमार संतोषी और सनी देओल के बीच इस प्रोजेक्ट को लेकर मीटिंग आज यानी 31 जनवरी 2026 को हो सकती है।

सोशल मीडिया अकाउंट डिलीट करना चाहती हैं आलिया भट्ट

मुंबई। एक्ट्रेस आलिया भट्ट ने हाल ही में कहा कि कई बार उनका मन सोशल मीडिया अकाउंट को डिलीट करने का करता है। एस्क्वायर इंडिया को दिए इंटरव्यू में आलिया ने कहा, 'कई दिन ऐसे होते हैं जब मैं उठकर सोचती हूं कि बस सोशल मीडिया डिलीट कर दूं और सिर्फ एक्टिंग करूं। बार-बार इस बातचीत का हिस्सा नहीं बनना चाहती, लेकिन मुझे यह भी पता है कि ऐसा करने से उन लोगों से संपर्क टूट जाएगा, जिन्होंने शुरू से मेरा साथ दिया है।

मैं ऐसा नहीं चाहती। बता दें कि आलिया भट्ट देश में सबसे ज्यादा फॉलो की जाने वाली एक्ट्रेस में से एक हैं और इंस्टाग्राम पर उनके 86 मिलियन से ज्यादा फॉलोअर्स हैं।

इंटरव्यू में आलिया ने मां बनने के बाद आए बदलावों पर भी बात की। उन्होंने बताया कि मां बनने के बाद उनकी पर्सनल लाइफ पूरी तरह बदल गई है। अब उनकी दुनिया ज्यादातर अपनी बेटी के इर्द-गिर्द घूमती है। आलिया ने कहा, 'अब जब पर्सनल लाइफ की बात आती है।

सलमान का 'बैटल ऑफ' के सीन पर ट्रोलर्स को जवाब

मुंबई। बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान ने अपनी आगामी वॉर फिल्म 'बैटल ऑफ गलवान' के टीजर में दिखाए गए लुक पर चल रहे ट्रोलिंग पर खुलकर प्रतिक्रिया दी है। सोशल मीडिया पर कुछ यूजर्स ने सलमान के एक छोटे से सीन को 'रोमांटिक ग्लांस' बताकर आलोचना की थी, लेकिन सलमान ने इसे मजाक में उड़ा दिया। साथ ही कहा कि यह भाव किसी रोमांस का नहीं, बल्कि एक कर्नल की गंभीर सोच का है। सलमान ने हाल ही में इंडियन स्ट्रीट प्रीमियर लीग मैच के दौरान टीजर का वह सीन दोबारा किया और कहा, 'अब किसी को ये रोमांटिक लुक लगता है, लेकिन मैं फिल्म में कर्नल हूं भैया, यह एक कर्नल का लुक है जो टीम और जवानों को हौसला देता है।

'बॉर्डर-2' की अब तक कमाई 277 करोड़

मुंबई। सनी देओल की फिल्म बॉर्डर 2 बॉक्स ऑफिस पर लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रही है। फिल्म ने दूसरे वीकेंड के शनिवार को 20 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया है, जिसके बाद अब फिल्म का कुल कलेक्शन 277 करोड़ हो चुका है। 23 जनवरी को रिलीज हुई फिल्म बॉर्डर 2 ने पहले वीक में कुल 244 करोड़ का इंडियन बॉक्स

मर्दानी-3 ने क्लैश के बावजूद 2 दिन में कमाए 10 करोड़

ऑफिस कलेक्शन किया था, जिसके बाद शुक्रवार यानी 30 मार्च को फिल्म ने 12.53 करोड़ रुपए कमाए। इसके बाद फिल्म ने दूसरे शनिवार यानी 31 जनवरी को 20.17 करोड़ का कुल इंडियन कलेक्शन किया है, जिसके साथ फिल्म का कुल कलेक्शन 277.67 करोड़ हो चुका है। वहीं फिल्म ने 9 दिनों में वर्ल्डवाइड 367 करोड़ का कलेक्शन कर लिया है। सभी भाषाओं की फिल्मों में बॉर्डर 2

इस साल की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन चुकी है। फिल्म ने 367 करोड़ का वर्ल्डवाइड कलेक्शन किया है, जो इस साल का अब तक का रिकॉर्ड है। बॉर्डर 2 के बाद 2026 की दूसरी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म चिरंजीवी स्टारर माना शंकर वारा प्रसाद गारू (तेलुगु) है, जिसने 300 करोड़ कमाए थे।

वहीं प्रभास की हॉरर कॉमेडी फिल्म द राजा साब (तेलुगु) तीसरी हाईएस्ट ग्रॉसिंग फिल्म है, जिसने महज 200 करोड़ रुपए ही कमाए हैं। फिल्म बॉर्डर 2 के एक हफ्ते बाद यानी 30 जनवरी को रानी मुखर्जी की पॉपुलर मदार्नी फ्रैंचाइजी की तीसरी फिल्म मदार्नी 3 रिलीज हुई है। इस फिल्म ने महज 4 करोड़ रुपए का ओपनिंग कलेक्शन किया था, जिसके बाद शनिवार यानी 31 जनवरी को फिल्म ने 6 करोड़ रुपए कमाए हैं। इसी के साथ मदार्नी 3 का 2 दिनों में कुल कलेक्शन 10 करोड़ रुपए हो चुका है।

Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com